3 राजधानी
बिना मास्क 3,771 लोगों का चालान

6 अभिमत
भारत-चीन गतिरोध जारी

10 स्पोर्ट्स
विनेश ने एशियाई कुश्ती में पहली बार स्वर्ण हासिल किया

11 विदेश
अमेरिका में फेडेक्स केंद्र में गोलीबारी, आठ की मौत

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 175
लखनऊ, शनिवार, 17 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



पवन कल्याण कोविड-19 से संक्रमित
विविध-12

# उत्तर प्रदेश में अब हर रविवार को रहेगा लाकडाउन

**कोरोना का कहर**

- सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर जनरल ओपीडी का संचालन रहेगा स्थगित
- कोविड केयर फण्ड की नियमावली के अनुरूप विधायक की संस्तुति पर उनकी निधि से 1 करोड़ की धनराशि का उपयोग किया जा सकेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के बिगड़ते हालात को देखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक रविवार को पूर्ण लॉकडाउन लगाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही उन्होंने सार्वजनिक जगहों पर मास्क न लगाने वालों से 10 गुना तक जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए हैं।

कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर की चपेट में आने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को टीम 11 और मंडलायुक्त तथा जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअली बैठक करके हालात की समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने अब यूपी में 15 मई तक प्रत्येक रविवार सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कंपलीट लॉकडाउन का फैसला किया है तथा कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये।

सरकार का यह फैसला काफी अहम माना जा रहा है। प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण की जानलेवा चेन तोड़ने के लिए तगड़ी सख्ती लागू की है। लॉकडाउन की अवधि शनिवार रात 8 बजे शुरू हो जाएगी और सोमवार सुबह 7 बजे तक लागू रहेगी। इस दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़ ( शेष पेज 9 )



## लखनऊ में डीआरडीओ बनाएगा एक हजार बेड का कोविड हॉस्पिटल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** वायरस की दूसरी लहर ने देश के साथ यूपी में हाहाकार मचा दिया है। राजधानी लखनऊ में कोरोना रोज नए रिकार्ड बना रहा है। ऐसे मरीजों के आगे सरकारी तैयारियां दम तोड़ रही है। रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के निर्देश पर राजधानी में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की टीम एक हजार बेड के अस्थाई कोविड हॉस्पिटल बनाएगी। हॉस्पिटल में दो ब्लाक होंगे। जिनमे मरीजों को भर्ती किया जाएगा। हॉस्पिटल का संचालन सेना के डॉक्टर जिला प्रशासन के साथ मिलकर करेंगे। ( विस्तृत पेज 3 )

## सार्वजनिक स्थल पर मास्क ना पहनने पर 1000 जुर्माना

**लखनऊ।** प्रदेश में कोविड संक्रमण के नियंत्रण हेतु सभी के लिए मास्क लगाना अनिवार्य किया गया है। पहली बार मास्क के बिना पकड़े जाने पर अब 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा। अगर दूसरी बार बिना मास्क के पकड़ा जाए तो दस गुना अधिक जुर्माना लगाया जायेगा। सार्वजनिक स्थलों पर मास्क न लगाने की जुर्माने की दर पहले 500 रुपये थी। कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी जैसे अधिक संक्रमण दर वाले सभी 10 जिलों में व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिये हैं। स्थानीय जरूरतों के अनुसार नए कोविड हॉस्पिटल बनाते हुए बेड्स की संख्या बढ़ायी जायेगी। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत एंबुलेंस केवल कोविड मरीजों के उपयोगार्थ रखी जा रही हैं।

## सूबे में कोरोना के 27426 नए केस 103 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** वायरस की दूसरी लहर ने देश सहित पूरे उत्तर प्रदेश को हिला कर रख दिया है। शुक्रवार को प्रदेश में 27426 कोरोना वायरस के नए केस सामने आने के साथ ही राजधानी लखनऊ में 6598 नए मामले सामने आए हैं। जबकि सूबे में बीते 24 घण्टे के अंदर 103 मरीजों की और राजधानी में 35 मरीजों की मौत हुई है। शुक्रवार को राजधानी के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में एक जूनियर डॉक्टर की मौत हो गयी। वहीं भाजपा एमएलसी विजय बहादुर पाठक, गन्ना मंत्री सुरेश राणा कोरोना संक्रमित हो गए हैं। इनके अलावा प्रदेश के पूर्व मंत्री स्व. भगवती सिंह के बेटे राकेश सिंह का भी कोरोना के चलते निधन हो गया है। पूरे प्रदेश में वर्तमान में 150676 केस एक्टिव हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 40753 केस एक्टिव है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में टेस्टिंग का ( शेष पेज 9 )

## देश में 2,08,725 नए केस, 1124 मौतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोविड-19 के रोजाना आने वाले केसों की मौजूदा रफ्तार को देखते हुए अप्रैल के अंत तक 3.5 से 4 लाख के बीच मामले सामने आ सकते हैं। मौतों की दर के वर्तमान आंकड़ों के साथ चला जाए तो इस माह के अंत तक यह प्रति दिन 1750 से 2000 तक हो सकती है। एक दिन पहले 2.17 लाख केस तथा 1185 मौतों के मुकाबले शुक्रवार रात 11 बजे तक भारत में 2,08,725 संक्रमण के नए मामले तथा 1124 मौतें दर्ज की गईं।



पटना में लोगों की कोरोना जांच करते स्वास्थयकर्मी

छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखंड ने अभी तक रिपोर्ट नहीं दी है। कुल मिलाकर इन राज्यों 26000 के आसपास केस हो सकते हैं। पिछले दो हफ्तों में सामने आने वाले कोविड-19 मामलों की औसत दर 5.2 से 6 फीसदी के आसपास रही या 12 हजार से 15 हजार प्रति दिन। यदि बहुत आशाजनक स्थिति की भी कल्पना की जाए और यह औसत प्रतिदिन 10 हजार मामलों का भी रहे तो भी इस महीने के अगले दो हफ्तों में देश में कुल आने वाले मामलों का आंकड़ा 3.5 लाख को पार कर जाएगा। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में नए मामलों के आंकड़ों में तेज इजाफा हो रहा है। कोरोना की दूसरी लहर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, और राजस्थान में कहर बरपा रही है। शुक्रवार को महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में 63, 729 केस आए तथा 398 मौतें हुईं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19,486 मामले आएं तथा 141 मौतें दर्ज की गईं। छत्तीसगढ़ में पिछले एक हफ्ते में नए केसों में 131 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अब महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में एक-एक लाख से ज्यादा सक्रिय केस हैं। महाकुंभ मेले में सरकार किसी प्रकार का रोक लगाने में विफल रही, चुनावी रैलियों में कोविड-19 नियमों के खुले उल्लंघन को केसों में तेज इजाफे का प्रमुख कारण में माना जा रहा है।

उदाहरण के लिए पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय कोरोना वायरस औसत 5.2 फीसदी को पार कर गया है, यहां पॉजिटिविटी दर 6.5 फीसदी दर्ज की गई है। राज्य में पिछले एक हफ्ते में मामले बढ़कर दोगुने हो चुके हैं। सबसे ज्यादा कोरोना प्रभावित महाराष्ट्र में संक्रमण के कुल मामले 37 लाख तक पहुंचे गए हैं। एक ( शेष पेज 9 )

## पंचम स्कंदमाता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता। नवरात्रि में पाँचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। इस देवी की चार भुजाएं हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। इनका वर्ण एकदम शुभ्र है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है।

## कोवैक्सीन का उत्पादन होगा तेज, हर माह बनेंगी 10 करोड़ खुराक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** बायोटेक की स्वदेशी वैक्सीन कोवैक्सीन का उत्पादन मई-जून 2021 तक दोगुना कर दिया जाएगा। इसके बाद उत्पादन बढ़ाकर 6-7 (जुलाई-अगस्त 2021) गुना किया जाएगा। यह जानकारी सरकार ने शुक्रवार को दी। जैव-प्रौद्योगिकी विभाग ने एक बयान में कहा कि देश में विकसित कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्सीन के उत्पादन में तेजी लाई जाएगी और सितंबर तक हर महीने इसकी 10 करोड़ खुराक तैयार होने लगेंगी। इसने कहा कि मई-जून तक इस टीके का उत्पादन दुगुना कर दिया जाएगा और विभाग ने उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तीन कंपनियों को लगाया है। कुछ सप्ताह पहले, अंतर-मंत्रालई टीमों ने यह जानने के लिए भारत में दो मुख्य टीका विनिर्माताओं के स्थलों का दौरा किया था कि उत्पादन में किस तरह तेजी लाई जा सकती है। विभाग ने कहा कि इस अवधि के दौरान, टीका विनिर्माताओं के साथ बनाई जा रही योजनाओं के ( शेष पेज 9 )

## चिकित्सा ग्रेड ऑक्सीजन का उत्पादन बढ़ाएं: मोदी



- प्रधानमंत्री ने ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने को समग्र समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में कोविड-19 महामारी के तेजी से बढ़ते मामलों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिकित्सा ग्रेड की ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की विस्तार से समीक्षा की और इसके उत्पादन में तेजी लाने का आह्वान किया।

देश के कई हिस्सों में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है और इसके मद्देनजर ऑक्सीजन की मांग भी बढ़ रही है। गंभीर रूप से पीड़ित कोरोना मरीजों को सांस लेने में तकलीफ होती है और उन्हें ऑक्सीजन की सख्त जरूरत होती है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से जारी एक बयान के मुताबिक, मोदी ने देश में चिकित्सा ग्रेड की ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की विस्तार से समीक्षा की।

पीएमओ के मुताबिक, इस समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, इस्पात, सड़क परिवहन व अन्य मंत्रालयों की ओर से संबंधित जानकारियां प्रधानमंत्री से साझा की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों के बीच आपसी समन्वय और राज्य सरकारों के साथ सहयोग सुनिश्चित करने को कहा। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री मोदी ने देश में आक्सीजन आपूर्ति की वर्तमान स्थिति और ( शेष पेज 9 )

**लैंसेट जर्नल का दावा**

## हवा के जरिए तेजी से फैलता है कोरोना



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड**-19 महामारी के लिए जिम्मेदार सार्स-कोव-2 वायरस मुख्यत: हवा के माध्यम से फैलता है। यह दावा शुक्रवार को जारी लैंसेट पत्रिका की समीक्षा रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात को साबित करने के मजबूत साक्ष्य मिले हैं। ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा से ताल्लुक रखनेवाले छह विशेषज्ञों के इस आकलन में कहा गया है कि बीमारी के उपचार संबंधी कदम इसलिए विफल हो रहे हैं क्योंकि वायरस मुख्यत: हवा से फैल रहा है। अमेरिका स्थित कोलराडो बाउल्डेर विश्वविद्यालय के जोस लुई जिमेनजे ने कहा, वायरस के हवा के माध्यम से फैलने के मजबूत साक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य स्वास्थ्य एजेंसियों के लिए यह ( शेष पेज 9 )

## सीआईसीएसई ने 10वीं 12वीं की परीक्षा टाली

- यूपी में 20 मई तक सभी बोर्डों के अधीन विद्यालयों की परीक्षाएं स्थगित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** भर में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सीआईसीएसई ने 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं टाल दी हैं।

काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईसीएसई) के मुख्य कार्यकारी और सचिव गैरी अराथून ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के राष्ट्रव्यापी बढ़ते मामलों को देखते हुए चार मई से शुरू होने वाली 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं को टाल दिया गया है। उन्होंने कहा, हम स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं और परीक्षा आयोजित कराने पर अंतिम फैसला लेने के लिए जून के पहले हफ्ते में स्थिति की समीक्षा करेंगे। अराथून ने कहा, कक्षा 12 की





परीक्षा जहां बाद में आयोजित की जाएगी वहीं कक्षा 10 के छात्रों को बाद में ऑफलाइन परीक्षा में शामिल होने या फिर बोर्ड द्वारा विकसित निष्पक्ष पैमाने पर मूल्यांकन कराने का विकल्प मिलेगा।

इससे पहले सीबीएसई ने भी अपनी 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा रद्द कर दी थीं जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षाओं को टालने का फैसला किया था। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में कोरोना संक्रमण की लहर को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी बोर्डों के अधीन आने वाले विद्यालयों की परीक्षाओं को 20 मई तक स्थगित कर दिया है। इस बावत अपर मुख्य सचिव अनिल कुमार ने आदेश जारी कर दिए हैं।

## किसी राज्य ने ट्रेनों का संचालन बंद करने को नहीं कहा है: रेलवे बोर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रेलवे** बोर्ड के अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि अभी तक किसी भी राज्य ने ट्रेन सेवा बंद करने का अनुरोध नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जहां भी राज्यों ने निषिद्ध क्षेत्रों को लेकर चिंता जताई है वहां यात्रियों की रैंडम जांच और गंतव्य पर पहुंचने पर जांच की जा रही है। शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे ने इंगित किया है कि आईआरसीटीसी की टिकट बुक करने वाली वेबसाइट पर दिए गए प्रोटोकॉल का सभी राज्य पालन कर रहे हैं, वेबसाइट पर बताया जा रहा है कि यात्री को किन क्षेत्रों में जाने से पहले आरटी-पीसीआर जांच करवाने या कोविड-19 नेगेटिव प्रमाणपत्र लेने की जरुरत है, या फिर कहां पहुंचने पर उन्हें जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा। उन्होंने कहा, अभी तक किसी भी राज्य की सरकार ने ट्रेनों का संचालन बंद करने को नहीं कहा है। लेकिन जहां भी चिंता की बात है, राज्य सरकारों ने मुद्दे को लेकर हमसे चर्चा की है और जहां भी निषिद्ध क्षेत्र हैं वहां रैंडम ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,832 ↑ 28 | |
| निफ्टी | 14,617 ↑ 36 | |
| सोना | 46,431 ↑ 09 | /10g |
| चांदी | 67,460 ↑ 53 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पूर्व सीबीआई निदेशक रंजीत सिन्हा का निधन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक रंजीत सिन्हा का शुक्रवार की सुबह यहां निधन हो गया। माना जा रहा है कि उनकी मृत्यु कोविड-19 के कारण हुई। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वह 68 वर्ष के थे। अधिकारियों के मुताबिक, ऐसा समझा जा रहा है कि सिन्हा के कोरोना वायरस से संक्रमित होने का पता बृहस्पतिवार रात को चला था। उन्होंने आज तड़के चार बज कर करीब तीस मिनटपर अंतिम श्वांस ली। बिहार कैडर के 1974 बैच के अधिकारी सिन्हा ने 21 साल की आयु में प्रतिष्ठित यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

## ईसी ने शाम 7 से सुबह 10 बजे तक रैलियों पर लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिम बंगाल चुनाव**

**कोविड**-19 के बढ़ते मामलों की पृष्ठभूमि में निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को अपनी संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के समय में कमी करने समेत राजनीतिक दलों द्वारा किए जाने वाले प्रचार पर कुछ प्रतिबंध लगाए।

आयोग के आदेश के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने रोजाना प्रचार खत्म होने का समय घटाकर शाम सात बजे तक कर दिया है। पहले रात 10 बजे तक चुनाव प्रचार किया जा सकता था। आदेश में कहा गया है, प्रचार के दिनों के दौरान शाम सात बजे से सुबह दस बजे तक कोई रैली, जनसभा, नुक्कड़ सभा करने की अनुमति नहीं होगी और यह आदेश 16 अप्रैल की शाम सात बजे से प्रभावी हो गया है। मतदान से पहले चुनाव प्रचार समाप्त होने की समय सीमा भी 48 घंटों से बढ़ाकर 72 घंटे कर दी गई है। राज्य में विधानसभा चुनाव आठ चरणों में होने थे, इनमें से चार चरणों के लिए मतदान संपन्न हो गया है और पांचवें चरण के लिए मतदान कल 17 अप्रैल को है।

आयोग द्वारा लगाई गई नई बंदिशें अंतिम तीन चरणों (22, 26 और 29 अप्रैल) के लिए हैं। निर्वाचन आयोग के आदेश में कहा गया है, मतदान से पहले चुनाव प्रचार समाप्त होने की समय सीमा चरण छह, सात और आठ के लिए बढ़ाकर 72 घंटे कर दी गई है। इसमें कहा गया है, इन चरणों के लिए प्रचार 19 अप्रैल, 23 अप्रैल और 26 अप्रैल को क्रमश: शाम साढ़े छह बजे समाप्त होगा। निर्वाचन आयोग ने चुनावी सभाओं और प्रचार के दौरान ऐसी घटनाएं देखी जहां शारीरिक दूरी बनाए रखने का पालन नहीं किया जा रहा है और मास्क नहीं पहना जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग के एक बुलेटिन में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस संक्रमण के शुक्रवार को 6,910 नए मामले सामने आने के बाद मामलों की संख्या बढ़कर 6,43,795 पर पहुंच गई।

आयोग ने कहा कि उसने स्टार प्रचारकों, राजनीतिक नेताओं और उम्मीदवारों द्वारा बार-बार उल्लंघन की घटनाओं को काफी गंभीरता से लिया है। यह फैसला उस दिन लिया गया है जब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कोलकाता में एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा जारी कोविड दिशा-निर्देशों के पालन पर जोर ( शेष पेज 9 )

## भारत लाया जाएगा भगोड़ा कारोबारी नीरव मोदी

**पीएनएस/एजेंसी।** लंदन/नई दिल्ली

- ब्रिटिश गृह मंत्रालय ने दी पीएनबी घोटाले के आरोपी के प्रत्यर्पण को मंजूरी
- आदेश को चुनौती देने के लिए 14 दिन का समय

**पंजाब** नेशनल बैंक (पीएनबी)से करीब 13 हजार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में वांछित हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भारत में प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। ब्रिटेन की गृहमंत्री प्रीति पटेल ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत को प्रत्यर्पित करने के आदेश पर दस्तखत कर दिए हैं। ब्रिटेन में भारत के शीर्ष राजनयिक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

दक्षिण-पश्चिम लंदन की वांड्सवर्थ जेल में बंद 50 वर्षीय नीरव मोदी के पास गृहमंत्री के आदेश को लंदन के उच्च न्यायालय में चुनौती देने के लिए 14 दिन का समय है। इस साल 25 फरवरी को वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट की अदालत ने फैसला दिया था कि हीरा कारोबारी के खिलाफ भारतीय अदालत में चल रहे मामले उसे शामिल होना चाहिए और प्रत्यर्पित करने का फैसला कैबिनेट मंत्री पर छोड़ दिया। नीरव मोदी पर अपने मामा मेहुल चोकसी के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी करने का आरोप है। करीब दो साल की कानूनी लड़ाई के बाद जिला न्यायाधीश सैम्युल गूजी ने फैसला दिया कि मोदी के खिलाफ मामला है जिसका जवाब उसे भारतीय अदालत में ही देना है, लेकिन ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे संकेत मिले कि भारत में उसके खिलाफ निष्पक्ष सुनवाई नहीं होगी। न्यायाधीश ने मानवाधिकार संबंधी चिंताओं को भी खारिज कर दिया जिसमें मोदी ने कहा



था कि उसकी चिकित्सा जरूरतों का समाधान भारत सरकार के कई आश्वासनों के तहत नहीं होगा। न्यायाधीश ने रेखांकित किया, मैं संतुष्ट हूं कि नीरव मोदी के मामले में जो सबूत है वह उसे पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में दोषी ठहरा सकते हैं। प्रथमदृष्टया मामला बनता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा लगाए गए आरोप प्रथमदृष्टया स्थापित होते हैं। ये आरोप है धनशोधन, गवाहों को धमकाना और सबूतों को मिटाना। ब्रिटिश प्रत्यर्पण कानून 2003 के तहत न्यायाधीश अपने निष्कर्षों से गृह राज्यमंत्री को अवगत कराते हैं। ब्रिटेन-भारत प्रत्यर्पण संधि के तहत ब्रिटेन का कैबिनेट मंत्री प्रत्यर्पण आदेश जारी करने के लिए अधिकृत है और न्यायाधीश के निष्कर्षों पर उसे दो महीने में फैसला लेना होता है।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने 31 जनवरी 2018 को नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिनमें पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के तत्कालीन अधिकारी भी शामिल थे। यह प्राथमिकी बैंक की शिकायत पर दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने आपराधिक साजिश रच फर्जी तरीके से सार्वजनिक बैंक से लेटर ऑफ अंडरटेकिंग जारी कराए। लेटर ऑफ अंडरटेकिंग के मध्यम से बैंक विदेश में तब गांरटी देता है जब ग्राहक कर्ज के लिए जाता है। इस मामले में पहला आरोप पत्र ( शेष पेज 9 )

# जरूरतमंदों को मिलेगा भरण-पोषण भत्ता और मुफ्त राशन

## सभी जिलों में प्रवासी श्रमिकों के लिए बनेंगे क्वारेंटाइन सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोविड** संक्रमण के बीच यूपी की योगी सरकार एक बार फिर गरीबों, असहायों और श्रमिकों की मदद के लिए आगे आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रत्येक नागरिक के जीवन और जीविका की सुरक्षा के लिए संकल्पित है। विगत वर्ष कोविड काल में सरकार ने रिक्शा चालकों, पटरी व्यवसायियों, निर्माण श्रमिकों, अंत्योदय श्रेणी के लोगों व अन्य गरीब परिवारों को भरण पोषण भत्ता व परिवार के प्रत्येक सदस्य को राशन प्रदान किया था। यह सहायता उनके लिए बड़ा संबल था। इस वर्ष भी सभी श्रमिकों, गरीब परिवारों को वित्तीय सहायता और राशन प्रदान किया जाएगा।

उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने शुक्रवार को कहा कि विगत वर्ष राज्य सरकार द्वारा कोविड.19 की चुनौती का सामना करने के साथ ही विभिन्न कार्यों को आगे बढ़ाया गया। प्रदेश पहला राज्य था, जिसने श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडरों, रिक्शा चालको, कुलियों, पल्लेदारों आदि को भरण पोषण भत्ता ऑनलाइन उपलब्ध कराया। भरण पोषण के रूप में उपलब्ध कराई गई धनराशि ने उनका जीवन बचाने का कार्य किया। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों को दो बार तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को एक बार भरण पोषण भत्ता दिया गया। इसके साथ ही 15 दिन के राशन की किट भी दी गयी। राशन कार्ड बाध्यता समाप्त कर माह में दो बारए एक बार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना तथा दूसरी बार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन उपलब्ध कराया गया। बड़े पैमाने पर कम्युनिटी किचन की व्यवस्था की गयी। इस वर्ष भी जरूरतमंदों को भरण पोषण भत्ता और राशन उपलब्ध कराया जाएगा। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भरण पोषण भत्ता के पात्र लोगों की सूची अपडेट कर ली जाए। इसी तरह, राशन वितरण कार्य की व्यवस्था की समीक्षा कर ली जाए। भत्ता वितरण डीबीटी प्रणाली के माध्यम से सीधे बैंक खाते में किया जाएगा।

**क्वारेंटाइन सेंटरों में चाक-चौबंद रहे व्यवस्था**

मुख्यमंत्री ने कोरोना के बढ़ते प्रसार को ध्यान में रखते हुए दूसरे प्रदेशों से पलायन कर रहे प्रवासी मजदूरों की जरूरतों की पूर्ति करने के आदेश दिए हैं। महाराष्ट्र, दिल्ली समेत दूसरे राज्यों से पलायन कर रहे मजदूरों के लिए इन क्वारेंटाइन सेंटर में सभी सुविधाएं होंगी। दूसरे प्रदेशों से यूपी आने वाले इन प्रवासी मजदूरों की जांच कर रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर इन सेंटर में रखा जाएगा जहां चिकित्सीय सुविधाओं संग खाने पीने की व्यवस्था का पूरा इंतजाम योगी सरकार करेगी। शुक्रवार तक 60 जनपदों में ऐसे क्वारेंटाइन सेंटर सक्रिय हो चुके थे।

**मजदूरों की मदद करने पर हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने की प्रशंसा**

पिछले साल कोरोना काल के दौरान प्रदेश के श्रमिकों व कामगारों, ठेला, खोमचा, रेहड़ी लगाने वाले या दैनिक कार्य करने वाले सभी लोगों के भरण पोषण की व्यवस्था को सुनिश्चित किया। जिसकी प्रशंसा हावर्ड विश्वविद्यालय ने की। हावर्ड विश्वविद्यालय ने अपने अध्ययन में कहा कि योगी सरकार ने कोरोना संक्रमण के दौरान प्रवासी कामगारों व श्रमिकों को सभी तरह की सुविधाएं पहुंचाई। जिसके तहत परिवहन निगम की बसों के जरिए लगभग 40 लाख प्रवासी कामगरों व श्रमिकों को उनके गृह जनपदों तक भेजने, चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने व उनको स्थानीय स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए बड़े पैमाने पर व्यवस्था की गई।

## रोज ढाई लाख से अधिक कराई जाएं कोरोना की जांचः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोरोना** की जंग में टेस्ट, ट्रीट और ट्रेस के मंत्र पर आगे बढ़ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ढाई लाख से ज्यादा जांचें हर दिन करने के निर्देश दिये हैं। सीएम ने कहा है कि कोविड टेस्टिंग के लिए शासन स्तर पर जो दरें तय की गई हैं उसके अनुसार ही जांच की जाए इस बात को सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कोविड टेस्ट में लापरवाही न बरतने और सरकारी और निजी प्रयोगशालाएं पूरी क्षमता के साथ कार्य करें इसके निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश में संक्रमण के बढ़ते प्रसार को देखते हुए सधी रणनीति के अनुसार प्रदेश में युद्धस्तर पर संक्रमण पर लगाम लगाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। संक्रमण की रोकथाम के लिए सीएम ने प्रदेश में सख्ती बढ़ाने के आदेश दिए हैं। जिसके तहत अब सड़कों पर बिना मास्क लगाए घूमने वालों पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। अगर दूसरी बार बिना मास्क के पकड़ा जाए तो दस गुना अधिक जुर्माना लगाया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छताए सैनिटाइजेशन और फॉगिंग का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी शासकीय चिकित्सालयों में ओपीडी सेवाएं स्थगित रखने के आदेश दिए हैं। जिससे संक्रमण की चेन को तोड़ा जा सके। मरीजों को घर बैठे सुविधाएं मिल सकें इसके लिए ओपीडी सेवाओं के लिए टेलीकन्सल्टेशन को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकारी अस्पतालों में केवल आपातकालीन सेवाएं ही संचालित की जाएंगी। प्रदेश में मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों का आयोजन 15 मई तक के लिए स्थगित किया गया है। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में चिकित्सा कर्मियों, कोविड बेड, दवाओं, मेडिकल उपकरणों और ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए सीएम ने इन सभी पर कड़ी निगरानी रखते के आदेश दिए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग रेमिडीसीवीर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करे। मुख्य सचिव कार्यालय से इसकी मॉनिटरिंग किए जाने के आदेश सीएम ने दिए हैं। आगामी एक माह की स्थिति का आंकलन करते हुए अतिरिक्त रेमिडीसीवीर व अन्य जरूरी दवाओं को क्रय किए जाने के निर्देश सीएम ने दिए हैं।

## मास्क व सोशल डिस्टेसिंग के नियमों के अनुपालन में ढिलाई पर थानाध्यक्ष होंगे जिम्मेदार

### ● प्रदेश के 28494 स्थानों पर अग्निशमन विभाग ने की सैनेटाइजेशन की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया है कि लोक व्यवस्था भंग करने वाले व उपद्रवी तत्वों पर रासुका के तहत तथा गड़बड़ी फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा उपद्रव के दौरान सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वसूली की भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोरोना पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण के लिए सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्धारित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराये जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

अवस्थी ने बताया कि जिन थाना क्षेत्रों में मास्क व सोशल डिस्टेसिंग के निर्धारित नियमों के अनुपालन में ढिलाई पायी जायेगी तो उस क्षेत्र के थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी निर्धारित कर करवाई की जायेगी। सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से भी अपेक्षा की गयी है कि वे स्वयं चेंकिग कर नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव गृह ने बताया प्रदेश में कोरोना संक्रमण के विस्तार को रोकने के लिए जिला प्रशासन के पर्यवेक्षण में उत्तर प्रदेश फायर सर्विस द्वारा सैनेटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है। अब तक विभिन्न जनपदों में हॉटस्पॉट-सम्भावित हॉटस्पॉट 1069, संवेदनशील स्थल 2403, बाजार स्थल 3690, आवासीय स्थल 7532, अन्य स्थल 13801 सहित कुल 28494 स्थानों पर युद्धस्तर पर सैनेटाईजेशन का कार्य अग्निशमन विभाग द्वारा किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य समीक्षा जनपद स्तर के साथ साथ प्रदेश स्तर पर भी की जा रही है। अवस्थी ने यह भी बताया कि प्रदेश में करोना संक्रमण के विस्तार को रोकने के लिए अन्य प्रदेशों से आने वाले यात्रियों में कोरोना की जांच के लिए चेकिंग की भी कार्वाई शुरू कर दी गयी है।

## जनता के साथ छल करने में नहीं हिचक रही भाजपा सरकारः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की सरकार अपनी सत्ता की भूख में प्रदेश की जनता के साथ छल करने में भी नहीं हिचक रही है। लाखों लोगों की रोजी रोटी पर संकट है। कोरोना संक्रमण से लाकडाउन की आशंका है। विगत वर्ष की भांति एक बार फिर मुम्बई तथा दूसरे प्रांतों से श्रमिकों का पलायन शुरू हो गया है। गतवर्ष की त्रासदी झेल चुके विस्थापितों के सामने फिर अनिश्चित भविष्य के स्याह दिन नज़र आने लगे है। प्रदेश में भाजपा सरकार और इसके मुख्यमंत्री सिर्फ झूठे आश्वासनों की होर्डिंग लगा रहे हैं और जनता को भरमाने के लिए अखबारी विज्ञापनों में जनता की गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार कुप्रचार में माहिर है। उसने हिटलर की जर्मनी के महाझूठों के सरदार गोएबल्स को भी मात दे दिया है। चार साल में चार लाख नौकरियां दिए जाने का एलान हो रहा है। कहां, किसको कौन नौकरी मिली इसका ब्यौरा नहीं दिया जा रहा है। निवेश के हो-हल्ले के बावजूद एक भी उद्योग नहीं लगा। एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं हुआ। जो कल कारखाने चल रहे थे एक एक कर वे भी बंद होते जा रहे हैं। फिर रोजगार का सृजन कहां हो रहा है। उन्होंने कहा कि गतवर्ष कोरोना त्रासदी में जो लाखों लोग आए उन्हें अमानवीय स्थितियों में गुजर बसर करनी पड़ी। मुख्यमंत्री मनरेगा से काम देने के आंकड़े जारी करते रहे पर जमीनी हालात बदले नहीं।




कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर भूतनाथ मार्केट को सेनेटाइज़ करते फायर कर्मी

## 3870 करोड़ पूंजी निवेश के साथ 48 हजार से अधिक को मिलेगा रोजगार

### ● नोएडा में अडानी इन्टप्राइजेज, डिक्सन टेक्नालॉजी सहित 13 निवेशकों को भूमि आवंटितः सतीश महाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकर कोरोना संकट के काल में भी औद्योगिक विकास की गति को और तेजी से आगे बढ़ाने में लगी है। औद्योगिक नगरी नोएडा में अडानी इन्टप्राइजेज लि. डिक्सन टेक्नालॉजी इण्डिया लि. सहित 13 निवेशकों को लगभग 199848 वर्गमीटर भूमि के आवंटन की संस्तुति प्रदान कर दी गई है। इससे नोएडा क्षेत्र में 3870 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश होगा और लगभग 48512 लोगों को रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

यह जानकारी औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि विश्व की अग्रणी कम्पनी अडानी ग्रुप को नोएडा क्षेत्र में 39146 वर्गमीटर का भूखण्ड आवंटित किया गया है। अडानी ग्रुप द्वारा इस भूमि पर 2500 करोड़ रुपये के लागत से डाटा सेन्टर स्थापित किया जायेगा। नोएडा में डाटा सेंटर स्थापित होने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। साथ साथ प्रत्यक्ष रूप में 1160 और अप्रत्यक्ष तौर से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार देश की अग्रणी इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग कंपनी डिक्सन टेक्नालॉजी इण्डिया लि. को मोबाइल फोन उत्पादन की परियोजना स्थापित करने हेतु नोएडा के सेक्टर 151 में 21000 वर्गमीटर भूखण्ड आवंटित किया गया है। डिक्सन टेक्नालॉजी 270 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और इससे करीब 9000 लोगों को रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। उन्होंने बताया कि अग्रवाल एसोसिएट्स प्रमोटर्स लि. को भी नोएडा के सेक्टर.140 में 280 करोड़ रूपये के निवेश से आईटी-आईटीईएस पार्क की स्थापना हेतु 55000 वर्गमीटर क्षेत्रफल का भूखण्ड दिया गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर लगभग 30 हजार रोजगार का सृजन होगा। श्री महाना ने बताया कि इनके अलावा वेबटेक्स्ट प्रोजेक्ट प्रा. लि. इक्काइन टेक न्यूट्री केयर, आरएएफ स्टेशनरी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी, रोटो पम्पस लिमिटेड, केके फ्रेग्रेन्स, सावि लेदर्स, मिठास स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेंट, एडोरटेक्स, वेस्टवे इलेक्ट्रनिक्स तथा धामपुर एल्को केमिकल प्रा. लि. को भी भूमि आवंटित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि योजना में विभिन्न क्षेत्रफल श्रेणियों में भूखण्ड आवंटन हेतु कुल 66 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। सभी का साक्षात्कार हुआ। साक्षात्कार तथा निर्धारित ऑब्जेक्टिव क्राईटेरिया के आधार पर आवंटन समिति द्वारा दिये गये अंको के आधार पर भूखण्ड का आवंटन किया गया है।

श्री महाना ने बताया कि इसके अतिरिक्त विभिन्न जनपदों में 15 अन्य निवेशकों को भूमि आवंटन की कार्यवाही तीव्र गति से चल रही है। इससे लगभग 13400 करोड़ का निवेश होगा और बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसमें माइक्रोसाफ्ट इण्डिया नोएडा में 2500 करोड़ रुपये के निवेश से आईटी-आईटीईएस प्रोजेक्ट परिसर स्थापित करेगी। इसके लिए कंपनी द्वारा भूमि चिन्हित की जा चुकी है। भूमि का आवंटन जल्द ही कर दिया जायेगा। इस परियोजना के शुरू होने से लभग 3500 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। श्री महाना ने बताया कि इसी प्रकार ग्रेटर नोएडा में हीरानंदानी ग्रुप द्वारा 6000 करोड़ रुपये का निवेश कर ग्रुप डाटा सेंटर स्थापित किया जायेगा। नेटमैजिक आईटी सर्विसेस 1500 करोड़ रुपये से डाटा सेंटर, संकवांग इण्डिया इलेक्ट्रानिक्स 318 करोड़ की लागत से मोबाइल फोन कवर का प्लांट तथा अंबिका इन्फ्राटेक 225 करोड़ रुपये की लागत से मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लगायेगी।

उन्होंने बताया कि नोएडा में एसटीटी जीडीसी डाटा सेंटर के लिए 900 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके अतिरिक्त यमुना औद्योगिक क्षेत्र में सूर्या ग्लोबल 953 करोड़ रुपये, जेके सीमेंट हमीरपुर में 384 करोड़ रुपये, एसोसिएटेड ब्रिटिश फूड्स चित्रकूट में 375 करोड़ रुपये, लेट्रिक वोव आगरा में 300 करोड़ रुपये, ब्रिटानियां बाराबंकी में 300 करोड़ रुपये, फॉरइवर डिस्टलरी देवरिया में 185 करोड़ रुपये, गोदरेज एग्रो बाराबंकी में 70 करोड़ रुपये सीएचडब्ल्यू डासना गाजियाबाद में 50 करोड़ तथा वेस्टवे इलेक्ट्रानिक्स नोएडा में 25 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

## सुरेश खन्ना ने निधि से दी एक करोड़ की धनराशि

**लखनऊ।** प्रदेश के वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कोरोना महामारी से बचाव एवं इलाज हेतु आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था हेतु आज अपने क्षेत्र विकास निधि से 1 करोड़ रुपए की धनराशि देने की घोषणा की है। उन्होंने बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत प्रदेशवासियों को और अधिक बेहतर इलाज एवं सुरक्षा दिए जाने के लिए राशि दी है।

M/s Prem Traders LLP having registered office at 4th Floor, Gopal Dass Bhawan, 28, Barakhamba Road, New Delhi-110001 has lost its allotment letter/agreement No. 0763 dated 20/11/2012 which was issued by DLF Limited for the plot No. D-197 in DLF Garden City. Raibarelly Road, Lucknow. Contact no. 6306767944

I Mr. Dipanshu Rastogi, son of Late Mr. Nand Kishore Rastogi, R/o C-403, Indra Prastha Estate, Faizabad Road, Opp. I.T. College, New Hyderabad, Lucknow-226007, have lost 8 original payment receipts of plot no. A-170. DLF Garden City, Raibareli Road, Lucknow. Detail of 8 original payment receipts are GDN/CRB/00217/0513, GDN/CRB/00134/0913, GDN/CRB/00305/0913, GDN/CRB/00211/1113, GDN/CRB/00304/0214, GDN/CRB/00216/0514, GDN/CRB/00151/0914, GDN/CRB/0321/00004. Contact No.. 9565244313

सार्वजनिक सूचना

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार एल.आई.सी.एच.एफ.एल. एरिया आफिस शाहनजफ रोड, लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं0 422/एनेक्जर-ई एल.आई.सी. एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि श्रीमती नौशावा सिद्दीकी के पक्ष में श्री अमीर आलम खाँ पुत्र स्व0 महराज कुमार मो0 महमूद हसन खाँ द्वारा निष्पादित विक्रय विलेख दिनांक-05.02.2007 जो कार्यालय उपनिबन्धक चतुर्थ लखनऊ मे बही सं0-1, जिल्द सं0-3870, पृष्ठ सं0-313/368, क्रमांक-1184 पर पंजीकृत है जो भवन सं0-115/1 रकबा 1800 वर्गफिट स्थित-रवीन्द्र गार्डन, वार्ड-अलीगंज, लखनऊ के सम्बन्ध मे है वर्तमान स्वामी अशोका शरन से विक्रय विलेख दिनांक-05.02.2007 का बैनामा खो गया है उनके अधिपत्य में नहीं है। चूंकि विकास जैन व प्रतिक्षा जैन द्वारा एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड/भवन के सम्बन्ध मे उक्त मूल विक्रय विलेख दिनांक-05.02.2007 को बन्धक किया जाना है। अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त मूल विक्रय विलेख दिनांक-05.02.2007 उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरुद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।

महेन्द्र मोहन मिश्रा (एडवोकेट)
चेम्बरः शॉप नं. 4 व 5, प्रथम तल, कृष्णा टॉवर, निकट CMO ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ
मो. नं. 9415426914, 9559985554

## लल्लू ने स्वतंत्र प्रिय, राजेन्द्र सिंह व अजीत सिंह के निधन पर गहरा शोक जताया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव के बड़े भाई स्वतंत्र प्रिय श्रीवास्तव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ओमनगर वार्ड लखनऊ के पार्षद राजेन्द्र सिंह गप्पू, पीसीसी सदस्य अजीत सिंह जनपद बहराइच एवं वरिष्ठ नेता शंकर लाल गौतम की धर्मपत्नी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। यह जानकारी उप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डा. उमा शंकर पाण्डेय ने दी है।

पूर्वोत्तर रेलवे — सूचना संख्या- 97/2021

रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगाः-

गाड़ी सं. 09067/09068 बांद्रा (ट.) – गोरखपुर - बांद्रा (ट.) विशेष गाड़ी

गाड़ी संख्या 09067 बांद्रा (ट.) से रविवार दिनांक 18.04.21 एवं 25.04.21
गाड़ी संख्या 09068 गोरखपुर से मंगलवार दिनांक 20.04.21एवं 27.04.21

| गाड़ी संख्या 09067 बांद्रा (ट.) – गोरखपुर | | | गाड़ी संख्या 09068 गोरखपुर – बांद्रा (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| — | 19.25 | बांद्रा (ट.) | 05.10 | — |
| 20.05 | 20.10 | बोरीवली | 04.25 | 04.27 |
| 21.50 | 21.55 | वापी | 01.26 | 01.28 |
| 23.27 | 23.32 | सूरत | 23.15 | 23.20 |
| 01.10 | 01.15 | वडोदरा | 20.35 | 20.40 |
| 05.25 | 05.35 | रतलाम | 16.50 | 16.55 |
| 07.55 | 07.57 | भवानी मंडी | 14.10 | 14.12 |
| 09.25 | 09.30 | कोटा | 13.00 | 13.05 |
| 10.45 | 10.50 | सवाई माधोपुर | 11.15 | 11.20 |
| 13.27 | 13.30 | बयाना जं. | 09.32 | 09.34 |
| 15.30 | 15.40 | आगरा फोर्ट | 07.50 | 07.55 |
| 16.45 | 16.50 | टूण्डला | 06.15 | 06.20 |
| 17.46 | 17.48 | इटावा | 04.50 | 04.52 |
| 19.35 | 19.40 | कानपुर सेन्ट्रल | 03.15 | 03.20 |
| 21.40 | 21.42 | लखनऊ सिटी | 00.25 | 00.27 |
| 00.08 | 00.10 | बाराबंकी | 21.45 | 21.47 |
| 03.30 | 03.35 | बस्ती | 18.45 | 18.47 |
| 06.05 | — | गोरखपुर | — | 16.10 |

रेक संरचना-एसएलआरडी-02, साधारण श्रेणी-04, शयनयान-18, = 24 कोच

कृपया ध्यान दें-1. इस गाड़ी के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे। 2. इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं उनकी रोकथाम हेतु जारी दिशा-निर्देश का पालन करना अनिवार्य होगा।
मुजाधि/टी-21 — मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं, कुसुम लता आर्या (DOB-09/05/1964) पत्नी सुभाष चन्द्र आर्य, निवासी (SF-01), B-1/36 सेक्टर-F, कपूरथला अपार्टमेंट, अलीगंज, लखनऊ- 226024 ने अपना पुराना नाम कुसुम लता से बदलकर कुसुम लता आर्या भविष्य के सभी उद्देश्यों हेतु कर लिया है।

सूचना

मैं, सुभाष चन्द्र आर्य पुत्र चोखे लाल आर्य, (DOB-06/03/1961) निवासी (SF-01), B-1/36, सेक्टर-F, कपूरथला अपार्टमेंट, अलीगंज, लखनऊ-226024 ने अपना पुराना नाम सुभाष चन्द्र से बदलकर सुभाष चन्द्र आर्य भविष्य के सभी उद्देश्यों हेतु कर लिया है।

## ड्रिप इरीगेशन से गन्ना खेती की घट रही लागत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के आर्थिक रूप से पिछड़े विशेषकर लघु तथा सीमान्त गन्ना किसानों एवं अन्य वर्गों के कृषकों के आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग एवं सिंचाई हेतु ड्रिप इरीगेशन् विधि को बढ़ावा देने से गन्ना खेती की लागत कम करने का प्रयास हो रहा है। यह जानकारी गन्ना आयुक्त संजय आर भूसरेड्डी ने दी। उन्होंने बताया गया कि वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्राप मोर क्रॉप योजना के अन्तर्गत आर्थिक रूप से पिछड़े लघु, सीमान्त कृषकों हेतु 80 प्रतिशत अनुदान दर पर 23,674 हेक्टेयर एवं अनूसूचित जाति-जनजाति वर्गो हेतु 90 प्रतिशत अनुदान दर पर 6,326 हेक्टेयर कुल 30,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की फसल हेतु ड्रिप सिंचाई संयंत्र की स्थापना का लक्ष्य विभागीय अधिकारियों के लिए निर्धारित किया गया है। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि सिंचाई जल एक क्रिटिकल रिसोर्स है तथा गन्ना की फसल की बुवाई से लेकर काटने तक लगभग 1800-2200 मिमी. पानी की आवश्यकता होती है। इस प्रकार गन्ने की फसल हेतु औसतन 2,000 मिमी पानी की आवश्यकता मानने पर 01 हेक्टेयर में गन्ना उत्पादन हेतु लगभग 02 करोड़ ली पानी की आवश्यकता होगी। इसमें से लगभग 50 प्रतिशत पानी की आवश्यकता की पूर्ति वर्षा जल से हो जाती है जबकि शेष 01 करोड़ लीटर-हेक्टेयर पानी की पूर्ति सिंचाई द्वारा गन्ना फसल में की जाती है। इस प्रकार 30 हजार हेक्टेयर में गन्ना उत्पादन हेतु 300 करोड़ लीटर पानी सिंचाई के माध्यम से देने की आवश्यकता पड़ती है। ड्रिप सिंचाई विधि को अपनाने से लगभग 50 प्रतिशत सिंचाई जल की बचत होती है अर्थात प्रति हेक्टेयर लगभग 50 लाख लीटर पानी और 30 हजार हेक्टेयर में लगभग 150 करोड़ लीटर पानी की बचत होगी। अर्थात 30 हजार हेक्टेयर में ड्रिप इरीगेशन पद्धति द्वारा सिंचाई करने से लगभग 150 करोड़ लीटर भूजल का दोहन रुकेगा। इस 150 करोड़ लीटर पानी को निकालने के लिए एक 10 होर्स पॉवर के विद्युत मोटर को लगभग 15,000 घंटे चलाना पड़ेगा, जिसके लिए 11,25,000 यूनिट विद्युत की आवश्यकता पड़ती है, इस विद्युत की बचत से कृषकों को लगभग 33.75 लाख रूपये की बचत भी होगी। इस प्रकार 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप इरीगेशन पद्धति को अपनाने से 150 करोड़ लीटर भू जल दोहन रुकेगा व लगभग 11,25,000 यूनिट विद्युत की भी बचत होगी।

गन्ना आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि माइक्रोप्लान तैयार कर कृषकों को ड्रिप सिंचाई संयंत्रों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रिप सिंचाई से उर्वरकों एवं कीटनाशकों की खपत में उल्लेखनीय बचत होती है, फलस्वरूप गन्ने की उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी आती है और गन्ना उत्पादन तथा कृषकों की आय में 20 प्रतिशत तक वृद्धि होती है।

## सरकार 18 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों को मुफ्त वैक्सीन की व्यवस्था करे :कांग्रेस

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि कोरोना के द्वितीय लहर में डबल म्यूटेंट वैरिएन्ट के कारण भयावहता बढ़ी है। इसमें 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों की मौतों की संख्या सर्वाधिक है। जिनके टीकाकरण पर रोक है। सरकार को इस आयु वर्ग के लोगों का भी टीकाकरण युद्ध स्तर पर करवाना चाहिए। इसके लिए निजी चिकित्सालयों को भी टीकाकरण में लगाना चाहिए। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ उमा शंकर पांडे ने कहा कि कोरोना महामारी की द्वितीय लहर से हो रही असमय दुःखद मौतों और अति भयावह गति से फैल रही कोरोना महामारी से प्रदेश की जनता भयाक्रान्त है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ की स्थिति सबसे भयानक है, जहां प्रतिदिन 5 हजार से अधिक संक्रमित मिल रहे हैं। सरकार टेस्टिंगए कान्टैक्ट ट्रेसिंग, ट्रैकिंग, ट्रीटमेंट और टीकाकरण बढ़ाने के बजाए मौतों का आंकड़ा और श्मशान में जलती चिताओं को टीन शेड से छिपाने का कार्य कर रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# गोल्डेन ब्लॉसम होटल और हज हाउस में मिलेगा संक्रमितों को उपचार

## कोरोना से लड़ाई जीतने के लिये सरकार ने दी राजधानी को बड़ी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की सरकार ने कोरोना की दूसरी लहर से निपटने के लिये राजधानी लखनऊ में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत दी है। सरकार की तरफ से गोल्डेन ब्लॉसम होटल और हज हाउस में इलाज के लिये 2100 बेडों की व्यवस्था की जा रही है। जिससे बीमारी से ग्रसित लोगों को इलाज की तत्काल सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही सरकार की मदद के लिये डीआरडीओ की टीम भी जमीन पर उतर चुकी है। उसकी ओर से लखनऊ के चारों कोनों पर 500 से 600 बेड वाले अस्पताल संचालित किए जाऐंगे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पहले ही निर्देश दे चुके हैं कि अस्पताल प्रशासन को किसी प्रकार की जरूरत हो तो वह तत्काल शासन को पूरी जानकारी दे। प्रदेश सरकार की ओर से मरीजों के बेहतर इलाज देने के लिये पूरी मुस्तैदी से काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने संसाधनों की आवश्यकता के लिये केन्द्र सरकार को भी जानकारी दी है। जिसके बाद से बीमारी से रोकथाम की व्यवस्था को और मजबूती मिली है। केन्द्र सरकार की ओर से बीमारी की रोकथाम के लिये विशेष इतजाम उत्तर प्रदेश के लिये किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर अब डीआरडीओ भी कोरोना की जंग जीतने में सरकार के साथ नजर आएगा। बहुत जल्द ही डीआरडीओ की टीम लखनऊ पहुंचकर यहां विभिन्न स्थलों पर 500 से 600 बेड वाले अस्पतालों का संचालन शुरू करने जा रहा है। कोविड अस्पताल के रूप में काम करने वाले इन अस्पतालों में मिशन मोड पर काम किया जाएगा।

**दिल्ली से मंगाए जा रहे अतिरिक्त वेंटिलेटरः** राजधानी लखनऊ में कोरोना के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण पाने के लिये दिल्ली से अतरिक्त वेंटिलेटर मंगाए गये हैं। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक मरीज को इलाज और उसकी जिंदगी को बचाना है। वहीं कोरोना की दूसरी लहर में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध उत्तर प्रदेश ने केजीएमयू और बलरामपुर हॉस्पिटल को पूरी तरह से डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल बनाकर वहां इलाज देना शुरू कर दिया है। इन डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटलों में आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर, बाइपैप मशीन और एचएफएनसी मशीन की अतिरिक्त सुविधा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही है।

**दूसरे जिलों से आने वाले मरीजों की भी देखरेखः** राजधानी लखनऊ में अन्य जनपदों से आने वाले मरीजों के इलाज के लिये विशेष व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने इसके लिये अतिरिक्त मानव संसाधन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। उन्होंने सख्त निर्देश दिये हैं कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं दी जाएं। शिकायत मिलने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी करवाई की भी चेतावनी जारी की है। राजधानी लखनऊ में सुविधाओं में इजाफा करते हुए कोविड प्रोटोकॉल का पूरा पालन करते हुए मरीजों का इलाज शुरू हो गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में टीएस मिश्र हॉस्पिटल, इंटीग्रल और हिन्द मेडिकल कॉलेजों को डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल के रूप में क्षमता विस्तार किए जाने के निर्देश दिये थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इन अस्पतालों में भी कोविड के मरीजों का इलाज किया जाना शुरू हो चुका है।

**रेमिडीसीवर और ऑक्सीजन की कमी होने पर होगी कार्रवाईः** मुख्यमंत्री ने कोविड से बचाव के लिए उपयोगी रेमिडीसीवीर और ऑक्सीजन की कमी नहीं होने देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि इनकी कमी होने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मुख्य सचिव कार्यालय और मुख्यमंत्री कार्यालय से प्रतिदिन इसकी समीक्षा करने को कहा है। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के किसी भी जनपद के किसी भी अस्पताल में इन आवश्यक चीजों का अभाव न हो। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि सभी जनपदों में कोविड मरीजों के लिए बेड तथा ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है। हर दिन इस स्थिति की जनपदवार समीक्षा की जाए। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक जनपद में कोविड बेडए दवाओंए मेडिकल उपकरणों तथा ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे।

**कर्फ्यू का समय बढ़ने और व्यापारियों के सहयोग से बदला माहौलः** कोरोना के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिये उत्तर प्रदेश की सरकार ने उत्तर प्रदेश के दस जनपदों में रात्रि कर्फ्यू में जहां दो घंटे का इजाफा किया है। वहीं सरकार की पहल को देखते हुए उत्तर प्रदेश के व्यापारी भी आगे आए हैं। उन्होंने सरकार का सहयोग करते हुए स्वयं से बाजारों को बंद करने का निर्णय लिया है। जिससे बीमारी के फैलने पर रोक लगेगी और कोरोना के खिलाफ जंग जीतने में बड़ी सफलता हासिल होगी।

## इलाज को लेकर 17 निजी मेडिकल संस्थानों का हुआ अधिग्रहण

**लखनऊ( पीएनएस )।** अप्रैल में आठ गुना की रफ्तार से बढ़ रहे संक्रमण ने राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया है। सूबे में इस महामारी ने किसी को भी नहीं छोड़ा है। उत्तर प्रदेश में हजार डॉक्टर्स भी इसकी चपेट में हैं। राजधानी में रोज बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने 17 निजी मेडिकल संस्थानों का अधिग्रहण किया है।

डीएम अभिषेक प्रकाश के स्तर से जारी आदेश में इन हॉस्पिटलों में कोरोना संक्रमित मरीजों को भर्ती किया जाएगा। इन हॉस्पिटलों में मरीज को उसके खर्च पर इलाज उपलब्ध होगा। अधिग्रहित हॉस्पिटल फर्स्ट प्वाइंट कांटेक्ट की तर्ज पर कार्य करेंगे। इन हॉस्पिटलों में एडवांस न्यूरो एंड जनरल हॉस्पिटल , वोन हॉस्पिटल, अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कैरियर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, फहमीना हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर, ब्लड बैंक ग्रीन सिटी हॉस्पिटल, जेपी हॉस्पिटल, किंग मेडिकल सेंटर, मां चंद्रिका देवी हॉस्पिटल, पूजा हॉस्पिटल एंड मल्टी स्पेशियल्टी सेंटर राजधानी हॉस्पिटल, संजीवनी मेडिकल सेंटर, श्री साईं लाइफ हॉस्पिटल, वागा हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड, विनायक मेडिकल केयर हॉस्पिटल, विनायक ट्रामा सेंटर एंड हॉस्पिटल, सिफ्स बर्न हॉस्पिटल शामिल हैं।

**चरमरा गई स्वास्थ्य सेवाः** लखनऊ में लोहिया संस्थान के दस व लोकबंधु अस्पताल के 20 डाक्टर व स्टाफ समेत कुल 183 लोग लखनऊ में संक्रमित हो गए हैं। यहां पर लगातार संक्रमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए शासन ने अब केजीएमयू के साथ बलरामपुर को पूरी क्षमता का कोविड अस्पताल बनाने का निर्णय लिया है। केजीएमयू में अब तक करीब 300, लोहिया संस्थान में 30, पीजीआइ में 100, लोकबंधु में 40, अवंतीबाई में 70, सिविल अस्पताल में 70 व बलरामपुर में 80 स्टाफ समेत पांच से छह सौ डाक्टर व स्टाफ संक्रमित हो चुके हैं। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह चरमराती जा रही है।



कोरोना संक्रमण में तेजी को देखते हुए आलमबाग बस अड्डे पर घर जाने के लिए उमड़े यात्री, इस हड़बड़ी में सोशल डिस्टेंसिंग व अन्य सावधानियां भी भूल गये लोग

# ट्रायऐज एरिया में 10 प्रतिशत बेडों की करनी होगी व्यवस्था

## जिलाधिकारी ने जूम बैठक कर सभी नॉन कोविड अस्पतालों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** के नान कोविड हास्पिटल, नर्सिंग होम की बैठक में एक ट्रायऐज एरिया बनाने का निर्देश दिए हैं। होल्डिंग या ट्रायऐज में 10 प्रतिशत बेड की क्षमता के लिए कहा है। ट्रायऐज एरिया में ऑक्सीजन, एचएफएनसी बाईपैप, वेंटिलेटर की भी व्यवस्था अस्पतालों को करना होगा। यही नहीं कोविड मरीजों को कोविड हास्पिटल एलाट होने तक पूरा इलाज करना होगा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में एक जूम बैठक की गई जिसमें जिले में संचालित विभिन्न नॉन कोविड अस्पतालों ने हिस्सा लिया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में संचालित सभी नॉन कोविड अस्पतालों, नर्सिंग होम को निर्देश दिए गये। सभी नॉन कोविड निजी अस्पताल, एक ट्रायऐज एरिया बनाएंगे। कुल बेड क्षमता के 10 प्रतिशत बेड ट्रायऐज व होल्डिंग एरिया के लिए सुरक्षित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त ट्रायऐज एरिया में ऑक्सिजनए एचएफएनसी बाईपैप, वेंटिलेटर की भी व्यवस्था अस्पताल द्वारा की जायेगी। यदि कोई ऐसा मरीज जिसकी कोविड जाँच नहीं हुई है। रिपोर्ट प्रतीक्षित है किसी ऐसे अस्पताल में आता है तो अस्पताल द्वारा उस मरीज का कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उचित उपचार किया जाये। यही नहीं जिन मरीजों की कोविड जांच नहीं हुई है और यदि उनमें कोविड जैसे लक्षण हैं तो सर्वप्रथम उनकी जांच किसी अधिकृत कोविड प्रयोगशाला से करवाई जाए। सभी कोविड धनात्मक मरीजों का उपचार तब तक किया जाय, जब तक जनपदीय इंटीग्रेटेड कोविड कंट्रोल एवं कमांड सेंटर द्वारा उन्हें कोई कोविड अस्पताल आवंटित नहीं किया जाता। सभी नॉन कोविड अस्पतालों, नर्सिंग होम द्वारा कम से कम एक डेडिकेटेड कोविड एम्बुलेंस की व्यवस्था बना कर रखनी होगी और आवयश्कता पड़ने पर उसे कोविड मरीजों के ट्रांसपोर्ट में प्रयोग किया जाये। जिलाधिकारी ने उन सभी निजी प्रयोगशालाओं एवं अस्पतालों से आग्रह किया जो मानकों को पूर्ण करते हैं और कोविड प्रयोगशाला एवं अस्पताल के रूप में अपनी सेवाएं देना चाहते हैं ए वे आगे आयें और अपने सेवाएं उपलब्ध कराएं।

# सभी सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी छोड़ ओपीडी बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं बंद कर दी हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस समय भीड़ संक्रमण को बढ़ाने वाला हो सकता है। ओपीडी सेवाओं के लिए टेलीकन्सल्टेशन को बढ़ावा दिया जाए। सरकारी चिकित्सालयों में केवल आपातकालीन सेवाएं ही संचालित हों। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरोग्य मेलों के आयोजन पर भी 15 मई तक के लिए स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि सभी जनपदों के कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन की अनवरत आपूर्ति बनी रहे। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मेडिकल ऑक्सीजन की सुचारु आपूर्ति के संबंध में स्थापित कंट्रोल रूम 24 गुणा 7 सक्रिय रहें। ऑक्सीजन उपलब्धता की दैनिक समीक्षा करें। प्रत्येक जनपद में चिकित्सा कर्मियों, कोविड बेड, दवाओं, मेडिकल उपकरणों तथा ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता हमेशी बनी रहे। एम्बुलेंस सेवाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित हो। किसी प्रकार की आवश्यकता पर शासन को अवगत कराएं। सीएम योगी ने कहा कि इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में प्रतिदिन डीएम, पुलिस कप्तान और सीएमओ नियत समय पर बैठक करें। स्थानीय स्थिति की समीक्षा कर आगे की रणनीति तय करें।

# संक्रमण वाले क्षेत्रों का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शहर के** हजरतगंज सहित संक्रमण वाले क्षेत्रों का मंडलायुक्त द्वारा सैनिटाइजेशन का निरीक्षण किया गया। हजरतगंज के सिविल अस्पताल व आसपास क्षेत्र का भी जायजा लिया। अपर नगर आयुक्त सहित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सैनिटाइजेशन कार्य को लगातार कराया जाए।

शुक्रवार को निगम सीमा मे कोविड.19 के संक्रमण को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। नगर के समस्त क्षेत्रों का सैनीटाइजेशन का कार्य के कार्य को मंडलायुक्त रंजन कुमार और नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी द्वारा शहर में भ्रमण करते हुए विशेष सैनीटाइजेशन अभियान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। हजरतगंज के सिविल अस्पताल व आसपास क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस क्षेत्र में सैनीटाइजेशन का कार्य होते हुए पाया गया। हजरतगंज चौराहे से मेट्रो स्टेशन तक सैनीटाइजेशन एवं स्वच्छता पायी गयी। विशेष सैनीटाइजेशन के कार्य को लगातार करने के निर्देश मण्डलायुक्त द्वारा दिये गये। इसके बाद कैसरबाग क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। सैनीटाइजेशन की स्थिति सही पायी गयी। कैसरबाग क्षेत्र में आवागमन अधिक होने के कारण नियमित रूप से समस्त क्षेत्र को सैनीटाइज करते रहने के निर्देश दिये गये। जुगौली, विपुलखंड, अम्बेडकर चौराहा, रामभवन के आसपास का क्षेत्र, विराट खंड जेटीआरआई के पास, विनीतखंड जयपुरिया स्कूल के पास, विश्वास खंड में मिठाई वाला चौराहा व आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त क्षेत्र व कंटेनमेंट स्थलों इतयादि पर सैनीटाइजेशन की प्रगति संतोषजनक पायी गयी। सैनीटाइजेशन के कार्य को नियमित रूप से करते रहने के निर्देश मंडलायुक्त द्वारा दिये गये।

# मोहनलालगंज में तीसरे दिन भी मिले दो दर्जन संक्रमित

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**क्षेत्र में** लगातार तीसरे दिन भी कोरोना संक्रमित मरीज मिलने सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार को दहियर ,नगर ,डलौना ,धनवारा ,गौरा ,मस्तीपुर ,पतौना ,मोहनलालगंज कस्बा ,मऊ ,दौलतगंज और बिन्दौवा में कुल 24 संक्रमित पाए गए हैं। सीएचसी अधीक्षिका डॉ. ज्योति कामले ने बताया तीन टीमें भेजकर संक्रमित मरीजों की कान्टैक्ट ट्रेसिंग कराकर उन्हें आईसोलेट कराकर दवा की किट दिलवाई गई है। वहीं एसडीएम विकास सिंह ने बताया नगर पंचायत की टीम लगातार बैरीकेडिंग और सेनेटाइजेशन के लिए अभियान चला रही है।

**कोरोना टेस्टिंग में पहचान छिपा रहे मरीजः** कोरोना टेस्टिंग कराने में कुछ मरीज अपनी पहचान छिपाने के लिए गलत मोबाइल नंबर और नाम-पता दर्ज करा रहे हैं। लिहाजा रिपोर्ट कोविड पाजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग को ऐसे मरीजों को आईसोलेट कराने और कान्टैक्ट ट्रेसिंग कराने में बेहद परेशानी हो रही है। पिछले तीन दिन के दौरान मोहनलालगंज में ही ऐसे चार दर्जन संक्रमित सामने आ चुके हैं। एसडीएम विकास सिंह ने बताया कोविड टेस्टिंग कराने में अपनी पहचान छिपाना बेहद खतरनाक हो सकता है।

**सीएचसी पर एण्टीजन किट की किल्लतः** मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर इन दिनों कोविड टेस्टिंग के लिए एण्टीजन किट की भारी किल्लत है। जिस तरह क्षेत्र में प्रतिदिन दर्जनों संक्रमित सामने आ रहे हैं उस हिसाब से कान्टैक्ट ट्रेसिंग और सीएचसी पर आने वाले संदिग्ध मरीजों की कोविड टेस्टिंग के लिए प्रतिदिन तकरीबन एक हजार एण्टीजन टेस्ट किट की जरुरत बताई जा रही है। लेकिन सीएचसी पर प्रतिदिन तकरीबन दो सौ एण्टीजन टेस्ट किट ही उपलब्ध हो पा रही हैं। जिसकी वजह से टेस्टिंग में समस्या हो रही है। सीएचसी अधीक्षिका डॉ ज्योति कामले ने बताया जिले से कम टेस्ट किट ही मिल पा रही है। अधिक एण्टीजन टेस्ट किट दिलवाने के लिए उच्च अधिकारियों से मांग की गई है।

# बिना मॉस्क 3771 लोगों का चालान

## यातायात पुलिस ने 599 वाहनों का किया ई-चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में कोरोना महामारी के चलते नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने बिना मास्क 3771 लोगों का चालान किया। इसके साथ ही यातायात पुलिस ने 599 वाहनों का ई-चालान करते हुए 164200 का शमन शुल्क लिया।

इनमें दो पहिया वाहन में हेलमेट न धारण करने वालों के विरूद्ध चालान 239, तीन सवारी में चालान 15, चार पहिया में सीट बेल्ट में चालान 73, बिना लाइसेन्स के वाहन चलाने में चालान 30, बिना प्रदूषण सर्टिफेकिट के वाहन में 27, अन्य अफेन्स में 21, रांग साइड में 26 व नो.पार्किंग में 117 वाहनों के चालान शामिल हैं। इसके अलावा यातायात पुलिस ने बिना मास्क में 156 व कमिश्नरेट पुलिस ने 3615 लोगों का चालान काटा। गौरतलब हो कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए शुक्रवार को एक अहम फैसला लिया गया है। अब पूरे प्रदेश में रविवार को लॉकडाउन रहेगा। इसके साथ ही मास्क न लगाने पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और अगर आप दोबारा बिना मास्क के पकड़े गए तो 10000 रुपये का जुर्माना देना होगा। हालांकि शुक्रवार को लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने 100 से पांच सौ रुपये तक बिना मॉस्क में चालान किए। बाजारखाला इंस्पेक्टर धनंजय सिंह के मुताबिक शनिवार से मास्क न लगाने पर एक हजार रुपये का चालान किया जाएगा। वहीं दोबारा पकड़े जाने पर जांच के बाद 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। फिलहाल शुक्रवार को कोरोना गाइड लाइन के पालन के संबंध में लोगों को जागरूक करने के साथ ही चेतावनी दी गई है।

## मरीजों को लेकर उद्योगों को आक्सीजन की आपूर्ति पर रोक

**लखनऊ( पीएनएस )।** प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों की बेतहाशा बढ़ोतरी के बीच लगातार ऑक्सीजन की बढ़ती मांग को देखते हुए राज्य सरकार ने उद्योगों के आक्सीजन पर ब्रेक लगा दिया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की आयुक्त अनीता सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि विभिन्न कोविड अस्पतालों में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही कोरोना के मरीजों के लिए आक्सीजन की आपूर्ति अनवरत बनाए रखना व्यापक जन स्वास्थ्य हित में अत्यंत जरूरी हो गया है। विभिन्न अस्पतालों की आक्सीजन की मांग और आपूर्ति को देखते हुए मेडिकल आक्सीजन के उत्पादनकर्ता और रिफिलर द्वारा उद्योगों को दी जा रही आक्सीजन की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से रोका जाना जरूरी है।



गौतमपल्ली क्षेत्र में पीपीई किट पहन कर विशेष सफाई अभियान चलाते नगर निगम कर्मी

# भैंसाकुंड व गुलाला घाट में लगेगा मैकेनाइज्ड ग्रीन क्रिमेशन सिस्टम

## शवदाह में लगेगा कम समय, लकड़ी की खपत होगी कम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** सरकार के निर्देश पर नगर निगम की ओर से भैसाकुंड में तीन मैकेनाइज्ड ग्रीन क्रिमेशन सिस्टम स्थापित किए जाएंगे। इससे वहां पर लकड़ियों खपत कम होगी और प्रदूषण भी कम होगा। नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने भैसाकुंड का निरीक्षण कर यह निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि ग्रीन क्रिमेशन सिस्टम लगने के बाद शवदाह में एक घंटे का समय लगेगा और मात्र 80 किलो लकड़ी का उपयोग होगा।



नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने बताया कि ओपेन क्रिमेशन की तुलना में मेकेनाइज्ड ग्रीन क्रिमेशन सिस्टम में 50 प्रतिशत कम प्रदुषण होता है। इसके अलावा शवदाह की समयावधि भी लगभग एक घंटे की हो जाएगी। ओपेन क्रिमेशन में लगभग 4 घंटे का समय लगता है। मेकेनाइज्ड ग्रीन क्रिमेशन सिस्टम को एक पारम्परिक प्रणाली के हिसाब से विकसित किया गया है। इसमें कपाल क्रिया एवं पंच समिधा के लिए भी प्रावधान किया गया है जो की हिंदु धर्म की एक महत्वपूर्ण रीति है।

नगर आयुक्त ने भैसाकुंड के साथ साथ चौक स्थित गुलाला घाट शवदाह गृह का भी निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने बताया कि यहां पर भी मेकेनाइज्ड ग्रीन क्रिमेशन सिस्टम को लगाने का कार्य आरम्भ हो चुका है। इसके अलावा गुलाला घाट पर एक इलेक्ट्रिक शवदाह मशीन भी लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसमें शवदाह के बाद भस्म को ट्रे में विसर्जन के लिए आसानी से इकट्ठा भी किया जा सकता है। नगर आयुक्त ने बताया कि कोरोना संक्रमण से लड़ने के लिए भी नगर निगम पूरे शहर में सेनीटाइजेशन का काम करा रहा हैए ताकि संक्रमण की रफ्तार को रोका जा सके।

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भूप नारायण सिंह (मुख्य ऋणी) पुत्र स्वर्गीय श्री गिरधारी लाल एवं रमा देवी कुशवाहा (सहऋणी) पत्नी श्री भूप नारायण सिंह जिनका निवास ३A/२४० एल० आई० जी० आवास विकास कॉलोनी, हंसपुरम, कानपुर नगर उत्तर प्रदेश था/है ने अपनी अचल संपत्ति प्लाट न० २D–३२३, आवास विकास कॉलोनी, फेज – २, हंसपुरम, कानपुर नगर उत्तर प्रदेश को आई० सी० आई० सी० आई० बैंक के पक्ष में बंधक रखकर जरिये ऋण खाता संख्या एलबीकेएएन००००३५०६३६ एक गृह ऋण प्रात्त किया था जो की प्रदेशन पत्र दिनांकित ०५–०६–२००२ तथा अनापत्ति प्रमाणपत्र दिनांकित २८–१०–२००२ (जो की आई० सी० आई० सी० आई० बैंक के पक्ष में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद् द्वारा निर्गत किया गया था) के आधार पर स्वीकृत किया गया था। तत्पश्चात उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद् ने दिनांक ०८–०८–२००३ को ऋणी भूप नारायण सिंह के पक्ष में उक्त संपत्ति का बयनामा करा दिया जो कि उपनिबंधक तृतीय के समक्ष बही स ७, जिल्द स ४६७३, पृष्ठ स १११ से १३८, क्रमांक स ६१६० पर पंजीकृत है। यह की उक्त ऋणी ने दिनांक १३–०८–२००३ को पुनः श्री राम शंकर गुप्ता (अब मृत) पुत्र श्री राम प्रकाश गुप्ता तथा श्रीमती रीता गुप्ता पत्नी राम शंकर गुप्ता निवासी मकान न ६०७, ब्लॉक वाई–1, किदवई नगर, कानपुर नगर के पक्ष में उक्त संपत्ति का बयनामा करा दिया (जो कि उपनिबंधक तृतीय के समक्ष बही स १, जिल्द स ४६७८, पृष्ठ स २१५ से २३६, क्रमांक स १६२७५ पर पंजीकृत है) एवं बंधक संपत्ति का कब्जा हस्तांतरित कर दिया।

यह कि ऋणी (भूप नारायण सिंह एवं रमा देवी कुशवाहा) ने उक्त ऋण खाते में कभी कोई धनराशि जमा नहीं कराइ जिसकी वजह से उक्त ऋण खाते को आई० सी० आई० सी० आई० बैंक द्वारा गैर निष्पादित प्रतिभूत वर्गीकृत व् घोषित कर दिया गया तथा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सरफेसी अधिनियम २००२ की धारा ५ के अंतर्गत एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (आर्सिल) को हस्तांतरण अनुबंध दिनांकित २८–०६–२००७ के जरिये अपने ऋण वसूली सम्बंधित सभी शीर्षक, अधिकार तथा हित मूल ऋण प्रदाता बैंक ने आर्सिल को हस्तांतरित कर दिए।

यह की ऋण खाते एवं सम्बंधित बंधक संपत्ति में निहित हितों के अधिकारों के हस्तांतरण के पश्चात आर्सिल द्वारा लोक धन की वसूली हेतु उपयुक्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई । यह की बंधक संपत्ति पर निवास कर रहे व्यक्तिगणो ने की उक्त संपत्ति को ऋणी से ऋण के सम्बन्ध में समुचित जानकारी के अभाव में क्रय किया था परन्तु आर्सिल के द्वारा की गई विधिक कार्यवाहियों से क्रेतागणो को क्रय की गई संपत्ति पर ऋण की जानकारी हुई तत्पश्चात विक्रयप्रपत्र दिनांकित १३–०८–२००३ जो की उप निबंधक तृतीय के समक्ष दिनांक १३–०८–२००३ को बही स १, जिल्द स ४६७८, पृष्ठ स २१५ से २३६, क्रमांक स १६२७५ पर पंजीकृत है के आधार पर अपना मालिकाना हक उक्त बंधक संम्पत्ति पर आर्सिल के समक्ष प्रस्तुत किया।

यह की विक्रयिवलेख के निष्पादन के समय उक्त संपत्ति आई० सी० आई० सी० आई० बैंक के पास बंधक थी जो कि बाद में आर्सिल को हस्तांतरित हुई। इस विषयवस्तु को ध्यान में रखते हुए श्रीमती रीता गुप्ता पत्नी स्वर्गीय श्री राम शंकर गुप्ता उक्त ऋण को समाप्त करने की इच्छुक है और एक मुस्त समाधान योजना के जरिये बकाया धनराशि कि भुगतान कर बंधक संपत्ति को ऋण मोचित कर मूल दस्तावेज प्राप्त करने इच्छा जाहिर की है।

सहऋणी, जमानतदार, व् विधिक उत्तराधाकारी अर्थात (भूप नारायण सिंह एवं रमा देवी कुशवाहा) काफी समय से संपर्क में नहीं है और न ही उन्होंने ने कभी भी आर्सिल से ऋण के भुगतान अथवा बंधक संपत्ति से ऋण उन्मोचित करने के सम्बंध में संपर्क किया।

तदनुसार जन साधारण को सूचित किया जाता है कि अगर किसी भी अन्य व्यक्ति को उक्त बंधक संपत्ति के सम्बन्ध में कोई भी आपत्ति है, तो आज से ७ दिवस के भीतर अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के समक्ष लिखित में दर्ज करा सकता है। उपरांत ७ दिवस आज से, अगर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं प्राप्त होती है तो ऐसी अवस्था में उपरोक्त बंधक सम्पत्ति समस्त देनदारियो को एक मुश्त समाधान के तहत ऋण मोचित करते हुए मूल बंधक दस्तावेज श्रीमती रीता गुप्ता पत्नी स्वर्गीय श्री राम शंकर गुप्ता निवासी मकान न ६०७, ब्लॉक वाई–1, किदवई नगर, कानपुर नगर, के हक में अवमुक्त कर दिए जायेंगे। तदोपरांत न तो अधोहस्ताक्षरी और न ही आर्सिल कंपनी व आर्सिल कंपनी का कोई कर्मचारी, किसी भी प्रकार के वाद या विवाद के लिए उत्तरदायी होंगे।

द्वारा,
प्राधिकृत अधिकारी
एसेट रिकंस्ट्रशन कंपनी इंडिया लिमिटेड
कार्यालय नंबर 209 द्वितीय तल, शालीमार स्क्वायर, बी.न. रोड, लालबाग, लखनऊ–226001 उत्तर प्रदेश
दूरभाष नंबर + ०५२२–४२४१६०३

# पोस्टर लगा कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने को कर रहे जागरूक

● दहियर गांव में जागरूक ग्रामीणों की टोली ने छेड़ी मुहिम




संवाददाता। मोहनलालगंज

**कोरोना** संक्रमण फैलने का खतरा कम करने के लिए मोहनलालगंज में दहियर गांव के ग्रामीणों ने पोस्टर चस्पा कर लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए जागरुक करने की मुहिम छेड़ दी है। घर और मोहल्ले में पोस्टर लगाकर ग्रामीण चुनावी उम्मीदवारों को भी कोविड प्रोटोकॉल अपनाने के लिए सचेत कर रहे हैं। ग्रामीणों की इस कोशिश को सोशल मीडिया पर भी खूब जनसमर्थन मिल रहा है। व्हाट्सएप के जरिए पोस्टर की पीडीएफ लेकर दूसरे गांवों के लोग भी जागरुकता मुहिम में भागीदारी निभाने के लिए आगे आ रहे हैं।

मोहनलालगंज समेत समूची राजधानी में इन दिनों कोरोना संक्रमण बेकाबू होता जा रहा है। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने में बरती जा रही लापरवाही से संक्रमण का दायरा दिन-ब-दिन बढ़ रहा है। पंचायत चुनाव की वजह से गांवों में प्रचार के लिए घर-घर दस्तक दे रहे उम्मीदवार और उनके समर्थकों के जरिए भी संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में दहियर गांव के समाजसेवी बृजेश श्रीवास्तव ने लोगों को मास्क पहनने हाथों को सेनेटाइज करते रहने और दो गज की दूरी बरकरार रखने के लिए पोस्टर चस्पा कर जागरुक करने की शुरुआत की है। धीरे-धीरे उनकी इस मुहिम से सत्यम पाण्डेय ,अवध बिहारी ,प्रतीक ,श्रीकान्त और अवधेश पाण्डेय समेत कई लोग जुड़ चुके हैं और घर व मोहल्ले में जागरुकता पोस्टर लगाकर आमजन को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। यही नहीं गांव के कुछ जागरुक युवा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी जागरुकता पोस्ट वायरल कर लोगों को कोरोना से बचाव के लिए सचेत कर रहे हैं।

**मास्क पहनकर प्रचार की कर रहे गुजारिश:** युवाओं और जागरुक ग्रामीणों की टोली उम्मीदवारों को मास्क पहनकर प्रचार करने और पैलगी के बजाए दूर से ही अभिवादन कर दो गज की दूरी बरकरार रखते हुए चुनाव प्रचार करने की गुजारिश कर रही है। लोगों की इस कोशिश से अधिकतर उम्मीदवार मास्क पहनकर और हैण्ड सेनेटाइजर लेकर प्रचार करते नजर आने लगे हैं।

# आचार संहिता का पालन न करने वालों पर हो कड़ी कारवाई

## राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त ने निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण चुनाव को लेकर दिए निर्देश

पंचायत चुनाव

● द्वितीय चरण के मतदान के लिए 23 अधिकारी प्रेक्षक के रूप में तैनात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**त्रिस्तरीय** पंचायत सामान्य निर्वाचन के द्वितीय चरण के 20 जनपदों में 19 अप्रैल सोमवार को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतदान कराते हुए पल पल की जानकारी आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग मनोज कुमार को देंगे। निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण चुनाव कराने हेतु प्रदेश के आईएएस एवं पीसीएस संवर्ग के 23 अधिकारियों को प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया है।

आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग मनोज कुमार ने द्वितीय चरण के 20 जनपदों में तैनात 23 प्रेक्षकों को निर्देश दिए हैं कि आयोग से निर्गत आदेशों निर्देशों तथा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। निर्गत आचार संहिता का पालन न करने वाले कार्मिकों, मतदाताओं एवं प्रत्याशियों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा है कि प्रेक्षकों सहित संबंधित जनपदों के निर्वाचन अधिकारियों का दायित्व है कि आगामी द्वितीय चरण चुनाव प्रत्येक दशा मे स्वतंत्रए निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पादित कराएं जाएं साथ ही कोविड से संबंधित निर्गत निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। द्वितीय चरण के चुनाव में जनपद प्रतापगढ़ में डा वन्दना वर्मा, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण, जनपद लखनऊ में दिग्विजय सिंह, निदेशक भूमि अध्यापित राजस्व परिषद, जनपद ललितपुर में सर्वेश कुमार गुप्ता सचिव विकास प्रधिकरण मुरादाबाद, जनपद मैनपुरी में अनिल कुमार यादव, अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त, जनपद बिजनौर में हरिकेश चौरसिया, विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा, जनपद मुज्जफ्फरनगर में सर्वज्ञ राम मिश्रा, विशेष सचिव वाणिज्यकर तथा जनपद वाराणसी में ईशा दुहन, उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण को प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया है। इसी प्रकार जनपद आजमगढ़ में नरेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव, होमगार्ड, जनपद महाराजगंज में अनिल कुमार, अपर आयुक्त आजमगढ़ मण्डल जनपद गोण्डा में राजा राम, अपर आयुक्त, कानपुर मण्डल, जनपद सुल्तानपुर में गौरव वर्मा, विशेष सचिव वन, जनपद लखीमपुर खीरी में मुकेश चन्द्र, अपर आयुक्त परिवहन, जनपद इटावा में गरिमा यादव, विशेष सचिव महिला कल्याणए जनपद कन्नौज में नागेन्द्र शर्मा, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, जनपद चित्रकूट में ब्रज किशोर, अपर आयुक्त बस्ती मण्डल, जनपद एटा में गिरिजेश कुमार त्यागी, विशेष सचिव लोक निर्माण, जनपद बदायूं में धर्मेन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक, बाल विकास, जनपद अमरोहा में दयानन्द प्रसाद, सचिव विकास प्राधिकरण प्रयागराज, जनपद गौतमबुद्ध नगर में डा दिनेश चन्द्र, विशेष सचिव, संस्कृति तथा जनपद बागपत में सुरेश चन्द्र शर्मा, कुल सचिव, उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा को प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया है। 16 विकास खण्डों से अधिक वाले जनपदों में प्रेक्षक के साथ एक अतिरिक्त प्रेक्षक तैनात किया गया है जिसमें जनपद गोण्डा में राजेन्द्र कुमार सिंह, विशेष सचिव, एपीसी शाखा, जनपद आजमगढ़ सुजीत कुमार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उप्र ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण तथा जनपद प्रतापगढ़ में रामयज्ञ मिश्र, प्रबन्ध निदेशक, कानपुर को अतिरिक्त प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया है।

# फैल रहा संक्रमण, सीमा विवाद में नहीं हो सका व्यापक सेनेटाइजेशन

लापरवाही

संवाददाता। मोहनलालगंज

**नगर** निगम और नगर पंचायत के सीमा विवाद में सेनेटाइजेशन और संक्रमित मरीजों के परिवार को क्वारंटीन कराने को लेकर बरती जा रही लापरवाही से मोहनलालगंज के आधा दर्जन गांव पर कोरोना संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकडे गवाह हैं कि इन गांव में एक के बाद एक संक्रमित मरीज सामने आ रहे हैं। लोगों ने एसडीएम से शिकायत कर व्यापक सेनेटाइजेशन और साफ-सफाई कराने की गुहार लगाई है।

मोहनलालगंज के पुरसेनी ,गोपालखेड़ा ,हीरामनखेड़ा ,नगर ,रानीखेड़ा और हरिकंशगढ़ी को नगर निगम और नगर पंचायत दोनों की सीमा में दर्शाया गया है। जिसे लेकर इन गांव में पिछले कई माह से साफ-सफाई तक नहीं हो सकी है। पिछले कुछ दिनों में यहां एक के बाद एक कोरोना संक्रमित मरीज मिलने का सिलसिला जारी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में शुक्रवार को भी सर्वाधिक संक्रमित इन्हीं गांव से बताए जा रहे हैं। लेकिन फिर भी इन गांव में सेनेटाइजेशन और संक्रमित मरीजों के परिवार को क्वारंटीन कराकर आसपास के लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए सचेत तक करने की जरुरत नहीं समझी गई है। एसडीएम विकास सिंह ने बताया यह गांव नगर निगम की सीमा विस्तार में शामिल हैं यह क्लीयर हो चुका है। शुक्रवार को नगर निगम की टीम आकर सेनेटाइजेशन की शुरुआत भी कर चुकी है। शनिवार से टीम साफ-सफाई और व्यापक सेनेटाइजेशन भी शुरु कराएगी।

# ओएलएक्स पर साइकिल खरीदने का झांसा देकर 9561 की लगाई चपत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ओएलएक्स** पर साइकिल बेचना एक युवक को भारी पड़ गया। जालसाज ने साइकिल खरीदने के नाम पर 9561 रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित ने गुडम्बा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मायापुरी कालोनी अतरौली निवासी श्याम मनोहर अपने परिवार के साथ रहते है। श्याम मनोहर के अनुसार रविवार को उन्होंने ओएलएक्स पर साइकिल बेचने का विज्ञापन डाला था। विज्ञापन डालने के आधे घण्टे बाद एक व्यक्ति का फोन आया। उस व्यक्ति ने अपने को सीआरपीएफका बताते हुए डील चार हजार में तय की। आरोपित जालसाज ने कहा कि अपना नौकर भेजकर साइकिल मंगवा लेता हूं। गूगल पे या पेटीएम का नम्बर दे दो रुपये भेज देता हूं। कुछ देर बाद उसके ऑफिस से दूसरे व्यक्ति का फोन आया। उस व्यक्ति ने कहा कि गूगल पे व पेटीएम काम नहीं कर रहा है। उसने फोन पे डाउन लोड करने को कहा। श्याम मनोहर ने फोन पे डाउन लोड किया इसके बाद आरोपित ने पांच रुपये भेजने का झांसा देकर 4461 रुपये निकाल लिए।

पीड़ित ने जब इसका विरोध किया तो आरोपित ने झांसा देते हुए कहा कि खाते में पांच हजार रुपये से कम था इसलिए आपका व मेरा रुपया फंस गया है। पांच हजार से अधिक खाते में डालो जिसके बाद आपका व मेरा फंसा रुपया वापस आ जायेगा। पीड़ित ने अपने दोस्तों से 5200 रुपया उधार लेकर खाते में डाल कर आरोपित से बात की। आरोपित ने पुनः झांसा देकर पीड़ित के खाते से 5100 फिर निकाल लिया। इनके बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। आरोपित जालसाज अभी भी पीड़ित को 10,100 रुपये डालने का झांसा दे रहा है।

# सीएमएस के दो छात्र पीसीएस में चयनित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के दो मेधावी छात्रों अमित गुप्ता एवं दिव्यांशु पाण्डेय ने पीसीएस में चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। जहाँ एक ओर महानगर कैम्पस के छात्र अमित गुप्ता का यूपीपीसीएस-2020 में 35वीं रैंक के साथ एसडीएम के पद पर चयन हुआ है जबकि राजेन्द्र नगर कैम्पस के छात्र दिव्यांशु पाण्डेय टैक्स एसेसमेन्ट ऑफीसर के पद पर चयनित हुए हैं। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय के इन मेधावी छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि सीएमएस के ये होनहार छात्र अपने कार्यक्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही आदर्श समाज की संरचना में अपना रचनात्मक योगदान देंगे। इन छात्रों की सफ्लता पर पूरे सीएमएस परिवार को गर्व है।सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इन मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, माता-पिता के आशीर्वाद एवं विद्यालय से मिले प्रेरणादायी विचारों व विद्यालय के वातावरण को दिया है। श्री शर्मा ने बताया कि अमित गुप्ता ने वर्ष 2013 में आईएससी (कक्षा-12) की परीक्षा सीएमएस महानगर से उत्तीर्ण की एवं इसके उपरान्त नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश से बीटेक किया। पी.सी.एस. में अपनी सफलता के बारे में बताते हुए अमित ने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूँ कि मुझे सीएमएस जैसे संस्थान में पढ़ाई का अवसर मिला। मैं शुरू से ही सिविल सर्विसेज में जाना चाहता था तथापि मेरे शिक्षकों ने मुझे अपने सपनों का पूरा करने का भरपूर हौसला व प्रेरणा दी। इसी प्रकार, टैक्स एसेसमेन्ट ऑफीसर के पद पर चयनित दिव्यांशु पाण्डेय ने बताया कि मेरे कैरियर को संवारने में सीएमएस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसने स्कूली शिक्षा के दौरान मेरी क्षमताओं के विस्तार व व्यक्तित्व विकास के ढेरों अवसर उपलब्ध कराये।

# मतदान केन्द्रों पर स्थापित होगी कोविड हेल्पडेस्क ,प्रेक्षक ने लिया जायजा

**मोहनलालगंज।** कोविड संक्रमण फैलने से रोंकने के लिए मोहनलालगंज के सभी मतदान केन्द्रों पर कोविड हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। मतदाताओं को मास्क पहनकर सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। शुक्रवार को चुनाव प्रेक्षक ने मोहनलालगंज में मतगणना स्थल का दौरान कर तैयारियों का जायजा लिया। मोहनलालगंज में 19 अप्रैल को पंचायत चुनाव के मतदान को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरु कर दी है। ब्लाक के सभी 129 मतदान केन्द्रों पर हेल्पडेस्क स्थापित कर मतदाताओं की स्क्रीनिंग कराई जाएगी। बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने हेल्पडेस्क पर हेल्थ वर्कर तैनात कर मास्क ,हैण्ड सेनेटाइजर ,इन्फ्रारेड थर्मल स्कैनर और पल्स आक्सीमीटर उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा है। शुक्रवार को चुनाव प्रेक्षक दिग्विजय ने मोहनलालगंज पहुंचकर सूर्या इंस्टीट्यूट में बनाए गए मतगणना स्थल और स्ट्रांग रुम की सुरक्षा समेत अन्य तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए मतदान कराने की तैयारियों के बारे में जानकारी लेकर जरुरी निर्देश दिए।

# जगदीश गांधी व भारती गांधी ने ली वैक्सीन की दूसरी डोज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् 86 वर्षीय डा. जगदीश गाँधी एवं सीएमएस निदेशिका डा. (श्रीमती) भारती गाँधी ने आज डा. राम मनोहर लोहिया संस्थान में कोरोना वैक्सीन की दूसरी खुराक ली। इस अवसर पर डा. जगदीश गाँधी ने सम्पूर्ण जनमानस से वैक्सीन लगवाने की अपील करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से निवारण में वैक्सीन ही कारगर उपाय है। डा. गाँधी ने कहा कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए बहुत ही सचेत व जागरूक रहें एवं प्रशासन द्वारा जारी सभी नियम-कायदों का पूर्णतः पालन करें। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना की रोकथाम हेतु किये जा रहे प्रयासों की भरपूर प्रशंसा की।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, प्रधान कार्यालय – 4 ए, गोखले मार्ग, लखनऊ निविदा प्रकाशन सूचना (ई–निविदा)** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित समय में आपूर्ति में सक्षम प्रतिष्ठित निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है :– निविदा विशिष्टि सं0 मेडको/2576/2021 (अपरिवर्तनीय) : (निविदित मात्रा की न्यूनतम 50 प्रतिशत सामग्री की मात्रा हेतु प्रस्ताव देना होगा) क्र0सं0 1 सामग्री का विवरण Rubbrized Cork Sheet (900x600x6mm) इकाई No. मात्रा 20689 क्र0सं0 2 सामग्री का विवरण Rubbrized Cork Strip (900x50x6mm) इकाई No. मात्रा 4425 क्र0सं0 3 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 2 mm dia इकाई No. मात्रा 132994 क्र0सं0 4 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 4 mm dia इकाई No. मात्रा 334744 क्र0सं0 5 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 6 mm dia इकाई No. मात्रा 279342 क्र0सं0 6 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 8 mm dia इकाई No. मात्रा 234417 क्र0सं0 7 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 10 mm dia इकाई No. मात्रा 13254 क्र0सं0 8 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 12 mm dia इकाई No. मात्रा 179760 क्र0सं0 9 सामग्री का विवरण Rubberized Cork Gasket Set (10-100) KVA इकाई Set मात्रा 78337 क्र0सं0 10 सामग्री का विवरण Rubberized Cork Gasket Set (160-KVA) इकाई Set मात्रा 281 क्र0सं0 11 सामग्री का विवरण Rubberized Cork Gasket Set (250-400) KVA इकाई Set मात्रा 3762 क्र0सं0 12 सामग्री का विवरण Rubberized Cork Gasket Set (630 KVA) इकाई Set मात्रा 343 क्र0सं0 13 सामग्री का विवरण Rubberized Cork Gasket Set (1000 KVA) इकाई Set मात्रा 32 क्र0सं0 14 सामग्री का विवरण Bakelite Tube 6 mm dia x 0.75 Meter Long इकाई No. मात्रा 227465 क्र0सं0 15 सामग्री का विवरण Bakelite Tube 8 mm dia x 0.75 Meter Long इकाई No. मात्रा 178195 क्र0सं0 16 सामग्री का विवरण Bakelite Tube 10 mm dia x 0.75 Meter Long इकाई No. मात्रा 63617 क्र0सं0 17 सामग्री का विवरण Bakelite Tube 12 mm dia x 0.75 Meter Long इकाई No. मात्रा 239680 क्र0सं0 18 सामग्री का विवरण Bakelite Tube 15 mm dia x 0.75 Meter Long इकाई No. मात्रा 13254 धरोहर राशि (रु0) 2,33,000/– **निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय 17.05.2021, 14:00 बजे निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय 18.05.2021, 15:00 बजे निविदा का शुल्क – रु0 7,080/–** निविदा विशिष्टि सं0 मेडको/2577/2021 (अपरिवर्तनीय) : (निविदित मात्रा की न्यूनतम 50 प्रतिशत सामग्री की मात्रा हेतु प्रस्ताव देना होगा) क्र0सं0 1 सामग्री का विवरण Adhesive NAVISOL/Olive oil Adhesive इकाई Kg. मात्रा 36773 क्र0सं0 2 सामग्री का विवरण Cotton Tape (25 mmx40 mtr. long) इकाई Roll मात्रा 354851 क्र0सं0 3 सामग्री का विवरण Arcing Horn इकाई Set मात्रा 68954 क्र0सं0 4 सामग्री का विवरण Weaving Tape (25mmx 40mtr.long) (Niwar tape) इकाई Roll मात्रा 22090 क्र0सं0 5 सामग्री का विवरण Silica Gel Breathers 100 gm. इकाई No मात्रा 39309 क्र0सं0 6 सामग्री का विवरण Silica Gel Breathers 250 gm. इकाई No मात्रा 1881 क्र0सं0 7 सामग्री का विवरण Silica Gel Breathers 500 gm. इकाई No मात्रा 343 क्र0सं0 8 सामग्री का विवरण Silica Gel Breathers 1000 gm. इकाई No मात्रा 32 क्र0सं0 9 सामग्री का विवरण Clamping Member इकाई No मात्रा 287776 क्र0सं0 10 सामग्री का विवरण Clamping Ring इकाई No मात्रा 71973 क्र0सं0 11 सामग्री का विवरण Oil Seal for HT Bushing, Size 12 mm इकाई No मात्रा 28593 क्र0सं0 12 सामग्री का विवरण Oil Seal for LT Bushing, Size 12 mm इकाई No मात्रा 36640 क्र0सं0 13 सामग्री का विवरण Oil Seal for HT Bushing, Size 20 mm इकाई No मात्रा 7524 क्र0सं0 14 सामग्री का विवरण Oil Seal for LT Bushing, Size 30 mm इकाई No मात्रा 686 क्र0सं0 15 सामग्री का विवरण Oil Seal for LT Bushing, Size 42 mm इकाई No मात्रा 64 धरोहर राशि (रु0) 1,95,000/– **निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय 18.05.2021, 14:00 बजे निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय 19.05.2021, 15:00 बजे निविदा का शुल्क – रु0 7,080/–** निविदा विशिष्टि सं0 मेडको/2575/2021 (परिवर्तनीय आधार तिथि : 01.03.2021): (निविदाकर्ता द्वारा सम्पूर्ण निविदत मात्रा हेतु प्रस्ताव देना होगा एवं उसी के अनुरूप धरोहर धनराशि जमा करनी होगी) क्र0सं0 1 सामग्री का विवरण LT Aluminium XLPE Cable 1x630 Sq.mm. इकाई Km. मात्रा 20 क्र0सं0 2 सामग्री का विवरण LT Aluminium XLPE Cable 1x1000 Sq.mm. इकाई Km. मात्रा 10 धरोहर राशि (रु0) 1,97,000/– **निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय 17.05.2021, 14:00 बजे निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय 18.05.2021, 15:00 बजे निविदा का शुल्क – रु0 7,080/–** निविदा शुल्क को आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से तथा धरोहर राशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 या बैंक गारण्टी के माध्मय से जमा किया जाना है जिनकी स्कैन्ड कापी निविदा प्रपत्रों के साथ ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड करनी होगी। उक्त निविदाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में परिवर्तन की सूचना ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध कराई जायेगी। अधीक्षण अभियन्ता (सा0प्र0–प्रथम) म0वि0वि0नि0लि0, 4–ए, गोखले मार्ग, लखनऊ पत्रांक 79 दिनांक 16.04.2021 म0वि0वि0नि0लि0, हेल्पलाईन नं0–1800180040/1912 राष्ट्रहित में बिजली बचाएं

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के पारा इलाके में शुक्रवार की सुबह एक मजदूर अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहा था इसी दौरान ट्रक ने पीछे से बाइक में जोरदार टककर मार दी जिससे मजदूर की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महत्वा काकोरी निवासिनी रूवी ने पारा पुलिस को सूचना दी कि उनके पति मुनीम 24 जो मजदूरी करते हैं अपने काम से गए थे, घर लौटते समय नहर के पास शकुंतला कॉलेज के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे मुनीम की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है ट्रक कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने यह भी बताया कि मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है।

# सेल्फ लॉकडाउन, बाजार में पसरा सन्नाटा

## व्यापार मण्डल ने राज्य सरकार से की पूर्ण लॉकडाउन की मांग

संवाददाता। मोहनलालगंज



**कोरोना** की बढ़ती रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए मोहनलालगंज के व्यापारियों ने शुक्रवार को साप्ताहिक बन्दी के दिन सेल्फलॉकडाउन लागू किया। लिहाजा व्यापार मण्डल की अपील पर पूरा दिन कर्फ्यू जैसी स्थिति नजर आई।

मोहनलालगंज कस्बा समेत पूरे क्षेत्र में है कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में ही तकरीबन डेढ़ सौ संक्रमित मरीजों की पहचान की जा चुकी है। जिसे लेकर आमजन ही नहीं व्यापारी भी बेहद दहशत में हैं। जिसे लेकर गुरुवार को व्यापार मण्डल संरक्षक देवेन्द्र पांडेय ने सोशल मीडिया के जरिए दुकानदारों से साप्ताहिक बन्दी का कड़ाई से पालन कर सेल्फ लॉकडाउन रखने की अपील की थी। जिस पर शुक्रवार को मोहनलालगंज कस्बे में दवाओं की दुकानें छोड़कर सभी बड़े प्रतिष्ठान के साथ ही चाय और पान मसाला की दुकानों पर भी तालाबन्दी रही।

आमजन की आवाजाही बेहद सीमित रहने से कस्बे में सन्नाटा पसरा रहा। मोहनलालगंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष अजय पाण्डेय और निगोहां व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य सरकार से पूर्ण लॉकडाउन लागू करने की मांग की है।

## बीजेपी नेता की हत्या कराने की साजिश का पर्दाफाश

# तीन अभियुक्त प्रयागराज से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**एसटीएफ** ने प्रयागराज के बीजेपी नेता रोहित केसरी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश का पर्दाफाश किया है। इस संबंध में एसटीएफ ने हत्या की योजना बना रहे 3 अभियुक्तों को प्रयागराज जिले से गिरफ्तार किया। वर्ष 2018 में बीजेपी नेता एवं समाजसेवी पवन केसरी निवासी कस्बा फूलपुर जनपद प्रयागराज की हत्या हुई थी । उक्त हत्या के बाद जनपद प्रयागराज में कानून व्यवस्था की गम्भीर स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। इस हत्या के सम्बन्ध में थाना फूलपुर प्रयागराज में अभियोग पंजीकृत हुआ था तथा हत्या में शामिल 11 अभियुक्तों को जेल भेजा गया था एवं रासुका की कार्रवाई भी की गयी थी।

कस्बा फूलपुर निवासी शातिर अपराधी सोनू उर्फ सिराज इसी हत्या के आरोप में वर्तमान समय से जिला कारागार जौनपुर में निरुद्ध है । सोनू उर्फ सिराज इसी घटना से सम्बन्धित मृतक पवन केसरी के सगे भाई बीजेपी नेता एवं समाजसेवी रोहित केसरी जो मुकदमें की पैरवी कर रहे हैं ,की हत्या करने की साजिश जिला कारागार जौनपुर से मोबाइल के माध्यम से कर रहा था । एसटीएफ के अनुसार यदि यह घटना घटित हो जाती तो जनपद में जनपद में साम्प्रदायिक एवं राजनैतिक अस्थिरता तथा कानून व्यवस्था बिगड़ने की पूर्ण सम्भावना थी । जिसकी गम्भीरता को देखते हुए एसटीएफ द्वारा इलेक्ट्रानिक संशाधनों से निगरानी की जा रही थी तथा रोहित केसरी की हत्या की साजिश के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होने पर अमिताभ यश ,अपर पुलिस महानिदेशक , एसटीएफने उक्त घटना को रोकने एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में एसटीएफ मुख्यालय से एक टीम जनपद प्रयागराज के लिए रवाना की गयी । 15.4.2021 को उक्त टीम के निरीक्षक अंजनी कुमार तिवारी द्वारा जनपद प्रयारागज के थाना फूलपुर में रोहित केसरी की हत्या के साजिश रचने के सम्बन्ध में सोनू उर्फ सिराज आदि के विरूद्ध धारा 115, 120 बी, 34 भादवि का मुकदमा पंजीकृत कराया गया। 16 अप्रैल 2021 को जानकारी प्राप्त हुई कि बीजेपी नेता रोहित केसरी की हत्या की साजिश में शामिल अपराधी हत्या की योजना के सम्बन्ध में बातचीत करने के लिए फूलपुर जौनपुर रोड , सॉवडीह नहर पुलिया के पास इकट्ठा हैं। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मो. शानू उर्फवकील उर्फ लम्बू निवासी मो. कर्नलगंज , कस्बा व थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज, मनोज सोयरी निवासी मो. सेखपुर ,कस्बा व थाना फूलपुर, जनपद प्रयागराज और दिलशाद ग्राम राजापुर, थाना सोरोंव, जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि वर्ष 2018 में बीजेपी नेता पवन केसरी की हत्या में सोनू उर्फसिराज , शानू उर्फ वकील व मनोज सहित 11 अभियुक्त जेल गए थे, जिसमें सोनू उर्फसिराज अभी तक जिला कारागार जौनपुर में निरुद्ध है और हम लोग जमानत पर चल रहे है।

पवन केसरी के सगे भाई एवं बीजेपी नेता, समाजसेवी रोहित केसरी इस हत्या की घटना के मुकदमें की पैरवी कर रहे हैं। जिसके कारण सोनू उर्फ सिराज की जमानत नहीं हो पा रही है एवं हम लोगों को सजा होने का डर है। इसीलिए हम लोग जिला कारागार में निरुद्ध सोनू उर्फसिराज के कहने पर रोहित केसरी की हत्या का प्लान बना रहे थे।

# घर से नाराज होकर निकले 12वीं के छात्र का शव गोमती में मिला

● पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, रिपोर्ट आने के बाद होगी आगे की कार्रवाई

**लखनऊ।** राजधानी के गोसाईंगंज इलाके घर से निकले 12 वीं के छात्र का शव गोमती नदी में उतराता मिला। हड़कंप मचा तो सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की मानें तो परिजनों की डाट से नाराज होकर छात्र ने नदी में कूदकर आत्महत्या की है। गोसाईगंज के गौरियाकलां निवासी शहीद अली उर्फ लड्डन के मुताबिक उनका 19 वर्षीय आमान अली उर्फचांद बाबू आमान 14 अप्रैल बुधवार समय करीब 8.30 बजे रात्रि में घरवालों से नाराज होकर कहीं चला गया था। आमान अली की काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। इस बावत गुरुवार रात समय करीब 7.50 बजे रात गोसाईगंज कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजन व पुलिस आमान की तलाश कर ही रहे थे कि शुक्रवार प्रातः उसका शव पुराना घाट गौरियाकलां में स्थित नदी में मिला। सूचना पाकर मौके पर एसआई फिरोज आलम सिद्दीकी ने बताया कि आमान किसी बात से नाराज होकर घर से चला गया था। शुक्रवार प्रातः घर से करीब 200-300 मीटर की दूरी पर स्थित गोमती नदी में आमान का शव मिला। मृतक इण्टर में पढ़ रहा था। मृतक के पिता खेती किसानी करते है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# त्रिस्तरीय पंचायत-2021: डेढ़ दर्जन प्रत्याशियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**पंचायत चुनाव** की सरगर्मी तेज होते ही पुलिस भी अपनी सक्रियता दिखाना शुरू कर दी है। प्रत्याशी व उनके समर्थक चेतावनी के बाद भी चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई भी होने लगी है। इसी कड़ी में चौबेपुर में 11ए मिर्जामुराद में पांच व लोहता में दो महिला प्रत्याशियों व उनके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

चौबेपुर के पियरी गांव में बुधवार की रात प्रचार के दौरान चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे सारनाथ के हिरामनपुर निवासी चिरईगांव के ब्लाक प्रमुख पति सुधीर सिंह उर्फ पप्पू भौकाली, पियरी के गोपाल सिंह, पंकज सिंह, खरगीपुर के संदीप सिंह, रौना कला के मुलायम यादव, मुड़ली के सोनू कुमार, संदहा निवासी गोपाल राजभर, सूरज, सोनबरसा निवासी उमेश यादव, विनोद पटेल, चुकहां निवासी संजय सोनकर के खिलाफ आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। चौबेपुर थानाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने बताया कि पंचायत चुनाव में 12 वाहनों को भी सीज किया गया है। तथा दो शस्त्र लाइसेंस रद्द करने के लिए भी भेजा गया है। 14 अपराधियों को पाबंद भी किया जा चुका है। चुनाव में किसी तरह की बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज करेगी। विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर बैनर.पोस्टर लगाने के मामले में बुधवार की रात मिर्जामुराद पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य के दो तथा ग्राम प्रधान पद के तीन प्रत्याशियों पर आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया है। आराजीलाइन विकासखंड क्षेत्र के सेक्टर नंबर एक से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ रहे दयाशंकर यादव दया मास्टर व सेवापुरी विकास खंड के सेक्टर नंबर चार से जिला पंचायत प्रत्याशी अश्वनी ड्क्षसह उर्फ तूफनीए करधना में ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी श्रीराम जायसवालए गौर मिर्जामुराद ग्राम से प्रधान प्रत्याशी किशोरी सेठ तथा खजुरी ग्राम सभा से प्रधान प्रत्याशी पूनम देवी के खिलाफ हल्काई दारोगा की तहरीर पर आचार संहिता के उल्लंघन संबन्धी मुकदमा दर्ज किया गया। इसी तरह गुरुवार को केराकतपुर गांव के प्रधान पद की प्रत्याशी पुनम वर्मा और उनके पति जय शंकर वर्मा भठ्ठी गांव की प्रधान पद की प्रत्याशी रीना पाल और उनके पति शम्भू पाल के खिलाफ चुनाव आचार संहिता का मुकदमा दर्ज हुआ है।

## सम्पत्ति की लालच में महिला की हत्या में दत्तक पुत्री सहित चार लोग शामिल रहे

- मडुवाडीह पुलिस ने दत्तक पुत्री सहित दो गिरफ्तार
- दो को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मंडुआडीह** थाना क्षेत्र के शिवदासपुर लाल बत्ती क्षेत्र में सम्पत्ति की लालच में महिला की हत्या करने के मामले में पुलिस ने उसकी दत्तक पुत्री हिना व दामाद को गिरफ्तार किया है। इसी मामले में दो दिन पूर्व भी पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया था।

थाना प्रभारी परशुराम त्रिपाठी ने बताया कि मृतका लालता देवी पत्नी स्व. शेख मुख्तार लगभग 40 वर्षों से शिवदासपुर मकान बनवा कर रहती थी उसको कोई औलाद ना होने पर उसने हीना नाम की लड़की गोद लिया था। उसका प्यार एक राहुल नाम के युवक से हो गया और वह दोनों साथ रहने लगे। बीते दिनों देर रात को मृतका का भाई विजय राम निवासी कैमूर बिहार अपनी पत्नी के साथ वाराणसी में इलाज हेतु आया। विजय राम ने बताया कि मंगलवार से ही वह अपनी बहन लालता को खोज रहा था। लेकिन उसके ना मिलने पर एक कमरे में देखा तो हिना और राहुल बैठे हुए थे।

आवाज पर उन्होंने दरवाजा नहीं खोलाए किसी तरह से दरवाजा खोल कर अंदर गया तो देखा मेरी बहन लालता देवी की गला दबाकर हत्या कर उसके शव को दरी में लपेटकर बांधा गया था। मौके पहुंचे थाना प्रभारी परशुराम के पार्टी ने बताया कि मृतिका के सिर पर चोट के निशान थे और उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी।

## क्विक न्यूज

### आदर्श स्काउट दल द्वारा निःशुल्क प्याऊ शिविर का उद्घाटन प्रिंसिपल ने किया




**वाराणसी।** देश भारत स्काउट और गाइड जनपद वाराणसी के तत्वाधान में श्री कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इण्टर कॉलेज वाराणसी में निरूशुल्क जल प्याऊ शिविर का उद्घाटन किया गया इस पुनीत कार्य के संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रमाकांत मिश्र के नेतृत्व में निरूशुल्क जल प्याऊ शिविर के साथ ही आने जाने वाले राहगीरों को सैनिटाइजर करनाए मास्क न लगाने वाले व्यक्तियों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करना एमास्क वितरित करनाए 2 गज की दूरी मास्क हैं जरूरीएसोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना एवं राहगीरों को निरूशुल्क जल पिलाने का सेवा आदर्श स्काउट दल द्वारा जनहित में किया जा रहा हैं इस अवसर पर विष्णु विश्वकर्मा जिला संगठन आयुक्त स्काउट वाराणसी ने शिविर का निरीक्षण किया और कहा कि प्रधानाचार्य का यह कार्य समाज के हित में अति प्रशंसनीय हैं स्काउट गाइड समाज के लिए एक आईना है समाज सेवा के लिए हमेशा अग्रणी रहते हैं साथ ही वाराणसी जनपद के स्काउट गाइड के छात्र शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समय.समय पर सेवा देते रहते हैं वैश्विक महामारी कोरोना के प्रति जागरूक कर रहे हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से एबसंत कुमार मिश्रएरविंद्र कुमार पाण्डेयएनवीन कुमार श्रीवास्तवएअजीत कुमार सिंहएअवधेश नारायणएअंश बहादुर सिंहए प्रियांशु जायसवालएसंतोष आदित्यएअर्जुन इत्यादि सीनियर स्काउटध्गाइड एवं विद्यालय के प्राध्यापकों के सहयोग से निस्वार्थ भाव से समाज के हित में सेवा कार्य में सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन आनन्द शंकर पाण्डेय स्काउट प्रभारी ने किया।

### कोरोना के 2002 नए मामले, 6 की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर छ्‌पदही सिंह के अनुसार शुक्रवार यानी 16 अप्रैल को करो ना के 2205 मरीज मिले हैं 637 मरीज स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किए गए 13114 एक्टिव मरीज है 6 मरीजों की मौत हुई है। अब तक 422 मरीज की मौत हो चुकी है। जांच कराने वाला हर तीसरा मिल रहा है पार्टी करो ना। जिले में एकाएक फिर संक्रमण भर में करीब 12704 आया है 1 दिन पहले जहां संक्रमित दर सर्वाधिक 2208 ऑफिस दिखी वहीं वहीं गुरुवार को 36 पॉइंट 1 फीसद दर्ज किया विगत 24 घंटे में रिकॉर्ड 2002 नए पास ही मिले हैं यह आंकड़ा बताता है कि करो ना जांच करने वाला हर तीसरा व्यक्ति रिपोर्ट में 5 टीम निकल रहा है करो ना के चलते 6 लोगों की मौत हुई इसी के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 422 हो गई है।

## व्यावहारिक एवं प्रेरणादायक होना बेहद जरूरी

**प्रयागराज।** चरित्र के समानताओं के बारे में जब भी बात होती है तो उस पर कई सवाल उठते हैं। शो में यह दिखाया गया है कि रंजू की कार्बन कॉपी हैं। दोनों बहुत मिलते जुलते हैं। उनकी भावनाएं इस दौरान उनके साथ स्वाभाविक रूप से निकलती हैं। मोनिका चौहान दंगल टीवी के शो रंजू की बेटियां में शालू के किरदार में दिखाई देती हैं। जो रंजू की सबसे बड़ी बेटी है। रंजू का किरदार रीना कपूर निभा रही हैं। मोनिका साझा करती हैं कि उन्होंने रीना कपूर के साथ अतीत में काम किया है। वह यह भी कहती हैं कि जब वह छोटी थी तो रीना को टीवी और फिल्मों में देखती थी और प्रशंसा करती थी। खुद को भाग्यशाली महसूस करती हैं कि वह उनके साथ फिर से काम कर रही हैं। कहा कि यह उनके लिए एक प्रेरणा हैं। वह शांत और व्यावहारिक रूप से सब कुछ लेती हैं। वह दोनों भी प्रेरणादायक है। रंजू की बेटियां रात साढ़े नौ बजे दंगल टीवी पर देखें। वह एक संरक्षक की तरह हैं और हमेशा मेरी मदद करती हैं।

## वासंतिक नवरात्र का चौथा दिन

# भक्तों ने मां श्रृंगार गौरी व कुष्मांडा देवी के दरबार में लगायी हाजिरी





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**चैत्र मास** के वासंतिक नवरात्र के चौथे गौरी के रूप में ज्ञानवापी परिसर के पीछे माँ श्रृंगार गौरी विराजमान हैं। शुक्रवार को अलसुबह हजारों भक्तों ने माँ के दरबार में पहुँचकर मत्था टेका और इस समय कोरोना जैसी महामारी को खत्म करने के लिए प्रार्थना की। दर्शन-पूजन का क्रम सुबह से शाम तक चलता रहा। महिला श्रद्धालुओं ने माँ श्रृंगार गौरी को माला-फूल,सिन्दूर प्रसाद आदि चढ़ाया। वहीं दूसरी ओर भगवती के रूप में भक्तों ने दुर्गाकुंड स्थित कुष्मांडा देवी(दुर्गा जी)के मंदिर में पहुँचकर मां को नारियल, चुनरी, माला-फूल, प्रसाद आदि भेंट किया तथा माँ दुर्गा जी की कपूर, घी आदि से आरती की। माँ कुष्मांडा देवी के दरबार में श्रद्धालुओं का सैलाब दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़ा। इस कलिकाल में जब कोरोना जैसी महामारी ने रूप ले लिया हो तो माँ जगदम्बा ही भक्तों की रक्षा करेगी। भक्तो ने माँ शेलावाली की जयकारा लगायी। बोल सच्चे दरबार की जय आदि के नारे लगाये।

### श्रृंगार गौरी का पूजन कर ज्ञानवापी परिसर के मुक्ति का लिया संकल्प




**वाराणसी।** चैत्र नवरात्र के चतुर्थ दिन अखिल भारतीय ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष पं0 शिवकुमार शुक्ला के नेतृत्व में शुक्रवार को माँ श्रृंगार गौरी जी, श्री काशी विश्वनाथ, माँ अन्नपूर्णाजी, ढूढ़िराज राज गणेश जी व हनुमान जी की आरती कर ज्ञानवापी परिसर के मुक्ति के संकल्प और कलंकित ढ़ाचे के स्थान पर भव्य मंदिर के पुर्न निर्माण की कामना के साथ पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। पूजन-अर्चन के दौरान जय श्रीराम की उद्घोष की गूंज पूरे परिसर में गूंजी दर्शनार्थियों में मुख्य रूप से अनिल शास्त्री, अनिल यादव, अनग शुक्ला, शिव प्रसाद पटेल, सोहन लाल आर्य आदि उपस्थित रहे।इससे पहले संस्था ने एक शोभायात्रा निकाली जो छत्ताद्वार ज्ञानवापी तक पहुँची।

## सशक्त बनने को स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में किया जाए सुधार

**प्रयागराज।** कोविड 19 के समय में बच्चे के सीखने और विकास पर माता पिता को सशक्त बनाने के लिए स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए काम करने वाले एक गैर लाभकारी संगठन नजएड ने घर में शिक्षा में मदद करने के लिए निःशुल्क एंड्रायड एप्लिकेशन टॉप पैरेंट टू पॉइंट जीरो लांच करने की घोषणा की। टॉप पेरेंट की फाउंडर और एंटरप्रेन्योर शाश्वती बनर्जी ने कहा कि बच्चों के शुरुआती साल सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। क्योंकि इस दौरान नब्बे प्रतिशत मस्तिष्क का विकास होता है। निरंतर सीखने को सुनिश्चित करना और सही प्रोत्साहन प्रदान करना इन वर्षों में महत्वपूर्ण है। महामारी दुर्भाग्य से कम आय वाले समुदायों के लाखों बच्चों को प्रभावित कर रही है। जो पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं। स्कूल नहीं जाने या ट्यूशन की सुविधा उपलब्ध नहीं होने और घरों में किसी भी तरह की सहायता की कमी के कारण हमें एक साहसिक समाधान की आवश्यकता थी।अभूतपूर्व स्थिति के मद्देनजर जब देश के अधिकांश हिस्सों में ऑनलाइन समर्थन की कमी के कारण छात्रों और शिक्षकों के बीच सीधा संवाद पूरी तरह से बंद हो गया है टॉप पैरेंट एक उपयोगी समाधान है। नजएड द्वारा विकसित और स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए काम करने वाला एक गैर लाभकारी संगठन द सेंट्रल स्क्वायर फ़ाउंडेशन के फंडिंग सपोर्ट से टॉप पेरेंट तीन से आठ साल की उम्र के बच्चों के लिए एनसीईआरटी पैटर्न पर आधारित पाठ्यक्रम की सुविधा प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करता है कि माता पिता और बच्चों को उपलब्ध करायी जाने वाली सामग्री को उनके अनुसार अनुकूलित किया जा सके। बच्चे की शिक्षा में मदद करने के लिए मल्टीमीडिया संसाधनों की जरूरत होगी।

## मौजूदा समय में की गई सकारात्मक पहल

प्रयागराज। इस समय स्वास्थ्य को लेकर बहुत ही सचेत रहने की जरूरत है। भरोसेमंद न्यूट्रिशन एवं वेट मैनेजमेंट ब्रांड्स में से एक एंड्योरा मास को प्रीति जिंटा की पंजाब किंग्स ने आईपीएल दो हजार इक्कीस के लिए अपना ऑफिशियल न्यूट्रिशन पार्टनर बनाया है। यह एक महत्वपूर्ण पहल है और इससे हैल्थ सप्लीमेंट की श्रेणी में इसका भरोसा और प्रतिष्ठा प्रदर्शित होती है। मेडिन बेले के सीईओ डॉक्टर के के कौशल ने कहा आईपीएल टी बीस के किंग्स के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। किंग्स पंजाब टीम के ऑफिशियल न्यूट्रिशन पार्टनर हैं। इसके अस्तित्व की अवधि में एंड्योरा मास एवं एंड्योरा प्रीमियर जिम सीरीज़ के निर्माता मेडिन बेले पैरा एथलीट्स सहित विभिन्न स्पोर्टिंग ईवेंट्स को सहयोग दे रहे हैं। एक सेहतमंद एवं चुस्त भारत का निर्माण करने एवं स्पोर्ट्स में सपोर्ट करने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

## स्वास्थ्य विभाग का दावा शहर में आक्सीजन एवं बेड की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ज़िले में** कोरोना की रफ़्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। जनपद में इस समय 12703 एक्टिव कोरोना पेशेन्ट्स हैं। ऐसे में वाराणसी में बेड की कमी की ख़बरें लगातार मिल रही हैं। इसके अलावा कोरोना के दूसरे स्ट्रेन में मरीज़ को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में लगातार ऑक्सीजन सिलेंडर की किल्लत की बात समाने आ रही है। इन सब के बीच कार्याहक सीएमओ डॉ एनपी सिंह ने इन सभी बातों से इंकार करते हुए बताया कि वाराणसी एल.2 और एल.3 टाइप के अस्पतालों की पर्याप्त व्यवस्था है साथ ही ऑक्सीजन की डिमांड एक दिन में वाराणसी में 3000 सिलेंडर्स की है और हम 6000 सिलेंडर का उत्पाद कर रहे हैंए इसलिए ऑक्सीजन की भी कोई दिक्कत नहीं है।

कार्यवाहक सीएमओ डॉ एनपी सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि आज की तारीख में हमारे पास एल.2 और एल.3 मिलाकर 1450 बेड उपलब्ध हैंए जिसमें बीएचयू में 366 और दीनदयाल व इएसआई में भी पर्याप्त मात्रा में बेड उपलब्ध है। इसके अलावा हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में भी हमने 200 बेड अधिग्रहित किया हुआ है।कार्यवाहक सीएमओ ने कहा कि वाराणसी के अन्य मल्टीस्पेशियलिटि अस्तपालों ने भी अपने यहां कोविड अस्पताल चलाने की अनुमति दे दी है। आज की तारीख में करीब 600 मरीज अस्पताल मे भर्ती हैं। इसलिए अभी तो बेड की कोई दिक्कत नहीं हैं। जल्द ही आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हम 100 बेड का एल.2 अस्पताल शुरु कर दिया जाएगा।

## नैनी में पटाखा फैक्ट्री में आग, एक की झुलसकर मौत

- नैनी कोतवाली अंतर्गत डभाव गाँव में हुआ हादसाए तीन की हालत बेहद नाजुक

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**प्रयागराज के** यमुनापार स्थित नैनी कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को दिन में पटाखा फैक्ट्री में आग लग गई। जिसकी जद में आने से चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि तीन की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी है। उधर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया गया।यमुनापार के नैनी कोतवाली अंतर्गत मामा भांजा पुलिस चौकी क्षेत्र के बसवार रोड पर धनुआ गांव में करीब 15 साल से पटाखा फैक्ट्री चल रही है। जय



मौके पर जांच पड़ताल करती नैनी पुलिस

महाबीर नाम से चल रही पटाखा फैक्ट्री के मालिक अतरसुइया थाना क्षेत्र के मीरापुर मोहल्ला निवासी लक्ष्मण प्रसाद बताए जा रहे हैं। शुक्रवार दोपहर में करीब साढ़े ग्यारह बजे अचानक पटाखा फैक्ट्री से आग की लपटें उठने लगीं। भीतर मौजूद मजदूर चीखने चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर और आग की लपटें उठतीं देख ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। वहां चार मजदूर बाहर झुलसे पड़े चिल्ला रहे थे। सूचना पुलिस को दी गई। खबर पाते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। किसी प्रकार पटाखा फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पा लिया गया।पटाखा फैक्ट्री में लगी आग से झुलसे मजदूरों में सुधीर 50 पुत्र अटराम राजा 14 उसका भाई अनुराग 15 पुत्र स्वर्गीय अशोक विशाल 14 पुत्र स्वर्गीय राकेश भारतीय को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने सुधीर को मृत घोषित कर दिया। फैक्ट्री मालिक की चौक में आतिशबाजी की दुकान भी है। इंस्पेक्टर नैनी सुनील वाजपेयी ने बताया कि आग किन कारणों से लगी अभी यह साफ नहीं हो सका है लेकिन शार्ट सर्किट वजह बताई जा रही है। पटाखा फैक्ट्री वैध है या अवैध अभी यह भी स्पष्ट नही हो पाया है।

## अलग अलग संस्कृतियों के लिए होगा मुकाबला

**प्रयागराज।** जब दो अलग अलग संस्कृति से आये परिवार एक ही छत के नीचे रहने को मजबूर हों और छोटे शहर से आई उनकी पत्नियां दांवपेंच और मुकाबले के लिये तैयार रहती हों ऐसी ही सिचुएशनल कॉमेडी इस शो में दर्शायी गयी है। गंगा जमुनी तहजीब के जरिये मिश्रा और मिर्जा परिवार को दिखाया गया है। जो कि एक पुरानी नवाबी हवेली में रहते हैं। एण्ड टीवी लेकर आ रहा है बिलकुल नया और हल्का फुल्का फिक्शन शो और भई क्या चल रहा है। और भई क्या चल रहा है। हर सोमवार से शुक्रवार रात साढ़े नौ बजे एण्ड टीवी पर देखें। दोनों ही परिवार उस हवेली पर कब्जा करना चाहते हैं। लेकिन दोनों में से कोई भी उसे बांटना नहीं चाहता। इसकी वजह से ही उनमें किसी ना किसी बात को लेकर आये दिन झगड़े होते रहते हैं। वैसे दोनों उन परेशानियों से निकलने का अपना अपना तरीका भी ढूंढ लेते हैं। मुझे ऐसा महसूस हुआ जैसे यह किरदार मेरे लिये ही लिखा गया है। सकीना में मुझे अपना अक्स नज़र आता है। वह अपने पति के साथ जिस तरह से रहती है और उसके जो अंदाज हैं वो बिलकुल मेरी ही तरह हैं। लखनवी तहजीब को साकार करते यहां के हर रंग रूप स्वाद और कहानी को बड़ी ही वास्तविकता के साथ पेश करने करने के लिये स्थानीय टैलेंट को शामिल किया है।

## हज-2021 पर जाने के लिए कोविड टीके की दोनों डोज लगवाना अनिवार्य

**वाराणसी।** हज कमेटी ऑफ इंडिया उन तमाम हाजियों को जिन्होंने हज.2021 के लिए आवेदन किया है उन्हें सलाह देती है कि वे अपने स्वविवेक से कोविड टीके की पहली डोज़ जल्द लगवा लें ताकि रवानगी से पहले दूसरी डोज़ भी उन्हें ज़रूर लग जाये जिससे सऊदी हुकूमत की तरफ से अनुमति मिलने के बाद वहां जाने से वंचित न होना पड़े। उक्त जानकारी देते हुए हज कमेटी ऑफ इण्डिया के पूर्व सदस्य डॉण् इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया ऐसी उम्मीद है कि हज के लिए सऊदी हुकूमत की अनुमति मिलने की सूरत में मध्य जून से भारत से रवानगी शुरू होगी। डॉण् जावेद ने कहा कि हज.2021 पर जाने के इच्छुक ज़ायरीन जिन्होंने आवेदन फॉर्म भरा है यदि वे जाना चाहते हैं तो कोविड के टीके ज़रूर से लगवा लें। डॉण् जावेद ने बताया कि सऊदी स्वास्थ्य मंत्रालय ने सूचित किया है कि हज.2021 या उमरा के लिए मक्का मदीना की यात्रा करने की अनुमति केवल उसी व्यक्ति को दी जाएगी जिसने कोविड 19 के वैक्सीन की दोनों डोज़ ली होगी। सीण्जीण्आईण् जेद्दा ने भी इस बात की पुष्टि की है। हलांकि अभी तक सऊदी हुकूमत से इसके अलावा कोई और सूचना नहीं दी गयी है इसलिए हज.2021 की जो भी प्रक्रिया शुरू होगी वो सऊदी हुकूमत से मिलने वाले स्पष्ट दिशा निर्देश के बाद ही शुरू होगी।

# संक्रमण को रोकने के लिए मास्क का प्रयोग जरूरी: डीएम

- संक्रमित व्यक्ति के परिवार का कोई भी सदस्य दुकानों पर न बैठे

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



बैठक करते डीएम

**जिलाधिकारी भानुचन्द्र** गोस्वामी ने गुरूवार को संगम सभागार में व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ कोविड के प्रसार को रोकने के सम्बंध में बैठक की। व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जो भी निर्देश आपकी तरफ से निर्गत होंगे। उसका पूरा पूरा पालन व्यापार मण्डल करना सुनिश्चित करेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन के साथ साथ आजीविका भी जरूरी है। इसलिए हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि लोग सुरक्षित रहें और उनकी आजीविका भी चलती रहे। उन्होंने कहा कि कोरोना टू के चेन को तोड़ना बेहद जरूरी है। इसके लिए कंटेनमेंट जोन को कड़ाई से लागू करना होगा। जिसके अन्तर्गत संक्रमित क्षेत्र को पूरी तरह से सील किया जायेगा और प्रभावित व्यक्ति के परिवार के किसी भी सदस्य का बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यापार मण्डल यह सुनिश्चित करें कि किसी भी अवस्था में संक्रमित व्यक्ति दुकान पर न बैठे। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग टीमों की संख्या बढ़ा दी गयी है। जो घर घर जाकर जांच का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट कंटेनमेंट जोन का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी के निर्देशों का स्वागत किया और कहा कि सभी निर्देशों का गम्भीरता से पालन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों से मास्क क्रांति लाने के साथ.साथ ही बाजारों में भीड़ न लगने पायें। इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों से कहा कि आप सुनिश्चित करें कि प्रत्येक दुकानदार ग्राहकों को तभी सामान देगा। जब वह मास्क लगाकर आयेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि लोगों को अपनी तरफ से मास्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि दवा की दुकानें नहीं बंद रहेगी। क्योंकि लोगों तक दवा हर हाल में पहुंचना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि टेस्टिंग की संख्या बढ़ने पर पॉजिटिव व्यक्तियों की संख्या में इजाफा हो सकता है लेकिन स्थिति से घबड़ाने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था उचित रूप में उपलब्ध है। पॉजिटिव व्यक्तियों का प्रकाश में आना जरूरी है। तभी संक्रमण को हम फैलने से रोक सकते हैं। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी एडीएम सिटी अशोक कुमार कनौजिया उपस्थित रहे।

## यूपी में चलेगा संगठित अभियान: वैभव

**प्रयागराज।** इसके विश्वास की व्यवस्था की भी खोज की है। यह देखकर चकित थी कि यह किस प्रकार अपने क्षेत्र के ज्वेलरी बाजार को परिवर्तित एवं संगठित कर रहा है। ऐसे डिज़ाईन प्रस्तुत कर रहा है। जो ट्रेंड से आगे हैं। यह बहुत प्रेरणाप्रद है कि मिस वंदना सर्राफ एक महिला ज्वेलर हैं। जो ब्रांड की मार्केटिंग की कार्ययोजना एवं संचालन में योगदान देती हैं। मौनी रॉय ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के लेटेस्ट ब्राईडल अभियान का चेहरा बनीं हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश की सबसे पसंदीदा ज्वेलरी चेन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने खूबसूरत अभिनेत्री मौनी रॉय के साथ लेटेस्ट ब्राईडल कैम्पेन लॉन्च किया।

वैभव सर्राफ डायरेक्टर ने कहा कि निरंतर नए रास्ते तलाशते हैं और हमें अहसास हुआ कि मौनी रॉय आज की भारतीय लड़की के मिलती जुलती हैं। जिसके मूल्य पारंपरिक हैं और आउटलुक मॉडर्न हैं। अभियान का परिणाम मौनी के साथ हमारी कल्पना से बेहतर रहा। इस पूरे शूट में शिष्टता का समावेश रहा है।

## महामारी में न्यूट्रीलाइट पोषक तत्वों से प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का संकल्प

**वाराणसी।** कोविड.19 को देखते हुए अब बच्चों को दीजिए स्वस्थ और रोग प्रतिरोधक जीवन जिससे कोरोना जैसी भयंकर बीमारी में बच्चे लड़ सके एमवे इंडिया ने आज अपने प्रमुख ब्रांड न्यूट्रीलाइट के तहत च्यवनप्राश बाई न्यूट्रीलाइट लॉन्च करने की घोषणा की। च्यवनप्राश बाई न्यूट्रीलाइट पोषक तत्वों से भरपूर 32 जड़ी.बूटियों का एक गाढ़ा मिश्रण हैए जिसे 16 प्रमाणित कार्बनिक अवयवों के साथ डीएनए फिंगरप्रिंटिंग द्वारा मान्यता प्रदान की गई हैए और इसमें कोई प्रिजर्वेटिव्स भी नहीं हैं। पारंपरिक भारतीय रेसिपी से प्रेरित न्यूट्रीलाइट च्यवनप्राश का सूत्रीकरण मुख्य रूप से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ानेए शरीर के कायाकल्प का समर्थन करता हैए साथ ही ताकत और आंतरिक बल को बढ़ाता हैए इसके अलावा दिन.प्रतिदिन के संक्रमणों से लड़ने में मदद भी करता है। इस लॉन्च के साथ ही एमवे ने च्यवनप्राश सेगमेंट में देश में फ्लते.फूलते आयुर्वेद बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा जमाने की रणनीति के साथ प्रवेश किया।

## डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान में स्वच्छता व हाईजीन के महत्व पर बल देगा

**वाराणसी।** कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को देखते हुए आज डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के तहत एक अद्वितीय डिजिटल स्कॉलरशिप कार्यक्रम का लॉन्च करने के लिए एक अग्रणी प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा कंपनीए व्हाईट हैट जूनियर के साथ सहयोग करने की घोषणा की। यह स्कॉलरशिप कार्यक्रमए युवा भारतीयों को उस विषय में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करेगाए जो आज के समय की महत्वपूर्ण जरूरत बन गया है और हमारे समुदायों में स्वच्छता व हाईज़ीन के महत्व पर बल देगा।

# नेताओं का कर्तव्य

## कोविड मानकों का पालन

**केवल** जुबानी बयानबाजी के बजाय नेताओं को हमेशा कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करना चाहिए। हम जानते हैं कि कोरोनावायरस वैश्विक महामारी ने राष्ट्रीय जीवन के सभी पक्षों को बुरी तरह प्रभावित किया है जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता से लेकर सामाजिक व्यवहार तथा अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य तक शामिल है। लेकिन ऐसा लगता है कि इसने राजनेताओं को सोचने और काम करने पर बाध्य नहीं किया है। बढ़ती महामारी से निपटने के लिए दुहरे मानक कदापि नहीं होने चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह परिघटना हमारे अधिकांश राजनेताओं के मामले में स्पष्ट दिखाई देती है। हालांकि, सरकार कोविड-19 के बढ़ते मामलों से पूरी दृढ़ता के साथ निपटने में लगी हुई है, पर उसने चुनाव वाले राज्यों में बनी स्थिति के प्रति आंखें बंद कर ली हैं जहां कोविड-उपयुक्त व्यवहार का धड़ल्ले से मजाक उड़ाया जा रहा है। अपनी सार्वजनिक रैलियों, रोड शो व अभियानों में लगभग सभी राजनेता और उनके समर्थक मास्क पहनने, शारीरिक दूरी बनाए रखने तथा अन्य कोविड-उपयुक्त व्यवहारों का पालन नहीं करते हैं। सत्ता के भूखे इन नेताओं के लिए किसी व्यक्ति का वोट उसके जीवन से ज्यादा महत्वपूर्ण है, इसलिए उनको अपने वोट पाने के रास्ते में कोविड-उपयुक्त व्यवहारों की जरा भी चिन्ता नहीं है। निर्वाचन आयोग की बार-बार चेतावनियों के बीच



जमीनी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। हालांकि, अधिकांश विदेशी राजनेताओं ने अच्छे व्यवहार का परिचय दिया है और सत्ता से बाहर किए गए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा ब्राजील के वर्तमान राष्ट्रपति जैल बोलसोनारो इनमें अपवाद हैं। उदाहरण के लिए, ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जान्सन ने इस वर्ष के प्रारम्भ में अपनी भारत यात्रा रद्द की थी जब उनको इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि बनाया गया था। उस समय उनके देश में कोविड-19 संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे थे और उन्होंने जनता की आशंकाओं का ध्यान रखते हुए घर में ही रहना उचित समझा था। इंग्लैंड में वायरस की स्थिति के कारण बोरिस जान्सन ने इस महीने भी अपनी प्रस्तावित भारत यात्रा संक्षिप्त करने का निर्णय किया है।

बोरिस जान्सन ने कहा है कि ब्रिटेन में कोविड-19 से होने वाली मौतों में टीकाकरण के बजाय तीन महीने के लाकडाउन का असर पड़ा है। हम नहीं जानते कि क्या उनके कथन के पक्ष में समुचित प्रमाण हैं, लेकिन यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि उनके देश की स्थिति में लगातार सुधार हुआ है जबकि भारत वर्तमान समय में सर्वाधिक कोरोना-प्रभावित देशों में ऊपर चढ़ रहा है। केवल अमेरिका को आगे छोड़ कर वह दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसे देखते हुए मतदाताओं का सामना करते समय हमारे नेताओं को शर्मिन्दा होना चाहिए, लेकिन इसके बजाय वे केवल वोट बटोरने में लगे हुए हैं। इसके लिए ईश्वर उनको माफ करे। लेकिन जैसे ही उनको वायरस संक्रमण होता है, जैसा कि अनेक नेताओं को हो चुका है, वे फौरन स्वयं को अलग कर लेते हैं तथा सर्वोत्तम चिकित्सा संस्थानों द्वारा चिकित्सकीय देखभाल का लाभ उठाते हैं। निश्चित रूप से यह सब करदाताओं के पैसे से होता है। लेकिन उस गरीब जनता का क्या होगा जिसे वे पीछे छोड़ देते हैं और जो संक्रमण से प्रभावित हो सकती है। ऐसे अनेक कारणों से ही कोविड के खिलाफ लड़ाई लगभग जीतने के बावजूद हम फिर दलदल में फंस गए हैं। हालांकि, आंशिक रूप से इसमें हमारी अपनी भूमिका भी है, लेकिन ज्यादातर राजनेता भी इसके जिम्मेदार हैं। लोकतंत्र के उत्सव समेत सभी त्योहारों का आनन्द केवल उसी समय उठाया जा सकता है, जब देश की जनता स्वस्थ रहे तथा जीवन के मूलाधिकार का आनन्द उठाने की स्थिति में बनी रहे।

# भारत-चीन गतिरोध जारी

**जबकि भारत पूर्वी लद्दाख में तनाव घटाने पर जोर देता है, चीनी यथास्थिति पसंद करते हैं। जैसा कि प्रतीत होता है कि दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।**



**अनिल गुप्ता**
लेखक सुरक्षा एवं रणनीतिक मामलों के विश्लेषक हैं)



लगभग दो महीने के अंतराल के बाद आयोजित पूर्वी लद्दाख में तनाव को कम करने के लिए भारत-चीन सैन्य वार्ता का 11 वां दौर फिर से बिना किसी बड़ी सफलता के समाप्त हो गया है। मैराथन वार्ता 13 घंटे तक चली क्योंकि अतीत में यह प्रवृत्ति रही है, लेकिन इस बार चीनी पक्ष कठोर और असंसदीय था। इस साल फरवरी में झील क्षेत्र और कैलाश रेंज से सैनिकों के सफल विस्थापन के बाद से, एक गतिरोध मौजूद है, जहां तक आगे की स्थिति हॉट स्प्रिंग्स, गोगरा, डेमचोक और देपसांग में भारतीय गश्ती दल के रुकने से संबंधित है।

विघटन पूरा होने के तुरंत बाद, दोनों राष्ट्रों के सैन्य कमांडरों के बीच 10 वें दौर की वार्ता हुई। लेकिन यह किसी भी आम सहमति पर पहुंचने में विफल रहा क्योंकि शेष क्षेत्रों से आगे विघटन का संबंध था। हालांकि, वार्ता को रचनात्मक के रूप में करार दिया गया था और दोनों पक्षों को एक सार्थक परिणाम की उम्मीद थी। वार्ता के बाद दोनों देशों द्वारा संयुक्त रूप से जारी बयान में झील क्षेत्र से होने वाली असंगति को सकारात्मक रूप से बताया गया है, यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो पश्चिमी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ अन्य शेष मुद्दों के समाधान के लिए एक अच्छा आधार प्रदान करेगा।

हालांकि बहुप्रतीक्षित 11 वां दौर एक बार फिर गतिरोध में समाप्त हो गया है, दो ध्यान देने योग्य अंतर हैं। अतीत के विपरीत, दोनों देशों द्वारा कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया है। एक अन्य मामले में, चीनी पक्ष ने पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक बयान के साथ अपने रक्षा मंत्रालय के बजाय अपने पश्चिमी थिएटर कमांड के प्रवक्ता द्वारा जारी किए गए प्रेस बयान का जवाब दिया है। पीएलए द्वारा जारी किया गया बयान लफ्फाजी से भरा था और कूटनीतिक बारीकियों से भरा था, यह दर्शाता है कि इसे मंत्रालय के स्तर पर मसौदा तैयार किया गया था, लेकिन पीएलए द्वारा जारी किया गया था। यह किसी प्रकार की नाखुशी या असहमति का संकेत देता है जिसे उच्चतम स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता हो सकती है। पीएलए के बयान में कहा गया है, ''हमें उम्मीद है कि भारत चीन-भारत सीमा क्षेत्रों में डे-एस्केलेशन की वर्तमान सकारात्मक स्थिति को भांप सकता है'', दोनों देशों द्वारा संबंधित समझौतों और पिछली बैठकों में दोनों सेनाओं द्वारा किए गए समझौतों का पालन करते हुए, चीन के आधे रास्ते को पूरा करने और शांति की रक्षा के लिए और सीमा क्षेत्रों में एक साथ स्थिरता लाने के लिए; अतीत में भारत द्वारा एक बार फिर खारिज किए गए आधे-अधूरे प्रस्ताव को दोहराया गया। जब चीन ने वादा किया हुआ असंगति भी पूरा नहीं किया है, तो डी-एस्केलेशन के बारे में बात करने का क्या मतलब है?

कुछ हफ्ते पहले, भारतीय सेना के प्रमुख जनरल नरवाना ने माना था कि पूर्वी लद्दाख में खतरा पूरी तरह से दूर नहीं हुआ हैख क्योंकि पीएलए अभी भी पीछे के क्षेत्रों में अपनी सेना की काफी ताकत बनाए हुए था। उन्होंने कहा, डी-एस्केलेशन तभी होगा, जब ये तत्व वापस अपने गैरीनों में जाएंगे। बहु-आवश्यक डी-एस्केलेशन अभी भी दोनों पक्षों को हटाता है।

जबकि भारतीय पक्ष ने हॉट स्प्रिंग्स, गोगरा, कोंगका ला और डेमचोक से पूरी तरह से विघटन पर जोर दिया, जिसमें डिप्संग का मुद्दा भी शामिल था, चीनी ने इन घर्षण स्थलों से पुलबैक को हटाने के लिए मना नहीं किया था, लेकिन पहले से सहमत थे, डीपसांग की चर्चा करते हुए अकेले चले गए। माना जाता है कि डेपसांग मैदानी इलाकों से होने वाली कटाव को विवाद की हड्डी माना जाता है क्योंकि यह सीधे पिछले साल की आक्रामकता से संबंधित नहीं है। हेक्टिक राजनयिक गतिविधि ने शांति और शांति बनाए रखने और द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति के लिए स्थितियां प्रदान करने के लिए वार्ता के 11 वें दौर की शुरुआत की थी। भारतीय विदेश मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष के साथ टेलीफोन पर बातचीत में, एलएसी के साथ शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान और सभी घर्षण बिंदुओं पर विघटन पर जोर दिया था।

मार्च के अंतिम सप्ताह में आयोजित भारत चीन सीमा मामलों (डब्ल्यूएमसीसी) पर कार्य तंत्र और समन्वय की कार्य प्रणाली की एक आभासी बैठक में, कोर कमांडरों के बीच 11 वें दौर की वार्ता जल्द से जल्द आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जमीन पर स्थिति को कम करने के लिए और सीमा क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कठिन शांति और स्थिरता की रक्षा करना।

इस प्रकार सभी निगाहें 11 वें दौर की वार्ताओं पर टिकी हुई थीं, न केवल शेष क्षेत्रों से विस्थापन के लिए, बल्कि डेपसांग इम्ब्रॉलीगियो के संकल्प के लिए भी। तो, बड़ा सवाल यह है कि चीनी इस क्षेत्र को लेकर इतने संवेदनशील क्यों हैं और स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं? देपांग के मैदान अक्साई चिन और सियाचिन ग्लेशियर के बीच स्थित हैं। समुद्र तल से 16,000-17,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह क्षेत्र बख्तरबंद वाहनों को अच्छी गतिशीलता प्रदान करता है। काराकोरम दर्रा और सासर कानून दर्रा, जो भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है और अपने क्षेत्र के भीतर स्थित है, इसके किनारों पर हैं।

इनमें से अधिकांश मैदान 1950 के दशक के मध्य से चीनी नियंत्रण में थे। दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) भी मैदानी इलाकों से सटे हुए हैं। 1962 में, चीन ने डीबीओ के पश्चिम में डेपसांग मैदानों पर कब्जा कर लिया, जिसमें भारत एक छोटा सा उभार था। डीबीओ को श्योक क्षेत्र और उससे आगे जोड़ने के लिए हमारे द्वारा बनाई गई नई सड़क चीनी के अवलोकन के तहत है और इसकी तोपखाने की आग की चपेट में बनी हुई है। यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन और पाकिस्तान संयुक्त रूप से भारत को एक रणनीतिक मिलीभगत में एक पिनर आंदोलन के साथ धमकी दे सकते हैं और लद्दाख के बाकी हिस्सों से महत्वपूर्ण क्षेत्र को काट सकते हैं। इसके विपरीत, भारत अक्साई चिन और चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) की धमकी दे सकता है, हालांकि किसी भी बड़े पैमाने पर आक्रामक के लिए बिल्ड-अप गंभीर चुनौतियों का सामना करेगा।

एलएसी की अलग-अलग धारणा के अलावा, क्षेत्र में एक और अजीब कारक सीमा गश्ती (एलओपी) है। भारत और चीन स्रक्क के संरेखण पर भी भिन्न हैं। एलओपी की चीनी धारणा हमारे क्षेत्र के अंदर हमारी धारणा से लगभग 20 किमी दूर है। इस क्षेत्र में तनाव हाल ही में नहीं हैं। चीन ने 2013 में और फिर 2015 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की यात्रा के दौरान और फिर 2017 डोकलाम संकट के दौरान इस क्षेत्र में घुसपैठ की थी।

समस्या का सार दोनों पक्षों द्वारा एलओपी पर स्थित पैट्रोलिंग पॉइंट्स तक एक-दूसरे की पहुंच से इनकार किए जाने में निहित है। इससे पहले भारतीय सैनिक पीपी 11, 12, 12 ए और 13 तक गश्त कर चुके थे और कथित एलएसी तक इससे आगे नहीं बढ़े थे। लेकिन, हाल ही में, भारतीय सैनिकों को इन पीपीएस तक भी गश्त करने से रोक रहा है और डोकलाम गतिरोध के बाद घटना अधिक स्पष्ट हो गई है। फिंगर्स एरिया (फिंगर फोर-आठ के बीच) में चीनी घुसपैठ के विपरीत, चीनी भौतिक रूप से इस क्षेत्र में नहीं गए।

भारतीय गश्ती वाहन केवल अड़चन नामक क्षेत्र तक ही जा सकते हैं जिसके आगे उनका आवागमन पैदल होता है। अड़चन से एक किलोमीटर दूर या आगे वाई-जंक्शन है, जहां मार्ग द्विभाजित है, जिसमें एक रास्ता पीपी10 के लिए और दूसरा पीपी13 की ओर जाता है। जब भारतीय गश्ती वाई-जंक्शन के पास पहुंचते हैं, तो पीएलए के सैनिक पास की चौकी से वाहनों में आते हैं और उन्हें एलओपी तक जाने से रोकते हैं। एक समर्थक के रूप में, भारतीय सेना पीएलए के लोगों को उनके कथित एलओपी के लिए टोंटी क्षेत्र के आगे जाने से रोकती है।

क्षेत्र में किसी भी खतरे को दूर करने के लिए, भारत ने एक मजबूत बल भी बनाया है, जिसमें बख्तरबंद वाहन भी शामिल हैं। इतने बड़े बल के निर्वाह की रसद और बख्तरबंद बेड़े को इस तरह के अत्यधिक ठंड के मौसम में कार्यात्मक रखना एक हुरियारिन का काम है। जबकि भारत इस क्षेत्र में अन्य लोगों के साथ डी-एस्केलेशन पर जोर देता है, चीनी यथास्थिति पसंद करते हैं। जैसा कि यह प्रतीत होता है, दोनों पक्ष अनिच्छा से अनिच्छुक हैं। भारतीय सेना अभी भी झील क्षेत्र में एक विशेषता के कब्जे में है जो डेपसांग मैदानों में हमारे हितों को सुरक्षित करने के लिए चीनी के साथ कठिन सौदेबाजी के लिए ट्रम्प कार्ड के रूप में साबित हो सकती है।

# दक्षिण भारतीय इतिहास व संस्कृति को जानें

> **यदि हम वास्तविक एकीकरण चाहते हैं, तो उत्तर भारतीयों को दक्षिण भारत के इतिहास और साहित्य का अध्ययन करना चाहिए।**

**मार्कंडेय काटजू**
(लेखक सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं)



दक्षिण के लोगों सहित सभी भारतीयों ने महान मौर्य साम्राज्य, गुप्त साम्राज्य, हर्षवर्धन के साम्राज्य, मुग़ल साम्राज्य आदि के बारे में अपने स्कूल के इतिहास की किताबों में पढ़ा है। लेकिन, कितने उत्तर भारतीयों ने विजयनगर साम्राज्य के कृष्णदेव राय (जिनकी दो रानियों के साथ प्रतिमा, अभी भी तिरुपति मंदिर में खड़ी है), या महान चोल और पांड्य राजाओं के बारे में सुना है? अफसोस है कि बहुत कम उत्तर भारतीय दक्षिण के इन महान राजाओं के बारे में जानते होंगे। अधिकांश भारतीयों ने रामायण 'और महाभारत' को पढ़ा है, जो उत्तर भारतीय राजाओं के बारे में महाकाव्य हैं, और अधिकांश भारतीयों ने सूरदास, तुलसीदास, कबीर और मुंशी प्रेमचंद की कहानियों को पढ़ा है। लेकिन कितने ही उत्तर भारतीयों ने तिरुवल्लूवर के महान तमिल महाकाव्यों ''सलप्पथिकारम'', ''मणिमेक्कलई'', या महान तमिल ग्रंथ ''तिरुक्कुरल'' को पढ़ा है, जिनके बारे में महान तमिल कवि सुब्रमण्यम भरत ने लिखा था : ''तमिलनाडु पूरी दुनिया में जाना जाता है क्योंकि तिरुक्कुरल जो पूरे तमिलनाडु में जनवरी के महीने में गाया जाता है, कवि संत अंदल द्वारा ''तिरुप्पावई'' कितने ही सुने गए हैं, या सुब्रमण्य भारती की महान कविता, जिसने 1940 के आसपास महिलाओं की मुक्ति के लिए शक्तिशाली छंद लिखे थे। देश में और किसी ने ऐसा साहस किसा? बहुत कम लोगों ने

उत्तर भारतीयों को हिंदुस्तानी संगीत का पता है लेकिन कर्नाटक संगीत, और त्यागराज, मुथुस्वामी दीक्षित और श्यामा शास्त्री को इसकी कितनी जानकारी है? शायद ही कोई। कितने उत्तर भारतीयों ने महान केरलवासी समाज सुधारक नारायण गुरु के बारे में सुना है, जो निम्न जाति के ईज़हा समुदाय से थे और निडर होकर



अमानवीय जाति व्यवस्था के खिलाफ अभियान चला रहे थे? व्यावहारिक रूप से कोई नहीं। लंबे समय तक, उत्तर भारतीयों ने दक्षिण भारत को असभ्य लोगों द्वारा आबादी वाली एक अंधेरी भूमि माना है और विभिन्न क्षेत्रों में दक्षिण की महान उपलब्धियों से अनजान हैं। वास्तव में द्वठु रामायण 'में, किष्किंधा, जो कि वर्तमान कर्नाटक राज्य में मानी जाती है, को बंदरों द्वारा आबादी वाली भूमि माना जाता था जहाँ से भगवान राम ने श्रीलंका पर आक्रमण करने के लिए एक डु वानर सेना (वानर सेना)' खड़ा किया था। अफसोस है कि आज भी, दक्षिण की संस्कृति और उपलब्धियों की अनदेखी के कारण कई उत्तर भारतीय दक्षिण भारतीयों की ओर देखते हैं। उदाहरण के लिए, दक्षिण भारतीय मंदिर विशाल और अविश्वसनीय रूप से सुंदर हैं। वे प्राचीन और मध्ययुगीन दक्षिण भारतीयों के वास्तुकला और ज्यामिति के उच्च स्तर का ज्ञान प्रकट करते हैं। उदाहरण के लिए, तंजौर का बृहद्धेश्वर मंदिर बस अचरज में है और एक आश्चर्य की बात है कि इसे बनाने के लिए बिल्डर इतने बड़े पत्थरों का उपयोग कैसे कर सकते थे। वास्तव में, यह मिस्र के पिरामिडों में से एक की याद दिलाता है। पल्लव साम्राज्य की राजधानी महाबलिपुरम के प्राचीन बंदरगाह शहर में गंगा की विशालकाय चट्टान राहत 'उतरती है, वास्तव में आश्चर्यजनक है।

दक्षिण भारत में पाए जाने वाले रोमन सिक्कों की बड़ी संख्या सम्राट ऑगस्टस (जिन्होंने 27 ईसा पूर्व से 14 ईस्वी तक शासन किया) के समय से इसके और प्राचीन रोम के बीच व्यापक व्यापार को दर्शाता है। यह इंगित करता है कि दक्षिण और एशिया में व्यापक वाणिज्यिक संपर्कों के साथ, उत्तर भारतीयों के विपरीत, प्राचीन और मध्ययुगीन दक्षिण भारत में अर्थव्यवस्था कितनी विकसित थी। माना जाता है कि चोल राजा राजेंद्र चोल ने दक्षिण पूर्व एशिया (श्रीलंका, सुमात्रा, और इसी तरह) में सैन्य अभियानों को अंजाम दिया था, जो केवल एक शक्तिशाली नौसेना की सहायता से संभव हो सकता था। इलंगो के महाकाव्य ''सिलप्पाथिकाराम'' में इन पंक्तियों में एक है : पांड्य राजा समृद्ध हो सकते हैं, जिन्होंने उत्तर में गंगा और हिमालय पर विजय प्राप्त करने के बाद दक्षिण पर शासन किया था।

पहले मुझे लगा कि यह केवल काव्यात्मक अतिशयोक्ति है, हालांकि, बाद में मैंने एक दक्षिण भारतीय राजा (शायद राजेंद्र चोल) के विश्वसनीय विवरणों का अध्ययन किया, जिसने उत्तर भारत में गंगा के मैदान और उससे भी आगे तक आक्रमण के अभियान का नेतृत्व किया (श्रीलंका के आक्रमण के अलावा) मलाया प्रायद्वीप, दक्षिणी थाईलैंड और इतने पर)। यदि हम भारत का वास्तविक एकीकरण चाहते हैं, तो उत्तर भारतीयों को दक्षिण भारत के इतिहास, संस्कृति और साहित्य का अध्ययन करना चाहिए, वह भी स्कूल से और दक्षिण भारतीयों को वह सम्मान देना चाहिए जिसके वे हकदार हैं।

## आप की बात

### फिर मजदूरों का पलायन

विगत वर्ष से देश दुनिया मे कोरोना महामारी से शायद ही कोई अछूता रहा हो। गतवर्ष कोरोना काल मे मजदूरों की हृदय स्पर्शी व्यथा आज भी हम सभी को अवगत है। फिर वर्ष भर बाद दो जून की रोजी रोटी कमाने निकले मजदूरों का पुनः पलायन जारी हो गया। वर्तमान दौर में कोरोना के 2 लाख तक को छूने वाले भयावह आकड़ो ने फिर मजदूरों को अपनी जान बचाने के लिए मजबूर किया है। और लोग अपने गांव, अंचलों में वापसी रुख कर रहे है। मुबई , दिल्ली रेल्वे स्टेशनों पर , बस अड्डो पर भीड़ तंत्र की असहाय परिस्थितियों की गवाही एक बार फिर मजदूरों के दर्द भरे प्याले को छलकाने में पीछे नही है। इसमे कोई दो मत नही रोज कमाने खाने वाले मजदूरों के लिए कोरोना से ज्यादा लॉक डाउन रूह कपाने वाला शब्द बन गया। जिंदगी की जदोहद में एक तरफ पेट की आग बुझाने की सोच दूसरी और जानलेवा कोरोना संक्रमण से बचने की कोशिश में घरों में पहुंचना चाहते है। दिल्ली बस स्टेंड रेलवे स्टेशन पर मजदूरों के जत्थे देखने को मिल जाते है। कुछ कम्पनियों के बन्द होने की और छटनी की खबरों से मजदूरों का पलायन जारी है। इसमे कोई दो मत नही पिछले साल का मजदूर का दर्द आंखों में आंसू ला देता है।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### महामारी का कहर

**आपदा** व महामारी ना तो आम देखती है, न खास, न अमीर ना गरीब ना राजा को देखती है न रंक न सेठ को देखती है ना नौकर को, इससे कोई भी नहीं बच सकता है। लेकिन आपदा व महामारी के समय बीमारू का ईश्वर के बाद अगर कोई दूसरा भगवान है तो वह है अस्पताल, डॉक्टर, नर्स, दवा दारू व उसकी समर्पित भाव से देखरेख। लेकिन कोरोना महामारी ने हमारे देश प्रदेश के अस्पतालों की पोल खोल के रख दी है। इतने विकास व तरक्की के बाद भी आज अस्पतालों में जगह नहीं है, जीवन उपयोगी दवाइयों का अभाव है, मरीज मर रहे हैं। ऐसे संकट के समय में अस्पतालों में आवश्यक दवा दारू का अभाव है तो यह कैसी तरक्की, कैसा विकास। यह महामारी हमारी केंद्र व राज्यों की सरकारों को सबक सिखा रही है कि सरकार की प्राथमिक सूची में स्वास्थ्य सेवाएं होनी चाहिए। इन सेवाओं के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाएं ना केवल चुस्त-दुरुस्त, चाक-चौबंद हो,बल्कि दवा दारू व जीवन रक्षक आवश्यक दवा दारू पर्याप्त मात्रा में हो। जब संकट में ही अस्पताल बीमारू होकर दम तोड़ने लगे तो फिर यह कैसे अस्पताल। सोचने, समझने व नसीहत लेने का भी समय है।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### बच्चों का बिगड़ता भविष्य

**कोरोना** महामारी के संक्रमण ने छात्रों का भविष्य अंधकार में कर दिया है। लॉकडाउन के चलते साल भर तक स्कूलों पर ताले जड़े रहे तो ऑनलाइन पढ़ाई के प्रयास भी कुछ खास सार्थक नहीं हुए। ऐसे में प्रतिभावान विद्यार्थियों का मानसिक स्तर भी गिरा है। इस वर्ष औपचारिक परीक्षाओं के भी कोई दूरगामी परिणाम निकलते नहीं दिख रहे हैं। परीक्षाएं रद्द हो रही हैं और स्कूलों के बंद पड़े रहने से विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर लगातार गिरता भी रहा है। यह चिंता का विषय है। इससे बच्चों की दैनिक दिनचर्या भी अस्त-व्यस्त हो गई है। आज अगर थोड़ी बहुत पुस्तकों में दिलचस्पी दिखी है तो वह ऑनलाइन पढ़ाई के कारण लेकिन उसको भी अधिकतर विद्यार्थियों ने गंभीरता से नहीं लिया। हालातों को देखते हुए इस बार सरकार ने घर बैठे परीक्षा लेने की योजना बनाई वह भी बच्चों के मानसिक स्तर में बढ़ोतरी के लिए आज से बिल्कुल कारगर नजर नहीं आ रही है। बहरहाल इस प्रयास से बच्चों में पुस्तकों के प्रति दिलचस्पी अवश्य रहेगी।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemailÐhindipioneer@gmailÐcom पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**टीका** उत्सव 10-12 दिनों तक जारी रहेगा। लॉकडाउन कोविड-19 का समाधान नहीं है बल्कि टीकाकरण, सामाजिक गड़बड़ी और मास्क पहनना है।

– **प्रमोद सावंत**
गोवा के मुख्यमंत्री



**यह** लॉकडाउन ही है जो संक्रमण और मौतों को कम करने में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह टीकाकरण कार्यक्रम द्वारा हासिल नहीं किया गया है।

– **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री



**उत्तर** प्रदेश की सरकार आंकड़ों के साथ नहीं बल्कि लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। राज्य में स्थिति विस्फोटक हो गई है।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस महासचिव

# टांडा में लेवल-2 के कोविड अस्पताल का डीएम ने किया गहन निरीक्षण

- व्यवस्थाओं का गहनता से लिया जायजा
- वैक्सीनेशन की स्थिति का भी किया अवलोकन

संवाददाता। टाण्डा, अंबेडकरनगर



निरीक्षण करते डीएम व एसपी — पायनियर

**जिलाधिकारी** सैमुअल पॉल एन एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने 200 बेड की क्षमता वाले एमसीएच( मातृ शिशु चिकित्सालय) विंग टांडा पहुंच कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश देते हुए कहा कि कोविड-19 की रोकथाम एवं मरीजों की देखभाल के लिए आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन आपूर्ति, स्टाफ की उपलब्धता, मास्क, टेस्टिंग, अतिरिक्त वेड की उपलब्धता, मरीजों को उपलब्ध कराये जा रहे खाने, पीने का पानी आदि की गहनता से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आइसोलेशन वार्ड में भर्ती मरीजों गुरजीत सिंह, सुचिता, अभिमन्यु मिश्रा, दानिश से मोबाइल के माध्यम से वार्ता कर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की इस दौरान मरीजों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ऑक्सीजन लेवल दिन में 2 बार चेक किया जाता है। खाने पीने की वस्तुएं मिलती रहती हैं। केवल बेडशीट नहीं बदली जाती। जिस पर जिलाधिकारी ने एमसीएच विंग के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अतीक अहमद तथा अपर सीएमओ को कड़ाई से निर्देश देते हुए कहा कि बेडशीट प्रतिदिन बदल जाए। इसमें लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने मरीजों से कहा कि कोई दिक्कत हो तो मुझे अवश्य अवगत कराएं। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज को प्रतिदिन काढ़ा बनवा कर दिया जाए। मरीजों से जिलाधिकारी ने कहा कि खाना बाहर से नहीं खाना है अंदर सारी व्यवस्था रहेगी ।उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी मरीज ज्यादा सीरियस हैं उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से महामाया मेडिकल कॉलेज सदरपुर भेजा जाए ।मरीज भेजने के उपरांत एंबुलेंस गाड़ी को सैनिटाइज अवश्य कराया जाए। साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। मरीजों को ले जाने के लिए एंबुलेंस की उपलब्धता हमेशा रहनी चाहिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहे वैक्सीनेशन का भी जायजा लिया। चिकित्सक ने अवगत कराया कि आज 22 लोगों का टीका लगा। टीका लगाए गए नागेंद्र से मोबाइल के माध्यम से पूछताछ किया गया तो उन्होंने अवगत कराया कि मैं वैक्सीन लगवा लिया हूं। मुझे इसके लिए इंतजार नहीं करना पड़ा ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अपर सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा कि वैक्सीनेशन में और तेजी लाएं ।ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीका लगवाया जाए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी टांडा अभिषेक पाठक, क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक डा. अहमद तथा अन्य कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## पूर्णतया कोविड 19 चिकित्सालय बना मेडिकल कालेज

**अंबेडकरनगर।** कोविड के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज में शनिवार से मरीजो के लिए ओपीडी सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। शनिवार से मेडिकल कालेज का यह चिकित्सालय पूर्णत: कोविड मरीजो के चिकित्सकीय उपचार के लिए समर्पित होगा। मेडिकल कॉलेज का चिकित्सालय कोविड चिकित्सालय के रूप में क्रियाशील होगा। इसके अतिरिक्त अन्य मरीज, जो नान कोविड-19 की श्रेणी में आते हैं, उनके लिए दूर भाष ओपीडी तथा आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध होंगी। साधारणतया नान कोविड मरीजो के उपचार की सुविधाएं एवं आपातकालीन सेवाएं जिला चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध रहेंगी। मेडिकल कालेज प्रशासन ने बताया कि दूरभाष पर ओपीडी सेवा प्रात: 9 बजे से साय चार बजे तक उपलब्ध रहेगी। टेली मैडिसिन ओपीडी के लिए विभागवार दूरभाष नम्बर जारी किए गए हैं।

# भाजपा नेत्री शिमला भारती कांग्रेस में शामिल

- प्रदीप कोरी ने दिलाई सदस्यता

संवाददाता। अंबेडकरनगर



पार्टी नेताओं के साथ शिमला भारती — पायनियर

**भारतरत्न** बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर सर्व समाज शिक्षित हो, इसके हिमायती थे। उनका मानना था कि जब शिक्षा सभी को प्राप्त होगी तभी सबके साथ साथ देश का विकास होगा। उक्त बाते उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव ध्वजपद प्रभारी प्रदीप कोरी ने कही। उन्होंने कहा कि बाबा साहब धर्म निरपेक्षता के हिमायती थे। कांग्रेस पार्टी सभी जाति और धर्म का सम्मान करती है।बाबा साहब राष्ट्र निर्माण की बात करते थे। वे भारत को एक समृद्धिशाली और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे। श्री कोरी ने भाजपा की युवा नेत्री शिमला भारती को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलायी । कोषाध्यक्ष परमानंद शर्मा और राम जी वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सर्व समाज का सम्मान करती है और सभी के विकास के लिए सरकार मे रहते हुए विभिन्न योजनाओं को संचालित किया जिसका लाभ आज भी जरूरतमंद देशवासियों को मिल रहा हैं। प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया कि अकबरपुर जिला पंचायत श्रेत्र के वार्ड नं एक के ग्राम सुल्तानपुर में संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष भारतरत्न,डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान प्रदीप कोरी के समक्ष शिमला भारती के साथ कांग्रेस पार्टी मे आरती, अंजू, कृष्णावती, गीता, पंकज कुमार यादव, राकेश कुमार, सुभाष कुमार, फूलचन्द, अलगू, राजीव कुमार, अब्दुल रसीद, कमलेश, संदीप, जयहिन्द, विपिन कुमार, वीरेंद्र कुमार, रामू, धीरज कुमार, विपिन चंद्र, धर्मेन्द्र कुमार, सुभाष चंद्र को भी शामिल कर सदस्यता दिलायी। कांग्रेस पार्टी मे शामिल होते हुए शिमला भारती ने कहा कि महिला शिक्षा और अधिकारों के कार्य को केवल और केवल कांग्रेस पार्टी तवज्जो दे रही हैं,भाजपा ने देश बर्बाद किया, बांटने का काम कर गुमराह किया।

# अब जिला मंत्री विकास तिवारी ने दिया त्यागपत्र

- बोले,निर्दल लड़ेंगे चुनाव
- भाजपा में थम नहीं रहा तूफान



विकास तिवारी

**अंबेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी में जिला पंचायत वार्डो के प्रत्याशियों की सूची आने के बाद मचा तूफान थम नहीं रहा है। सूची में पार्टी लाइन से हटकर काम करने वाले लोगों को टिकट दिए जाने से पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है । इसके चलते त्यागपत्र देने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है । इसकी शुरुआत भाजपा जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव ने की जिसके बाद यह कारवां रुकने का नाम नहीं ले रहा है। टांडा विधान क्षेत्र के मण्डल महामंत्री शुभम सिंह भी त्यागपत्र दे चुके हैं। शुक्रवार की सुबह मंडल महामंत्री शत्रुघ्न गौतम के त्यागपत्र के बाद भारतीय जनता पार्टी के तेजतर्रार युवा नेता तथा जिला मंत्री विकास तिवारी ने भी अपने पद से त्यागपत्र देने का ऐलान कर दिया । जिला अध्यक्ष को भेजे त्यागपत्र में उन्होंने अपनी पीड़ा का सिलसिलेवार उल्लेख किया है। विकास तिवारी ने कहा कि पार्टी के कुछ नेताओं के कारण उन्हें काफी दुख पहुंचा है और वह अपने पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओ की भावनाओ का सम्मान करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने का भी ऐलान किया।

# बढ़ रही भाजपा की परेशानी

- अब मण्डल महामंत्री ने दिया त्यागपत्र
- निर्दल चुनाव लड़ने का एलान



शत्रुघ्न गौतम

**अंबेडकरनगर।** टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा मंडल महामंत्री ने अपने पद से इस्तीफा देकर निर्दल चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। जिससे भाजपा प्रत्याशी की परेशानियां बढ़ना तय माना जा रहा है। बता दें कि जिले के राजेसुलतानपुर मंडल के महामंत्री एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला कार्यसमिति सदस्य शत्रुघ्न गौतम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया उन्होंने अपना इस्तीफा भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ0 मिथिलेश त्रिपाठी को सौंपा। दिए गए त्यागपत्र में शत्रुघ्न गौतम ने दर्शाया है कि जहांगीरगंज पूर्वी वार्ड अनसूचित जाति के लिए आरक्षित है जहां से वह टिकट मांग रहे थे और चुनाव की तैयारी कर रहे थे किंतु उन्हें टिकट ना देकर को मौका दिया गया है, शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि जहांगीरगंज पूर्वी से भाजपा नेता अभिषेक कनौजिया को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि उनका वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है इसके बावजूद उन्हें इस क्षेत्र से टिकट दे दिया गया ।जिससे आहत होकर शत्रुघ्न गौतम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।इस्तीफा देने के उपरांत मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान शत्रुघ्न भावुक होकर रोने लगे, हालांकि वह पार्टी में बने रहेंगे।शत्रुघ्न गौतम ने जहांगीरगंज पूर्व वार्ड से निर्दल चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।

# शुक्लागंज में बेकाबू हुआ संक्रमण, शिक्षक व प्राइवेटकर्मी की मौत

- सरकार के आदेश पर रविवार को अब से रहेगा लॉकडाउन
- 14 नए पॉजिटिव, 220 को वैक्सीनेशन, कोरोना की दूसरी लहर का कहर

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**कोरोना की** दूसरी लहर से हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। बेकाबू संक्रमण की चपेट में अब हर कोई आ रहा है। संक्रमण के प्रकोप में युवा वर्ग से लेकर बुजुर्ग आ रहे हैं। घाटों पर शवों की अंत्येष्टि के लिए घंटों के हिसाब से इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पतालों में बेड फुल पड़े हैं, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। इन दिनों शुक्लागंज नगर का हाल भी बहुत बुरा है। यहां रोजाना दर्जनभर कोरोना पॉजिटिव निकलने से एक्टिव केसों की संख्या बढ़ती जा रही है। शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग को आरटीपीसीआर पर जोर देने के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद कि जा रही टेस्टिंग में रोजाना संक्रमित निकल रहे हैं। नगर के दर्जनों पॉश मोहल्लों से लेकर मलिन बस्तियों तक कोरोना ने पैर पसार दिए हैं, जिससे हर कोई दहशत में जी रहा है। गुरुवार शाम जहां गोपिनाथपुरम मोहल्ले में स्तिथि एक स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक 57 की कोरोना के कारण कानपुर के हैलेट में उपचार के दौरान मौत हो गई। अस्पताल में हुई मौत की खबर जैसे ही घर परिवार को लगी, कोहराम मच गया। शाम को इलाकाई लोगों ने बताया कि सदमे में उनकी पत्नी की मौत हो गए। एक साथ दो लोगों की खबर से लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं शुक्रवार दोपहर में ऋषि नगर के नहाने वाले प्राइवेट कर्मचारी 35 की कोरोना से जंग लड़ते हुए, नवाबगंज उन्नाव के अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उधर विभाग द्वारा बनाए गए कंटेन्मेंट जोन में बराबर नगर पालिका द्वारा सेनेटाइज, चूना छिड़काव का कार्य किया जा रहा है। गंगाघाट पुलिस भी लगातार मास्क लगाने के लिए एनोउंसमेन्ट ,चेकिंग कर जुर्माना वसूल रही है।

## बढ़ता जा रहा ग्राफ 14 नए संक्रमित

**नगर में** कोरोना संक्रमण के ग्राफ में पिछले एक हफ्ते में तेजी से उछाल आया है। नगर के अलग अलग मोहल्लों से शुक्रवार को 14 नए संक्रमित पाए गए हैं। कोरोना पर्यवेक्षक डॉ प्रदीप दिवाकर ने बताया कि इंद्रानगर मोहल्ले से एक महिला 45, एक पुरुष 20, होम आइसोलेट, ब्रह्मनगर से 50 वर्ष, की महिला को फैसलटी, 30 वर्ष, 35 वर्ष व 25 वर्ष की महिला को होम आइसोलेट किया गया। उन्हीने बताया कि मॉडर्न कॉलोनी से एक पुरुष 41, व एक महिला 23 होम आइसोलेट किये गए। वहीं महेश मार्ग से एक पुरुष 41, एक महिला 35 को भी होम आइसोलेट किया गया। उन्होंने बताया कि सर्वोदय नगर मोहल्ले से एक महिला 23, को होम आइसोलेट वहीं एक पुरुष 49 को फैसलटी भेजा गया। डॉ प्रदीप ने बताया कि श्रीनगर मोहल्ले से एक 80 वर्षीय वृद्ध को भी संक्रमित होने पर आइसोलेट किया गया। रामनगर डाकतार कॉलोनी से एक 45 वर्षीय महिला भी होम आइसोलेट की गईं।

# जुलूस निकालने को लेकर प्रशासन से भिड़े प्रत्याशी व समर्थक, 16 नामजद समेत 200 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**मिल्कीपुर अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के चितौरा गांव में प्रधान पद का चुनाव लड़ रहे अनूप कुमार सिंह रानू को चुनाव की पूर्व संध्या पर जबरन जुलूस निकालना और प्रशासन से भिडना महंगा पड़ गया मौके पर पहुंची खण्डासा पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए जहां जुलूस को तितर.बितर कर दिया वही 16 नामजद लोगों समेत 200 अज्ञात लोगों के विरुद्ध चुनाव में खलल डालने सरकारी कार्य में बाधा समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष खंडासा नीरज सिंह की तरफसे दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत चुनाव को लेकर जारी किए गए दिशा-निर्देशों एवं कोविड-19 के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए खण्डासा थाना क्षेत्र के चितौरा गांव निवासी प्रधान पद के उम्मीदवार अनूप कुमार सिंह रानू द्वारा मतदान की पूर्व संध्या पर देर शाम एक बड़ा जुलूस निकाला गया था जिसकी न तो अनुमति ली गई थी।

## और धू -धू कर जलने लगी बोलेरो

**अंबेडकरनगर।** शुक्रवार को दोपहर अकबरपुर बसखारी मार्ग पर स्थित उप संभागीय परिवहन कार्यालय के निकट एक ऐसा हादसा हुआ जिसे देखकर लोगों का दिल दहल गया। यहां पर बसखारी की तरफ जाती हुई एक बोलेरो में अचानक आग लग गई और वहां धू-धू कर जलने लगी । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो में बैठे चार लोग उतर कर भाग निकले । स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास तो किया लेकिन उसकी लपटें इतनी तेज थी कि गर्मी के कारण किसी की हिम्मत नजदीक जाने को नहीं हो रही थी। लोग दूर खड़े होकर जलती हुई गाड़ी को केवल देखने को मजबूर थे। देखते ही देखते पूरी गाड़ी लगभग राख में तब्दील हो गई ।गाड़ी अयोध्या जनपद के गोसाईगंज क्षेत्र के किसी व्यक्ति की बताई जा रही है। घटना के पीछे गाड़ी के अंदर शार्ट सर्किट होने की संभावना जताई जा रही है।

# एसपी कार्यालय बना अवैध वसूली का अड्डा

- चरित्र प्रमाण पत्र के नाम पर खुलेआम वसूली



फाइल में रखा रुपया — पायनियर

**अंबेडकरनगर।** साहब ,जब सर पर ही भ्रष्टाचार का बोलबाला है तो और जगहों पर कैसे नियंत्रण हो सकेगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चरित्र प्रमाण पत्र की मांग क्या हुई, पुलिस ऑफिस में बैठे बाबुओं की तो बल्ले बल्ले हो गई। वैसे तो चरित्र प्रमाण पत्र के लिए केवल ?65 का शुल्क निर्धारित है लेकिन आवेदन करते समय भी यहां पर ?100 की वसूली की जाती है। प्रमाण पत्र बन जाने के बाद जब उसे कोई लेने जाता है तो उसके बदले में भी उसे सुविधा शुल्क देना ही पड़ता है। वहां बैठा कर्मचारी बिना सुविधा शुल्क के इतना कानून बता देता है कि लेने वाला ही परेशान हो जाता है। जैसे यदि प्रमाण पत्र किसी महिला के नाम से है तो वह उसे हस्ताक्षर करने के लिए बुलवाता है लेकिन जैसे ही सुविधा शुल्क मिलता है उसकी सारी व्यवस्थाएं वहीं पर बदल जाती हैं । हां इतना जरूर है कि साहब ने सुविधा शुल्क लेने का तरीका बदल दिया है । हाथ में लेने के बजाय अब वह उसे फाइल में रखवाते हैं जिससे कभी भ्रष्टाचार निवारण संगठन की रेड पड़ने पर उनके हाथ लाल नहीं हो बल्कि काले ही बने रहें। देखना यह है कप्तान साहब अपने इस कर्मचारी को कौन सा दंड देते हैं।

# मतदान के बाद हुई मारपीट की दो घटनाओं में 11 पर मारपीट व लूट की धारा में मुकदमा दर्ज

- तीन मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त

**मिल्कीपुर अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के अलग.अलग गांव में मतदान के बाद चुनावी रंजिश में हुई मारपीट की दो घटनाओं में 11 आरोपियों के विरुद्ध मारपीट व लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मारपीट की घटनाओं में दो लोगों को गंभीर चोट आई है जिनका इलाज चल रहा है थानाध्यक्ष खंडासा नीरज सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन की जा रही है। पहली घटना खण्डासा थाना क्षेत्र के ही बोड़ेपुर सोनहर गनपत गांव में हुई जहां प्रधान पद की प्रत्याशी के पुत्र अपने मतदाताओं को मतदान के बाद मोटरसाइकिल से उनके घर छोड़ कर आ रहे थे जहाँ पहले से घात लगाकर बैठे विपक्षी ने ऊपर हमला कर दिया जिसमें दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए जिनमें से एक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है और 3 मोटरसाइकिले तोड़ दी गई । और आरोप है कि ?4500 छीन लिया गया। वादी के अनुसार उन्हें आतंकित करने के लिए अवैध असलहे से फायरिंग भी की गई। अश्वनी कुमार पांडे ने खंडासा पुलिस को तहरीर देकर आरोपी सुनील सिंह एदिनेश सिंहए लवकुश सिंहए राम बहादुर सिंहए संतोष सिंहए अशोक कुमार पांडे के विरुद्ध मारपीट व लूट का मुकदमा पंजीकृत कराया है। दूसरी घटना 16 अप्रैल को प्रात: 7. 00 बजे के आसपास की बताई जा रही है जहां एक प्रत्याशी के गांव दूध दुहाने गए एक अन्य प्रत्याशी के समर्थक उमेश कुमार की पिटाई कर दी गई। दूधिए उमेश कुमार पुत्र श्रीराम निवासी बांसगांव ने खंडासा पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि शुक्रवार सुबह वह दूध दुहाने गए थे जहाँ पर जिला पंचायत का चुनाव लड़े विनोद कुमार व उनके भाइयों अनिल कुमारए प्रभात कुमारए अजय कुमार पुत्र परशुराम निवासी पूरे पांडे इब्राहिमपुर ने चुनावी रंजिश में उन्हें मारा पीटा और 2500 रुपए छीन लिया। जिसके बाद जब यह सूचना बांसगांव उमेश कुमार के घर पहुंची तो बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और रोड पर प्रदर्शन करने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया और उमेश कुमार की तहरीर पर विनोद कुमारए अनिल कुमारए प्रभात कुमारए अजय कुमार पुत्र परशुराम के विरुद्ध मारपीट लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया। थाना अध्यक्ष नीरज सिंह ने बताया कि दोनों मुकदमों पंजीकृत किए गए हैं छानबीन की जा रही है।

# डीएम ने निगरानी समिति की वर्चुअल बैठक, दिए निर्देश

**संवाददाता।** कानपुर देहात। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय के देख रेख में कोविड-19 के दृष्टिगत निगरानी समिति के नोडल अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की गयी। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत और जनपद स्तर के करीब 76 अधिकारी इस बैठक में सहभागिता कर रहे है। इस बैठक का उद्देश्य है कि कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए निगरानी समिति को सक्रिय करना और यह सक्रियता शहरी व ग्रामीण दोनो स्तरों पर की जायेगी। जिसमें ग्राम से लेकर जनपद तक का हर अधिकारी व कर्मचारी एक प्रमुख भूमिका में होगा, साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अधिकारी युगक मंगल दल व महिला मंगल दल का सहयोग भी इसमें ले, जिससे कोविड 19 की लडाई को मजबूती से लड़ा जा सके। चुकि इस समय शादी समारोह चल रहे है ऐसी स्थिति में ऐसे समारोहों में सोशल डिस्टेसिंग का पूर्णतया पालन किया जाये इस बात का पूरा ध्यान रखा जाये। इस महामारी से लड़ने के लिए डोर-टू-डोर प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। कोविड पीडित लोगों को नियमित डाक्टर देख भाल करे। होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों को दूरभाष पर वार्ता कर उनकी कुशलता का समाचार लगातार लेते रहे। हर नागरिक आरोग्य सेतु एप को डाउलोड कर ले ताकि कोविड के बारे में उसको जानकारी मिल सके।

# अयोध्या में हुआ क्षम्यताम भगवती मां सीते प्रायश्चित यज्ञ

- जगतगुरु परमहंस आचार्य ने सवा दो लाख वर्गफिट मां सीता के मंदिर निर्माण की घोषणा की, जानकी नौवमी को होगा भूमि पूजन

संवाददाता। अयोध्या



**तपस्वी** छावनी में जगतगुरु परमहंस आचार्य जी महाराज के नेतृत्व में क्षम्यताम भगवती मां सीते प्रायश्चित महायज्ञ कर माता सीता से अपने पूर्वजों को क्षमा दान के लिए त्रेतायुग युग के धोबी समाज के वंशजों ने वेद मंत्रों से दि आहुति। जगतगुरु परमहंस आचार्य ने बताया कि अयोध्या में मां सीता का एक भी मंदिर नहीं है। उन्होंने कहा रामघाट क्षेत्र में मैं सवा दो लाख वर्ग फीट में माता सीता का भव्य मंदिर बनाऊंगा और आने वाली जानकी नौवमी पर माता जानकी के मंदिर का भूमि पूजन किया जाएगा। जगतगुरु ने बताया कि एक व्यक्ति से मात्र एक रुपए और एक ईंट का सहयोग लिया जाएगा। माता सीता के अयोध्या से चले जाने के बाद अयोध्या श्री हीन हो गई थी। उन्होंने कहा कि रामराज में शिव राम धोब के कहने पर प्रभु श्री राम ने राजधर्म की मर्यादा स्थापित करने के लिए माता सीता को अयोध्या से निकाल दिया था। आज वही त्रेतायुग के धोबी के वंशज ने पूर्वजों के पाप का प्रायश्चित कर पुनः माता सीता को अयोध्या में प्रकट होने की प्रार्थना की। जगतगुरु ने कहा माता सीता के कृपा से ही अयोध्या की बढ़ेगी शोभा। महायज्ञ के बाद अयोध्या की परिक्रमा धोबी ने माता सीता से अपनी पूर्वजों की गलती छमा करने के लिए प्रार्थना की और माता सीता से अयोध्या में आकर वास करने की आग्रह किया जिससे अयोध्या का पुराना वैभव पुनः स्थापित हो सके।

## कांग्रेस नेजिला पंचायत के 27 प्रत्याशियों की सूची जारी की

**अंबेडकरनगर।** उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने जनपद प्रभारी प्रदीप कोरी,सचिव उप्र कांग्रेस और जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा जितेंद्र की संस्तुति पर 27 जिला पंचायत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दिया और सभी को जीत का मंत्र भी दिया। साथ ही साथ कोरोना गाइडलाइन का भी अनुपालन करने का आवाहन किया ।प्रत्याशियों की सूची में रामनगर पूर्वी गया दीन भारती,2-रामनगर दक्षिणी रामकवल मौर्य 3-बसखारी उत्तरी निजामुद्दीन, 4-टांडा मध्य प्रथम पत्ती देवी,5-टांडा मध्य द्वितीय कुशलावती,6-टांडा पश्चिम प्रथम राम गिरीश,7-टांडा पश्चिम द्वितीय रीता वर्मा, 8-कटहरी प्रथम रीता देवी ,9-कटहरी द्वितीय आलिया बानो, 10- कटहरी तृतीय नंद कुमार गुप्ता , 11- कटहरी चतुर्थ चंद्रावती 12- भीटी प्रथम जिवलाल भारती 13- भीटी द्वितीय गीता देवी 14 -भीटी तृतीय कृष्णावती निषाद,15- भीटी चतुर्थ मो तालिब, 16- अकबरपुर प्रथम शिमला भारती ,17- अकबरपुर द्वितीय राजितराम वर्मा 18-अकबरपुर तृतीय सतीश चंद्र प्रजापति 19-अकबरपुर चतुर्थ शमा परवीन ,20 अकबरपुर षष्ठम गिरजा देवी 21-जलालपुर दक्षिणी राम आसरे पाल 22- जलालपुर मध्य शर्मिला 23- जलालपुर उत्तरी कपिलदेव,, राजभर 24- जलालपुर उत्तरी पूर्वी निर्मला 25- जलालपुर पूर्वी पुष्पा देवी 26 -भियांव उत्तरी राम पूजन भारती और 27 - भियांव पूर्वी विनय के नाम है।

# अमित शाह ने राहुल गांधी को पर्यटक नेता बताया

**भाषा।** तेहट्टा (पश्चिम बंगाल)

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर दलित मतुआ व नामशूद्र समुदाय के लोगों को नागरिकता देने से इनकार करने का आरोप लगाया क्योंकि उनके वोटबैंक को यह पसंद नहीं आता। कई सीटों पर विधानसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने की क्षमता रखने वाले इन दोनों समुदायों को साधने के प्रयास के तहत शाह ने कहा कि राज्य में अगर भाजपा सत्ता में आई तो इन दोनों समुदायों के कल्याण के लिए 100 करोड़ रुपए का एक कोष बनाया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मजाक उड़ाते हुए उन्हें पर्यटक नेता करार दिया। उन्होंने नादिया जिले के तेहट्टा में एक चुनावी रैली के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए

### ममता पर मतुआ को नागरिकता न देने का लगाया आरोप

कहा, यह मतुआ और नामशूद्र परिवार यहां 50-70 सालों से रह रहे हैं, तीन पीढ़ियों से। लेकिन दीदी कहती हैं कि उन्हें नागरिकता नहीं मिलेगी, क्यों? क्योंकि उनके वोट बैंक को यह पसंद नहीं आएगा। राज्य में बुधवार को पहली दो चुनावी रैलियों को संबोधित करने वाले राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने उन्हें पर्यटक नेता बताया। कांग्रेस यहां वाम दलों के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है जबकि केरल में उनकी पार्टी वाम दलों के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। शाह ने कहा, लगभग पूरा चुनाव खत्म होने के बाद बंगाल में एक पर्यटक नेता आए हैं और हमारे डीएनए पर सवाल उठा रहे हैं। भाजपा का डीएनए विकास, राष्ट्रवाद और आत्मनिर्भर भारत है। तृणमूल कांग्रेस में वंशवाद की राजनीति पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि भाजपा बंगाल में किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू करना चाहती है, दीदी सिर्फ भाइपो (भतीजा) सम्मान निधि चाहती हैं। भाजपा नेता बनर्जी के भतीजे और डायमंड हार्बर लोकसभा सीट से सांसद अभिषेक बनर्जी पर सरकारी तंत्र पर अनावश्यक प्रभाव डालने और वसूली सिंडिकेट चलाने को लेकर आरोप लगाते रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, दो मई (मतगणना का दिन) को जनादेश आने के बाद, कट मनी लेने के लिए कोई नहीं बचेगा और सिंडिकेट की सरकार यहां नहीं रहेगी, भाइपो के लिए काम करने वाली सरकार चली जाएगी।

## पूर्व एएसजी मनिंदर सिंह व वकील राजेश बत्रा ईडी मामलों में एसपीपी नियुक्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पूर्व अतिरिक्त सालिसीटर जनरल मनिंदर सिंह और वकील राजेश बत्रा को प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से दायर कई करोड़ रुपए के कोयला घोटाला मामले में विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) नियुक्त किया है। वरिष्ठ वकील आर. एस. चीमा को 2014 में एसपीपी नियुक्त किया था, जिन्होंने अपनी उम्र और सहयोग करने वाले विधि अधिकारियों की कमी का हवाला देते हुए जिम्मेदारी से मुक्त करने का आग्रह किया है। प्रधान न्यायाधीश एस. ए. बोबडे, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन की पीठ ने कहा कि हालांकि किसी के नाम पर सहमति नहीं बन पाई पेश होने वाले सभी पक्षों के वकीलों ने इस बात पर सहमति दी कि उच्चतम न्यायालय को ईमानदार छवि के निचली अदालत के अनुभवी वकील को नियुक्त करना चाहिए और उनका मार्गदर्शन करने एवं कार्यवाहियों के संचालन के लिए एक वरिष्ठ वकील को नामित करना चाहिए।




जयपुर में वीकेंड कर्फ्यू की घोषणा के बाद बस स्टेशन के काउंटर पर लाइन लगाकर टिकट लेते प्रवासी।

## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकवाद के आरोप में एक महिला गिरफ्तार

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के कुलगाम जिले की एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) को आतंकवाद का महिमामंडन करने और सरकारी अधिकारियों को उनके कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने के आरोप में गिरफ्तार कर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले में फ्रिसल इलाके की निवासी सायमा अख्तर को अवैध गतिविधि रोकथाम कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को फ्रिसल गांव के कारेवा मोहल्ले में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद वहां तलाश अभियान चलाया गया। प्रवक्ता ने बताया कि अभियान के दौरान अख्तर ने आतंकवादियों को खोज रही टीम को अपना काम करने से रोका। उन्होंने कहा, महिला ने तलाश अभियान चला रहे दल को रोका और वह हिंसक हो गई। महिला ने आतंकवादियों के हिंसक कृत्यों का महिमामंडन करने वाले बयान भी दिए। प्रवक्ता ने बताया कि सायमा अख्तर ने अपने फोन से एक वीडियो बनाया और तलाश अभियान बाधित करने के इरादे से उसे सोशल मीडिया मंचों पर साझा किया।

उन्होंने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया गया और सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। प्रवक्ता ने कहा, इस मामले में पुलिस थाना यारीपोरा में भारतीय दंड संहिता की धारा 353 (लोक सेवक को कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने के लिए बल प्रयोग या हमला करना) और अवैध गतिविधि रोकथाम कानून की धारा 13 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा मामले की जांच जारी है।

## पुलिसकर्मी रियाज काजी को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**मुंबई ( महाराष्ट्र ),** मुंबई की एक अदालत ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के बाहर विस्फोटक सामग्री के साथ एसयूवी मिलने और इसके बाद ठाणे के कारोबारी मनसुख हिरन की मौत होने के मामले में शुक्रवार को पुलिस अधिकारी रियाज काजी को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के सहयोगी रहे काजी को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। काजी को शुक्रवार तक एनआईए की हिरासत में रखा गया और इसकी अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें एक अवकाशकालीन अदालत में पेश किया गया।एनआईए ने काजी की हिरासत की अवधि बढ़ाए जाने का अनुरोध नहीं किया, जिसके बाद अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एनआईए ने आरोप लगाया है कि मुख्य आरोपी वाजे के साथ काजी भी इस मामले में शामिल हैं। उसने आरोप लगाया कि काजी सबूत नष्ट करने में शामिल हैं।जांच एजेंसी ने पहले कहा था कि एनआईए ने 25 फरवरी को विस्फोटक सामग्री रखा हुआ वाहन मिलने के तुरंत बाद एक समानांतर जांच शुरू की थी और उसने पाया कि आरोपियों ने हिरन को कथित रूप से मार दिया ताकि वह उनके षड्यंत्र का खुलासा न कर पाए। ।उसने कहा था कि एनआईए को मामला हस्तांतरित किए जाने के बाद से आरोपियों ने सीपीयू और डीवीआर जैसे सबूत नष्ट करने शुरू कर दिए थे।अंबानी के घर के बाहर एसयूवी मिलने के बाद पांच मार्च को ठाणे में हिरन का शव मिला था। इस एसयूवी से विस्फोटक बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की

## जैन मंदिरों को उपवास रखने वालों को भोजन डिलीवर करने की अनुमति दी

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने मुंबई की 58 और पुणे तथा नासिक के तीन जैन मंदिरों को वार्षिक नौ दिन के उपवास अयंबिल ओली टैप के दौरान ग्रहण किए जाने वाला विशेष भोजन लोगों के घरों पर पहुंचाने की अनुमति शुक्रवार को दे दी है।न्यायमूर्ति एस. सी. गुप्ते और न्यायमूर्ति अभय अहूजा की खंडपीठ ने हालांकि यह स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में किसी भी श्रद्धालु को उपवास के दिनों में मंदिर जाने की अनुमति नहीं होगी। उपवास का यह कार्यक्रम 19 अप्रैल से शुरू होकर 27 अप्रैल तक चलेगा।पीठ दो जैन ट्रस्ट द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जो मुंबई के 58 जैन मंदिरों का प्रबंधन करते हैं। याचिकाओं में अनुरोध किया गया था कि समुदाय के सदस्यों को उपवास के दौरान खाए जाने वाले उबले भोजन का डिब्बा ट्रस्ट परिसर से लेकर जाने की अनुमति दी जाए। ट्रस्टों के अधिवक्ता प्रफुल्ल शाह ने दलील दी कि वे मंदिरों या भोजन कक्षों को लोगों के लिए खोलने या लोगों से वहां आकर भोजन करने को नहीं कह रहे हैं, सिर्फ लोगों से अपना भोजन का डिब्बा लेकर जाने को कह रहे हैं। सरकार की वकील ज्योति चव्हाण ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि भोजन का डिब्बा लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है क्योंकि इससे मंदिरों में भीड़ लग सकती है।पीठ ने बृहस्पतिवार को सलाह दी थी कि उपवास का भोजन स्वयंसेवकों की मदद से लोगों के घरों पर डिलीवर किया जा सकता है। याचिका दायर करने वाले और सरकार दोनों इस सलाह पर सहमत हुए।

**दो पुलिस कर्मियों की हत्या, मामले की जांच शुरू:** सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पुलिस को पुलिस कर्मियों के शव मिले हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जिले के भेज्जी गांव में पुलिस ने बृहस्पतिवार को सहायक आरक्षक धनीराम कश्यप और पुनेम हिड़मा के शव मिले। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गांव में दो पुलिस कर्मियों की हत्या की जानकारी मिलने पर पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बाद में दोनों पुलिस कर्मियों के शव बरामद कर लिए गए। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।



कोलकाता में पश्चिम बंगाल के 5वें चरण के चुनाव के लिए ईवीएम व चुनाव सामग्री ले जाने की तैयारी में कर्मचारी।

## कोविड के मामलों में बढ़ोतरी के लिए भाजपा जिम्मेदार : ममता

**भाषा।** नवद्वीप (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के लिए सीधे भगवा दल को जिम्मेदार ठहराते हुए शुक्रवार को कहा कि वह निर्वाचन आयोग से कहेंगी कि वह भाजपा को प्रचार के दौरान बाहरी लोगों को लाने से रोके।नादिया जिले में यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैलियों के लिए शामियाने लगवाने के लिए भाजपा सबसे बुरी तरह प्रभावित गुजरात जैसे राज्यों से लोगों को लेकर आई।

उन्होंने कहा, मैं निर्वाचन आयोग से अनुरोध करूंगी कि वह गुजरात जैसे राज्यों से आने वाले बाहरी लोगों को रोके जो बंगाल में कोविड-19 के प्रसार के लिए जिम्मेदार हैं। बनर्जी ने कहा, प्रधानमंत्री या अन्य नेता प्रचार के लिए आते हैं तो हमें कुछ नहीं कहना... [8230] रैलियों के लिए मंच और पंडाल लगाने के लिए भाजपा को सबसे बुरी तरह प्रभावित राज्यों से लोगों को क्यों लाना चाहिए? तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि स्थानीय श्रमिक और सज्जाकारों की आवश्यक कोविड-19 जांच के बाद इस उद्देश्य के लिए सेवा ली जा सकती है। अपनी चोट का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा उनके पैर को निशाना बनाकर उन्हें प्रचार करने से रोकना चाहती थी, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को गलत साबित कर दिया।

उन्होंने कहा, उन्होंने मेरे पैर को निशाना बनाया था, लेकिन लोगों के आशीर्वाद से मैंने उन्हें गलत साबित कर दिया। चोट 75 प्रतिशत तक ठीक हो चुकी है।

## क्विक न्यूज

### बंगाल में चुनाव लड़ रहे पांच उम्मीदवार कोरोना से संक्रमित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव लड़ रहे अलग-अलग दलों के कम से कम पांच उम्मीदवार कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि संक्रमित पाए गए पांच उम्मीदवारों में से तीन तृणमूल कांग्रेस के और एक-एक उम्मीदवार रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के है। अधिकारी ने बताया कि जंगीपुर से आरएसपी के उम्मीदवार प्रदीप कुमार नंदी (73) बुधवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए और अभी वह घर पर पृथक-वास में हैं। अधिकारी ने बताया कि माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी सीट से भाजपा के उम्मीदवार आनंदमय बर्मन (38), तृणमूल कांग्रेस के गोलपोखर से उम्मीदवार मोहम्मद गुलाम रब्बानी, तापन से उम्मीदवार कल्पना किस्कू और जलपाईगुड़ी से उम्मीदवार डॉ. प्रदीप कुमार बर्मा कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी के मुताबिक, संक्रमित पाए गए उम्मीदवारों को तुरंत प्रचार रोक देना चाहिए। या तो उन्हें अपने घर पर पृथक-वास मे रहना चाहिए या संक्रमण की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल में भर्ती होना चाहिए। मुर्शिदाबाद विधानसभा क्षेत्र मे कांग्रेस के प्रत्याशी रिजाउल हक कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। बृहस्पतिवार को तड़के रिजाउल हक का निधन हो गया।

### जबलपुर में नकली सोने को असली बताकर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**जबलपुर (मप्र)।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में नकली सोने के 19 बिस्किट को असली बताकर एक व्यक्ति से कथित रूप से 14.70 लाख रुपए ठगने के मामले में पुलिस ने यहां चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी शुक्रवार को दी। नगर पुलिस अधीक्षक (गढ़ा) तुषार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जगदीश (35), पी एम सादिक (36), जाकिर हुसैन खान (40) एवं मोहसिन शेख (25) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि जगदीश एवं सादिक गुजरात के अहमदाबाद के निवासी है और बाकी दोनों महाराष्ट्र के ठाणे के रहने वाले है। उन्होंने बताया कि ए चारों अंतरराज्ईय गिरोह के सदस्य है और इन्हें मुकुल पटेल नामक व्यक्ति को नकली सोने के बिस्किट बेचने के मामले में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों ने नकली सोने के 19 बिस्किट को असली बताकर उससे 14.70 लाख रुपए ठगे थे। सिंह ने बताया कि पुलिस ने इन आरोपियों से नकली सोने के बिस्किट, 14.60 लाख रुपए नगद एवं एक कार भी बरामद की है। उन्होंने कहा कि इन आरोपियो द्वारा ठगे जाने के बारे में पता चलने पर मुकुल पटेल ने दो दिन पहले पुलिस में शिकायत की दी, जिसके बाद यहां विजय नगर पुलिस थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### मुख्यमंत्री को इस्तीफा मंजूरी के लिए मनाया : आईपीएस अधिकारी

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक कुंवर विजय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को उनका इस्तीफा स्वीकार करने के लिए मना लिया है। पुलिस द्वारा गोलियां चलाए जाने के 2015 के दो मामलों में उच्च न्यायालय द्वारा कथित तौर पर उनकी जांच रिपोर्ट को अमान्य ठहराने के बाद आईपीएस अधिकारी ने इस्तीफा दिया है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दोनों मामलो की जांच रिपोर्ट कथित तौर पर अमान्य ठहराए जाने के बाद अधिकारी द्वारा समय से पहले दिए गए इस्तीफे को स्वीकार करने से मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंकार कर दिया था। सिंह के सेवानिवृत्त होने मे अभी करीब आठ साल का समय बाकी है। गुरु ग्रंथ साहिब की कथित बेअदबी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगो पर फरीदकोट के कोटकपुरा और बेहबल कलां मे 2015 मे पुलिस कार्वाई की जांच करने वाले पंजाब पुलिस के विशेष जांच दल का सिंह नेतृत्व कर रहे थे। बेहबल कलां मे पुलिस की गोलीबारी मे दो लोग मारे गए थे। राज्यपाल वी. पी. सिंह बदनौर के साथ निजी बैठक के लिए जाने से पहले आईपीएस अधिकारी पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होने स्पष्ट किया कि वह निजी तौर पर राज्यपाल से मिलने जा रहे है, पुलिस अधिकारी के रूप मे नही। उन्होंने कहा, मै राज्यपाल से निजी हैसियत से मिलने आया हूं। मै हर महीने राज्यपाल से निजी तौर पर मिलने आता हूं, आईपीएस अधिकारी के रूप मे नही। अपने इस्तीफे के मुद्दे पर उन्होने कहा, मै मुख्यमंत्री से मिला। उन्होंने मुझे समझाने की कोशिश की, लेकिन मैने उन्हें समझाया और वह मान गए है। उन्होने कहा, मैने उन्हे आश्वासन दिया कि सेवा से बाहर होने के बावजूद मै इस मामले मे जरूरत पड़ने पर सरकार की अपनी तरफ से पूरी मदद करूंगा।

### जम्मू में दो लोग गिरफ्तार, मादक पदार्थ बरामद

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर की राजौरी जिले मे शुक्रवार को दो लोगो को गिरफ्तार किया है। उनके पास से मादक पदार्थ बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की एक टीम ने थाना मंडी शाहदरा रोड पर गश्त के दौरान एक कार को रुकने का इशारा किया। वाहन की तलाशी लेने पर 10 ग्राम हेरोइन और 13,000 रुपए नकदी बरामद की गई। अधिकारियो ने बताया कि आरोपियों की पहचान अजमत शाह और इम्तियाज अहमद के रूप में हुई है। उन्होने बताया कि थाना मंडी पुलिस थाना मे इस संबंध मे मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## केरल राज्यसभा चुनावः माकपा ने दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की

**तिरुवनंतपुरम।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) केरल से राज्यसभा की दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी और उसने अपने राज्य समिति के सदस्य डा. वी शिवदासन और कैराली न्यूज के प्रबंध निदेशक (एमडी) जॉन ब्रिट्स को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है।

वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के संयोजक और पार्टी सचिव प्रभारी ए विजयराघवन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।विजयराघवन ने मीडिया को बताया कि शिवदासन और ब्रिट्स राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव लड़ेंगे जिसके लिए 30 अप्रैल को चुनाव होगा। उन्होंने कहा, माकपा की राज्य समिति के सदस्य डा. वी शिवदासन और कैराली न्यूज के एमडी जॉन ब्रिट्स केरल से राज्यसभा की सीटों के लिए एलडीएफ उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनकी क्षमताओं का मूल्यांकन करने के बाद उन्हें उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है।

तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार, ब्रिट्स, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के मीडिया सलाहकार के रूप में कार्य कर रहे थे। उन्हें 11 सितंबर, 2003 को कैराली टीवी के एमडी के रूप में नियुक्त किया गया था।

**भारत और किर्गिस्तान के बीच दो सप्ताह तक चलने वाला सैन्य अभ्यास शुरू:** नई दिल्ली।भारत और किर्गिस्तान के विशेष बलों के बीच शुक्रवार को बिश्केक में सैन्य अभ्यास शुरू हुआ जो दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें आतंकवाद रोधी अभियानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि विशेष बलों के बीच खंजर नाम के आठवें अभ्यास का उद्घाटन किर्गिस्तान गणराज्य के विशेष बल ब्रिगेड प्रतिष्ठान में हुआ। इस अभ्यास की शुरुआत 2011 में हुई थी और तब से दोनों देशों के बीच सैन्य एवं रक्षा संबंधों में काफी मजबूती आई है।

## निरंजनी के कुंभ समापन की घोषणा के विरोध में उतरे अन्य अखाड़े, माफी मांगने को कहा

**देहरादून।** कोविड-19 के कारण बिगड़ रहे हालात के मद्देनजर निरंजनी अखाडे द्वारा हरिद्वार महाकुंभ के 17 अप्रैल से समापन की घोषणा किए जाने के बाद अन्य अखाड़े विरोध में उतर आए हैं और इस मसले पर माफी मांगने को कहा है। निर्वाणी अणि अखाडा के अध्यक्ष महंत धर्मदास ने कहा कि कुंभ मेले की समाप्ति की घोषणा का अधिकार केवल मेलाधिकारी या प्रदेश के मुख्यमंत्री को है। निरंजनी अखाड़े ने बिना किसी सहमति के ऐसा कहकर समाज में अफरातफरी मचाने का अक्षम्य अपराध किया है और ऐसे में उसके साथ रहना मुश्किल है। महंत धर्मदास ने कहा कि निरंजनी अखाड़े को अपने ऐसे बयान के लिए पूरे अखाड़ा परिषद के सामने माफी मांगनी चाहिए और तभी उसके साथ आगे बने रहने पर विचार किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि उसका यह फैसला ठीक नहीं है क्योंकि कुंभ के बारे में कोई भी फैसला सभी 13 अखाड़े मिलकर लेते हैं।बड़ा उदासीन अखाड़े ने भी साफ किया कि वह जल्द महाकुंभ मेला समाप्त करने के पक्ष में नहीं है। अखाड़े के अध्यक्ष महंत महेश्वर दास ने कहा कि बिना अखाड़ा परिषद की बैठक के महाकुंभ मेला समाप्त करने के बारे में कोई फैसला नहीं किया जा सकता है। कुंभ मेले की व्यवस्था विचार-विमर्श से चलती है लेकिन निरंजनी अखाड़े ने इस पर अखाडों से कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला मुहूर्त से शुरू होता है और मुहूर्त से ही समाप्त होता है। परंपरा और मर्यादा के साथ कुंभ मेले को पूरी अवधि तक चलाया जाएगा। जहां तक 27 तारीख को होने वाले शाही स्नान की बात है तो उसे कोविड-19 नियमों के साथ किया जाएगा। दूसरे सबसे बडे अखाड़े निरंजनी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि साधु-संत और श्रद्धालु बड़ी संख्या में कोरोना वायरस से संक्रमित हो रहे हैं जिसे देखते हुए उनकी तरफ से कुंभ मेला समाप्त किया जा रहा है।अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि निरंजनी अखाड़े के साधु संत 17 अप्रैल को कुंभ क्षेत्र की अपनी छावनियां खाली करके अपनेअपने स्थानों को लौट जाएंगे।उन्होंने कहा कि अखाड़े के जिन संतों को 27 अप्रैल का स्नान करना है, वे बाद में अलगअलग वापस चले जाएंगे। कोविड-19 के कारण एक माह की अवधि के लिए सीमित कर दिए गए महाकुंभ के तीन शाही स्नान महाशिवरात्रि, सोमवती अमावस्या और बैसाखी हो चुके हैं जबकि 27 तारीख को रामनवमी के पर्व पर आखिरी शाही स्नान होना है। देश के अन्य हिस्सों की तरह उत्तराखंड में भी कोरोना वायरस मामलों में लगातार बढ़ोतरी जारी है और रोज रिकार्ड नए मरीज सामने आ रहे हैं। हरिद्वार के विभिन्न अखाडों के कई साधु संत भी कोविड-19 की चपेट में आ चुके हैं।



पटियाला में पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू प्रेस कांफ्रेस करते हुए।

# अफगानिस्तान को दोहरी शांति की जरूरतः जयशंकर

भाषा। नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना को वापस बुलाने की घोषणा एक बड़ा कदम है जो इस युद्धग्रस्त देश को एक निश्चित दिशा में ले जाएगी और ऐसे में सभी पक्षकारों को यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए कि यह दिशा सही हो एवं इसका परिणाम अफगान लोगों के हित में हो।

विदेश मंत्री जयशंकर ने यह बात रायसीना डॉयलाग में ईरान के विदेश मंत्री जावेद जरीफ और अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हमदुल्ला मोहीब के साथ चर्चा के दौरान कही। जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान को दोहरी शांति की जरूरत है और यह शांति देश के भीतर और उसके आसपास हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत, अफगानिस्तान के लोगों के सर्वश्रेष्ठ हितों की सुरक्षा के लिए अपनी क्षमता के अनुरूप तथा अन्य पड़ोसी देशों के उसके संबंधों के माध्यम से, जो भी हो सकेगा, वह करेगा। विदेश मंत्री ने कहा, हमारा हमेशा से मानना रहा है कि यह अफगानिस्तान नीत, अफगानिस्तान के स्वामित्व और उसके द्वारा नियंत्रित प्रक्रिया होनी चाहिए। वहीं, अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हमदुल्ला मोहीब ने कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोवाल के साथ अफगानिस्तान में उभरती स्थिति पर चर्चा की है और अगले कुछ दिनों में एक दल बनाया जाएगा जो अमेरिका और नाटो के साथ परिवर्तन की योजना पर काम करेगा।

उन्होंने कहा कि बाइडेन की अमेरिकी सैनिकों की वापसी की घोषणा के बाद जो बड़ी तस्वीर उभरी है, उसके बाद अब तालिबान के लिए अफगानिस्तान में हिंसा जारी रखने का कोई कारण नहीं बनता है। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि यह स्थिति अब नहीं रह गई है कि हिंसा जारी रखें, और मैं समझता हूं कि उनके (तालिबान) लिए अफगानिस्तान की सरकार के साथ वास्तव में शांति कायम करने और राजनीतिक समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनने का यही समय है।

दूसरी ओर, ईरान के विदेश मंत्री जावेद जरीफ ने कहा कि अमेरिका का अंततः अफगानिस्तान से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा और प्रतिबद्धता सकारात्मक कदम है और इसे क्षेत्र की उस वास्तविकता के आलोक में देखा जाना चाहिए कि विदेशी बलों की उपस्थिति ने कभी भी शांति एवं स्थिरता में योगदान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि तालिबान को अब अफगानिस्तान की सरकार, वहां के लोगों एवं देश के विभिन्न समूहों के साथ वार्ता शुरू कर देनी चाहिए। अब व्यापक संवाद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिणाम का इंतजार करना शून्य पैदा कर देगा और तालिबान की इस शून्य को भरने की आकांक्षा एक मुसीबत साबित होगी। जरीफ ने कहा कि यह अफगानिस्तान में नए युद्ध का आधार तैयार करेगी और इस क्षेत्र में हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते।

## निर्वाचन आयोग ने तृणमूल कांग्रेस की नेता सुजाता मंडल खान को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने तृणमूल कांग्रेस की नेता सुजाता मंडल खान को अनुसूचित जाति को लेकर उनकी कथित टिप्पणी के लिए शुक्रवार को नोटिस जारी किया और उन्हें अपना पक्ष रखने के वास्ते 24 घंटे का समय दिया। नोटिस में कहा गया है कि उन्हें यह भी बताना चाहिए कि स्टार प्रचारक के रूप में उनका दर्जा वापस क्यों नहीं लिया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि भाजपा ने खान के खिलाफ एक शिकायत लेकर निर्वाचन आयोग का रुख किया था। नोटिस में जिक्र किए गए उनके बयान के एक हिस्से के अनुसार तृणमूल कांग्रेस की नेता ने कथित तौर पर कहा था, जैसा कि अनुसूचित जाति के परिवारों में संसाधनों की कमी है, ममता बंद्योपाध्याय ने चाहे जितनी भी उनकी मदद की है, उनकी किल्लत दूर नहीं होगी। खान के बयान के अनुसार, जैसा कि कहा जाता है, कुछ वास्तव में भिखारी हैं और अन्य स्वभाव से भिखारी हैं। यहां अनुसूचित जाति के लोग स्वभाव से भिखारी हैं।



चेन्नई के वंडलूर में शुक्रवार को अरिगनार अन्ना जूलॉजिकल पार्क में अठखेलियां करते सफेद बाघ के बच्चे

# सरकार कोविड-19 जांच व संक्रमित मरीजों के वास्तविक आंकड़े दे : गुजरात उच्च न्यायालय

**अहमदाबाद।** गुजरात में कोविड-19 के मामलों में अचानक हुई बढ़ोतरी की पृष्ठभूमि में ईमानदारी और पारदर्शिता पर जोर देते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार आरटी-पीसीआर जांच और संक्रमित लोगों के वास्तविक आंकड़ों को जारी करे। शुक्रवार को उपलब्ध हुए फैसले की प्रति के मुताबिक गुजरात उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की है कि कोविड-19जांच और संक्रमितों की संख्या को लेकर सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले आंकड़े सही नहीं होने को लेकर आम लोगों की धारणा को दूर करने के लिए पारदर्शिता की जरूरत है। यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति भार्गव करिया की युगलपीठ ने अपने आदेश में की है। पीठ, राज्य में हाल के हफ्तों में संक्रमण के बढ़े मामलों पर स्वतः संज्ञान लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है। मामले की पिछली सुनवाई बृहस्पतिवार को हुई थी लेकिन पीठ के आदेश की विस्तृत प्रति अगले दिन उपलब्ध हुई। अब इस मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। युगलपीठ ने कहा, आरटी-पीसीआर जांच और उसमें संक्रमित मिले लोगों की सही जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। राज्य को आरटी-पीसीआर जांच के सही नतीजों को जारी करने से झिझकना नहीं चाहिए, अगर आंकड़े सही नहीं दिए जा रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि सरकार अचानक बढ़े मामलों के लिए जिम्मेदार नहीं है लेकिन राज्य को सही आंकड़े जारी करने चाहिए ताकि संक्रमितों की वास्तविक संख्या का पता चल सके और लोगों की इस धारणा को दूर किया जा सके कि सरकार द्वारा दिए गए आंकड़े सही नहीं हैं।

# सीतलकूची की घटना के बाद तृणमूल उम्मीदवार के साथ ममता की बातचीत के कथित ऑडियो से विवाद खड़ा हुआ

भाषा। कोलकाता

**भाजपा** द्वारा शुक्रवार को एक तथाकथित ऑडियो क्लिप जारी किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सीतलकूची से तृणमूल कांग्रेस के उ मीदवार से कथित तौर पर यह कहती सुनाई देती हैं कि वह सीआईएसएफ की गोली से मारे गए चार लोगों के शवों के साथ रैलियां करें।

तृणमूल कांग्रेस ने ऑडियो क्लिप को फर्जी करार दिया और कहा कि इस तरह की कभी कोई बात नहीं हुई। पीटीआई स्वतंत्र रूप से ऑडियो क्लिप की प्रामाणिकता का सत्यापन नहीं कर सकी जो चुनाव के पांचवें चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर जारी की गई। बनर्जी और सीतलकूची विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार पार्थ प्रतिम राय के बीच टेलीफोन पर हुई कथित बातचीत के अंश जारी करते हुए भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया कि ममता बनर्जी अपनी पार्टी के नेताओं से शवों के साथ रैलियां करने की बात कहकर दंगे भड़काने की कोशिश कर रही हैं। मालवीय ने कहा, वह (बनर्जी) अपनी पार्टी के उम्मीदवार से कह रही हैं कि मामला इस तरह का बनाया जाए कि पुलिस अधीक्षक (कूचबिहार) और केंद्रीय बलों के कर्मियों-दोनों को फंसाया जा सके। क्या किसी मुख्यमंत्री से ऐसी उम्मीद की जाती है? वह केवल अल्पसंख्यकों के वोट हासिल करने के लिए भय का माहौल पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। कूचबिहार जिले के सीतलकूची मतदान केंद्र पर 10 अप्रैल को चौथे चरण के मतदान के दौरान स्थानीय लोगों के कथित हमले और राइफल छीनने की कथित कोशिश के बाद केंद्रीय बलों की गोलीबारी में चार लोग मारे गए थे। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि पार्टी ऑडियो क्लिप के मुद्दे पर निर्वाचन आयोग जाएगी। तथाकथित ऑडियो में बनर्जी राय से यह कहती सुनाई देती हैं कि मतदान खत्म होने तक गुस्सा शांत रखें। वह कथित तौर पर यह कहती सुनाई देती हैं, घबराइए मत। आप अगले दिन शवों के साथ रैली करने के इंतजाम करें और वकील से विमर्श करें तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं जिससे कि न तो एसपी बच सके और न ही आईसी। सीतलकूची से तृणमूल कांग्रेस के उ मीदवार ने ऑडियो को फर्जी करार दिया। उन्होंने कहा, इस तरह की बातचीत कभी नहीं हुई। भाजपा पांचवें दौर के मतदान से पहले लोगों को केवल गुमराह करने की कोशिश कर रही है। पूर्व में, बनर्जी ने गोलीबारी को नरसंहार करार दिया था और इसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की साजिश बताया था।

# छत्तीसगढ़, उप्र आईसीयू बिस्तर एम्बुलेंस की संख्या बढ़ायेः केंद्र

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश को पृथकवास, ऑक्सीजन, आईसीयू बिस्तर तथा एम्बुलेंस की सं या बढ़ाने तथा कोविड-19 के मामलों का जल्द पता लगाकर मृत्यु दर में कमी लाने एवं राष्ट्रीय उपचार प्रोटोकॉल का पालन करने का सुझाव दिया।

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण के साथ छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा की तथा गैर जरूरी यात्रा नहीं करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर भीड़भाड़ रोकने का स ती एवं प्रभावी ढंग से पालन करने पर जोर दिया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के साथ महाराष्ट्र ऐसे राज्य हैं, जहां एक लाख से अधिक उपचाराधीन मरीज हैं। छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में कोविड-19 संक्रमण के प्रतिदिन काफी सं या में नए मामले सामने आ रहे हैं और मौतें भी हो रही हैं। छत्तीसगढ़ में सात दिनों की गतिशील औसत के आधार पर साप्ताहिक नए मामले में तकरीबन 6.2 प्रतिशत वृद्धि की रिपोर्ट है। स्वास्थ्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, पिछले दो सप्ताह में राज्य में साप्ताहिक नए मामलों में तकरीबन 131 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली है। छत्तीसगढ़ में 22 जिलों ने पिछले 30 दिनों में सर्वाधिक मामलों की सं या को पार कर लिया है। इनमें सबसे अधिक प्रभावित रायपुर, दुर्ग, राजनंदगांव और बिलासपुर सबसे अधिक प्रभावित हैं। इसमें कहा गया है कि 17-23 मार्च 2021 के सप्ताह की तुलना में 7-13 अप्रैल 2021 को समाप्त सप्ताह में आरटी-पीसीआर जांच घटकर 28 प्रतिशत (34 प्रतिशत से) रह गई जबकि एंटीजन जांच बढ़कर 62 प्रतिशत (53 प्रतिशत से) हो गई है।

उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस के प्रतिदिन नए मामलों की वृद्धि दर 19.25 प्रतिशत रिपोर्ट की गई है। उत्तर प्रदेश में पिछले 30 दिनों में 46 जिले कोरोना के मामलों के संदर्भ में अपने सर्वाधिक स्तर को पार कर गए हैं। इन जिलों में लखनऊ, कानपुर, बनारस और प्रयागराज सबसे अधिक प्रभावित जिले हैं। इसमें कहा गया है कि 17-23 मार्च 2021 के सप्ताह की तुलना में 7-13 अप्रैल 2021 को समाप्त सप्ताह में आरटी-पीसीआर जांच घटकर 46 प्रतिशत (48 प्रतिशत से) रह गई है जबकि एंटीजन जांच बढ़कर 53 प्रतिशत (51 प्रतिशत से) हो गई है। बैठक के दौरान अस्पतालों में आधारभूत ढांचे की कमी की खबरों पर भी चर्चा की गई जिसमें अस्पतालों में ऑक्सीजन युक्त बिस्तर, आईसीयू आदि शामिल हैं।

# टीका जब तक कोविड के प्रभाव को पूरी तरह खत्म नहीं करता, मास्क अनिवार्य : ए मॉन

भाषा। कोलकाता

**यूरोपीय** रोग नियंत्रण केंद्र (ईसीडीसी) की निदेशक एंड्रिया ए मॉन का कहना है कि टीका जब तक सार्स-सीओवी2 और उसके ज्ञात स्वरूपों के प्रभाव को पूरी तरह खत्म नहीं करता तब तक भौतिक दूरी और मास्क लगाने जैसे गैर औषधीय उपाय (एनपीआई) का स त अनुपालन अनिवार्य है। जर्मन फिजिशियन ने कहा कि अगर एनपीआई को और सुदृढ़ व सख्त नहीं किया गया तो कोविड-19 संबंधी मामलों और मौत में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया जा सकता है। भारत में शुक्रवार को संक्रमण के रिकॉर्ड 2.17 लाख मामले सामने आए और संक्रमितों की कुल सं या बढ़कर।,42,91,917 पहुंच गई। ए मॉन ने यूनिख से ईमेल पर पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, महामारी की स्थिति में एनपीआई का प्रभावी क्रियान्वयन लगातार बढ़ रहे सार्स-सीओवी2 और उसके ज्ञात स्वरूपों के खिलाफ प्रतिक्रिया में आवश्यक है। इसे तब तक जारी रखना चाहिए जब तक टीका आम लोगों और स्वास्थ्य सेवाओं पर इसके दुष्प्रभावों को पूरी तरह खत्म करने में कारगर नहीं होता।

## सेना ने कार्यालयों में भौतिक उपस्थिति 50% तक घटाई

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** सेना ने बताया कि देश में कोविड-19 मामलों में वृद्धि के कारण कार्यालयों में उसके कर्मियों की भौतिक उपस्थिति 50 प्रतिशत तक घटा दी गई है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जो कर्मी कार्यालयों में भौतिक रूप से उपस्थित होंगे, उन्हें भीड़ से बचना होगा और कोविड-19 दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा।

अधिकारियों ने बताया कि निर्देशों के अनुसार सभी बैठकों और कॉफ्रेंसों का आयोजन जहां तक संभव हो डिजिटल रूप से किया जाना चाहिए।

# पेज 1 का शेष

## उत्तर प्रदेश...

बाकी सभी दफ्तर बंद रहेंगे। अग्रिम आदेशों तक प्रत्येक रविवार को पूर्ण रूप से साप्ताहिक बंदी रहेगी। रविवार को सिर्फसैनीटाइजेशन के कार्य होंगे व आपात सेवायें चलती रहेंगी। इस दिन प्रदेश के सर्वाधिक संक्रमित जिलों में व्यापक सेनेटाइजेशन अभियान चलेगा। हालांकि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी का कार्य निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित होता रहेगा। बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोविड की वर्तमान स्थिति पर लखनऊ में हजार बेड का नया हॉस्पिटल बनाने का निर्देश दिया है। इस हॉस्पिटल के निर्माण के लिए आवास विकास परिषद की उस जमीन का चयन किया गया है, जहां पर डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया गया था। इसके साथ ही प्रदेश में लॉकडाउन के दौरान फंसे गरीब लोगों की भरण पोषण भत्ता सूची बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका निर्देश भी अफसरों को दे दिया है। प्रदेश सरकार अब जरूरतमंदों को हर जगह राशन उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि केजीएमयू और बलरामपुर हास्पिटल को अगले 24 घण्टे में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल के रूप में संचालित किया जाए। इनके संचालन से लखनऊ में लगभग 4,000 कोविड बेड का विस्तार होगा। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री से अपेक्षा की कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य की मानिटरिंग करते हुए इन अस्पतालों में कोविड मरीजों के उपचार की सभी आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था कराएं। मुख्यमंत्री ने टेस्ट, ट्रेस, ट्रीट के लक्ष्य के अनुरूप कोरोना नियंत्रण की प्रभावी कार्यवाही को जारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी जनपदों में कोविड बेड, ऑक्सीजन, दवाओं, एम्बुलेंस, मैनपावर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए सरकारी अस्पतालों में, इमरजेंसी सेवाओं तथा आवश्यक सेवाओं को छोड़कर, जनरल ओपीडी का संचालन स्थगित किया जाए। टेलीमेडिसिन को प्रोत्साहित किया जाए। ई.संजीवनी एप का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए, जिससे लोग घर पर रहते हुए चिकित्सीय परामर्श प्राप्त कर सकें। उन्होंने मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन 15 मई तक स्थगित रखने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों में ऑक्सीजन एवं दवाओं की अनवरत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए दैनिक समीक्षा की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का कण्ट्रोल रूम प्रभावी रूप से क्रियाशील रहकर स्थिति पर नजर रखे। जनपदों से नियमित संवाद बनाकर मेडिकल ऑक्सीजन तथा रेमडेसिविर सहित अन्य आवश्यक औषधियों की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा इस कार्य की मॉनिटरिंग की जाए। आगामी एक माह की स्थिति का आकलन करते हुए रेमडेसिविर की अतिरिक्त डोज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की मेडिकल किट में कम से कम एक सप्ताह की जरूरत के अनुसार निर्धारित औषधियां होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कोविड.19 की जांच में वृद्धि के निर्देश देते हुए फोकस्ड टेस्टिंग किये जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी और निजी प्रयोगशालाएं पूरी क्षमता के साथ कोरोना की जांच करें। जिला प्रशासन आईसीएमआर से लाइसेंस प्राप्त निजी प्रयोगशालाओं में क्वालिटी कण्ट्रोल के साथ टेस्टिंग व्यवस्था को लागू कराए। योगी ने कहा कि गत वर्ष विधायकों ने विधायक निधि के माध्यम से सहयोग प्रदान किया था। वर्तमान समय की विशेष परिस्थितियों के दृष्टिगत कोरोना प्रबन्धन कार्य में कोविड केयर फण्ड की नियमावली के अनुरूप विधायकगण की संस्तुति पर उनकी निधि से एक करोड़ रुपये की धनराशि का उपयोग किया जा सकता है।

## सूबे में...

कार्य करते हुएए टेस्टिंग की क्षमता निरन्तर बढ़ायी जा रही है। गत एक दिन में कुल 2,23,307 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 3,78,14,182 सैम्पल की जांच की गयी है। इसमें 95,000 सैम्पलों की जांच आरटीपीसीआर के माध्यम से की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 27,426 नये मामले आये है। प्रदेश में 1,50,676 कोरोना के एक्टिव मामले में से 77,146 लोग होम आइसोलेशन में हैं। निजी चिकित्सालयों में 2,435 लोग तथा शेष मरीज चिकित्सालयों में इलाज भी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घंटे में 6,429 तथा अब तक 6,33,461 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में 45 वर्ष से अधिक आयु वालों का कोविड वैक्सीनेशन किया जा रहा है। अब तक 88,09,638 लोगों को वैक्सीन की पहली डोज दी गयी तथा पहली डोज लेने वालों में से 14,87,037 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज दी गयी हैं। इस प्रकार कुल 1,02,96,675 वैक्सीन की डोज लगायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जो युवा वर्ग के लोग है वो अपनी बारी का इन्तजार करे। प्रसाद ने बताया कि कई जनपदों से केस ज्यादा देखने को मिल रहे है। प्रदेश में कोविड श्रृंखला को तोड़ना बहुत ही जरूरी है।

## देश में...

दिन पहले यहां 349 लोगों की मौत हुई थी तथा 61,695 संक्रमित हुए थे। महाराष्ट्र के बाद यूपी सबसे बड़े हॉटस्पॉट के रूप में उभरा है। शुक्रवार को यहां पर कोविड-19 के 27,426 नए मामले सामने आए जबकि संक्रमण से 103 और मरीजों की मौत हो गई। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य व चिकित्सा अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 27,426 नए संक्रमितों के मिलने से अब तक कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 7,93,720 हो गई है। उन्होंने बताया कि वहीं 103 और मरीजों की मौत होने से राज्य में मृतक संख्या बढ़कर 9,583 हो गई है। प्रसाद ने बताया कि कोविड-19 के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज हो रही है। उन्होंने बताया कि बुधवार को राज्य में कोविड-19 के 20,510 मामले जबकि बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड 22,439 नए मामले सामने आए थे।

## कोवैक्सीन का...

संबंध में व्यापक समीक्षाएं और व्यवहार्य अध्ययन किए गए हैं। जैव-प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) ने कहा कि टीका उत्पादन में वृद्धि की योजना के तहत भारत बायोटेक लिमिटेड और सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उपक्रमों की क्षमताओं को आवश्यक अवसंरचना और प्रौद्योगिकी के साथ उन्नत किया जा रहा है। विभाग ने कहा कि टीका उत्पादन में वृद्धि के लिए केंद्र भारत बायोटेक के बेंगलुरु में स्थापित नए प्रतिष्ठान को लगभग 65 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। डीबीटी ने कहा, देश में विकसित कोवैक्सीन की मौजूदा उत्पादन क्षमता को मई-जून 2021 तक दुगुना किया जाएगा और फिर इसे बढ़ाकर जुलाई-अगस्त 2021 तक छह-सात गुना किया जाएगा, जिसका मतलब है कि अप्रैल 2021 की एक करोड़ खुराक की उत्पादन क्षमता बढ़कर जुलाई-अगस्त में छह-सात करोड़ खुराक प्रति महीने हो जाएगी। उम्मीद है कि उत्पादन क्षमता सितंबर 2021 तक बढ़कर लगभग 10 करोड़ खुराक प्रति महीने हो जाएगी। इसने कहा कि केंद्र टीका उत्पादन में वृद्धि के लिए महाराष्ट्र सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हाफकिन बायोफार्मास्यूटिकल कॉरपोरेशन लिमिटेड को 65 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक संदीप राठौड़ ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा कि कंपनी का लक्ष्य लगभग 22.8 करोड़ टीका शीशियों के उत्पादन का है, लेकिन हमें उत्पादन शुरू करने में एक साल लगेगा। डीबीटी ने कहा, हालांकि, केंद्र सरकार ने उनसे गति बढ़ाने और कार्य को तत्काल छह महीने के भीतर पूरा करने को कहा है। कार्य शुरू करने पर प्रतिष्ठान की क्षमता हर महीने दो करोड़ खुराक तैयार करने की होगी। इसने कहा कि राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अंतर्गत इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड, हैदराबाद तथा जैव प्रौद्योगिकी के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत इम्यूनोलॉजिकल्स एंड बायोलॉजिकल्स लिमिटेड, बुलंदशहर को भी मदद दी जाएगी, जो अगस्त-सितंबर तक हर महीने टीके की एक-डेढ़ करोड़ खुराक तैयार करेंगे।

## चिकित्सा ग्रेड...

कोरोना महामारी से अत्यधिक प्रभावित 12 राज्यों में आगामी 15 दिनों में इसके अनुमानित इस्तेमाल की स्थिति की समीक्षा की। इन 12 राज्यों में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उप्र., दिल्ली, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। इन राज्यों में ऑक्सीजन आपूर्ति की जिलावार स्थिति के बारे में एक विवरण प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रधानमंत्री को बताया गया कि केंद्र व राज्यों की सरकारें लगातार संपर्क में हैं और अनुमानित मांग का ब्योरा भी उनसे साझा किया गया है। पीएमओ ने बयान में कहा कि इन 12 राज्यों को उनकी अनुमानित जरूरतों के हिसाब से ऑक्सीजन की आपूर्ति कर दी गई है। ऑक्सीजन की बढ़ती मांग के मद्देनजर देश में इसकी उत्पादन क्षमता के बारे में भी प्रधानमंत्री को अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने हर संयंत्र की क्षमता के अनुसार ऑक्सीजन उत्पादन बढ़ाने का सुझाव दिया। पीएमओ ने कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान चिकित्सकीय इस्तेमाल के लिए इस्पात संयंत्रों से होने वाली ऑक्सीजन आपूर्ति के अधिशेष संग्रह की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि वह ऑक्सीजन ले जाने वाले टैंकरों का पूरे देश में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करें। बयान में कहा गया कि ऑक्सीजन टैंकरों का एक से दूसरे राज्यों में आवागमन सुनिश्चित करने के लिए उन्हें परमिट के पंजीकरण से छूट दी गई है।

## हवा के...

आवश्यक है कि वे वायरस के प्रसार के वैज्ञानिक साक्ष्य को स्वीकार करें जिससे कि विषाणु के वायुजनित प्रसार को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। रिव्यू की मुख्य लेखक ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की त्रिश ग्रीनहाल का कहना है कि नए खुलासे के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) समेत दूसरी स्वास्थ्य एजेंसियों को वायरस के ट्रांसमिशन होने की परिभाषा को बदलने की जरूरत है। उन्होंने फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क समेत जो अन्य नियम बनाए हैं, वह इस वायरस को रोकने में काफी नहीं हैं। इस रिव्यू को ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा के छह विशेषज्ञों ने लिखा है। रिव्यू के अनुसार कागिट कॉयर इवेंट में एक संक्रमित ने 53 अन्य लोगों को संक्रमित कर दिया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि कई लोग तो आपस में संपर्क में भी नहीं आए थे और न उनकी मुलाकात हुई थी। निश्चित तौर पर हवा से वायरस फैला, तभी ये लोग संक्रमित हुए। रिपोर्ट में बताया गया है कि बंद जगहों में संक्रमण तेजी से फैलता है। बंद जगहों को हवादार बनाकर संक्रमण के फैलाव को कम किया जा सकता है। वायरस का प्रसार उन लोगों के माध्यम से अधिक हुआ जिनमें कोई लक्षण नहीं थे।

## किसी राज्य...

जांच किए जा रहे हैं। रेलवे ने ई-टिकट कराने की वेबसाइट पर सारी जानकारी दी हुई है और यात्रियों को सूचना दी जा रही है कि गंतव्य पर पहुंचने पर उन्हें जांच करवानी होगी या फिर कोविड-19 प्रमाणपत्र लेकर जाना होगा। शर्मा ने यह भी कहा कि रेलवे यात्रियों की थर्मल स्कैनिंग कर रहा है और कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत जुर्माने की राशि भी अधिसूचित कर दी है। उन्होंने श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाने की संभावना से इंकार कर दिया और कहा कि मांग और जरूरत के मुताबिक ट्रेनें चलाई जाएंगी। शर्मा ने यह भी कहा कि स्टेशनों पर भीड़ रोकने के लक्ष्य से प्लेटफॉर्म टिकट का मूल्य बढ़ा दिया गया है। कोविड केयर सेंटर के रूप में इस्तेमाल होने वाले परिवर्तित डिब्बों के बारे में सवाल करने पर शर्मा ने कहा, देश में विभिन्न जगहों पर हमारे पास 4,000 आइसोलेशन कोच (बोगी) हैं। हमें महाराष्ट्र के नांदरबार से 100 से ज्यादा बोगियों की मांग आई है और 20 आइसोलेशन कोच मुहैया कराए गए हैं। शर्मा ने कहा कि रेलवे मुंबई, गुजरात, कर्नाटक और जहां भी मांग ज्यादा है। वहां सभी स्टेशनों पर करीब से नजर रखे हुए है और जोनल महाप्रबंधकों को अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वासन देता हूं कि सेवा में कोई कमी नहीं है, हालात सामान्य हैं, खास तौर से मुंबई, सूरत और बेंगलुरु में। भारतीय रेल औसतन एक दिन में।,490 मालगाड़ियों और एक्सप्रेस ट्रेनों तथा 5,397 उपनगरीय ट्रेन सेवाओं का संचालन करती है। शर्मा ने कहा, हम ज्यादा लोकप्रियता वाली ट्रेनों के 28 क्लोन ट्रेनें और 947 यात्री ट्रेनों का संचालन भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 70 प्रतिशत ट्रेन सेवा बहाल हो गई है। उन्होंने कहा, देश भर में अतिरिक्त भीड़ कम करने के लिहाज से रेलवे 140 अतिरिक्त ट्रेनों का भी संचालन कर रही है।

## ईसी ने...

दिया। निर्वाचन आयोग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रमुखों को एक अलग पत्र में कहा कि उम्मीदवार और राजनीतिक दल कोविड-19 दिशा निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें।

## भारत लाया...

14 मई 2018 को दाखिल किया गया जिसमें मोदी सहित 25 लोगों को आरोपी बनाया गया जबकि दूसरा आरोप पत्र 20 दिसंबर 2019 को दाखिल किया गया जिसमें पूर्व के 25 आरोपियों सहित 30 को नामजद किया गया। नीरव मोदी सीबीआई द्वारा प्राथमिकी दर्ज किए जाने से पहले ही एक जनवरी 2018 को देश छोड़कर भाग गया था। इसके बाद जून 2018 में सीबीआई के अनुरोध पर इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेडकॉर्नर नोटिस जारी किया। ब्रिटिश पुलिस ने मार्च 2019 को उसे लंदन से गिरफ्तार किया और तब से उसने कई बार जमानत के लिए आवेदन किए लेकिन वेस्टमिंस्टर अदालत और लंदन उच्च न्यायालय ने उन्हें खारिज कर दिया। वहीं, सीबीआई ने ब्रिटेन से प्रत्यर्पण अनुरोध के साथ दस्तावेजी सबूत और गवाही ब्रिटिश अदालत में पेश की। इस बीच, नीरव मोदी की कानूनी टीम ने फैसले के खिलाफ अपील करने की तत्काल पुष्टि नहीं की है।

## टोक्यो ओलंपिक खेल रद्द नहीं होंगे: प्रमुख

**टोक्यो।** टोक्यो ओलंपिक की आयोजन समिति की प्रमुख सेइको हाशिमोतो ने शुक्रवार को एक बार फिर दुनिया को आश्वासन दिया कि एक बार स्थगित हो चुके ओलंपिक खेल तीन महीने से कुछ अधिक समय बाद शुरू होंगे और जापान में कोविड-19 मामलों में इजाफे के बावजूद इन्हें रद्द नहीं किया जाएगा। हाशिमोतो से प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पूछा गया था कि क्या ऐसे कोई हालात हैं जिनमें ओलंपिक को रद्द किया जा सकता है। हाशिमोतो ने कहा कि कई चिंताएं हैं लेकिन टोक्यो 2020 आयोजन समिति खेलों को रद्द करने के बारे में नहीं सोच रही। एलडीपी में दूसरे नंबर के व्यक्ति निकाई से गुरुवार को साक्षात्कार के दौरान जब पूछा गया था कि खेलों को रद्द करना अब भी विकल्प है तो उन्होंने कहा था, बेशक। अगर टोक्यो ओलंपिक से संक्रमण के मामलों में इजाफा होता है तो ओलंपिक के आयोजन का कोई मतलब नहीं है।

## बुंदेसलीगा में अगले तीन मुकाबले स्थगित

**बर्लिन।** हेर्था बर्लिन के अगले तीन बुंदेसलीगा फुटबॉल मैचों को स्थगित कर दिया गया है क्योंकि पूरी टीम को कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों के बाद पृथकवास में जाने का आदेश दिया गया है। जर्मन फुटबॉल लीग ने शुक्रवार को कहा कि वे रविवार को मेंज, 21 अप्रैल को फ्रेबर्ग और 24 अप्रैल को शाल्के के खिलाफ होने वाले मुकाबलों की नई तारीखों की घोषणा जल्द करेगी। मुकाबले स्थगित होने से हेर्था का अगले महीने कार्यक्रम काफी व्यस्त रहेगा। हेर्था की टीम अभी 18 टीमों की तालिका में 15वें स्थान पर चल रही है और उस पर निचली लीग में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। अभी छह दौर के मुकाबले खेले जाने बाकी हैं।

## पहलवान पूजा कोरोना वायरस संक्रमित

हिसार (**हरियाणा**)। राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी पहलवान पूजा ढांडा ने शुक्रवार को बताया कि वह कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव मिली है। पूजा ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। वह विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाली चौथी भारतीय महिला है। उन्होंने 2018 में 57 किग्रा भारवर्ग में कांस्य पदक जीता था। हिसार की पूजा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मैं कोराना पॉजिटिव पाई गई हूं। जो लोग मेरे संपर्क में आए है वे जांच करवाए और पृथकवास में रहे। मैं भी पृथकवास में हूं।

## पीसीबी ने उमर अकमल अपील ठुकराई

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) विवादास्पद टेस्ट बल्लेबाज उमर अकमल को उनका 42.5 लाख रुपये का जुर्माना किश्तों में भरने की अनुमति नहीं देगा। पीसीबी ने आर्थिक परेशानी के उनके दावों को भी खारिज कर दिया। उमर अगर यह जुर्माना भर देंगे तो उनका क्रिकेट में वापसी का रास्ता साफ हो जाएगा। वह भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अनुच्छेदों के उल्लघंन के लिए प्रतिबंध झेल रहे हैं। जानकारी के मुताबकि उमर ने अपनी समस्या बोर्ड के समक्ष रखी और बोर्ड ने उनकी मौजूदा आर्थिक स्थिति को साबित करने के लिए आयकर और अन्य दस्तावेज सौंपने को कहा।

## ओलंपिक में नहीं खेल पाएंगे कोलमैन

लुसोन (**स्विट्जरलैंड**)। अमेरिका के सौ मीटर के विश्व चैंपियन फर्राटा धावक क्रिस्टियन कोलमैन तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले पाएंगे क्योंकि डोप परीक्षण नहीं देने के कारण लगे प्रतिबंध को हटाने को लेकर उनकी अपील को शुक्रवार को नकार दिया गया। खेल पंचाट (कैस) ने हालांकि 100 मीटर विश्व चैंपियन कोलमैन के प्रतिबंध को दो साल से घटाकर 18 महीने का कर दिया लेकिन यह प्रतिबंध नवंबर में खत्म होगा जबकि ओलंपिक इससे तीन महीने पहले ही हो जाएंगे। तीन जजों के पैनल ने कहा कि इन हालात में 18 महीने की सजा उचित होगी लेकिन एक साल के समय में तीन बार परीक्षण के लिए नहीं पहुंचने के दौरान एक बार पूरी तरह से कोलमैन की गलती नहीं थी।

## विहारी का काउंटी में निराशाजनक पदार्पण

**नाटिंघम।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ हमुना विहारी का वारविकशर की ओर से इंग्लिश काउंटी पदार्पण निराशाजनक रहा जब वह यहां नाटिंघमशर के खिलाफ खाता खोलने में भी नाकाम रहे। बर्मिंघम स्थित काउंटी की ओर से कम से कम तीन मैच खेलने के तैयारी कर रहे विहारी को 40 मिनट क्रीज पर बिताने के दौरान इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ काफी जूझना पड़ा। नाटिंघमशर के 88 ओवर में 273 रन पर आउट होने के बाद विहारी को वारविकशर की पहली पारी के दूसरे ओवर में क्रीज पर आने का मौका मिला लेकिन वह खाता भी नहीं खोल पाए।

## आर्सेनल यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

**लंदन।** पिछले कुछ समय से खराब लय में चल रहे आर्सेनल एफसी ने यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण के मैच में स्लाविया पराग को 4-0 से हारकर कुल 5-1 के नतीजे के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की। आर्सेनल ने चेक गणराज्य की टीम के खिलाफ पहले हाफ में 18वें से 24वें मिनट के अंदर तीन गोलकर मैच की शानदार शरुआत की। उसने मैच के 77वें मिनट में अपनी बढ़त को 4-0 किया। दोनों टीमों के बीच पहले दौर का मुकाबला 1-1 से बराबरी पर छूटा था। सेमीफाइनल में उनका सामना विलारीयाल से होगा। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मैनचेस्टर यूनाइटेड और रोमा के बीच होगा। यूनाइटेड ने स्पेन की टीम ग्रानाडा को 2-0 से हराकर कुल 4-0 की बढ़त के साथ अंतिम चार में जगह पक्की की।

## अदिति अशोक संयुक्त 35वें स्थान पर

कापोलेई (**अमेरिका**)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक लगातार दूसरे दौर में 69 के स्कोर के साथ यहां लोटे चैंपियनशिप में दो दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर चल रही हैं। पहले दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाने वाली अदिति का कुल स्कोर छह अंडर 138 है। अदिति ने दूसरे दौर में चार बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। प्रायोजक के आमंत्रण पर खेल रही युवा सासो ने लगातार दूसरे दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर से कुल 16 अंडर के स्कोर के साथ बढ़त बना रखी है।

## स्टोक्स की सोमवार को होगी सर्जरी

**लंदन।** इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स के बाएं हाथ की फ्रैक्चर तर्जनी ऊंगली की सोमवार को लीड्स में सर्जरी होगी जिससे वह लगभग के 12 सप्ताह के लिए खेल से दूर रहेंगे। स्टोक्स के दोबारा हुए एक्स-रे और सीटी स्कैन से बाएं हाथ की तर्जनी ऊंगली में फैक्चर का पता चला था। उन्हें यह चोट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान लगी। वह अभी अपनी फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के साथ है लेकिन शनिवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को बताया कि बेन स्टोक्स 12 सप्ताह के लिए खेल से दूर रहेंगे। लीड्स में सोमवार को उन्हें सर्जरी करवाना होगा। स्टोक्स को यह चोट राजस्थान रॉयल्स के सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल के कैच को लपकने के लिए डाइव लगाते समय लगी थी। वह इस चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

## लीग के आयोजन से पहले एसओपी तैयार करें

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली सॉकर संघ (डीएसए) को निर्देश दिया कि लड़कों के सीनियर वर्ग की फुटबॉल लीग के आयोजन से पहले वे मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर फैसला करें जिसमें जैविक रूप से सुरक्षित माहौल को तैयार करने से संबंधित प्रक्रिया भी हो जिसका टूर्नामेंट के दौरान पालन किया जाए। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने यह निर्देश डीएसए के यह सूचित करने के बाद दिया कि 13 अप्रैल को बैठक में लीग को फिलहाल निलंबित करने का फैसला किया गया। डीएसए ने अदालत को बताया कि वे टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर फैसला जून में ही करेंगे। डीएसए के जवाब पर अदालत ने कहा कि खेल प्रतियोगिता की शुरुआत से पहले फुटबॉल संघ फैसला करे कि एओपी क्या होंगी जिसमें जैविक रूप से सुरक्षित माहौल से संबंधित नियम भी शामिल हों। इन निर्देशों के साथ अदालत ने हिन्दुस्तान फुटबॉल क्लब की याचिका का निपटारा कर दिया जिसमें देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए लड़कों की सीनियर डिविजन फुटबॉल लीग को निलंबित करने की मांग की थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह लीग 15 अप्रैल से शुरू होनी थी।

# चाहर की शानदार गेंदबाजी से चेन्नई जीता

भाषा। मुंबई



**चेन्नई** सुपर किंग्स ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दीपक चाहर की शानदार गेंदबाजी से पंजाब किंग्स को कम स्कोर पर रोकने के बाद 26 गेंद रहते छह विकेट से जीत हासिल की। शुरूआती मैच में दिल्ली कैपिटल्स से सात विकेट से हारने वाली चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का यह टीम के लिए 200वां मैच था जिसमें टीम ने इस सत्र की पहली जीत हासिल की। चाहर के शानदार शुरूआती स्पैल से चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को बल्लेबाजी का न्यौता देने के बाद आठ विकेट पर 106 रन के स्कोर पर रोक दिया। चाहर ने अपने चार में से एक ओवर मेडन फेंका और 13 रन देकर चार विकेट झटके। इस छोटे से लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने हालांकि जीत दर्ज करने के लिए 15.4 ओवर लिए जिसमें उसने चार विकेट गंवा दिए। इस तरह उसने 107 रन बनाए और दो अंक जुटाकर खाता खोला। टीम के लिए मोईन अली ने सर्वाधिक 46 रन बनाए जबकि फाफ डु प्लेसिस ने नाबाद 36 रन का योगदान दिया। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 46 गेंद में 66 रन की साझेदारी की। मोईन अली ने 31 गेंद का सामना करते हुए सात चौके और एक छक्का लगाया।

टीम ने हालांकि अपने सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ (05) का विकेट पांचवें ओवर में गंवा दिया लेकिन डु प्लेसिस और मोईन अली ने आराम से रन जुटा रहे थे। पर 90 रन के स्कोर पर मोईन अली आउट हो गए जिन्हें मुरूगन अश्विन ने पवेलियन भेजा। इसके बाद टीम आसानी से लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी, लेकिन 99 रन पर मोहम्मद शमी ने सुरेश रैना और अम्बाती रायुडू को लगातार गेंदों पर आउट कर उसकी जीत का इंतजार लंबा कर दिया। 15वें ओवर में दो विकेट गंवाने के बाद अगले ओवर में टीम ने जीत हासिल की। इससे पहले तमिलनाडु के पावर हिटर एम शाहरूख खान ही पंजाब के एकमात्र बल्लेबाज रहे जो क्रीज पर टिक सके जिन्होंने 36 गेंद में 47 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। लेकिन वह अंतिम ओवर में सैम करेन की गेंद पर आउट हो गए। दीपक चाहर के चार विकेट के अलावा सैम करेन, मोईन अली और ड्वेन ब्रावो को एक एक विकेट मिला। चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजों ने कप्तान धोनी के पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही ठहराते हुए पावरप्ले में पंजाब किंग्स के 26 रन पर चार विकेट झटक लिए। इसमें अहम भूमिका चाहर ने निभाई जिन्होंने पहले ही ओवर में मयंक अग्रवाल (शून्य) को खूबसूरत गेंद पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भी उन्होंने दबाव बनाए रखा और अपने चार ओवर के स्पैल में केवल दो चौके ही लगने दिए। फार्म में चल रहे पंजाब के कप्तान के एल राहुल (05) शार्ट कवर पर खड़े रविंद्र जडेजा के शानदार थ्रो से रन आउट हुए जो एक रन चुराने का प्रयास कर रहे थे। अपने शानदार क्षेत्ररक्षण के लिए मशहूर जडेजा ने इसके बाद पांचवें ओवर में डाइव करते हुए बेहतरीन कैच लपका और क्रिस गेल की 10 रन की पारी खत्म कर दी जो चाहर का दूसरा विकेट था। निकोलस पूरन दूसरी बार शून्य पर आउट हुए, वह चाहर की शार्ट गेंद को लांग लेग पर शारदुल ठाकुर के हाथों में कैच दे बैठे। दीपक हुड्डा (10) सातवें ओवर में फाफ डु प्लेसिस को आसान कैच देकर आउट हुए और यह चाहर का चौथा विकेट था।

### मुंबई और सनराइजर्स का मुकाबला आज

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को इंडियन प्रीमयर लीग में मुंबई इंडियन्स की मजबूत टीम के खिलाफ सही संयोजन के साथ उतरने प्रयास करेगी जिससे कि लगातार दो हार के बाद जीत दर्ज करके अंकों का खाता खोल सके। डेविड वार्नर की अगुआई वाली सनराइजर्स की टीम को चेन्नई की पिच रास नहीं आ रही है और टीम 150 रन से भी कम के लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही है। पहले दो मैचों में टीम को लक्ष्य का पीछा करने में परेशानी का सामना करना पड़ा है जिससे अंतिम एकादश में गहराई की कमी और मजबूत वैकल्पिक भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धता नहीं होना जैसी कमजोरियां उजागर हुई। कप्तान वार्नर के अंतिम एकादश के चयन पर भी सवाल उठ रहे हैं। जॉनी बेयरस्टा और रिद्धिमान साहा के रूप में दो विकेटकीपर को अंतिम एकादश में जगह देने से कोई मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। साहा सलामी बल्लेबाज के रूप में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आए। साहा 2008 में पहले टूर्नामेंट से आईपीएल का हिस्सा हैं लेकिन उनके रिकॉर्ड को करीब से देखें तो पता चलता है कि वह निरंतर रन बनाने में नाकाम रहे हैं।डग आउट में केदार जाधव जैसे अनुभवी खिलाड़ी और प्रियम गर्ग तथा अभिषेक शर्मा के रूप में दो प्रतिभावान खिलाड़ियों की मौजूदगी से साहा को इस प्रदर्शन के साथ टीम में अधिक मौके मिलने की उम्मीद नहीं है।

# विनेश फोगाट और अंशु ने जीता सोना

### एशियाई चैम्पियनशिप

भाषा। अलमाटी

**ओलंपिक** टिकट हासिल कर चुकी विनेश फोगाट (53 किग्रा) और युवा सनसनी अंशु मलिक (57 किग्रा) के साथ दिव्या काकरान (72 किग्रा) ने दमदार प्रदर्शन के साथ ने शुक्रवार को यहां एशियाई चैम्पियनशिप के फाइनल में अपने-अपने मुकाबले जीत कर स्वर्ण पदक हासिल किए। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक (65 किग्रा) को यहां रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा। पिछले काफी समय से लय हासिल करने में जूझ रही साक्षी का हौसला इससे जरूर बढ़ेगा।

कई बड़े खिलाड़ियों के बिना आयोजित इस प्रतियोगिता में विनेश का पूरा दबदबा कायम रहा और उन्होंने 53 किग्रा वर्ग में बिना अंक गंवाए पहली बार एशियाई चैम्पियनशिप का पीला तमगा हासिल किया।

इससे पहले उन्होंने इस चैम्पियनशिप में सात पदक हासिल किए थे जिसमें तीन रजत पदक शामिल हैं। विनेश ने फाइनल में ताइपे की मेंग ह्सआन हसिह के खिलाफ 6-0 की बढ़त हासिल करने के बाद उसे पूरी तरह से चित कर दिया। इस प्रतियोगिता में ताइपे की इस खिलाड़ी पर विनेश की यह दूसरी जीत है। विनेश ने शुरूआती चरण में मंगोलिया की ओटगोंजरगल गनबातर और हसिह के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की, जबकि सेमीफाइनल में उनकी प्रतिद्वंद्वी की ह्युनयॉन्ग ओह चोट के कारण रिंग में नहीं उतरी। भारत ने इस प्रतियोगिता के महिलाओं के मुकाबले से कुल सात पदक हासिल किए जिसमें चार स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल है।सरिता मोर (59 किग्रा) ने गुरूवार को स्वर्ण जीता था जबकि सीमा बिस्ला (50 किग्रा) और पूजा (76 किग्रा) को कांस्य पदक के साथ संतोष करना पड़ा था।

हाल ही में अंशु के साथ इसी स्थल पर ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले युवा पहलवान सोनम मलिक (62 किग्रा) चोटिल होने के कारण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकी। अंशु ने फाइनल में मंगोलिया की बत्सेत्सेग अल्टांसेटसेग को 3-0 से पछाड़कर सीनियर वर्ग में एक और बड़ा पदक हासिल किया। फाइनल में मंगोलियाई खिलाड़ी के पास अंशु के आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। इससे पहले 19 साल की अंशु ने शुरूआती दो बाउट में उज्बेकिस्तान की सेवारा इश्मुरतोवा और किर्गिस्तान की नाजिरा मार्सबेक कयजी को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर पटखनी देकर सेमीफाइनल में पहुंची। सेमीफाइनल में वह अल्टांसेटसेग से वह 9-1 से आगे चल रही थीं जब रेफरी ने इस भारतीय खिलाड़ी को विक्ट्री बाय कौशन (प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को तीन चेतावनी दिए जाने के बाद) के कारण जीत प्रदान की।

# अश्विन से ओवर पूरे नहीं कराना बड़ी गलती थी: रिकी पोंटिंग



भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली** कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में गुरुवार रात तीन विकेट से हार के बाद स्वीकार किया कि आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को उनके कोटे के पूरे ओवर नहीं देना संभवत: गलती थी। अश्विन ने तीन ओवर में सिर्फ 14 रन दिए और इस दौरान उनके खिलाफ कोई बाउंड्री नहीं लगी। दिल्ली की टीम 148 रन के लक्ष्य का बचाव कर रही थी।

क्रीज पर बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों डेविड मिलर (62) और राहुल तेवतिया (19) की मौजूदगी के बावजूद नए कप्तान ऋषभ पंत ने 13वें ओवर में अश्विन को बरकरार रखने के बजाए मार्कस स्टोइनिस को गेंद थमा दी। स्टोइनिस के इस ओवर में तीन चौके सहित 15 रन बने जिससे रॉयल्स का स्कोर पांच विकेट पर 58 रन से पांच विकेट पर 73 रन हो गया और टीम लय हासिल करने में सफल रही। पोंटिंग ने आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जब मुझे टीम के साथ बैठकर बात करने का मौका मिलेगा निश्चित तौर पर हम इस बारे में बात करेंगे। उसने शानदार गेंदबाजी की। तीन ओवर में 14 रन। उसके खिलाफ कोई बाउंड्री नहीं लगी। उन्होंने कहा कि पहला मैच उसके लिए निराशाजनक रहा था लेकिन पिछले कुछ दिनों में उसने कड़ी मेहनत की जिससे कि सुनिश्चित हो सके कि वह चीजों से सामंजस्य बैठाए और मैच में चीजें सही करे। पोंटिंग ने कहा कि मुझे लगता है कि आज रात उसने शानदार गेंदबाजी की। संभवत: हमारी ओर से यह गलती थी और इस बारे में हम बात करेंगे।

### अर्जेन्टीना के खिलाफ जीत से मनोबल बढ़ा: पाठक

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेन्टीना के खिलाफ भारत के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल युवा गोलकीपर कृष्ण पाठक ने कहा कि वह टोक्यो ओलंपिक के दौरान सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहना चाहते हैं और उनकी नजरें अगले महीने एफआईएच प्रो हॉकी लीग मैचों में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन करने पर टिकी हैं। अर्जेन्टीना के खिलाफ भारत की ओर से 50 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने वाले 23 साल के पाठक ने गत ओलंपिक चैंपियन अर्जेन्टीना के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग में भारत की दोनों मुकाबले जीतने में अहम भूमिका निभाई। पाठक ने कहा कि 50 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर मैं बेहद खुश हूं। इतने कम समय में इतना कुछ हो गया।

# एक हफ्ते में खेलने के लिए फिट हो जाऊंगा: विलियमसन

भाषा। चेन्नई

**कोहनी** की चोट के कारण सनराइजर्स हैदराबाद के इंडियन प्रीमियर लीग में पहले दो मैचों से बाहर रहे न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन अच्छी तरह उबर रहे हैं और उनके एक हफ्ते के अंदर पूर्ण मैच फिटनेस हासिल करने की उम्मीद है। सनराइजर्स के मध्यक्रम में अहम भूमिका निभाने वाले 30 साल के विलियमसन की बाईं कोहनी में चोट लगी थी जिसके कारण वह आईपीएल से पहले मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए थे। न्यूजीलैंड के कप्तान ने हालांकि शुक्रवार को कहा कि वह इस चोट से अच्छी तरह उबर रहे हैं। सनराइजर्स द्वारा ट्विटर पर डाले गए वीडियो में विलियमसन ने कहा, आपको पता है कि मेरा ध्यान जल्द से जल्द दर्द मुक्त होने पर है और हम सही दिशा में जा रहे हैं। उम्मीद है कि एक हफ्ते के भीतर फिट और तैयार हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि अभ्यास और रिहैबिलिटेशन के बीच संतुलन बना रहा हूं। लेकिन प्रगति काफी अच्छी है। इसलिए जल्द ही पूर्ण फिटनेस हासिल करने को लेकर आशावान हूं। यूएई में हुए आईपीएल के पिछले सत्र में विलियमसन ने सनराइजर्स के लिए 11 पारियों में 317 रन बनाए थे और टीम को प्ले आफ में जगह बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# राहुल चाहर विकेट लेने वाले गेंदबाज: शेन बांड

**चेन्नई।** मुंबई इंडियन्स के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने शुक्रवार को लेग स्पिनर राहुल चाहर की तारीफ करते हुए कहा कि 21 साल का यह खिलाड़ी विकेट झटकने वाला गेंदबाज है और टीम के बड़े खिलाड़ियों के बीच उनकी भूमिका कभी नहीं बदलती है। भारत के लिए तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेल चुके चाहर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 27 रन देकर चार विकेट चटकाए जिससे पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियन्स उस छोटे स्कोर का बचाव करने में सफल रही थी। बॉन्ड ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को खेले जाने वाले मैच से पहले कहा कि वह बहुत अच्छा कर रहे हैं, अगर आप राहुल चाहर को देखें, तो वह अभी भी काफी युवा हैं, जिसने काफी क्रिकेट खेला है। वह हमारे लिए दबाव वाले मैच (फाइनल) भी खेला है और टीम का प्रमुख सदस्य हैं। खुद को और बेहतर बनाने के मामले में मुझे लगता है कि उसे अभी एक लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा कि वह अच्छा श्रोता है और मैदान पर उतर कर खेल की योजना को उतारना चाहता है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ वर्षों तक इसे जारी रखेगा। न्यूजीलैंड के लिए 18 टेस्ट और 82 एकदिवसीय खेल चुके बॉन्ड ने कहा कि टीम में राहुल चाहर की भूमिका बदलाव नहीं आता और टीम चाहती है कि वह विकेट लेने वाले गेंदें डाले। उन्होंने कहा कि हमारे पास पावर-प्ले में ट्रेंट बोल्ट, बूम्स (जसप्रीत बुमराह) जैसे शानदार स्ट्राइक गेंदबाज है।

### केनिशा ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में स्वर्ण पदक जीता

**ताशकंद।** मुंबई की तैराक केनिशा गुप्ता ने शुक्रवार को यहां उज्बेकिस्तान ओपन चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) विकास समूह में शामिल केनिशा ने 26.61 सेकेंड के समय के साथ टूर्नामेंट का अपना तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। वह इस सप्ताह 100 मीटर और 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में शीर्ष पर रही थी। फिना से मान्यता प्राप्त यह टूर्नामेंट ओलंपिक क्वालीफायर है। पिछले साल मार्च में कोरोना वायरस महामारी से बचाव के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के बाद से पहली प्रतियोगिता है।

# अरूणधति और चानू क्वार्टर फाइनल में

भाषा। नई दिल्ली

**खेलो** इंडिया खेलों की तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता अरूणधति चौधरी (69 किग्रा) और बेबीरोजिसाना चानू (51 किग्रा) ने पोलैंड के किल्से में चल रही पुरुषों और महिलाओं की युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है जबकि तीन अन्य भारतीय मुक्केबाज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। विकास (52 किग्रा) और अर्शी खानम (54 किग्रा) हालांकि गुरुवार को दूसरे दौर के मुकाबलों में शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। अरूणधति और बेबीरोजिसाना के अलावा आकाश गोरखा (60 किग्रा), सुमित (69 किग्रा) और गितिका (48 किग्रा) जीत दर्ज करने में सफल रहे। अरूणधति ने कोलंबिया की डेयानिएरा केसस जेरेज को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई जहां उनका सामना युक्रेन की अन्ना सेज्को से होगा। युक्रेन की मुक्केबाज को पहले दौर में बाई मिली थी। बेबीरोजिसाना ने एस्टोनिया की डायना गोरिसनाजा को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। मणिपुर की मुक्केबाज के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रैफरी को दूसरे राउंड में ही मुकाबला रोकना पड़ा।

### पृथ्वी साव को आउट करना संतोषजनक रहा: उनादकट

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट बेहतरीन फॉर्म में चल रहे पृथ्वी साव को अपने जाल में उलझाकर आउट करके काफी संतुष्ट हैं। पृथ्वी के आउट होने के बाद दिल्ली कैपिटल्स का शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और टीम इससे उबरने में नाकाम रही। उनादकट ने चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने पृथ्वी के अलावा शिखर धवन और अजिंक्य रहाणे को भी आउट किया। पृथ्वी को आउट करने की रणनीति के बारे में पूछने पर उनादकट ने कहा कि हमने पृथ्वी के लिए कुछ योजनाएं बनाई थी। वह पिछले मैच में काफी अच्छा खेला और आपको पता है कि वह सीधे शॉट काफी अधिक खेलना पसंद करता है।

# सेंसेक्स व निफ्टी में मामूली लाभ साप्ताहिक आधार पर नुकसान में

भाषा। मुंबई

**वैश्विक** बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच शुक्रवार को बीएसई में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी मामूली लाभ के साथ बंद हुए, यह लगातार तीसरा कारोबारी सत्र है जबकि बाजार लाभ के साथ बंद हुए। हालांकि, इसके बावजूद बाजार साप्ताहिक आधार पर कुल नुकसान की भरपाई नहीं हो सकी। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में जबर्दस्त सुधार तथा वैश्विक बाजारों में तेजी से रुख से यहां बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 28.35 अंक या 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48,832.03 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 36.40 अंक या 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,617.85 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 3.07 प्रतिशत चढ़ गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, ओएनजीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा और नेस्ले इंडिया के शेयर भी लाभ में रहे।

वहीं दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, एसबीआई, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.55 प्रतिशत तक टूट गए। कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 759.29 अंक या 1.53 प्रतिशत टूटा। वहीं निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर 217 अंक या 1.46 प्रतिशत का नुकसान दर्ज हुआ। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी ने कहा कि कोविड की दूसरी लहर में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक दिन में दो लाख से अधिक मामलों का आंकड़ा पार हो गया है। इससे निश्चित रूप से आमदनी की रफ्तार को कायम रख पाना मुश्किल होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार के टीकाकरण में तेजी के प्रयासों तथा महाराष्ट्र और दिल्ली में पूरी तरह लॉकडाउन नहीं लगाए जाने की वजह से शेयरों को कुछ राहत मिली है, लेकिन अन्य राज्यों द्वारा व्यापक आर्थिक अंकुश की संभावनाओं से निकट भविष्य में निवेशकों की धारणा प्रभावित हो सकती है।

### मारुति की कारें 22,500 रुपये तक महंगी हुई

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने विभिन्न मॉडलों के दाम 22,500 रुपए तक बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से उसे यह कदम उठाना पड़ रहा है। यह मूल्यवृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू होगी। कंपनी ने कहा कि सेलेरियो और स्विफ्ट को छोड़कर सभी मॉडलों के दाम बढ़ाए गए हैं। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में मारुति ने कहा, विभिन्न लागत में बढ़ोतरी की वजह से कंपनी को चुनिंदा मॉडलों के दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं। दिल्ली शोरूम में विभिन्न मॉडलों के दाम औसतन 1.6 प्रतिशत बढ़ाए गए हैं। कंपनी ने कहा कि नई कीमतें शुक्रवार से ही लागू हो गई हैं। कंपनी भारतीय बाजार में आल्टो से लेकर एस-क्रॉस तक विभिन्न मॉडल बेचती है।

# एक माह के लॉकडाउन से जीडीपी का दो प्रतिशत का नुकसान होगा: बोफा

भाषा। मुंबई

**वॉल** स्ट्रीट की ब्रोकरेज कंपनी बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) सिक्योरिटीज का मानना है कि कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी की वजह से बीते वित्त वर्ष 2020-21 की मार्च की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की अनुमानित तीन प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल होना मुश्किल है। बोफा ने कहा कि महामारी के मामले बढ़ने से अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार की राह में जोखिम है। ब्रोकरेज कंपनी ने कहा कि एक माह के राष्ट्रीय स्तर के लॉकडाउन से जीडीपी का एक से दो प्रतिशत का नुकसान होगा। बोफा की रिपोर्ट में कहा गया है कि वृद्धि अभी सुस्त है और महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतकों में गिरावट आई है। ऋण की वृद्धि काफी कमजोर है। संक्रमण के बढ़ते मामलों की वजह से वृद्धि के मोर्चे पर चिंता बढ़ी है। सात कारकों पर आधारित बोफा इंडिया का गतिविधि संकेतक फरवरी में घटकर एक प्रतिशत पर आ गया। जनवरी में यह 1.3 प्रतिशत था। फरवरी में भारत के गतिविधि सूचकांक के सात में चार कारक इससे पिछले महीने की तुलना में सुस्त पड़े हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे मार्च तिमाही में वास्तविक जीवीए की तीन प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जोखिम में हैं। यह सूचकांक 2020-21 में पहली बार दिसंबर, 2020 में सकारात्मक हुआ था। इससे पहले लगातार नौ माह तक इसमें गिरावट आई थी।

# अमेरिका में फेडेक्स केंद्र में गोलीबारी, आठ की मौत

एपी। इंडियानापोलिस (अमेरिका)

**इंडियानापोलिस में** फेडेक्स के एक केंद्र पर बृहस्पतिवार रात को हुई गोलीबारी की घटना में आठ लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता जिनी कुक ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि इस घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं जिन्हें स्थानीय अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। कम से कम चार लोगों को अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल है। दो अन्य को घटनास्थल पर ही उपचार दिया गया। इस घटना में कोई कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल नहीं हुआ है। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि बंदूकधारी ने स्वयं को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। कुक ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार की रात की है। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो वहां पर गोलीबारी चल रही थी।

फेडेक्स की ओर से शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी किया गया जिसमें कहा गया कि अधिकारियों के साथ सहयोग किया जा रहा है। इसमें कहा गया, इंडियानापोलिस हवाईअड्डे के निकट हमारे फेडेक्स केंद्र पर हुई गोलीबारी की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से हम अवगत हैं। सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है और प्रभावित लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। फेडेक्स केंद्र में काम करने वाले घटना के एक चश्मदीद ने बताया कि गोलियों की आवाज आई और उसके बाद उसने एक बंदूकधारी को वहां देखा।

### भारतीय मूल के व्यक्ति ने कहा इंडियानापोलिस गोलीबारी में उसकी भतीजी भी घायल हुई

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने कहा कि अमेरिका के इंडियानापोलिस शहर के फेडएक्स में गोलीबारी की घटना में घायल हुए लोगों में उसकी भतीजी भी शामिल है। खबरों के मुताबिक इसमें आठ लोगों की मौत हुई थी। इंडियानापोलिस मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात हुई गोलीबारी में कम से कम आठ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।भारतीय मूल की लड़की अपनी कार में चालक सीट पर बैठी थी तभी गोलीबारी शुरू हो गई। यह जानकारी उसके चाचा परमिंदर सिंह ने स्थानीय समाचार चैनल डब्ल्यूटीवी को दी। सिंह ने कहा, मैं घर में सोया था तभी उसका फोन आया। उसने बताया कि फेडएक्स में गोलीबारी चल रही है। इसलिए वह ब्राउंसबर्ग चली गई। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में वह घायल हो गई। सिंह ने कहा, उसके बाएं हाथ में गोली लगी। वह ठीक है और अभी अस्पताल में है।



पेट्रोपोलिस। सैन्य पुलिस अधिकारी एवराल्डो पिंटो ब्राजील के रियो डी जनेरियो में कोविड 19 महामारी के बीच बच्चों के हाथों पर शराब छिड़कते हुए।

## अमेरिकी बलों पर हमले के लिए रूस के ईनाम देने संबंधी खुफिया जानकारी पुख्ता नहीं: व्हाइट हाउस

एपी। वाशिंगटन



**व्हाइट हाउस** ने कहा है कि खुफिया विभाग के पास इस बात के पुख्ता सबूत नहीं है कि रूसी खुफिया अधिकारियों ने तालिबान को अफगानिस्तान में अमेरिकी बलों पर हमले के लिए उकसाया। इस मामले को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य डेमोक्रेटिक नेताओं ने 2020 में हुए चुनाव में देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला था, लेकिन यह ताजा आकलन इस हमले के आधार को कमजोर करता है। अमेरिका ने पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने और अमेरिकी संघीय एजेंसियों में सेंधमारी करने के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराते हुए बृहस्पतिवार को उसके 10 राजनयिकों को निष्कासित करने तथा 30 से अधिक लोगों एवं प्रमुख वित्तीय संस्थानों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इस बीच, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि खुफिया रिपोर्ट की समीक्षा के बाद खुफिया समुदाय ने निष्कर्ष निकाला कि उसे रिपोर्ट की प्रामाणिकता पर कम एवं मध्यम स्तर का विश्वास है।

उन्होंने बताया कि यह रिपोर्ट हिरासत में लिए गए अफगान नागरिकों से प्राप्त की गई जानकारी पर आधारित है और रिपोर्ट के लिए जानकारी एकत्र करने के तरीकों के कारण इसकी प्रामाणिकता पर कम भरोसा है। साकी ने कहा कि रिपोर्ट पर कम से मध्यम स्तर का भरोसा होने का एक कारण यह है कि यह हिरासत में बंद लोगों से मिली जानकारी पर आधारित है। द एसोसिएटेड प्रेस ने जून में कहा था कि ट्रंप के व्हाइट हाउस के अधिकारियों को गठबंधन बल के सैनिकों पर हमलों के लिए 2019 और 2020 में कथित रूप से इनाम देने के बारे में बताया था। तत्कालीन सुरक्षा सलाहकार रोबर्ट ओ ब्रायन ने उस समय कहा था कि ट्रंप को इस बारे में जानकारी नहीं दी गई थी, क्योंकि इन खुफिया रिपोर्ट की पुष्टि नहीं हुई थी। रक्षा अधिकारियों एवं सैन्य कमांडरों ने भी इस बार कहा है कि कथित इनाम संबंधी खबरों की रक्षा खुफिया एजेंसियों ने पुष्टि नहीं की है और उन्हें रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर भरोसा नहीं है। व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप, असंतुष्टों पर कार्वाई, साइबर अपराध और क्रीमिया पर कब्जे के कारण रूस के खिलाफ हाल में प्रतिबंध लगाए गए हैं, लेकिन ए प्रतिबंध अमेरिकी बलों की हत्या करने पर कथित रूप से इनाम देने की रिपोर्ट के कारण नहीं लगाए गए हैं।

### अफगानिस्तान में शांति के राजनयिक प्रयासों के समर्थन के लिए पाकिस्तान पर दबाव बनाता रहेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए (सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी) के निदेशक विलियम बर्न्स ने कहा है कि अफगानिस्तान में शांति सुनिश्चित करने के राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए अमेरिका पाकिस्तान पर दबाव बनाता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के दीर्घकालिक हित में है कि उसके युद्धग्रस्त पड़ोसी देश में असुरक्षा और अस्थिरता नहीं रहे क्योंकि इससे स्वयं उसके अपने हित प्रभावित होंगे। बर्न्स हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के अध्यक्ष एडम शिफ के सवाल का जवाब दे रहे थे। बृहस्पतिवार को एक बैठक में शिफ ने पूछा था, अफगानिस्तान से हमारे सैनिकों की वापसी का आपके खयाल से पाकिस्तान से तालिबान के संबंधों, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के हक्कानी नेटवर्क और अन्य से संबंधों पर क्या प्रभाव पड़ेगा? अमेरिकी सेना की अनुपस्थिति में इनमें क्या बदलाव आएगा? इस पर बर्न्स ने कहा, राजनयिक प्रयासों के समर्थन में आज पाकिस्तान सकारात्मक भूमिका निभा रहा है, कम से कम उन प्रयासों में जो अमेरिका तथा अन्य देश कर रहे हैं ताकि अफगानिस्तान की सरकार और तालिबान के बीच जो गहरी खाई है से पाटी जा सके।

## ब्रिटेन को कोरोना वायरस के पहली बार भारत में 77 प्रकार के मामले मिले

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** स्वास्थ्य अधिकारियों ने कोरोना वायरस के बेहद संक्रामक प्रकार बी.1.617 के 77 मामलों की पहचान की है और इसे जांच के अधीन वाले प्रकार (वीयूआई) के तौर पर निर्धारित किया है। यह कोविड-19 के लिए जिम्मेदार वायरस का वही प्रकार है जो पहली बार भारत में मिला था। ब्रिटेन में चिंता वाले वायरस के प्रकारों (वीओसी) और वीयूआई के नए मामलों पर साप्ताहिक जानकारी जारी करे वाले पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड (पीएचई) ने बृहस्पतिवार को बताया कि पहली बार भारत में मिले वायरस के इस प्रकार ने कई बार रूप बदला है। पीएचई की साप्ताहिक रिपोर्ट में कहा गया, एक नए प्रकार को पीएचई ने जांच अधीन प्रकार (वीयूआई) माना है। पहली बार भारत में मिले इस प्रकार ने कई बार रूप बदला है और इसके परिवर्तित रूपों में ई484क्यू, एल452आर और पी681आर शामिल हैं।

इसने कहा, पीएचई ने ब्रिटेन में इस प्रकार के 77 मामलों की पहचान की है और सभी उचित जन स्वास्थ्य हस्तक्षेप किए जाएंगे जिनमें संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने का काम तेजी से होगा। वायरस के इस प्रकार को वीयूआई-21 अप्रैल-01 तय किया गया है। पीएचई और अंतरराष्ट्रीय साझेदार स्थिति पर करीब से नजर रखना जारी रखेंगे। बी.1.617 प्रकार के रूपांतरित प्रकारों के बारे में आशंका है कि वे तेजी से फैलते हैं और कुछ हद तक रोग प्रतिरोधक क्षमता इन्हें नहीं रोक पाती है। समझा जाता है कि भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी की दूसरी लहर के लिए बहुत हद तक यह प्रकार जिम्मेदार है जहां संक्रमण की दर और मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत फिर से बढ़ गई है। इसी के चलते ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस महीने के अंत में तय अपनी भारत यात्रा की अवधि को कम करने का फैसला किया है जहां बहुत से तय कार्यक्रमों को अब 26 अप्रैल को ही पूरा करना तय किया गया है।

जॉनसन के प्रवक्ता ने कहा, हम भारत में कोविड-19 की स्थिति के मद्देनजर प्रधानमंत्री की आगामी यात्रा को लेकर भारत सरकार से करीबी संपर्क में हैं। इन चर्चाओं के परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री ने इस माह के अंत में निर्धारित अपनी यात्रा की अवधि कम कर नई दिल्ली में एक संक्षिप्त कार्यक्रम तक सीमित करने का फैसला किया है। भारत फिलहाल देशों की उस लाल सूची में नहीं है जिसके तहत भारत और ब्रिटेन की यात्रा करने वालों को होटल में सख्त पृथक-वास में रहना होगा। अगर ब्रिटेन में भारतीय बी.1.617 प्रकार को लेकर और चिंताएं बढ़ती हैं तो इसे वीयूआई की जगह चिंताजनक प्रकार (वीयूसी) की श्रेणी में डाल दिया जाएगा।



पेरिस। ओलेना ज़ेलेंस्का पेरिस में एलिसी महल में वर्किंग लंच से पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और उनकी पत्नी ब्रिगिट मैक्रॉन यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ

## बाइडन ने रूस के साथ सामरिक स्थिरता वार्ता का प्रस्ताव दिया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप के सिलसिले में 10 रूसी राजनयिकों को निष्कासित करने के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस के साथ सामरिक स्थिरता वार्ता का प्रस्ताव पेश किया है। दोनों देशों के अधिकारियों ने आगामी दिनों में शिखर सम्मेलन की संभावना पर चर्चा की थी।

अमेरिका ने पिछले साल के राष्ट्रपति चुनाव में दखल देने और संघीय एजेंसियों में हैकिंग के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराते हुए बृहस्पतिवार को 10 रूसी राजनयिकों को निष्कासित करने और कई कंपनियों तथा संस्थानों समेत 30 से अधिक लोगों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। प्रतिबंध लगाए जाने से संबंधित शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद बाइडन ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि रूस के अपने समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर हुई बात में उन्होंने दोनों देशों के सामने मौजूद कई मुद्दों के समाधान के लिए आगामी दिनों में यूरोप में शिखर सम्मेलन का प्रस्ताव दिया। बाइडन ने कहा, हमारी टीम इसकी संभावना पर फिलहाल चर्चा कर रही है। अगर यह शिखर सम्मेलन होता है और मेरा मानना है कि यह होगा, तो अमेरिका और रूस हथियारों के नियंत्रण एवं सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग शुरू करने के लिए सामरिक स्थिरता वार्ता शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ईरान और उत्तर कोरिया से परमाणु खतरों और कोविड-19 महामारी को खत्म करने समेत ऐसे कई वैश्विक मुद्दे हैं जिन पर अमेरिका और रूस को मिलकर काम करने की जरूरत है।बातचीत के दौरान बाइडन ने यूक्रेन की सीमा और क्रीमिया में रूसी सैनिकों के निर्माण कार्य पर चिंता जताई।

## क्विक न्यूज

### एसोसिएट अटॉर्नी जनरल पद पर वनिता गुप्ता के नामांकन की पुष्टि के लिए सीनेट में होने वाला मतदान टला

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की, नागरिक अधिकार अधिवक्ता वनिता गुप्ता के एसोसिएट अटॉर्नी जनरल के पद पर नामांकन की पुष्टि के लिए होने वाले मतदान की प्रक्रिया को अगले सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। हालांकि इससे पहले उनकी उम्मीदवारी पर कई घंटे तक बहस हुई थी। उल्लेखनीय है कि एसोसिएट अटॉर्नी जनरल का पद न्याय विभाग में तीसरा सबसे बड़ा पद है।विपक्षी रिपब्लिकन सदस्यों ने 46 वर्षीय गुप्ता के नामांकन का मौखिक रूप से विरोध किया। पिछले हफ्ते गुप्ता को लेकर हुई बहस में रिपब्लिकन सदस्यों ने उनके नामांकन का विरोध करते हुए उनके उन ट्वीट का हवाला दिया जिनमें रिपब्लिकन सदस्यों की आलोचना की गई थी। गुप्ता के नामांकन को मंजूरी के लिए मतदान अगले हफ्ते तक स्थगित करने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने भरोसा जताया कि वनिता गुप्ता एसोसिएट अटॉर्नी जनरल जरूर बनेंगी और इस तरह वह इस पद पर आसीन होने वाली पहली अश्वेत होंगी। शूमर ने कहा, सीनेट एसोसिएट अटॉर्नी जनरल पद के लिए वनिता गुप्ता के नामांकन पर मुहर लगाने के लिए जल्द ही मतदान करेगा। प्रवासी परिवार की बेटी गुप्ता इस पद पर आसीन होने वाली पहली अश्वेत महिला और पहली नागरिक अधिकार अधिवक्ता होंगी। शूमर ने कहा कि रिपब्लिकन सदस्यों के विरोध के बावजूद उनके नामांकन को मंजूरी मिलेगी।

### ओसीआई कार्ड की प्रक्रिया में सुधार का भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों ने किया स्वागत

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों ने अनिवासी भारतीय (ओसीआई) कार्ड की वैधता को बनाए रखने की प्रक्रिया को सरल करने के भारत सरकार के फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि इससे विदेशों में रहने वाले अधिक से अधिक भारतीय इस तरह की प्रक्रिया को चुन सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार ओसीआई कार्डधारकों को अपने कार्ड को कई बार जारी कराते रहने के मौजूदा नियम के बजाय अब 20 साल उम्र होने पर ही दस्तावेज को पुनः जारी कराना होगा। ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पीपुल ऑफ इंडियन ओरिजिन (जीओपीआईओ) के अध्यक्ष डॉ. थॉमस अब्राहम ने बृहस्पतिवार को पीटीआई से कहा, इससे 20 से 50 साल की उम्र के कई ओसीआई कार्ड धारकों में कार्ड पुनः जारी कराने की प्रक्रिया को लेकर भ्रम दूर होगा और किसी को भी ओसीआई कार्ड पुनः जारी कराने के लिए पूरी प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा। उन्होंने कहा, इससे विदेशों में रहने वाले अधिक से अधिक भारतीयों को ओसीआई बनने का प्रोत्साहन मिलेगा तथा इससे भारत में उनकी यात्रा तथा निवेश से देश को भी लाभ होगा। विदेशों में रहने वाले भारतीयों में बेहद लोकप्रिय ओसीआई कार्ड उन्हें लंबे समय तक वीजामुक्त यात्रा और भारत में रहने की सुविधा प्रदान करता है। इससे कार्डधारकों को कई सुविधाएं मिलती है जो आम तौर पर किसी विदेशी नागरिक को नहीं मिलती है। भारत ने अब तक करीब 37.72 लाख ओसीआई कार्ड जारी किए है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा, ओसीआई कार्डधारकों की सुविधा को देखते हुए भारत सरकार ने यह फैसला किया है।

### बाइडन और सुगा क्वाड की अगली व्यक्तिगत बैठक की शुक्रवार को कर सकते हैं घोषणा: अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और जापान के प्रधानमंत्री सुगा योशिहिदे चतुष्पदीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के सदस्य नेताओं के बीच आमने-सामने की आगामी बैठक की शुक्रवार को घोषणा कर सकते है, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भी भाग लेंगे। सुगा बृहस्पतिवार रात को यहां पहुंचे और वह शुक्रवार को व्हाइट हाउस में बाइडन से मुलाकात करेंगे। बाइडन कोविड-19 वैश्विक महामारी के बीच किसी अन्य देश के नेता के साथ पहली बार आमने-सामने की बैठक करेंगे। अमेरिका के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, क्वाड भले ही एक अनौपचारिक बैठक है, लेकिन हम इसे हिंद-प्रशांत संबंधी नीति को आगे ले जाने में अहम मानते है। अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की कि बाइडन और सुगा क्वाड के संबंध में चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि चारों नेताओं की आमने-सामने की आगामी बैठक के समय पर चर्चा और इस संबंध में घोषणा कर सकते है। अधिकारी ने कहा, मुझे लगता है कि दोनों नेता इसकी (क्वाड की) समीक्षा करेंगे और क्वाड संबंधी भविष्य की योजनाओं को रेखांकित करेंगे। क्वाड भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का समूह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, बाइडन और सुगा ने 12 मार्च को पहला डिजिटल शिखर सम्मेलन किया था। यह सम्मेलन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता की पृष्ठभूमि में किया गया था। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि बाइडन और सुगा कोविड-19 टीके पर भी चर्चा करेंगे।

### पाकिस्तान ने हिंसक प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया की सेवाएं रोकीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक कट्टरपंथी धार्मिक संगठन के हिंसक प्रदर्शनों के बाद ट्विटर, फेसबुक और व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया मंचों की सेवाओं पर शुक्रवार को अस्थाई रोक लगा दी ताकि इनका इस्तेमाल प्रदर्शनों के आयोजन के लिए न किया जा सके। उक्त संगठन को सरकार की तरफ से अब प्रतिबंधित कर दिया गया है। सरकार ने तहरीक-ए-लबैक पाकिस्तान (टीएलपी) के तीन दिन के हिंसक प्रदर्शनों के बाद बृहस्पतिवार को उसे प्रतिबंधित कर दिया। यह संगठन सरकार पर प्रांस में पिछले साल प्रकाशित कथित ईश निंदात्मक कार्टून को लेकर वहां के राजदूत को निष्कासित करने का दबाव बनाना चाहता था। टीएलपी ने अपने मुखिया साद हुसैन रिजवी की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को देशव्यापी प्रदर्शन शुरू कर दिए थे। टीएलपी समर्थकों की कई शहरों और कस्बों में इस हफ्ते की शुरुआत में पुलिस से हिंसक झड़प हुई जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और करीब 300 पुलिसकर्मी घायल हो गए। शुक्रवार की नमाज के बाद प्रदर्शनों को रोकने के लिए, आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चार घंटे के लिए सोशल मीडिया की सेवाओं को बंद रखने का निर्देश दिया। पीटीए ने एक अधिसूचना में कहा कि, सोशल मीडिया मंचों (ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सऐप, यूट्यूब और टेलीग्राम) पर पहुंच पूरी तरह अवरुद्ध हो। पीटीए ने सेवाओं पर रोक के कारण नहीं बताए लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि ऐसी आशंका थी कि प्रदर्शनकारी प्रदर्शनों के आयोजन के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकते है।

### जलवायु परिवर्तन पर भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर विधेयक अमेरिकी संसद में पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 10 सीनेटरों के एक समूह ने एक व्यापक अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन विधेयक पेश किया है, जिसमें व्हाइट हाउस द्वारा अगले सप्ताह आयोजित किए जाने वाले विभिन्न देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले इस क्षेत्र में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को फिर से मजबूत करने समेत जलवायु परिवर्तन से निपटने में मददगार विभिन्न बातों का जिक्र किया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने 22 और 23 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विश्व के 40 नेताओं को आमंत्रित किया है। सीनेट विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष एवं सीनेटर बॉब मेनेंडेज ने नौ अन्य डेमोक्रेटिक सदस्यों के साथ मिलकर जलवायु परिवर्तन के अंतरराष्ट्रीय न्यूनीकरण, अनुकूलन और प्रौद्योगिकी संवर्धन में अमेरिका के नेतृत्व संबंधी विधेयक (अमेरिकी जलवायु विधेयक 2021) को पेश किया। मेनेंडेज ने कहा कि इस विधेयक में जलवायु परिवर्तन संबंधी व्यापक विदेश नीति पर सर्वाधिक ध्यान केंद्रित किया गया है।

## न्यूयॉर्क में नदी में तैरता मिला भारतीय मूल के गणितज्ञ का शव

भाषा। न्यूयॉर्क

**क्रिप्टोकरंसी (आभासी मुद्रा)** एवं कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में कार्यरत भारतीय मूल के 31 वर्षीय गणितज्ञ का शव यहां हडसन नदी में बहता मिला। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि गणितज्ञ शुब्रो बिस्वास संभवत: मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट ने बताया कि शुब्रो का शव नदी में मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुब्रो की मौत के पीछे किसी प्रकार का षड्यंत्र होने का तत्काल कोई सबूत नहीं मिला है। शुब्रो के भाई बिप्रोजीत बिस्वास (34) ने बताया कि वह और उनका परिवार इस खबर से बहुत दु:खी हैं। बिप्रोजीत ने बताया कि शुब्रो मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे और उनके परिवार ने इससे उबरने में उनकी मदद करने की पूरी कोशिश की, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। बिप्रोजीत के हवाले से समाचार पत्र ने कहा, हम पूरी तरह टूट गए हैं। उन्होंने कहा, वह बहुत अच्छा इंसान था। बिप्रोजीत ने बताया कि उनका भाई क्रिप्टोकरंसी सुरक्षा कार्यक्रम पर काम कर रहा था। ऑनलाइन उपलब्ध प्रोफाइल के अनुसार शुब्रो ने कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में भी काम किया था। बिप्रोजीत ने बताया कि परिवार को पिछले एक साल से शुब्रो के व्यवहार में बदलाव नजर आने लगा था, लेकिन वह अपनी बातें अकसर किसी के साथ साझा नहीं करते थे। शुब्रो के परिवार ने उससे किसी से अपने मन की बात साझा करने की अपील की थी। उन्होंने कहा, हमने उसे पेशेवर मदद लेने के लिए मनाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वह हमेशा इस बात से इनकार कर देता था कि उसे किसी मनोचिकित्सक की मदद की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, शुब्रो के अपार्टमेंट के प्रबंधन ने आग लगाने, खुलेआम चाकू दिखाकर डराने और लिफ्ट में खून के धब्बे लगाने समेत कथित अजीबो-गरीब कृत्यों के कारण उन्हें इमारत से निकाले जाने का अनुरोध करते हुए मैनहट्टन सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शहर के चिकित्सकीय जांच अधिकारी शुब्रो की मौत के कारण का पता लगाएंगे।

## पाकिस्तान की पनाहगाहों ने तालिबान की कामयाबी में बहुत मदद की है: अमेरिकी सीनेटर

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** एक वरिष्ठ सांसद ने कहा है कि अफगानिस्तान में तालिबान के जड़ें जमाने के पीछे वजह पाकिस्तान में मौजूद उसकी सुरक्षित पनाहगाहें हैं। एक दिन पहले ही वाशिंगटन ने युद्धग्रस्त देश से 11 सितंबर तक अपने सभी सैनिकों को वापस बुलाने की योजना की घोषणा की है। सीनेट आर्म्ड सर्विस कमेटी के अध्यक्ष जैक रीड ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा, तालिबान के सफल होने में बहुत बड़ा योगदान इस तथ्य का है कि तालिबान को पाकिस्तान में मिल रही सुरक्षित पनाहगाह को खत्म करने में अमेरिका विफल रहा है। हाल के एक अध्ययन का हवाला देते हुए रीड ने कहा कि पाकिस्तान में तालिबान की सुरक्षित पनाहगाह होना और इंटर सर्विसेस इंटेलिजेंस (आईएसआई) जैसे संगठनों के जरिए वहां की सरकार से समर्थन मिलना तालिबान के युद्ध को जारी रखने के लिए आवश्यक है और सुरक्षित पनाहगाहों को नष्ट नहीं कर पाने की अमेरिका की विफलता इस युद्ध में वाशिंगटन की सबसे बड़ी गलती है। उन्होंने कहा, जैसा कि अफगान स्टडी समूह (कांग्रेस के निर्देश के तहत कार्यरत) ने कहा कि आतंकवाद के लिए ए पनाहगाह जरूरी हैं। इसके अलावा पाकिस्तान की आईएसआई ने अवसरों का फायदा उठाने के लिए अमेरिका के साथ सहयोग करते हुए तालिबान की मदद की। रीड ने कहा कि 2018 के आकलन के अनुसार पाकिस्तान ने प्रत्यक्ष सैन्य और खुफिया सहयोग प्रदान किया जिसके नतीजतन अमेरिकी सैनिक, अफगान सुरक्षा बल के जवान और नागरिक मारे गए तथा अफगानिस्तान में बहुत तबाही हुई। उन्होंने कहा, तालिबान को यह समर्थन पाकिस्तान द्वारा अमेरिका के सहयोग के विरोधाभासी है उन्होंने अपने हवाई क्षेत्र और अन्य अवसंरचनाओं के इस्तेमाल की भी अनुमति दी जिसके लिए अमेरिका ने बहुत आर्थिक मदद की है। रीड ने कहा, अफगान स्टडी समूह के अनुसार पाकिस्तान ने दोनों ओर फायदा उठाने की कोशिश की। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान इन सबके साथ खुद भी कमजोर हो रहा है और परमाणु हथियार संपन्न होने के कारण यह खतरनाक है। रीड के मुताबिक, इन सबके ऊपर पाकिस्तान का अपने पड़ोसी देश भारत से लंबे समय से संघर्ष चल रहा है और भारत भी परमाणु हथियारों से संपन्न देश है। सीनेटर ने कहा कि पाकिस्तान और भारत लंबे समय से दक्षिण एशिया में संघर्ष में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान से अमेरिका और उसके गठबंधन सहयोगियों के सैनिकों की वापसी के फैसले के पीछे एक वजह है कि वे ऐसी अफगान सरकार का गठन नहीं करा सके जो जनता का विश्वास हासिल कर सके और शहरों से परे जाकर सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा न्याय समेत बुनियादी सेवाएं प्रदान कर सके। राष्ट्रपति जो बाइडन ने देश को टेलीविजन से दिए अपने संबोधन में कहा था कि संघर्ष प्रभावित अफगानिस्तान से सभी अमेरिकी सैनिकों को 11 सितंबर तक वापस बुलाया जाएगा और अमेरिका के सबसे लंबे संघर्ष को खत्म किया जाएगा।

## महामारी के बीच तत्काल यात्रा की योजना बना रहे हैं तो टिकट बुक करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें

# आपकी यात्रा सुरक्षित हो

दिनेश कुमार कोठा

**भारत विभिन्न** संस्कृतियों वाला देश है और इसकी सुंदरता का पता लगाने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है ट्रेन की सवारी जो इसकी सुंदरता को जानने का अद्भुत अनुभव प्रदान करती है। जैसे ही आप रेलवे स्टेशन में प्रवेश करते हैं, आपको कई विक्रेताओं द्वारा अपने उत्पादों को बेचते, विभिन्न प्रकार की गाड़ियों को प्लेटफार्मों से निकलते और प्रवेश करते और आगे-पीछे चलने वाले लोगों को अपने रिश्तेदारों को छोड़ने / अगवानी करने के अद्भुत नजारे नजर आते हैं। आधुनिक समय की जरूरतों को पूरा करने के लिए, भारत में ट्रेनें सीसीटीवी कैमरे, बायो-टॉयलेट और इंटरनेट कनेक्टिविटी से लैस हैं, जिससे यात्रियों को सबसे अधिक आराम मिलता है। हालांकि यह सब आपको अभी से ट्रेन में चढ़ने के लिए उत्साहित कर सकता है, मगर कोविड-19 के कारण ट्रेन यात्रा का अधिकांश अनुभव बदल गया है।

महामारी के कारण धड़कने तक के लिए तैयार नहीं, भारतीय रेलवे को सामाजिक दूरी को बढ़ावा देने व संक्रमण के प्रसार पर निगरानी रखने के लिए कुछ नियमों को लेकर आना पड़ा। इस वजह से, ट्रेन की यात्रा का ग्लैमर और आकर्षण वो नहीं रहा जो हुआ करता था। इसका मतलब है कि खाने की बिक्री करने वाले फेरीवालों के प्रवेश पर प्रतिबंध, आनंददायी सवारी के बीच में कुछ व्यवधान आदि होना नयी उभरती सहजता हैं। यह सब जानने के बाद भी, यदि आपके पास तत्काल यात्रा की योजना है और आपने सवारी के लिए 'ट्रेन' को अपना माध्यम चुना है, तो कुछ चीजें हैं जिन्हें आपको टिकट बुक करते समय करने या जानने की आवश्यकता है।





**■ समय से पहले अपनी यात्रा की योजना बनाएं**

कोविड छद्म नहीं है और इसे अन्यथा नहीं माना जाना चाहिए। यदि आप अपने चुने हुए गंतव्य पर एक होटल में रहना चाहते हैं, तो आपको कोविड प्रोटोकॉल के माध्यम से जांच करना चाहिए और सबसे सुरक्षित विकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। भारी भीड़ के साथ घुलने-मिलने से बचने के लिए ऑफ-सीजन की तारीखों (सप्ताह के दिनों) में जाने की भी सिफारिश की गई है। इसके अलावा, आपको उन स्थानों का मानचित्रण करना चाहिए जहां आप यात्रा करना चाहते हैं और एक विजेता की तरह संक्रमण से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**■ अब 'अनारक्षित यात्रा' की सुविधा नहीं रही**

अत्यधिक भीड़भाड़ वाली ट्रेनों से बचने और संक्रमण के प्रसार को घटाने के लिए, ट्रेनें अब बिना आरक्षण कराए यात्रा की अनुमति नहीं देती हैं। अनारक्षण वाली ट्रेनों में सवार होने का एकमात्र तरीका है, कि आपके आप ट्रेन में सीट आरक्षित हो, जिसमें आपके सामने नो एंट्री लिखा होता है। इसलिए, सुनिश्चित करें कि आपके पास अपने गंतव्य की यात्रा करने के लिए एक कन्फर्म ट्रेन टिकट है।

**■ कोविड प्रोटोकॉल के बारे में जानें**

अपने नागरिकों व यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कई राज्य सरकारों ने अपने कोविड प्रोटोकॉल अपडेट किए हैं। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु सरकार ने राज्य में आने से कुछ दिन पहले अनेक भारतीय क्षेत्रों के यात्रियों को ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए प्रशिक्षित किया है। किसी भी नियम को तोड़ने और अपनी यात्रा के खराब होने से बचने के लिए आपको अपने चयनित गंतव्य द्वारा सूचीबद्ध समस्त दिशानिर्देशों की जांच करनी चाहिए।

**■ अपना पूरा पता बताएं**

इससे पहले, ट्रेन टिकट बुक करते समय अपना पता विवरण बताने की कोई आवश्यकता नहीं होती थी। लेकिन अब हमारे सिर पर कोविड के मंडराने से, गाड़ियों पर भी प्रकोप / नए रेड जोन का खतरा काफी आसन्न है। इसलिए, यात्रियों को भारतीय रेलवे को अपना सही और पूर्ण पता विवरण प्रदान करना होगा ताकि वे जरूरत पड़ने पर उनका पता लगा सकें।

**■ अपना आरटीपीसीआर टेस्ट करवाएं**

जैसा कि अधिक से अधिक कोविड संक्रमित मामलों ने हमारे देश को घेर लिया है, ऐसे में भारतीय रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे ट्रेन में सवार होने के 72-96 घंटों के भीतर अपना आरटी-पीसीआर परीक्षण करवाएं, जो गारंटी देता है कि व्यक्ति, अन्य यात्रियों के लिए एक स्वास्थ्य जोखिम प्रस्तुत किए बिना, यात्रा करने के लिए सुरक्षित है (नकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के बाद)। एक भारतीय राज्य से दूसरे भारतीय राज्य में सूचीबद्ध समयसीमा भिन्न होती है। यह नियम इस बात की अनुशंसा करता है कि प्रत्येक यात्री किसी भी परेशानी से बचने के लिए चयनित गंतव्य द्वारा निर्धारित नियमों से परिचित हो।कोविड महामारी ने वास्तव में ट्रेन यात्रा उद्योग में कुछ कठिनाइयां प्रस्तुत की हैं। लेकिन जैसा कि हम इन पर काबू पाने और एक कोविड उपरांत दुनिया के लिए तैयार होने के लिए प्रयासरत हैं, यात्रियों को सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का ध्यानपूर्वक पालन करना होगा। इसलिए, चाहे आप काम के लिए यात्रा कर रहें हों या खुशी के लिए यात्रा कर रहे हों, बस सुरक्षित यात्रा को अनुभव करने के लिए अपने ट्रेन टिकट को बुक करते समय उपरोक्त विवरण को याद रखना सुनिश्चित करें।

**(लेखक, दिनेश कुमार कोठा, कन्फर्म टिकट के सह-संस्थापक और सीईओ हैं।)**

## अस्पताल में भर्ती हुए अभिनेता विवेक



भाषा। चेन्नई

**लोकप्रिय तमिल** अभिनेता विवेक को शुक्रवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अचेत होने पर यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिल्म उद्योग और अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभिनेता को शहर के एक अस्पताल में सघन देखभाल इकाई (आईसीयू) में रखा गया है। सूत्रों ने बताया कि हास्य अभिनेता (59) ने बृहस्पतिवार को कोविड रोधी टीके की खुराक ली थी। उन्होंने कहा कि अभिनेता ने सीने में दर्द की शिकायत की और बेहोश हो गए जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके प्रचार का काम देखने वाले निकिल मुरुगन ने संवाददाताओं को बताया कि अभिनेता का एंजियोग्राम (एक्स-रे के जरिए रक्त वाहिकाओं की तस्वीर लेने की प्रक्रिया) किया गया है और वह ठीक हैं। उन्होंने बताया, अभिनेता होश में हैं और बात कर रहे हैं। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित विवेक ने रजनीकांत, विजय और अजित कुमार समेत कई बड़े तमिल अदाकारों के साथ काम किया है। वह कुछ फिल्मों में मुख्य कलाकार के तौर पर भी नजर आए और पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाने में भी वह सक्रिय रहे हैं।



## तेलुगु फिल्म अभिनेता और जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण कोविड-19 से संक्रमित

**अमरावती।** तेलुगु फिल्मों के अभिनेता और जन सेना पार्टी के प्रमुख के. पवन कल्याण कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है। यह जानकारी शुक्रवार को उनके राजनीतिक सचिव पी. हरिप्रसाद ने दी। हरिप्रसाद ने एक बयान जारी कर कहा, कल्याण पर उनके निजी चिकित्सक नजर रखे हुए हैं, साथ ही अपोलो अस्पताल के विशेषज्ञों की टीम भी उनकी निगरानी कर रही है। उनके फेफड़े में दिक्कत है और उन्हें बुखार भी आ रहा है। लेकिन उनकी हालत स्थिर है। कल्याण तिरूपति में तीन अप्रैल को उपचुनावों से लौटने के बाद हैदराबाद के बाहर स्थित अपने फार्म हाउस में गृह पृथक-वास में रहे। शुरूआत की जांच में कोविड-19 की रिपोर्ट निगेटिव थी लेकिन उन्हें हल्का बुखार और बदन दर्द बना रहा। हरिप्रसाद ने कहा, दूसरी जांच में वह कोविड-19 से संक्रमित पाए गए।

# बच्चों के लिये नया धमाका तारक मेहता का छोटा चश्मा

**अप्रैल के** महीने में सिर्फएक ही ठिकाना होगा, क्योंकि सोनी याय! नये शो तारक मेहता का छोटा चश्मा के साथ गोकुलधाम सोसाइटी की एनिमेटेड दुनिया का स्वागत कर रहा है। हंसी और मनोरंजन से भरपूर इस संपूर्ण पैकेज में जेठालाल, बापूजी, दया, टप्पू और पूरा गोकुलधाम परिवार आपको अपने बेशुमार एडवेंचर से गुदगुदाने वाला है। इस शो में ढेर सारी मौज.मस्ती और मनोरंजन से भरपूर नई कहानियां होंगी।

बापूजी और जेठालाल की मजेदार जोड़ी अपने चिरपरिचित अंदाज में और अपनी नोंकझोंक से थोड़ा और ड्रामा और एक्शन का तड़का लगायेंगे। तारक मेहता का छोटा चश्मा की यह नई दुनिया कॉमेडी का पूरा संसार रचने वाली है जहां बेहतरीन एडवेंचर का कभी भी अंत नहीं होगा। इसका टाइटल ट्रैक लेकर आया है। जिससे इस शो के किरदार इस कमाल की नई दुनिया में क्या कारनामा कर रहे हैं उसकी एक झलक मिलती है। पैरों को थिरकने को मजबूर करने वाला यह ट्रैक उस चश्मे के सफर के साथ शुरू होता है। जिसमें उसके उल्टा से छोटा होने के सफर को दिखाया गया है। इससे इस नये गोकुलधाम सोसाइटी की मजेदार योजनाओं का भी पता चलता है। निश्चित तौर पर यह आगे आने वाले नये सफर को लेकर आपका उत्साह बरकरार रखेगा और आपके रोमांच को भी! ये एनिमेटेड किरदार ष्तारक मेहता का उल्टा चश्मा के किरदारों पर आधारित हैंए जिन्हें लिखा और तैयार किया है असित कुमार मोदी ने। चैनल ने वॉच पाटी के माध्यम से एक फैन.प्रीमियर भी रखा है, जिसे को.होस्ट कर रहे हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकार।




# लोमोटिफ भारतीयों के लिये लेकर आया है डांस ऑफ चैलेंज

**भारतीयों में** जिस तरह की लचक, अभिव्यक्ति और मूवमेंट देखने को मिलती है, ऐसा लगता है जैसे मछलियां पानी में अटखेलियां कर रही हों। प्रमुख वीडियो-शेयरिंग सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लोमोटिफ देशभर के डांसर्स को अपना हुनर दिखाने का एक मंच प्रदान कर रहा है। यह प्लेटफार्म डांस के दीवाने देशवासियों के लिये लेकर आया है अपना रुडांस ऑफ चैलेंज। 2 मई तक चलने वाले इस कॉन्टेस्ट में सबकी निगाहें ईनाम पर टिकी हुई हैं। इसमें उन तीन टॉप प्रतियोगियों को पेश किया जायेगा, जिन्हें सबसे ज्यादा वीडियो लाइक्स और कमेंट मिले होंगे, जिसमें कुल नकद पुरस्कार 3 लाख रुपये तक है। रोमांच के स्तर को और बढ़ाने और डांसर्स को हिस्सा लेने का प्रोत्साहन देने के लिये, इस कॉ पीटिशन में जाने-माने कोरियोग्राफर, एक्टर और डायरेक्टर रेमो डिसूजा कैम्पेन के चेहरे के रूप में नज़र आयेंगे। उनके साथ होंगे जानी-मानी इं लूएंसर तान्या शर्मा, डांसर्स वर्तिका झा और सुशांत खत्री। रेमो प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाते और उन्हें इस कॉ पीटिशन में अपना सबसे बेहतर देने के लिये प्रोत्साहित करते नज़र आयेंगे। कै पेन के बारे में पॉल यांग, को-फाउंडर एवं चीफ एक्जीक्यूटिव लोमोटिफकहते हैं, आज की ज़ेड जेनरेशन और नई पीढ़ी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है। उन्हें खुद को अनूठे रूप में पेश करना पसंद आता है। यह रुडांस ऑफ चौलेंज हमारे यूजर्स को पूरी दुनिया के दर्शकों को अपना हुनर दिखाने का मौका देता है। यह उन्हें अलग-अलग फॉर्मेट के साथ प्रयोग करने, अपनी रचनात्मक कल्पनाओं को पूरी तरह दिखाने और उन्हें अभिव्यक्त करने का अनूठा मौका देगा। इंटरनेशनल डांस डे करीब है और ऐसे में हमें उ मीद है कि देश के बेहतरीन डांसर्स हमारे साथ अभिव्यक्ति के तौर पर डांस का जश्न मनायेंगे। डांस ऑफ चौलेंज के लिये अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए रेमो डिसूजा कहते हैं लोमोटिफइंडिया डांस ऑफ चौलेंज के पहले एडिशन से जुड़कर बेहद खुशी महसूस हो रही है। मुझे पता है कि टैलेंटेड डांसर्स को अपना हुनर दिखाने के लिये एक मौका तथा एक प्लेटफॉर्म मिलना कितना जरूरी है। भारत के दूर-दराज के इलाकों से काफी सारा टैलेंट उभरकर सामने आ रहा है। और युवाओं में शॉर्ट-वीडियो प्लेटफॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता के साथ मुझे खुशी है कि लोमोटिफकल के उभरते डांसिंग सेंसेशन को एक मंच प्रदान करने में मु य भूमिका निभा रहा है।




# डर हैसियत नहीं, हिम्मत देखता है माउंटेन ड्यू

**नई दिल्ली।** माउंटेन ड्यू हमेशा ही डर और खुद पर शक किए बिना जोखिम लेने और सफलता पाने के लिए सीमाओं से परे जाने की भावना को सलाम करता है। रोमांचक फिल्मों के माध्यम से भारत के युवाओं को डर से पार पाने के लिए प्रेरित करने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए माउंटेन ड्यू ने आज 2021 के गर्मियों के सीज़न के लिए बिल्कुल नया अभियान लॉन्च किया। इस अभियान में ब्रैंड के डर के आगे जीत है दर्शन को नए सिरे से दोहराया गया है और इसमें बॉलीवुड सुपरस्टार और माउंटेन ड्यू के ब्रैंड एंबेसडर ऋतिक रोशन नज़र आते हैं। डर हैसियत नहीं, हि मत देखता है, इस नए टीवीसी के पीछे की दमदार थीम है जो आज के युवाओं को असाधारण सफलता हासिल करने के लिए सामाजिक दबावों से आगे निकलने और अपने डर से पार पाने के लिए प्रेरित करता है। इस नए अभियान के साथ ड्यू यंग स्टाइवर इंडिया का निर्माण करते हुए डर के आगे जीत है के दर्शन पर कायम है जो जीतने का सपना देखते हैं और कोशिश करते हैं।

**अपने नए अभियान में दोहराई डर के आगे जीत है की बात**

इस फिल्म में माउंटेन ड्यू की धारणा को दर्शाया गया है कि कोई व्यक्ति कितने काम का हैए यह इससे पता चलता है कि वह व्यक्ति कितनी ताकत और साहस दिखाता है न कि इससे कि उसके पास क्या चीज़ें हैं। इस फिल्म में ऋतिक रोशन के डर और उनकी प्रतिबद्धता दोनों को दर्शाया गया है। इसकी शुरुआत में ही कुछ प्रोफेशनल रेसर्स के ग्रुप के सामने अपनी बाइक लेकर आते दिखाई देते हैं। उस ग्रुप में शामिल रेसर्स हीरो का मज़ाक उड़ाते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि ऋतिक की बाइक उनकी बेहतरीन बाइक का मुकाबला नहीं कर पाएगी। अचानक होने वाले भूस्खलन की वजह से यह रेस रुक जाती है और रेस में हिस्सा ले रहे लोगों के सामने दो विकल्प रह गए। या तो वे डर के सामने घुटने टेक दें और वापस लौट जाएं या डर का सामना करें और आगे बढ़ें। हालांकि, सभी लोग हतोत्साहित कर रहे थे लेकिन ऋतिक रोशन ने अपने डर का सामना करने का फैसला किया और चुनौती स्वीकार की। माउंटेन ड्यू की एक घूंट लेते हुए उनकी मज़बूत इच्छाशक्ति की झलक उनके चेहरे पर दिखी, इसी भावना के साथ वह आगे बढ़ते हैं और विजेता के तौर पर उभरे।

इस टीवीसी की शूटिंग करने के अपने अनुभव के बारे में ब्रैंड एंबेसडर ऋतिक रोशन ने कहा, असली हीरो अपनी ताकत से जाने जाते हैं न कि इससे कि वे कहां से ताल्लुक रखते हैं। माउंटेन ड्यू की डर हैसियत नहीं, हि मत देखता है की कहानी मेरे से काफी मिलती.जुलती है। क्योंकि मेरा भी मानना है कि किसी व्यक्ति का साहस डर का सामना करने में है जो उसे असली हीरो बनाता है। मुझे पूरा भरोसा है कि यह नई फिल्म भारत के युवाओं को प्रेरित करेगी और उनमें यह भरोसा देगी कि वे अपने डर का सामना करने के आत्मविश्वास के साथ बेहद आसानी से किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं।



# कोविड-19 महामारी के बावजूद बांग्ला नववर्ष उल्लास से मना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोविड-19 के बढ़ते मामले भी बांग्ला नववर्ष के उत्साह को फीका नहीं कर सके। बृहस्पतिवार को पूरे उत्साह से 1428 बंगाब्दो मनाया गया। पिछले साल लॉकडाउन की वजह से उत्सव नहीं मनाया जा सका था। हालांकि, इस साल कालीघाट, दक्षिणेश्वर, थानथानिया कालीबाड़ी के मंदिरों में लोग कतारों में खड़े नजर आए और कारोबारी नए बहीखाता वर्ष की शुरुआत के मौके पर भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए हाथ में हालखाता (बहीखाता)के साथ मंदिर में नजर आए। कई लोगों ने मास्क पहना था लेकिन कई स्थानों पर सामाजिक दूरी के नियम का उल्लंघन होते हुए देखा गया। मंदिर समितियों की ओर से श्रद्धालुओं के प्रवेश को नियंत्रित किया गया। कई लोग खासतौर पर गरियाहाट और हाथीबगान इलाके में खरीददारी करते नजर आए और इस दौरान कोविड-19 नियमों का उल्लंघन भी दिखाई दिया।

## एशियाड सर्कस ने संचालन रोकने संबंधी पशु कल्याण बोर्ड के पत्र को रद करने की अदालत से की मांग

**नई दिल्ली।** एशियाड सर्कस ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) की ओर से दिसंबर 2020 में जारी एक पत्र को रद्द करने की मांग की है। उक्त पत्र में विभिन्न पशु सुरक्षा कानूनों के कथित उल्लंघन के कारण सर्कस के संचालन को रोकने की बात है। याचिका में सर्कस की ओर से कहा गया है कि पशुओं को किन परिस्थितियों रखा जाता है यह पता लगाने के लिए बोर्ड ने जिस स्थान का निरीक्षण किया था वह सर्कस के मालिक का आवास था, सर्कस का परिसर तो अन्य स्थान पर है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने एडब्ल्यूबीआई को नोटिस जारी कर याचिका के संबंध में उसका रूख जानना चाहा है।

# बम्बई से ठाणे के बीच चली पहली छुक छुक गाड़ी

**आज का इतिहास**

**नई दिल्ली।** आज भले ही सुपरफास्ट, बुलेट ट्रेन का जमाना हो, लेकिन भारतीय रेलवे के इतिहास में 16 अप्रैल के दिन की खास अहमियत है और



हमेशा रहेगी। दरअसल 1853 को 16 अप्रैल के दिन देश में पहली रेल चली थी। साल का यह 106वां दिन एक और कारण से भी सदा याद किया जाएगा। दूसरे विश्व युद्ध की त्रासदी के बीच दुनिया को हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जन्म आज ही के दिन हुआ था। देश दुनिया के इतिहास में 16 अप्रैल की तारीख पर दर्ज अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं का सिलसिलेवार ब्यौरा इस प्रकार है:--1853 : भारत में पहली रेल बम्बई (अब मुंबई) से ठाणे के बीच चली।

8 **अभिमत** भारत-चीन गतिरोध जारी

9 **न्यूज-व्यूज** सभी सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी छोड़ ओपीडी बंद

15 **स्पोर्ट्स** विनेश ने एशियाई कुश्ती में पहली बार स्वर्ण हासिल किया



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 175
लखनऊ, शनिवार, 17 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





पवन कल्याण कोविड-19 से संक्रमित
विविध-16



www.dailypioneer.com


# देश और प्रदेश में कोविड-19 का कहर जारी

## ● भारत में एक दिन में सर्वाधिक 2,17,353 नए मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पटना में लोगों की कोरोना जांच करते स्वास्थ्यकर्मी

**भारत** में कोविड-19 के एक दिन में रिकॉर्ड 2,17,353 नए मामले सामने आने के बाद देश में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की कुल संख्या बढ़कर 1,42,91,917 हो गई है और इस बीमारी का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 15 लाख के पार चली गई है। देश में लगातार दूसरे दिन संक्रमण के दो लाख से अधिक दैनिक मामले सामने आए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 1,185 और लोगों की मौत होने के बाद कुल मृतक संख्या बढ़कर 1,74,308 हो गई है। देश में 19 सितंबर, 2020 के बाद से एक दिन में सर्वाधिक लोग मारे गए हैं। संक्रमण के मामलों में लगातार 37वें दिन वृद्धि हुई है। देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 15,69,743 हो गई है जो संक्रमण के कुल मामलों का 10.98 प्रतिशत है जबकि स्वस्थ होने वाले लोगों की दर घट कर 87.80 प्रतिशत हो गई है। सबसे कम 1,35,926 उपचाराधीन मरीज 12 फरवरी को थे। इस बीमारी से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 1,25,47,866 हो गई है और मृत्यु दर गिरकर 1.22 प्रतिशत हो गई है। भारत में कोविड-19 के मामले सात अगस्त को 20 लाख का आंकड़ा पार कर गए थे।

इसके बाद संक्रमण के मामले 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख और 16 सितंबर को 50 लाख के पार चले गए थे। वैश्विक महामारी के मामले 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ का आंकड़ा पार कर गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के मुताबिक, 15 अप्रैल तक 26,34,76,625 नमूनों की जांच की जा चुकी है जिनमें से 14,73,210 नमूनों की जांच बृहस्पतिवार को की गई। महाराष्ट्र में संक्रमण के सर्वाधिक नए मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में 61,695 नए मामले, उत्तर प्रदेश में 22,339 नए मामले और दिल्ली में 16,699 नए मामले आए हैं। पिछले 24 घंटों में वायरस से महाराष्ट्र में सर्वाधिक लोगों की मौत हुई है।

महाराष्ट्र में 349 लोगों की, छत्तीसगढ़ में 135 लोगों की, दिल्ली में 112 लोगों की, उत्तर प्रदेश में 104 लोगों की, गुजरात में 81 लोगों की, कर्नाटक में 66 लोगों की, मध्य प्रदेश में 53 लोगों की, पंजाब में 50 लोगों की, राजस्थान में 33 लोगों की और तमिलनाडु में 29 लोगों की पिछले 24 घंटे में मौत हुई है।

## यूपी में कोविड-19 के 27,426 नए मामले, 103 और मरीजों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में शुक्रवार को कोविड-19 के 27,426 नए मामले सामने आए जबकि संक्रमण से 103 और मरीजों की मौत हो गई। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य व चिकित्सा अमित मोहन प्रसाद ने शुक्रवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में 27,426 नए संक्रमितों के मिलने से अब तक कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 7,93,720 हो गई है।

उन्होंने बताया कि वहीं 103 और मरीजों की मौत होने से राज्य में मृतक संख्या बढ़कर 9,583 हो गई है। प्रसाद ने बताया कि कोविड-19 के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज हो रही है। उन्होंने बताया कि बुधवार को राज्य में कोविड-19 के 20,510 मामले जबकि बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड 22,439 नए मामले सामने आए थे। प्रसाद के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 27,426 नए मामलों के सापेक्ष 6,429 लोगों को अस्पतालों से छुट्टी दी गई और अब तक 6,33,461 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं। प्रसाद ने कहा कि बृहस्पतिवार को 2.23 लाख से ज्यादा नमूनों की जांच की गई और अब तक कुल 3.78 करोड़ से अधिक नमूनों की जांच की जा चुकी है। राज्य में 1,50,676 मरीज उपचाराधीन हैं जिनमें 77,146 घरेलू पृथकवास में जबकि 2,435 निजी अस्पतालों में और बाकी सरकारी अस्पतालों में अपना उपचार करा रहे हैं।

## पूर्व सीबीआई निदेशक रंजीत सिन्हा का निधन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक रंजीत सिन्हा का शुक्रवार की सुबह यहां निधन हो गया। माना जा रहा है कि उनकी मृत्यु कोविड-19 के कारण हुई। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वह 68 वर्ष के थे। अधिकारियों के मुताबिक, ऐसा समझा जा रहा है कि सिन्हा के कोरोना वायरस से संक्रमित होने का पता बृहस्पतिवार रात को चला था। उन्होंने आज तड़के चार बज कर करीब तीस मिनटपर अंतिम श्वांस ली। बिहार कैडर के 1974 बैच के अधिकारी सिन्हा ने 21 साल की आयु में प्रतिष्ठित यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

## सूबे में हर रविवार को लाकडाउन

● सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर जनरल ओपीडी का संचालन रहेगा स्थगित

● कोविड केयर फण्ड की नियमावली के अनुरूप विधायक की संस्तुति पर उनकी निधि से 1 करोड़ की धनराशि का उपयोग किया जा सकेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना** संक्रमण के बिगड़ते हालात को देखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक रविवार को पूर्ण लॉकडाउन लगाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही उन्होंने सार्वजनिक जगहों पर मास्क न लगाने वालों से 10 गुना तक जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए हैं।

कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर की चपेट में आने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को टीम 11 और मंडलायुक्त तथा जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअली बैठक करके हालात की समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने अब यूपी में 15 मई तक प्रत्येक रविवार सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कंपलीट लॉकडाउन का फैसला किया है तथा कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये।

सरकार का यह फैसला काफी अहम माना जा रहा है। प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण की जानलेवा चेन तोड़ने के लिए तगड़ी सख्ती लागू की है। लॉकडाउन की अवधि शनिवार रात 8 बजे शुरू हो जाएगी और सोमवार सुबह 7 बजे तक लागू रहेगी। इस दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़ बाकी सभी दफ्तर बंद रहेंगे। अग्रिम आदेशों तक प्रत्येक रविवार को पूर्ण रूप से साप्ताहिक बंदी रहेगी। रविवार को सिर्फ सैनीटाइजेशन के कार्य होंगे व आपात सेवायें चलती रहेंगी। इस दिन प्रदेश के सर्वाधिक संक्रमित जिलों में व्यापक सेनेटाइजेशन अभियान चलेगा। हालांकि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी का कार्य निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित होता रहेगा।

### सार्वजनिक स्थल पर मास्क ना पहनने पर 1000 जुर्माना

**लखनऊ।** प्रदेश में कोविड संक्रमण के नियंत्रण हेतु सभी के लिए मास्क लगाना अनिवार्य किया गया है। पहली बार मास्क के बिना पकड़े जाने पर अब 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा। अगर दूसरी बार बिना मास्क के पकड़ा जाए तो दस गुना अधिक जुर्माना लगाया जायेगा। सार्वजनिक स्थलों पर मास्क न लगाने की जुर्माने की दर पहले 500 रुपये थी। कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी जैसे अधिक संक्रमण दर वाले सभी 10 जिलों में व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिये हैं। स्थानीय जरूरतों के अनुसार नए कोविड हॉस्पिटल बनाते हुए बेड्स की संख्या बढ़ायी जायेगी। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत एंबुलेंस केवल कोविड मरीजों के उपयोगार्थ रखी जा रही हैं।

## पंचम स्कंदमाता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता। नवरात्रि में पाँचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। इस देवी की चार भुजाएं हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। इनका वर्ण एकदम शुभ्र है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है।

## कोविड-19 के चलते सीआईसीएसई ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा टाली

**नई दिल्ली।** देश भर में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सीआईसीएसई ने 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं टाल दी हैं। काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईसीएसई) के मुख्य कार्यकारी और सचिव गैरी अराथून ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के राष्ट्रव्यापी बढ़ते मामलों को देखते हुए चार मई से शुरू होने वाली 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं को टाल दिया गया है। उन्होंने कहा, हम स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं और परीक्षा आयोजित कराने पर अंतिम फैसला लेने के लिए जून के पहले हफ्ते में स्थिति की समीक्षा करेंगे। अराथून ने कहा, कक्षा 12 की परीक्षा जहां बाद में आयोजित की जाएगी वहीं कक्षा 10 के छात्रों को बाद में ऑफलाइन परीक्षा में शामिल होने या फिर बोर्ड द्वारा विकसित निष्पक्ष पैमाने पर मूल्यांकन कराने का विकल्प मिलेगा। इससे पहले सीबीएसई ने भी अपनी 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा रद्द कर दी थीं जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षाओं को टालने का फैसला किया था।

## मोदी ने चिकित्सा ग्रेड के ऑक्सीजन का उत्पादन बढ़ाने का किया आह्वान

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** में कोविड-19 महामारी के तेजी से बढ़ते मामलों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिकित्सा ग्रेड की ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की विस्तार से समीक्षा की और इसके उत्पादन में तेजी लाने का आह्वान किया।



देश के कई हिस्सों में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है और इसके मद्देनजर ऑक्सीजन की मांग भी बढ़ रही है। गंभीर रूप से पीड़ित कोरोना मरीजों को सांस लेने में तकलीफ होती है और उन्हें ऑक्सीजन की सख्त जरूरत होती है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से जारी एक बयान के मुताबिक, मोदी ने देश में चिकित्सा ग्रेड की ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की विस्तार से समीक्षा की। पीएमओ के मुताबिक, इस समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, इस्पात, सड़क परिवहन व अन्य मंत्रालयों की ओर से संबंधित जानकारियां प्रधानमंत्री से साझा की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों के बीच आपसी समन्वय और राज्य सरकारों के साथ सहयोग सुनिश्चित करने को कहा। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री मोदी ने देश में आक्सीजन आपूर्ति की वर्तमान स्थिति और कोरोना महामारी से अत्यधिक प्रभावित 12 राज्यों में आगामी 15 दिनों में इसके अनुमानित इस्तेमाल की स्थिति की समीक्षा की। इन 12 राज्यों में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उप्र., दिल्ली, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। इन राज्यों में ऑक्सीजन आपूर्ति की जिलावार स्थिति के बारे में एक विवरण प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रधानमंत्री को बताया गया कि केंद्र व राज्यों की सरकारें लगातार संपर्क में हैं और अनुमानित मांग का ब्योरा भी उनसे साझा किया गया है।

पीएमओ ने बयान में कहा कि इन 12 राज्यों को उनकी अनुमानित जरूरतों के हिसाब से ऑक्सीजन की आपूर्ति कर दी गई है। ऑक्सीजन की बढ़ती मांग के मद्देनजर देश में इसकी उत्पादन क्षमता के बारे में भी प्रधानमंत्री को अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने हर संयंत्र की क्षमता के अनुसार ऑक्सीजन उत्पादन बढ़ाने का सुझाव दिया।पीएमओ ने कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान चिकित्सकीय इस्तेमाल के लिए इस्पात संयंत्रों से होने वाली ऑक्सीजन आपूर्ति के अधिशेष संग्रह की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि वह ऑक्सीजन ले जाने वाले टैंकरों का पूरे देश में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करें।

## लखनऊ में डीआरडीओ बनाएगा एक हजार बेड का कोविड-19 हॉस्पिटल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** वायरस की दूसरी लहर ने देश के साथ यूपी में हाहाकार मचा दिया है। राजधानी लखनऊ में कोरोना रोज नए रिकार्ड बना रहा है। ऐसे मरीजों के आगे सरकारी तैयारियां दम तोड़ रही है। रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के निर्देश पर राजधानी में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की टीम 1000 बेड के अस्थाई कोविड हॉस्पिटल बनाएगी। हॉस्पिटल निर्माण को लेकर डीआरडीओ की एक टीम विशेष विमान से राजधानी पहुंच गई है। हॉस्पिटल का निर्माण डिफेंस एक्सपो स्थल पर होगा। हॉस्पिटल में दो ब्लाक होंगे। जिनमे मरीजों को भर्ती किया जाएगा। हॉस्पिटल का संचालन सेना के डॉक्टर जिला प्रशासन के साथ मिलकर करेंगे।

## किसी राज्य ने ट्रेनों का संचालन बंद करने को नहीं कहा है: रेलवे बोर्ड

**भाषा।** नई दिल्ली

**रेलवे** बोर्ड के अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि अभी तक किसी भी राज्य ने ट्रेन सेवा बंद करने का अनुरोध नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जहां भी राज्यों ने निषिद्ध क्षेत्रों को लेकर चिंता जताई है वहां यात्रियों की रैंडम जांच और गंतव्य पर पहुंचने पर जांच की जा रही है।

शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे ने इंगित किया है कि आईआरसीटीसी की टिकट बुक करने वाली वेबसाइट पर दिए गए प्रोटोकॉल का सभी राज्य पालन कर रहे हैं, वेबसाइट पर बताया जा रहा है कि यात्री को किन क्षेत्रों में जाने से पहले आरटी-पीसीआर जांच करवाने या कोविड-19 नेगेटिव प्रमाणपत्र लेने की जरुरत है, या फिर कहां पहुंचने पर उन्हें जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा। उन्होंने कहा, अभी तक किसी भी राज्य की सरकार ने ट्रेनों का संचालन बंद करने को नहीं कहा है। लेकिन जहां भी चिंता की बात है, राज्य सरकारों ने मुद्दे को लेकर हमसे चर्चा की है और जहां भी निषिद्ध क्षेत्र हैं वहां रैंडम जांच किए जा रहे हैं। रेलवे ने ई-टिकट कराने की वेबसाइट पर सारी जानकारी दी हुई है और यात्रियों को सूचना दी जा रही है कि गंतव्य पर पहुंचने पर उन्हें जांच करवानी होगी या फिर कोविड-19 प्रमाणपत्र लेकर जाना होगा। शर्मा ने यह भी कहा कि रेलवे यात्रियों की थर्मल स्कैनिंग कर रहा है और कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत जुर्माने की राशि भी अधिसूचित कर दी है।

उन्होंने श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाने की संभावना से इंकार कर दिया और कहा कि मांग और जरुरत के मुताबिक ट्रेनें चलाई जाएंगी। शर्मा ने यह भी कहा कि स्टेशनों पर भीड़ रोकने के लक्ष्य से प्लेटफॉर्म टिकट का मूल्य बढ़ा दिया गया है। कोविड केयर सेंटर के रूप में इस्तेमाल होने वाले परिवर्तित डिब्बों के बारे में सवाल करने पर शर्मा ने कहा, देश में विभिन्न जगहों पर हमारे पास 4,000 आइसोलेशन कोच (बोगी) हैं। हमें महाराष्ट्र के नांदरबार से 100 से ज्यादा बोगियों की मांग आई है और 20 आइसोलेशन कोच मुहैया कराए गए हैं। शर्मा ने कहा कि रेलवे मुंबई, गुजरात, कर्नाटक और जहां भी मांग ज्यादा है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,832 | ↑ 28 | |
| निफ्टी | 14,617 | ↑ 36 | |
| सोना | 46,431 | ↑ 09 | /10g |
| चांदी | 67,460 | ↑ 53 | /kg |

## क्विक न्यूज

### निरंजनी के कुंभ समापन की घोषणा के विरोध में उतरे अन्य अखाड़े

**देहरादून।** कोविड-19 के कारण बिगड़ रहे हालात के मद्देनजर निरंजनी अखाडे द्वारा हरिद्वार महाकुंभ के 17 अप्रैल से समापन की घोषणा किए जाने के बाद अन्य अखाड़े विरोध में उतर आए है और इस मसले पर माफी मांगने को कहा है। निर्वाणी अणि अखाडा के अध्यक्ष महंत धर्मदास ने कहा कि कुंभ मेले की समाप्ति की घोषणा का अधिकार केवल मेलाधिकारी या प्रदेश के मुख्यमंत्री को है। उन्होने कहा कि निरंजनी अखाड़े ने बिना किसी सहमति के ऐसा कहकर समाज में अफरातफरी मचाने का अक्षम्य अपराध किया है और ऐसे में उसके साथ रहना मुश्किल है।

## पश्चिम बंगाल चुनाव

### आयोग ने शाम सात से सुबह 10 बजे तक रैलियों, जनसभाओं पर प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों की पृष्ठभूमि में निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार पर कुछ पाबंदियां लगाई, जिनमें प्रचार के समय में कमी करना भी शामिल है। आयोग के आदेश के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने रोजाना प्रचार खत्म होने का समय घटाकर शाम सात बजे तक कर दिया है। पहले रात 10 बजे तक चुनाव प्रचार किया जा सकता था। निर्वाचन आयोग ने कहा कि चुनाव प्रचार वाले दिनों में शाम सात बजे से लेकर सुबह 10 बजे तक कोई चुनाव प्रचार नहीं होगा। मतदान से पहले चुनाव प्रचार समाप्त होने की समय सीमा भी 48 घंटों से बढ़ाकर 72 घंटे कर दी गई है। राज्य में विधानसभा चुनाव आठ चरणों में होने थे।

## इस बार मानसून में झूमकर बरसेंगे बदरा

● आईएमडी की भविष्यवाणी ओडिशा, बिहार झारखंड, छत्तीसगढ़ व पूर्वी यूपी को छोड़, बाकी हिस्सों में सामान्य रहेगा मानसून

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रतिकात्मक फोटो

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को बताया कि देश में 75 प्रतिशत से अधिक वर्षा लाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून के इस साल सामान्य रहने का अनुमान है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम राजीवन ने बताया कि पांच प्रतिशत कम या ज्यादा की त्रुटि की गुंजाइश के साथ दीर्घावधि औसत (एलपीए) 98 प्रतिशत रहेगा।

राजीवन ने डिजिटल तरीके से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जून से सितंबर के बीच चार महीने के दौरान वर्षा के लिए पूर्वानुमान को जारी किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और असम में सामान्य से कम बारिश होगी लेकिन देश के शेष हिस्सों में बारिश सामान्य या सामान्य से अधिक होगी। राजीवन ने कहा, मॉनसून दीर्घावधि औसत का 98 प्रतिशत रहेगा, जो कि सामान्य वर्षा है। यह देश के लिए अच्छी खबर है और इससे कृषि क्षेत्र से अच्छे परिणाम मिलेंगे। यह सूचना कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था के लिए भी शुभ है। दक्षिण-पश्चिम मानसून को देश की अर्थव्यवस्था में अहम माना जाता है क्योंकि अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों पर बहुत हद तक निर्भर करती है। देश का बड़ा हिस्सा कृषि और जलाशयों के भरने के लिए चार महीने तक चलने वाले मॉनसून के मौसम पर निर्भर करता है। बरसात के बीते दो मौसम में देश में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। राजीवन ने कहा कि आईएमडी अगले चार महीनों के दौरान माह-वार के पूर्वानुमान भी जारी करेगा। आईएमडी के चार प्रभागों उत्तर पश्चिम भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत, मध्य भारत और दक्षिण प्रायद्वीप के लिए भी पूर्वानुमान जारी किया जाएगा।

ला नीना और अल नीनो कारक भारतीय मानसून पर प्रमुख प्रभाव डालते हैं। राजीवन ने कहा, अल नीनो के बनने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, ला नीना के बाद के वर्ष में आमतौर पर सामान्य वर्षा का मौसम देखा गया है। मौसम संबंधी पूर्वानुमान व्यक्त करने वाली निजी एजेंसी स्काइमेट वेदर ने हाल में कहा था इस साल मानसून सामान्य रहेगा। हालांकि, एजेंसी ने कहा था कि जून से सितंबर के दौरान वर्षा का दीर्घावधि औसत (एलपीए) 103 प्रतिशत रहेगा। दीर्घावधि औसत के हिसाब से 96-104 प्रतिशत के बीच मानसून को सामान्य माना जाता है।

## नीरव के प्रत्यर्पण का रास्ता साफ, ब्रिटेन की मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के गृह विभाग ने 13 हजार करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी में वांछित हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत को प्रत्यर्पित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मोदी पर अपने मामा मेहुल चोकसी के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी करने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि गत 25 फरवरी को वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट की अदालत ने मोदी के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी। अदालत के फैसले की जानकारी ब्रिटेन के गृह विभाग को दी गई जिसके आधार पर नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के लिए अनुमति दी गई।

# त्रिस्तरीय पंचायत-2021: डेढ़ दर्जन प्रत्याशियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**पंचायत चुनाव** की सरगर्मी तेज होते ही पुलिस भी अपनी सक्रियता दिखाना शुरू कर दी है। प्रत्याशी व उनके समर्थक चेतावनी के बाद भी चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई भी होने लगी है। इसी कड़ी में चौबेपुर में 11ए मिर्जामुराद में पांच व लोहता में दो महिला प्रत्याशियों व उनके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

चौबेपुर के पियरी गांव में बुधवार की रात प्रचार के दौरान चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे सारनाथ के हिरामनपुर निवासी चिरईगांव के ब्लाक प्रमुख पति सुधीर सिंह उर्फ पप्पू भौकाली, पियरी के गोपाल सिंह, पंकज सिंह, खरगीपुर के संदीप सिंह, रौना कला के मुलायम यादव, मुड़ली के सोनू कुमार, संदहा निवासी गोपाल राजभर, सूरज, सोनबरसा निवासी उमेश यादव, विनोद पटेल, चुकहां निवासी संजय सोनकर के खिलाफ आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। चौबेपुर थानाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने बताया कि पंचायत चुनाव में 12 वाहनों को भी सीज किया गया है। तथा दो शस्त्र लाइसेंस रद्द करने के लिए भी भेजा गया है। 14 अपराधियों को पाबंद भी किया जा चुका है। चुनाव में किसी तरह की बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज करेगी। विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर बैनर.पोस्टर लगाने के मामले में बुधवार की रात मिर्जामुराद पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य के दो तथा ग्राम प्रधान पद के तीन प्रत्याशियों पर आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया है। आराजीलाइन विकासखंड क्षेत्र के सेक्टर नंबर एक से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ रहे दयाशंकर यादव दया मास्टर व सेवापुरी विकास खंड के सेक्टर नंबर चार से जिला पंचायत प्रत्याशी अश्वनी ड्क्षसह उर्फ तूफानीए करधना में ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी श्रीराम जायसवालए गौर मिर्जामुराद ग्राम से प्रधान प्रत्याशी किशोरी सेठ तथा खजुरी ग्राम सभा से प्रधान प्रत्याशी पूनम देवी के खिलाफ हल्काई दारोगा की तहरीर पर आचार संहिता के उल्लंघन संबन्धी मुकदमा दर्ज किया गया। इसी तरह गुरुवार को केराकतपुर गांव के प्रधान पद की प्रत्याशी पुनम वर्मा और उनके पति जय शंकर वर्मा भठ्ठी गांव की प्रधान पद की प्रत्याशी रीना पाल और उनके पति शम्भू पाल के खिलाफ चुनाव आचार संहिता का मुकदमा दर्ज हुआ है।

# सम्पत्ति की लालच में महिला की हत्या में दत्तक पुत्री सहित चार लोग शामिल रहे

- मड़ुवाडीह पुलिस ने दत्तक पुत्री सहित दो गिरफ्तार
- दो को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मंडुआडीह** थाना क्षेत्र के शिवदासपुर लाल बत्ती क्षेत्र में सम्पत्ति की लालच में महिला की हत्या करने के मामले में पुलिस ने उसकी दत्तक पुत्री हिना व दामाद को गिरफ्तार किया है। इसी मामले में दो दिन पूर्व भी पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया था।

थाना प्रभारी परशुराम त्रिपाठी ने बताया कि मृतका लालता देवी पत्नी स्व. शेख मुख्तार लगभग 40 वर्षों से शिवदासपुर मकान बनवा कर रहती थी उसको कोई औलाद ना होने पर उसने हीना नाम की लड़की गोद लिया था। उसका प्यार एक राहुल नाम के युवक से हो गया और वह दोनों साथ रहने लगे। बीते दिनों देर रात को मृतका का भाई विजय राम निवासी कैमूर बिहार अपनी पत्नी के साथ वाराणसी में इलाज हेतु आया। विजय राम ने बताया कि मंगलवार से ही वह अपनी बहन लालता को खोज रहा था। लेकिन उसके ना मिलने पर एक कमरे में देखा तो हिना और राहुल बैठे हुए थे।

आवाज पर उन्होंने दरवाजा नहीं खोलाए किसी तरह से दरवाजा खोल कर अंदर गया तो देखा मेरी बहन लालता देवी की गला दबाकर हत्या कर उसके शव को दरी में लपेटकर बांधा गया था। मौके पहुंचे थाना प्रभारी परशुराम के पार्टी ने बताया कि मृतिका के सिर पर चोट के निशान थे और उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी।

## क्विक न्यूज

### आदर्श स्काउट दल द्वारा नि:शुल्क प्याऊ शिविर का उद्घाटन प्रिंसिपल ने किया



**वाराणसी।** देश भारत स्काउट और गाइड जनपद वाराणसी के तत्वाधान में श्री कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इण्टर कॉलेज वाराणसी में निरूशुल्क जल प्याऊ शिविर का उद्घाटन किया गया इस पुनीत कार्य के संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रमाकांत मिश्र के नेतृत्व में निरूशुल्क जल प्याऊ शिविर के साथ ही आने जाने वाले राहगीरों को सैनिटाइजर करनाए मास्क न लगाने वाले व्यक्तियों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करना एमास्क वितरित करनाए 2 गज की दूरी मास्क हैं जरूरीएसोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना एवं राहगीरों को निरूशुल्क जल पिलाने का सेवा आदर्श स्काउट दल द्वारा जनहित में किया जा रहा हैं इस अवसर पर विष्णु विश्वकर्मा जिला संगठन आयुक्त स्काउट वाराणसी ने शिविर का निरीक्षण किया और कहा कि प्रधानाचार्य का यह कार्य समाज के हित में अति प्रशंसनीय हैं स्काउट गाइड समाज के लिए एक आईना है समाज सेवा के लिए हमेशा अग्रणी रहते हैं साथ ही वाराणसी जनपद के स्काउट गाइड के छात्र शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समय.समय पर सेवा देते रहते हैं वैश्विक महामारी कोरोना के प्रति जागरूक कर रहे हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से एबसंत कुमार मिश्रएरविंद्र कुमार पाण्डेयएनवीन कुमार श्रीवास्तवएअजीत कुमार सिंहएअवधेश नारायणएअंश बहादुर सिंहए प्रियांशु जायसवालएसंतोष आदित्यएअर्जुन इत्यादि सीनियर स्काउटध्गाइड एवं विद्यालय के प्राध्यापकों के सहयोग से निस्वार्थ भाव से समाज के हित में सेवा कार्य में सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन आनन्द शंकर पाण्डेय स्काउट प्रभारी ने किया।

### कोरोना के 2002 नए मामले, 6 की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर छ्व्पदही सिंह के अनुसार शुक्रवार यानी 16 अप्रैल को करो ना के 2205 मरीज मिले हैं 637 मरीज स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किए गए 13114 एक्टिव मरीज है 6 मरीजों की मौत हुई है। अब तक 422 मरीज की मौत हो चुकी है। जांच कराने वाला हर तीसरा मिल रहा है पार्टी करो ना। जिले में एकाएक फिर संक्रमण भर में करीब 12704 आया है 1 दिन पहले जहां संक्रमित दर सर्वाधिक 2208 ऑफिस दिखी वहीं वहीं गुरुवार को 36 पॉइंट 1 फीसद दर्ज किया विगत 24 घंटे में रिकॉर्ड 2002 नए पास ही मिले हैं यह आंकड़ा बताता है कि करो ना जांच करने वाला हर तीसरा व्यक्ति रिपोर्ट में 5 टीम निकल रहा है करो ना के चलते 6 लोगों की मौत हुई इसी के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 422 हो गई है।

## व्यावहारिक एवं प्रेरणादायक होना बेहद जरूरी

**प्रयागराज।** चरित्र के समानताओं के बारे में जब भी बात होती है तो उस पर कई सवाल उठते हैं। शो में यह दिखाया गया है कि रंजू की कार्बन कॉपी हैं। दोनों बहुत मिलते जुलते हैं। उनकी भावनाएं इस दौरान उनके साथ स्वाभाविक रूप से निकलती हैं। मोनिका चौहान दंगल टीवी के शो रंजू की बेटियां में शालू के किरदार में दिखाई देती हैं। जो रंजू की सबसे बड़ी बेटी है। रंजू का किरदार रीना कपूर निभा रही हैं। मोनिका साझा करती हैं कि उन्होंने रीना कपूर के साथ अतीत में काम किया है। वह यह भी कहती हैं कि जब वह छोटी थी तो रीना को टीवी और फिल्मों में देखती थी और प्रशंसा करती थी। खुद को भाग्यशाली महसूस करती हैं कि वह उनके साथ फिर से काम कर रही हैं। कहा कि यह उनके लिए एक प्रेरणा हैं। वह शांत और व्यावहारिक रूप से सब कुछ लेती हैं। वह दोनों भी प्रेरणादायक है। रंजू की बेटियां रात साढ़े नौ बजे दंगल टीवी पर देखें। वह एक संरक्षक की तरह हैं और हमेशा मेरी मदद करती हैं।

## मौजूदा समय में की गई सकारात्मक पहल

प्रयागराज। इस समय स्वास्थ्य को लेकर बहुत ही सचेत रहने की जरूरत है। भरोसेमंद न्यूट्रिशन एवं वेट मैनेजमेंट ब्रांड्स में से एक एंड्योरा मास को प्रीति जिंटा की पंजाब किंग्स ने आईपीएल दो हजार इक्कीस के लिए अपना ऑफिशियल न्यूट्रिशन पार्टनर बनाया है। यह एक महत्वपूर्ण पहल है और इससे हैल्थ सप्लीमेंट की श्रेणी में इसका भरोसा और प्रतिष्ठा प्रदर्शित होती है। मेडिन बेले के सीईओ डॉक्टर के के कौशल ने कहा आईपीएल टी बीस के किंग्स के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। किंग्स पंजाब टीम के ऑफिशियल न्यूट्रिशन पार्टनर हैं। इसके अस्तित्व की अवधि में एंड्योरा मास एवं एंड्योरा प्रीमियर जिम सीरीज़ के निर्माता मेडिन बेले पैरा एथलीट्स सहित विभिन्न स्पोर्टिंग ईवेंट्स को सहयोग दे रहे हैं। एक सेहतमंद एवं चुस्त भारत का निर्माण करने एवं स्पोर्ट्स में सपोर्ट करने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

वासंतिक नवरात्र का चौथा दिन

# भक्तों ने मां श्रृंगार गौरी व कुष्मांडा देवी के दरबार में लगायी हाजिरी





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**चैत्र मास** के वासंतिक नवरात्र के चौथे गौरी के रूप में ज्ञानवापी परिसर के पीछे मॉ श्रृंगार गौरी विराजमान हैं। शुक्रवार को अलसुबह हजारों भक्तों ने मॉ के दरबार में पहुँचकर मत्था टेका और इस समय कोरोना जैसी महामारी को खत्म करने के लिए प्रार्थना की। दर्शन-पूजन का क्रम सुबह से शाम तक चलता रहा। महिला श्रद्धालुओं ने मॉ श्रृंगार गौरी को माला-फूल,सिन्दूर प्रसाद आदि चढ़ाया। वहीं दूसरी ओर भगवती के रूप में भक्तों ने दुर्गाकुंड स्थित कुष्मांडा देवी(दुर्गा जी)के मंदिर में पहुँचकर मां को नारियल, चुनरी, माला-फूल, प्रसाद आदि भेंट किया तथा मॉ दुर्गा जी की कपूर, घी आदि से आरती की। मॉ कुष्मांडा देवी के दरबार में श्रद्धालुओं का सैलाब दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़ा। इस कलिकाल में जब कोरोना जैसी महामारी ने रूप ले लिया हो तो मॉ जगदम्बा ही भक्तों की रक्षा करेगी। भक्तो ने मॉ शेलावाली की जयकारा लगायी। बोल सच्चे दरबार की जय आदि के नारे लगाये।

### श्रृंगार गौरी का पूजन कर ज्ञानवापी परिसर के मुक्ति का लिया संकल्प



**वाराणसी।** चैत्र नवरात्र के चतुर्थ दिन अखिल भारतीय ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष पं0 शिवकुमार शुक्ला के नेतृत्व में शुक्रवार को मॉ श्रृंगार गौरी जी, श्री काशी विश्वनाथ, मॉ अन्नपूर्णाजी, ढ़ुढ़िराज राज गणेश जी व हनुमान जी की आरती कर ज्ञानवापी परिसर के मुक्ति के संकल्प और कलंकित ढ़ाचे के स्थान पर भव्य मंदिर के पुर्न निर्माण की कामना के साथ पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। पूजन-अर्चन के दौरान जय श्रीराम की उद्घोष की गूंज पूरे परिसर में गूंजी दर्शनार्थियों में मुख्य रूप से अनिल शास्त्री, अनिल यादव, अनग शुक्ला, शिव प्रसाद पटेल, सोहन लाल आर्य आदि उपस्थित रहे।इससे पहले संस्था ने एक शोभायात्रा निकाली जो छत्ताद्वार ज्ञानवापी तक पहुँची।

# स्वास्थ्य विभाग का दावा शहर में आक्सीजन एवं बेड की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ज़िले में** कोरोना की रफ़्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। जनपद में इस समय 12703 एक्टिव कोरोना पेशेन्ट्स हैं। ऐसे में वाराणसी में बेड की कमी की ख़बरें लगातार मिल रही हैं। इसके अलावा कोरोना के दूसरे स्ट्रेन में मरीज़ को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में लगातार ऑक्सीजन सिलेंडर की किल्लत की बात समाने आ रही है। इन सब के बीच कार्याहक सीएमओ डॉ एनपी सिंह ने इन सभी बातों से इंकार करते हुए बताया कि वाराणसी एल.2 और एल.3 टाइप के अस्पतालों की पर्याप्त व्यवस्था है साथ ही ऑक्सीजन की डिमांड एक दिन में वाराणसी में 3000 सिलेंडर्स की है और हम 6000 सिलेंडर का उत्पाद कर रहे हैंए इसलिए ऑक्सीजन की भी कोई दिक्कत नहीं है।

कार्यवाहक सीएमओ डॉ एनपी सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि आज की तारीख में हमारे पास एल.2 और एल.3 मिलाकर 1450 बेड उपलब्ध हैंए जिसमें बीएचयू में 366 और दीनदयाल व इएसआई में भी पर्याप्त मात्रा में बेड उपलब्ध है। इसके अलावा हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में भी हमने 200 बेड अधिग्रहित किया हुआ है।कार्यवाहक सीएमओ ने कहा कि वाराणसी के अन्य मल्टीस्पेशियलिटि अस्तपालों ने भी अपने यहां कोविड अस्पताल चलाने की अनुमति दे दी है। आज की तारीख में करीब 600 मरीज अस्पताल मे भर्ती हैं। इसलिए अभी तो बेड की कोई दिक्कत नहीं हैं। जल्द ही आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हम 100 बेड का एल.2 अस्पताल शुरु कर दिया जाएगा।

# नैनी में पटाखा फैक्ट्री में आग, एक की झुलसकर मौत

- नैनी कोतवाली अंतर्गत डभाव गाँव में हुआ हादसाए तीन की हालत बेहद नाजुक

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**प्रयागराज के** यमुनापार स्थित नैनी कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को दिन में पटाखा फैक्ट्री में आग लग गई। जिसकी जद में आने से चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि तीन की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी है। उधर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया गया।यमुनापार के नैनी कोतवाली अंतर्गत मामा भांजा पुलिस चौकी क्षेत्र के बसवार रोड पर धनुआ गांव में करीब 15 साल से पटाखा फैक्ट्री चल रही है। जय महाबीर नाम से चल रही पटाखा फैक्ट्री के मालिक अतरसुइया थाना क्षेत्र के मीरापुर मोहल्ला निवासी लक्ष्मण प्रसाद बताए जा रहे हैं। शुक्रवार दोपहर में करीब साढ़े ग्यारह बजे अचानक पटाखा फैक्ट्री से आग की लपटें उठने लगीं। भीतर मौजूद मजदूर चीखने चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर और आग की लपटें उठतीं देख ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। वहां चार मजदूर बाहर झुलसे पड़े चिल्ला रहे थे। सूचना पुलिस को दी गई। खबर पाते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। किसी प्रकार पटाखा फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पा लिया गया।पटाखा फैक्ट्री में लगी आग से झुलसे मजदूरों में सुधीर 50 पुत्र अटराम राजा 14 उसका भाई अनुराग 15 पुत्र स्वर्गीय अशोक विशाल 14 पुत्र स्वर्गीय राकेश भारतीय को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने सुधीर को मृत घोषित कर दिया। फैक्ट्री मालिक की चौक में आतिशबाजी की दुकान भी है। इंस्पेक्टर नैनी सुनील वाजपेयी ने बताया कि आग किन कारणों से लगी अभी यह साफ नहीं हो सका है लेकिन शार्ट सर्किट वजह बताई जा रही है। पटाखा फैक्ट्री वैध है या अवैध अभी यह भी स्पष्ट नही हो पाया है।



मौके पर जांच पड़ताल करती नैनी पुलिस

### टीएमसी नेता सुजाता मंडल खान द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी की निंदा

**प्रयागराज।** भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में प्रयागराज के जिलाधिकारी के माध्यम से टीएमसी नेता सुजाता मंडल खान के द्वारा पश्चिम बंगाल के अनुसूचित जाति के लोगों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने पर निंदा करते हुए कानूनी कारवाही करने की मांग को लेकर भारत के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने कहा कि टीएमसी नेता के द्वारा अनुसूचित वर्ग के लोगों को भिखारी कहे जाने पर सिर्फ बंगाल के ही नहीं बल्कि पूरे देश के अनुसूचित वर्ग के लोगों को अपमान किया गया। इस प्रकार का बयान घोर आपत्तिजनक एवं निंदनीय है। जिसकी भारतीय जनता पार्टी निंदा करती है और और इस प्रकार के आपत्तिजनक बयान आईपीसी के कई प्रावधानों का उल्लंघन करती है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी टीएमसी नेता सुजाता मंडल खान के खिलाफ संवैधानिक कार्रवाई की जाए। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि अभी हाल ही में एक दिन पूर्व टीएमसी नेता सुजाता मंडल खान ने बंगाल में रहने वाले अनुसूचित जाति के लोगों के ऊपर टिप्पणी करते हुए कहा था कि अनुसूचित जाति के लोग भिखारी स्वभाव के होते हैं और ममता दीदी के इतना करने के बाद भी इस वर्ग के लोग बीजेपी के पास भीख मांगने पहुंच गए।

M/s Prem Traders LLP having registered office at 4th Floor, Gopal Dass Bhawan, 28, Barakhamba Road, New Delhi-110001 has lost its allotment letter/agreement No. 0763 dated 20/11/2012 which was issued by DLF Limited for the plot No. D-197 in DLF Garden City. Raibarelly Road, Lucknow. Contact no. 6306767944

I Mr. Dipanshu Rastogi, son of Late Mr. Nand Kishore Rastogi, R/o C-403, Indra Prastha Estate, Faizabad Road, Opp. I.T. College, New Hyderabad, Lucknow-226007, have lost 8 original payment receipts of plot no. A-170. DLF Garden City, Raibareli Road, Lucknow. Detail of 8 original payment receipts are GDN/CRB/00217/0513, GDN/CRB/00134/0913, GDN/CRB/00305/0913, GDN/CRB/00211/1113, GDN/CRB/00304/0214, GDN/CRB/00216/0514, GDN/CRB/00151/0914, GDN/CRB/0321/00004. Contact No.. 9565244313

सार्वजनिक सूचना

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार एल.आई.सी.एच.एफ.एल. एरिया आफिस शाहनजफ रोड, लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं0 422/एनेक्जर-ई एल.आई.सी. एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि श्रीमती नौशावा सिद्दीकी के पक्ष में श्री अमीर आलम खॉं पुत्र स्व0 महराज कुमार मो0 महमूद हसन खॉं द्वारा निष्पादित विक्रय विलेख दिनांक-05.02.2007 जो कार्यालय उपनिबन्धक चतुर्थ लखनऊ में बही सं0-1, जिल्द सं0-3870, पृष्ठ सं0-313/368, क्रमांक-1184 पर पंजीकृत है जो भवन सं0-115/1 रकबा 1800 वर्गफिट स्थित-रवीन्द्र गार्डन, वार्ड-अलीगंज, लखनऊ के सम्बन्ध में है वर्तमान स्वामी अशोका शरन से विक्रय विलेख दिनांक-05.02.2007 का बैनामा खो गया है उनके अधिपत्य में नहीं है। चूंकि विकास जैन व प्रतिक्षा जैन द्वारा एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड/भवन के सम्बन्ध में उक्त मूल विक्रय विलेख दिनांक-05.02.2007 को बन्धक किया जाना है।
अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त मूल विक्रय विलेख दिनांक-05.02.2007 उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरुद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।
महेन्द्र मोहन मिश्रा (एडवोकेट)
चेम्बर: शॉप नं. 4 व 5, प्रथम तल, कृष्णा टॉवर, निकट CMO ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ
मो. नं. 9415426914, 9559985554

पूर्वोत्तर रेलवे — सूचना संख्या- 97/2021

रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा:-

गाड़ी सं. 09067/09068 बांद्रा (ट.) – गोरखपुर - बांद्रा (ट.) विशेष गाड़ी

गाड़ी संख्या 09067 बांद्रा (ट.) से रविवार दिनांक 18.04.21 एवं 25.04.21
गाड़ी संख्या 09068 गोरखपुर से मंगलवार दिनांक 20.04.21एवं 27.04.21

| गाड़ी संख्या 09067 बांद्रा (ट.) – गोरखपुर | | | गाड़ी संख्या 09068 गोरखपुर – बांद्रा (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| —— | 19.25 | बांद्रा (ट.) | 05.10 | —— |
| 20.05 | 20.10 | बोरीवली | 04.25 | 04.27 |
| 21.50 | 21.55 | वापी | 01.26 | 01.28 |
| 23.27 | 23.32 | सूरत | 23.15 | 23.20 |
| 01.10 | 01.15 | वडोदरा | 20.35 | 20.40 |
| 05.25 | 05.35 | रतलाम | 16.50 | 16.55 |
| 07.55 | 07.57 | भवानी मंडी | 14.10 | 14.12 |
| 09.25 | 09.30 | कोटा | 13.00 | 13.05 |
| 10.45 | 10.50 | सवाई माधोपुर | 11.15 | 11.20 |
| 13.27 | 13.30 | बयाना जं. | 09.32 | 09.34 |
| 15.30 | 15.40 | आगरा फोर्ट | 07.50 | 07.55 |
| 16.45 | 16.50 | टूण्डला | 06.15 | 06.20 |
| 17.46 | 17.48 | इटावा | 04.50 | 04.52 |
| 19.35 | 19.40 | कानपुर सेन्ट्रल | 03.15 | 03.20 |
| 21.40 | 21.42 | लखनऊ सिटी | 00.25 | 00.27 |
| 00.08 | 00.10 | बाराबंकी | 21.45 | 21.47 |
| 03.30 | 03.35 | बस्ती | 18.45 | 18.47 |
| 06.05 | —— | गोरखपुर | —— | 16.10 |

रेक संरचना–एसएलआरडी–02, साधारण श्रेणी–04, शयनयान–18, = 24 कोच

कृपया ध्यान दें–1. इस गाड़ी के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे।
2. इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं उनकी रोकथाम हेतु जारी दिशा-निर्देश का पालन करना अनिवार्य होगा।
मुजाधि/टी-21 — मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं, कुसुम लता आर्या (DOB-09/05/1964) पत्नी सुभाष चन्द्र आर्य, निवासी (SF-01), B-1/36 सेक्टर–F, कपूरथला अपार्टमेंट, अलीगंज, लखनऊ– 226024 ने अपना पुराना नाम कुसुम लता से बदलकर कुसुम लता आर्या भविष्य के सभी उद्देश्यों हेतु कर लिया है।

सूचना

मैं, सुभाष चन्द्र आर्य पुत्र चोखे लाल आर्य, (DOB-06/03/1961) निवासी (SF-01), B-1/36, सेक्टर–F, कपूरथला अपार्टमेंट, अलीगंज, लखनऊ–226024 ने अपना पुराना नाम सुभाष चन्द्र से बदलकर सुभाष चन्द्र आर्य भविष्य के सभी उद्देश्यों हेतु कर लिया है।

# संक्रमण को रोकने के लिए मास्क का प्रयोग जरूरी: डीएम

- संक्रमित व्यक्ति के परिवार का कोई भी सदस्य दुकानों पर न बैठे

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



बैठक करते डीएम

**जिलाधिकारी भानुचन्द्र** गोस्वामी ने गुरूवार को संगम सभागार में व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ कोविड के प्रसार को रोकने के सम्बंध में बैठक की। व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जो भी निर्देश आपकी तरफ से निर्गत होंगे। उसका पूरा पूरा पालन व्यापार मण्डल करना सुनिश्चित करेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन के साथ साथ आजीविका भी जरूरी है। इसलिए हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि लोग सुरक्षित रहें और उनकी आजीविका भी चलती रहे। उन्होंने कहा कि कोरोना टू के चेन को तोड़ना बेहद जरूरी है। इसके लिए कंटेनमेंट जोन को कड़ाई से लागू करना होगा। जिसके अन्तर्गत संक्रमित क्षेत्र को पूरी तरह से सील किया जायेगा और प्रभावित व्यक्ति के परिवार के किसी भी सदस्य का बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यापार मण्डल यह सुनिश्चित करें कि किसी भी अवस्था में संक्रमित व्यक्ति दुकान पर न बैठे। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग टीमों की संख्या बढ़ा दी गयी है। जो घर घर जाकर जांच का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट कंटेनमेंट जोन का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी के निर्देशों का स्वागत किया और कहा कि सभी निर्देशों का गम्भीरता से पालन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों से मास्क क्रांति लाने के साथ.साथ ही बाजारों में भीड़ न लगने पायें। इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों से कहा कि आप सुनिश्चित करें कि प्रत्येक दुकानदार ग्राहकों को तभी सामान देगा। जब वह मास्क लगाकर आयेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि लोगों को अपनी तरफ से मास्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि दवा की दुकानें नहीं बंद रहेगी। क्योंकि लोगों तक दवा हर हाल में पहुंचना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि टेस्टिंग की संख्या बढ़ने पर पॉजिटिव व्यक्तियों की संख्या में इजाफा हो सकता है लेकिन स्थिति से घबड़ाने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था उचित रूप में उपलब्ध है। पॉजिटिव व्यक्तियों का प्रकाश में आना जरूरी है। तभी संक्रमण को हम फैलने से रोक सकते हैं। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी एडीएम सिटी अशोक कुमार कनौजिया उपस्थित रहे।

### यूपी में चलेगा संगठित अभियान: वैभव

**प्रयागराज।** इसके विश्वास की व्यवस्था की भी खोज की है। यह देखकर चकित थी कि यह किस प्रकार अपने क्षेत्र के ज्वेलरी बाजार को परिवर्तित एवं संगठित कर रहा है। ऐसे डिज़ाईन प्रस्तुत कर रहा है। जो ट्रेंड से आगे हैं। यह बहुत प्रेरणाप्रद है कि मिस वंदना सर्राफ एक महिला ज्वेलर हैं। जो ब्रांड की मार्केटिंग की कार्ययोजना एवं संचालन में योगदान देती हैं। मौनी रॉय ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के लेटेस्ट ब्राईडल अभियान का चेहरा बनीं हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश की सबसे पसंदीदा ज्वेलरी चेन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने खूबसूरत अभिनेत्री मौनी रॉय के साथ लेटेस्ट ब्राईडल कैम्पेन लॉन्च किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# बेकाबू हुआ संक्रमण, शिक्षक व प्राइवेट कर्मी की मौत

- सरकार के आदेश पर रविवार को अब से रहेगा लॉकडाउन
- 14 नए पॉजिटिव, 220 को वैक्सीनेशन, कोरोना की दूसरी लहर का कहर



संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**कोरोना की** दूसरी लहर से हर तरफहाहाकार मचा हुआ है। बेकाबू संक्रमण की चपेट में अब हर कोई आ रहा है। संक्रमण के प्रकोप में युवा वर्ग से लेकर बुजुर्ग आ रहे हैं। घाटों पर शवों की अंत्येष्टि के लिए घंटों के हिसाब से इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पतालों में बेड फुल पड़े हैं, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। इन दिनों शुक्लागंज नगर का हाल भी बहुत बुरा है। यहां रोजाना दर्जनभर कोरोना पॉजिटिव निकलने से एक्टिव केसों की संख्या बढ़ती जा रही है। शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग को आरटीपीसीआर पर जोर देने के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद कि जा रही टेस्टिंग में रोजाना संक्रमित निकल रहे हैं। नगर के दर्जनों पॉश मोहल्लों से लेकर मलिन बस्तियों तक कोरोना ने पैर पसार दिए हैं, जिससे हर कोई दहशत में जी रहा है। गुरुवार शाम जहां गोपिनाथपुरम मोहल्ले में स्तिथि एक स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक 57 की कोरोना के कारण कानपुर के हैलेट में उपचार के दौरान मौत हो गई। अस्पताल में हुई मौत की खबर जैसे ही घर परिवार को लगी, कोहराम मच गया। शाम को इलाकाई लोगों ने बताया कि सदमे में उनकी पत्नी की मौत हो गए। एक साथ दो लोगों की खबर से लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं शुक्रवार दोपहर में ऋषि नगर के नहाने वाले प्राइवेट कर्मचारी 35 की कोरोना से जंग लड़ते हुए, नवाबगंज उन्नाव के अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उधर विभाग द्वारा बनाए गए कंटेन्मेंट जोन में बराबर नगर पालिका द्वारा सेनेटाइज, चूना छिड़काव का कार्य किया जा रहा है। गंगाघाट पुलिस भी लगातार मास्क लगाने के लिए एनोउंसमेन्ट ,चेकिंग कर जुर्माना वसूल रही है।

### बढ़ता जा रहा ग्राफ 14 नए संक्रमित

**नगर में** कोरोना संक्रमण के ग्राफ में पिछले एक हफ्ते में तेजी से उछाल आया है। नगर के अलग अलग मोहल्लों से शुक्रवार को 14 नए संक्रमित पाए गए हैं। कोरोना पर्यवेक्षक डॉ प्रदीप दिवाकर ने बताया कि इंद्रानगर मोहल्ले से एक महिला 45, एक पुरुष 20, होम आइसोलेट, ब्रह्मनगर से 50 वर्ष, की महिला को फैसलटी, 30 वर्ष, 35 वर्ष व 25 वर्ष की महिला को होम आइसोलेट किया गया। उन्हीने बताया कि मॉडर्न कॉलोनी से एक पुरुष 41, व एक महिला 23 होम आइसोलेट किये गए। वहीं महेश मार्ग से एक पुरुष 41, एक महिला 35 को भी होम आइसोलेट किया गया। उन्होंने बताया कि सर्वोदय नगर मोहल्ले से एक महिला 23, को होम आइसोलेट वहीं एक पुरुष 49 को फैसलटी भेजा गया। डॉ प्रदीप ने बताया कि श्रीनगर मोहल्ले से एक 80 वर्षीय वृद्ध को भी संक्रमित होने पर आइसोलेट किया गया। रामनगर डाकतार कॉलोनी से एक 45 वर्षीय महिला भी होम आइसोलेट की गईं।

220 को वैक्सीनेशन

**राजधानी मार्ग** स्तिथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर आशुतोष वार्ष्णेय ने बताया कि अस्पताल में शुक्रवार को 150 मरीजों को, ब्रह्मनगर नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में 50 व गोताखोर कालोनी के स्वास्थ्य केन्द्र में 20 लोगों को वैक्सीनेशन दिया गया उन्होंने बताया कुल 220 लोगों को लाभ मिला। बताया कि 138 लोगों को पहली डोज दी गई वहीं 12 लोगों को दूसरी डोज दी गई।

### उत्तरप्रदेश में रविवार को लॉक डाउन

बढ़ते कोरोना केसों व संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए यूपी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। यूपी में सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को पूर्ण रूप से बंदी रहेगी। सरकार का कहना है कि इस दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी बाजार दफ्तर बंद रहेंगे। इस दिन व्यापक सेनेटाइजेशन अभियान चलेगा।

### मास्क को लेकर सरकार सख्त

यूपी में तेजी से कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर सरकार ने पहली बार बिना मास्क के पकड़े जाने पर 1 हजार रुपये का चालान, तो दूसरी बार पकड़े जाने पर 10 हजार रुपए का जुर्माने के आदेश दिए हैं।

### गांवों में नहीं लगा रहा कोई मास्क

कोरोना संक्रमण बेकाबू होने के बाद भी सरकार द्वारा मास्क लगाने को लेकर लोगों को तरह तरह से प्रेरित किया जा रहा है। इसके बाबजूद भी नगर से सटे सिकंदरपुर सरोसी के ग्रामीण इलाकों में जैसे आजाद नगर, सहजनी, देवारा कला, देवारा खुर्द, संभारखेड़ा, पिण्डोखा, बेहटा, शंकरपुर, लालूपुर, कनिकमऊ, हाजीपुर समेत सिकंदरपुर करण के त्रिभुवनखेड़ा, लखापुर, कटरी पीपरखेड़ा, पोनी, घोंघी, रौतापुर, रजवाखेड़ा समेत दर्जनों गांवों में एक भी व्यक्ति मास्क का प्रयोग नही कर रहा है।

## मतदान के बाद पहला दिन

- प्रत्याशी उतरते रहे थकान, समर्थक लगाते रहे हार-जीत के गुणा-भाग

संवाददाता घाटमपुर

**त्रिस्तरीय पंचायत** चुनाव का मतदान होने के बाद आज पहले दिन जहाँ प्रत्याशी दिन भर थकान मिटाते रहे वहीं उनके समर्थक गांव के प्रमुख जगह और चाय-पान की दुकानों में हार-जीत का गुणा भाग लगाते रहे। लेकिन मतदान के आखिरी घंटे में हुई बंफर बोटिंग से समर्थकों के सारे आंकड़े डगमगाते नजर आये। गांव और जिले की सरकार के लिये जनपद के साथ यहाँ भी पहले चरण में मतदान हुआ है। ज्यादा तर मतदान केंद्रों में देर रात तक बोट पड़े और शुक्रवार भोर पहर तक मतगणना स्थल कैप्टन सुखबासी सिंह स्मारक जनता औधोगिक विद्यालय इन्टर कालेज में जमा करायी गयीं, मतपेटियाँ जमा होने के बाद उप निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने सील करवाने के बाद सुरक्षा बलों और पीएसी का पहरा लगा दिया गया है, क्षेत्र के तीनों ब्लाकों में घाटमपुर ब्लाक में 168297, पतारा में 113403 और बिकास खंण्ड भीतरगांव में 138666 मतदाताओं का गांव और जिले की सरकार के लिये बोट देने थे इनमें कमवेश 71 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया,

### 2 मई को प्रात 8 बजे से होगी मतगणना

**घाटमपुर**- क्षेत्र के तीनों बिकास खंण्डों के बोटो की गिनती आगामी 2 मई को प्रात: 8 बजे से होगी, घाटमपुर के लिये मूसानगर रोड पर स्थित कैप्टन सुखवासी सिंह स्मारक जनता औधोगिक इन्टर कालेज मतगस्थल बनाया गया है।

## सीडीओ ने जूम मीटिंग के माध्यम से आरओ व एआरओ के भ्रम का किया निवारण

संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्य विकस** अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला विकास अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी ने प्रात: जूम मीटिंग कर मतदान से सम्बन्धित जो भी अस्पष्टता या भ्रम की स्थितियां आरो या एआरओ के सामने उत्पन्न हो रही थी उनका निवारण किया। सभी निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी को नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी या समीक्षा कैसे की जाती है उसको दोबारा जिला विकास अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया। आरओ झींझक, जीएमडीआईसी और आरओ अकबरपुर ने कई प्रश्न उठाये और उनके प्रश्नों का सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया।

जीएमडीआईसी के इस प्रश्न का कि कोई सहकारी समिति का उपाध्यक्ष क्या चुनाव लड़ सकता हैघ् इस प्रश्न के उत्तर में जिला पंचायत राज अधिकारी ने कहा कि कोई भी सहकारी समिति का अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव नही लड़ सकता है, क्योकि वह सहकारी समिति के नियमों से बंधा होता है। अन्त में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी आरओ व एआरओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि व्यस्तता के बावजूद उन्होंने इस जूम मीटिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी और अपने भ्रम का निवारण किया। उन्होंने विशेष रूप से इस मौके पर जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी को ध्यन्यवाद दिया जिन्होंने सभी आरओ व एआरओ मन में उत्पन्न हो रहे भ्रम का निवारण सहजता व सरलता से किया, साथ ही उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार का कोई भ्रम निर्वाचन से सम्बन्धित आपके मन में उत्पन्न होता है तो उसका निवारण सम्बन्धित अधिकारियों से वाट्सएप के माध्यम से तुरन्त करा ले।

### केवल भूखे प्यासे रहने का नाम ही रोजा नहीं, बल्कि इबादत के साथ परहेजगारी भी जरूरी

**बांगरमऊ उन्नाव।** मुकद्दस रमजान के पहले जुमा को नायब शहर काजी इमाम जामा मस्जिद हाफिज फिरोज खां ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि यह रहमतों, बरकतों और नेमतों वाला महीना है। इस महीने का धार्मिक पहलू जहां इबादत और परहेजगारी है , वही सामाजिक पहलू आपसी भाईचारा और जरूरतमंदों की मदद करना भी है । नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफ स्थित जामा मस्जिद में जुमा के खुतबे में नायब शहर काजी ने कहाकि इस महीने में अल्लाह अपने बन्दों पर नेमतों की बारिश करता है । इस पाक महीने में दोजक के दरवाजे बंद हो जाते हैं और अल्लाह ताला अपने नेक बंदों के लिए जन्नत के दरवाजे खोल देता है । उन्होंने बताया कि इस माह में अल्लाह के बंदों को गलत रास्तों पर ले जाने वाला शैतान कैद कर दिया जाता है । उन्होंने बताया कि केवल भूखे प्यासे रहने का नाम ही रोजा नहीं है । बल्कि इबादत के साथ परहेजगारी भी जरूरी है । नायब काजी ने कहा कि रोजेदारों के लिए नफ्स पर काबू रखना लाजमी होता है । उन्होंने कहा कि मुकद्दस रमजान का धार्मिक पहलू जहाँ इबादत और परहेजगारी है । वही सामाजिक पहलू आपसी भाईचारा और गरीबों तथा बेसहारा लोगों की मदद करना भी है ।

## दो तहसील कर्मियों के बाद एक और कोरोना पाजिटिव केस मिलने से हड़कंप

संवाददाता। पाटन

**कोरोना के** बढ़ते संक्रमण के बीच बीघापुर तहसील क्षेत्र में भी पिछले कुछ दिनों में काफी संख्या में नए केस सामने आ चुके हैं। बीघापुर तहसील मुख्यालय पाटन में गत दिवस जांच के दौरान 2 कर्मचारीयों में कोरोना के लक्षण पाए जाने के बाद आज एक और कोरोना संक्रमित मिलने से लोगों में दहशत बढ़ने लगी है। आरटीपीसीआर व एंटीजन जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य टीम द्वारा फिलहाल मरीज को होम आइसोलेशन में रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं पाजिटिव केस मिलने के दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को तहसील परिसर का सैनिटाइजेशन कराया गया। गुरुवार को तहसील मुख्यालय में कार्यरत एक राजस्व लेखपाल एवं माल बाबू कार्यालय के कर्मचारी कि रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद हड़कंप मच गया था। मरीजों को होम आइसोलेशन में भेज दिया गया था।शुक्रवार को तहसील में तैनात 22 कर्मचारियों सुमेरपुर पीएचसी पहुंचकर जांच कराई। एंटीजन जांच में सभी की रिपोर्ट निगेटिव पाई गई।

वहीं खांसी बुखार की समस्या के चलते जांच कराने आया सुमेरपुर ब्लाक के रघुनाथ खेड़ा निवासी 22 वर्षीय युवक संक्रमित पाया गया। मेडिकल टीम ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार युवक को सेल्फ आइसोलेशन में रखा गया है। कांटेक्ट ट्रेसिंग कर युवक के संपर्क में रहे लोगों के नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे।

## सीएचसी की स्टाप नर्स सहित 47 निकले संक्रमित

### घाटमपुर में फूटा कोरोना बम 189 की जॉच

- भीतरगांव सीएचसी में भी 37 की जॉच में दो स्वास्थ्य कर्मी सहित 3 मिले पॉजिटिव
- घाटमपुर स्टेट बैंक में भी घुसा कारोना वायरस 72 घंटे के लिये की गयी सील



कोरोना जॉच के लिये आयी बृद्वा



कोरोना जॉच में ही गाइड लाइन धड़ाम

संवाददाता। घाटमपुर

**बीते कई दिनों** से कोरोना वायरस की जॉच में निकल रहे संक्रमितों की संख्या में रिकार्ड बढ़ोत्तरी हुई, गुरुवार को मतदान के चलते अवकाश के बाद आज घाटमपुर, पतारा और भीतरगांव सीएचसी के गेट पर जॉचें हुई, जॉच में जहाँ घाटमपुर सीएचसी की एक स्टाप नर्स सहित 4 लोग संक्रमित मिले। सीएचसी गेट पर आज 97 लोगों की जॉच हुई जिसमें स्टेट बैंक और बन बिभाग के स्टाप सहित 47 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव पायी गयीं,चिकित्सा अधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया की स्टाप नर्स व उसके परिवार के 4 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आने पर सीएचसी की ओपीडी 72 घंटे के लिये बन्द कर दी गयी है जबकि यहाँ का मातृ एंव शिशु चिकित्सालय पहले से ही 72 घंन्टे के लिये मंगलवार को सील कर दी गयी थी। स्टेट बैंक व बन बिभाग का स्टाप जॉच में संक्रमित पाये गये है। जिसके चलते बैंक को भी क्वारंटाइन कर लेन-देन बंन्द कर दिया गया है। चिकितसा अधीक्षक के मुताविक 47 में 26 घाटमपुर नगरीय क्षेत्र के है। उधर क्षेत्र की भीतरगांव सीएचसी गेट पर 37 लोगों की जॉच की गयी जॉच में दो सीएचसी कर्मी सहित तीन लोग संक्रमित पाये गये है। चिकित्साधीक्षक डा0 अजय मौर्या ने बताया कि अस्पताल कर्मी के संक्रमित मिलने पर सीएचसी की ओपीडी दो दिन के लिये बन्द कर दी गयी है।

## कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सभी स्वास्थ्य सेवायें रहे दुरस्त: डीएम

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कलेक्टेऊट सभाकक्ष में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण दृष्टिगत व गोल्डन कार्ड की स्वास्थ्य विभाग के साथ समीक्षा की। उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि कोरोना वायरस बढ़ते रूख को देखते हुए सभी स्वास्थ्य सेवायें दुरस्त रहे तथा चिकित्सक समय से अस्पतालों में उपस्थित रहे व दवा आदि की पर्याप्त मात्रा में सीएमची, पीएचसी तथा जिला अस्पताल में उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए पहले से ही व्यवस्थाओं हेतु प्रबन्ध कर ले। उन्होंने कहा कि कोराना के बढ़ रहे मरीजों के चलते कोविड एल-1 व एल-2 अस्पताल में सभी व्यवस्थायें ठीक प्रकार से व्यवस्थित कर ले। उन्होंने कहा कि कोविड-19 वैक्सीनेशन ज्यादा से ज्यादा केन्द्रों पर किया जाये तथा 45 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को लगवाने हेतु प्रेरित करे। निगरानी समितियां बाहर से आ रहे लोगों पर नजर रखे तथा उनका कोरोना कोरोना टेस्ट अवश्य किया जाये, कोरोना पॉजिटिव मरीजों के कान्टेऊक्ट टेऊसिंग शत प्रतिशत की जाये तथा होमआइसोलेश मरीजों का हालचाल समय समय पर लेते रहे तथा दवा आदि भी उन्हें उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने गोल्डन कार्ड बनाये जाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गोल्डन कार्ड बनाने में प्रगति लाये तथा किसी प्रकार की कोई लापरवाही न की जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, सीएमओ डा0 राजेश कटियार, अपर सीएमओ डा0 बीपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि उपस्थित रहे।



## रिटायर्ड वायुसेना कर्मी के तूफानी जनसम्पर्क से विपक्षी हुए परेशान

- रसूलाबाद द्वितीय जिलापॅचायत से बसपा की टिकट पर अभिषेक मिश्रा सोनू है प्रत्याशी

संवाददाता। कानपुर देहात



रिन्द नदी की तलहटी में अपने सर्मथकों के साथ वोट मॉगते रसूलाबाद द्वितीय जिला पॅचायत से बसपा प्रत्याशी अभिषेक मिश्र, सोनू(सेवानिवृत्त वायुसेना कर्मी)

**राजनीति हमारा** पेशा नहीं है बल्कि हर गरीब, मजलूम व शोषित व्यक्ति को उसका हक दिलाने के लिये राजनीति के मैदान में आया हूँ यह बात सेवानिवृत्त वायुसेना कर्मी व इण्टर कालेज सॅचालक अभिषेक मिश्रा ने रसूलाबाद द्वितीय जिला पॅचायत क्षेत्र के सिमरामऊ, मुरलीपुर, अपौना गॉवों में जनसम्पर्क के दौरान कही। अभिषेक मिश्रा सोनू बसपा की टिकट से रसूलाबाद द्वितीय जिला पॅचायत सीट से प्रत्याशी है। समृद्ध शैक्षणिक परिवेश व पूर्व मण्डीसमिति कर्मी समाजसेवी प्रमोद मिश्रा से विरासत में मिले सॅस्कार से रसूलाबाद द्वितीय जिला पॅचायत में रोज नई परिभाषा गढ अभिषेक क्षेत्र में परिचय के मोहताज नहीं है इसी जिला पॅचायत में इण्टर कालेज का सॅचालन से ग्रामीण छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाले अभिषेक के मन में शुरू से ही राजनीति के माध्यम से लोगों की सेवा की भावना रही। सामान्यतय: राजनीति के क्षेत्र में शैक्षणिक परिवेश के लोग कम ही आते है। बहुजन समाजवादी पार्टी ने भी उनके शैक्षणिक व अकादमिक कैरियर को देखते हुये रसूलाबाद द्वितीय सीट पर अभिषेक के ऊपर भरोसा जताया। मात्र कुछ ही दिनों में अपने मिलनसार व्यवहार व तर्कपूर्ण बातचीत की शैली से उन्होंने मतदाताओं से सीधा सम्पर्क साध विपक्षियों को अपनी ताकत का अहसास करवाया

## डीएम ने सीडीओ की देख-रेख में निगरानी समिति की वर्चुअल बैठक, दिए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी जितेन्द्र** प्रताप सिंह की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय के देख रेख में कोविड-19 के दृष्टिगत निगरानी समिति के नोडल अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की गयी। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत और जनपद स्तर के करीब 76 अधिकारी इस बैठक में सहभागिता कर रहे है। इस बैठक का उद्देश्य है कि कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए निगरानी समिति को सक्रिय करना और यह सक्रियता शहरी व ग्रामीण दोनो स्तरों पर की जायेगी। जिसमें ग्राम से लेकर जनपद तक का हर अधिकारी व कर्मचारी एक प्रमुख भूमिका में होगा, साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अधिकारी युगक मंगल दल व महिला मंगल दल का सहयोग भी इसमें ले, जिससे कोविड 19 की लडाई को मजबूती से लड़ा जा सके। चुकि इस समय शादी समारोह चल रहे है ऐसी स्थिति में ऐसे समारोहों में सोशल डिस्टेसिंग का पूर्णतया पालन किया जाये इस बात का पूरा ध्यान रखा जाये। इस महामारी से लड़ने के लिए डोर-टू-डोर प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। कोविड पीडित लोगों को नियमित डाक्टर देख भाल करे। होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों को दूरभाष पर वार्ता कर उनकी कुशलता का समाचार लगातार लेते रहे। हर नागरिक आरोग्य सेतु एप को डाउलोड कर ले ताकि कोविड के बारे में उसको जानकारी मिल सके। सेनेटाइजर व मास्क का प्रयोग लोग करे इस बात की निगरानी लगातार अधिकारीगण करते रहे साथ ही उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक को सक्रिय किये जाने की बात भी कही।

वहीं पर जिलाधिकारी ने इस वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से बताया कि इस बीच में मरीज बढ़े है ऐसी स्थिति में निगरानी समिति की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है इस समिति में जिम्मेदार लोग है और वह निश्चित रूप से इस महामारी में अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझेंगे, अपना बचाव करते हुए आमजन को भी इस महामारी से सुरक्षित करेंगे।

### डीएम के निरीक्षण में पाये गये दोषी फार्मासिस्ट को सीएमओ ने किया निलम्बित

**कानपुर देहात ।** चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्दलपुर एट हवासपुर कानपुर देहात में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दिनांक 15 अप्रैल को निरीक्षण किया गया। औषधि वितरण कक्ष में ड्यूटी पर उपस्थित फार्मासिस्ट विकास कुमार द्वारा एण्टीबायोटिक टेबलेट सिफेक्जिम 10 के स्थान पर 08 तथा टेबलेट पैरासीटामॉल 15 के स्थान पर 10 दी गयी जिसकी शिकायत मरीज ने चिकित्सालय में औचक निरीक्षण हेतु आये जिलाधिकारी से कीए जिस पर जिलाधिकारी द्वारा औषधि वितरण कक्ष में डेली मेडिसिन कन्जेप्सन रजिस्टर का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें एण्टीबॉयोटिक टेबलेट सिफेक्जिम 10 तथा पैरासीटामॉल 15 टेबलेट खारिज की गयी थी।

### सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भूप नारायण सिंह (मुख्य ऋणी) पुत्र स्वर्गीय श्री गिरधारी लाल एवं रमा देवी कुशवाहा (सहऋणी) पत्नी श्री भूप नारायण सिंह जिनका निवास ३A/२४० एल० आई० जी० आवास विकास कॉलोनी, हंसपुरम, कानपुर नगर उत्तर प्रदेश था/है ने अपनी अचल संपत्ति प्लाट न० २D-३२३, आवास विकास कॉलोनी, फेज - २, हंसपुरम, कानपुर नगर उत्तर प्रदेश को आई० सी० आई० सी० आई० बैंक के पक्ष में बंधक रखकर जरिये ऋण खता संख्या एलबीकेएएन०००००३५०६३६ एक गृह ऋण प्रात्त किया था जो की प्रदेशन पत्र दिनांकित ०५-०६-२००२ तथा अनापत्ति प्रमाणपत्र दिनांकित २८-१०-२००२ (जो की आई० सी० आई० सी० आई० बैंक के पक्ष में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद् द्वारा निर्गत किया गया था) के आधार पर स्वीकृत किया गया था। तत्पश्चात उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद् ने दिनांक ०८-०८-२००३ को ऋणी भूप नारायण सिंह के पक्ष में उक्त संपत्ति का बयनामा करा दिया जो कि उपनिबंधक तृतीय के समक्ष बही स ७, जिल्द स ४६७३, पृष्ठ स १११ से १३८, क्रमांक स ६१६० पर पंजीकृत है। यह की उक्त ऋणी ने दिनांक १३-०८-२००३ को पुनः श्री राम शंकर गुप्ता (अब मृत) पुत्र श्री राम प्रकाश गुप्ता तथा श्रीमती रीता गुप्ता पत्नी राम शंकर गुप्ता निवासी मकान न ६०७, ब्लॉक वाई-1, किदवई नगर, कानपुर नगर के पक्ष में उक्त संपत्ति का बयनामा करा दिया (जो कि उपनिबंधक तृतीय के समक्ष बही स १, जिल्द स ४६७८, पृष्ठ स २१५ से २३६, क्रमांक स १६२७५ पर पंजीकृत है) एवं बंधक संपत्ति का कब्जा हस्तांतरित कर दिया।

यह कि ऋणी (भूप नारायण सिंह एवं रमा देवी कुशवाहा) ने उक्त ऋण खाते में कभी कोई धनराशि जमा नहीं कराइ जिसकी वजह से उक्त ऋण खाते को आई० सी० आई० सी० आई० बैंक द्वारा गैर निष्पादित प्रतिभूत वर्गीकृत व् घोषित कर दिया गया तथा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सरफेसी अधिनियम २००२ की धारा ५ के अंतर्गत एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (आर्सिल) को हस्तांतरण अनुबंध दिनांकत २८-०६-२००७ के जरिये अपने ऋण वसूली सम्बंधित सभी शीर्षक, अधिकार तथा हित मूल ऋण प्रदाता बैंक ने आर्सिल को हस्तांतरित कर दिए।

यह की ऋण खाते एवं सम्बंधित बंधक संपत्ति में निहित हितों के अधिकारों के हस्तांतरण के पश्चात आर्सिल द्वारा लोक धन की वसूली हेतु उपयुक्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई । यह की बंधक संपत्ति पर निवास कर रहे व्यक्तिगणो ने की उक्त संपत्ति को ऋणी से ऋण के सम्बन्ध में समुचित जानकारी के अभाव में क्रय किया था परन्तु आर्सिल के द्वारा की गई विधिक कार्यवाहियों से क्रेतागणो को क्रय की गई संपत्ति पर ऋण की जानकारी हुई तत्पश्चात विक्रयप्रपत्र दिनांकित १३-०८-२००३ जो की उप निबंधक तृतीय के समक्ष दिनांक १३-०८-२००३ को बही स १, जिल्द स ४६७८, पृष्ठ स २१५ से २३६, क्रमांक स १६२७५ पर पंजीकृत है के आधार पर अपना मालिकाना हक उक्त बंधक संम्पत्ति पर आर्सिल के समक्ष प्रस्तुत किया।

यह की विक्रयिवलेख के निष्पादन के समय उक्त संपत्ति आई० सी० आई० सी० आई० बैंक के पास बंधक थी जो कि बाद में आर्सिल को हस्तांतरित हुई। इस विषयवस्तु को ध्यान में रखते हुए श्रीमती रीता गुप्ता पत्नी स्वर्गीय श्री राम शंकर गुप्ता उक्त ऋण को समाप्त करने की इच्छुक है और एक मुस्त समाधान योजना के जरिये बकाया धनराशि कि भुगतान कर बंधक संपत्ति को ऋण मोचित कर मूल दस्तावेज प्राप्त करने इच्छा जाहिर की है।

सहऋणी, जमानतदार, व् विधिक उत्तराधाकारी अर्थात (भूप नारायण सिंह एवं रमा देवी कुशवाहा) काफी समय से संपर्क में नहीं है और न ही उन्होंने ने कभी भी आर्सिल से ऋण के भुगतान अथवा बंधक संपत्ति से ऋण उन्मोचित करने के सम्बंध में संपर्क किया।

तदनुसार जन साधारण को सूचित किया जाता है कि अगर किसी भी अन्य व्यक्ति को उक्त बंधक संपत्ति के सम्बन्ध में कोई भी आपत्ति है, तो आज से ७ दिवस के भीतर अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के समक्ष लिखित में दर्ज करा सकता है। उपरांत ७ दिवस आज से, अगर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं प्राप्त होती है तो ऐसी अवस्था में उपरोक्त बंधक सम्पत्ति समस्त देनदारियो को एक मुश्त समाधान के तहत ऋण मोचित करते हुए मूल बंधक दस्तावेज श्रीमती रीता गुप्ता पत्नी स्वर्गीय श्री राम शंकर गुप्ता निवासी मकान न ६०७, ब्लॉक वाई-1, किदवई नगर, कानपुर नगर, के हक में अवमुक्त कर दिए जायेंगे। तदोपरांत न तो अधोहस्ताक्षरी और न ही आर्सिल कंपनी व आर्सिल कंपनी का कोई कर्मचारी, किसी भी प्रकार के वाद या विवाद के लिए उत्तरदायी होंगे।

द्वारा,
प्राधिकृत अधिकारी
एसेट रिकंस्ट्रशन कंपनी इंडिया लिमिटेड
कार्यालय नंबर 209 द्वितीय तल, शालीमार स्क्वायर, बी.न. रोड, लालबाग, लखनऊ-226001 उत्तर प्रदेश
दूरभाष नंबर + ०५२२-४२४१६०३

# टांडा में लेवल-2 के कोविड अस्पताल का डीएम ने किया निरीक्षण

● व्यवस्थाओं का गहनता से लिया जायजा

● वैक्सीनेशन की स्थिति का भी किया अवलोकन

संवाददाता। टाण्डा, अंबेडकरनगर



निरीक्षण करते डीएम व एसपी — पायनियर

**जिलाधिकारी** सैमुअल पॉल एन एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने 200 बेड की क्षमता वाले एमसीएच(मातृ शिशु चिकित्सालय) विंग टांडा पहुंच कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश देते हुए कहा कि कोविड–19 की रोकथाम एवं मरीजों की देखभाल के लिए आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन आपूर्ति, स्टाफ की उपलब्धता, मास्क, टेस्टिंग, अतिरिक्त वेड की उपलब्धता, मरीजों को उपलब्ध कराये जा रहे खाने, पीने का पानी आदि की गहनता से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आइसोलेशन वार्ड में भर्ती मरीजों गुरजीत सिंह, सुचिता, अभिमन्यु मिश्रा, दानिश से मोबाइल के माध्यम से वार्ता कर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की इस दौरान मरीजों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ऑक्सीजन लेवल दिन में 2 बार चेक किया जाता है। खाने पीने की वस्तुएं मिलती रहती हैं। केवल बेडशीट नहीं बदली जाती। जिस पर जिलाधिकारी ने एमसीएच विंग के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अतीक अहमद तथा अपर सीएमओ को कड़ाई से निर्देश देते हुए कहा कि बेडशीट प्रतिदिन बदल जाए। इसमें लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने मरीजों से कहा कि कोई दिक्कत हो तो मुझे अवश्य अवगत कराएं। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज को प्रतिदिन काढ़ा बनवा कर दिया जाए। मरीजों से जिलाधिकारी ने कहा कि खाना बाहर से नहीं खाना है अंदर सारी व्यवस्था रहेगी उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी मरीज ज्यादा सीरियस हैं उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से महामाया मेडिकल कॉलेज सदरपुर भेजा जाए।मरीज भेजने के उपरांत एंबुलेंस गाड़ी को सैनिटाइज अवश्य कराया जाए। साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। मरीजों को ले जाने के लिए एंबुलेंस की उपलब्धता हमेशा रहनी चाहिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहे वैक्सीनेशन का भी जायजा लिया। चिकित्सक ने अवगत कराया कि आज 22 लोगों का टीका लगा। टीका लगाए गए नागेंद्र से मोबाइल के माध्यम से पूछताछ किया गया तो उन्होंने अवगत कराया कि मैं वैक्सीन लगवा लिया हूं। मुझे इसके लिए इंतजार नहीं करना पड़ा।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अपर सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा कि वैक्सीनेशन में और तेजी लाएं ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीका लगवाया जाए।

## पूर्णतया कोविड 19 चिकित्सालय बना मेडिकल कालेज

**अंबेडकरनगर।** कोविड के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज में शनिवार से मरीजो के लिए ओपीडी सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। शनिवार से मेडिकल कालेज का यह चिकित्सालय पूर्णत: कोविड मरीजो के चिकित्सकीय उपचार के लिए समर्पित होगा। मेडिकल कॉलेज का चिकित्सालय कोविड चिकित्सालय के रूप में क्रियाशील होगा। इसके अतिरिक्त अन्य मरीज, जो नान कोविड–19 की श्रेणी में आते हैं, उनके लिए दूर भाष ओपीडी तथा आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध होंगी। साधारणतया नान कोविड मरीजो के उपचार की सुविधाएं एवं आपातकालीन सेवाएं जिला चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध रहेंगी। मेडिकल कालेज प्रशासन ने बताया कि दूरभाष पर ओपीडी सेवा प्रात: 9 बजे से साय चार बजे तक उपलब्ध रहेगी। टेली मैडिसिन ओपीडी के लिए विभागवार दूरभाष नम्बर जारी किए गए हैं।

# भाजपा नेत्री शिमला भारती कांग्रेस में शामिल

● प्रदीप कोरी ने दिलाई सदस्यता

संवाददाता। अंबेडकरनगर



पार्टी नेताओं के साथ शिमला भारती — पायनियर

**भारतरत्न** बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर सर्व समाज शिक्षित हो, इसके हिमायती थे। उनका मानना था कि जब शिक्षा सभी को प्राप्त होगी तभी सबके साथ साथ देश का विकास होगा। उक्त बाते उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव ध्वजपद प्रभारी प्रदीप कोरी ने कही। उन्होंने कहा कि बाबा साहब धर्म निरपेक्षता के हिमायती थे। कांग्रेस पार्टी सभी जाति और धर्म का सम्मान करती है।बाबा साहब राष्ट्र निर्माण की बात करते थे। वे भारत को एक समृद्धिशाली और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे। श्री कोरी ने भाजपा की युवा नेत्री शिमला भारती को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलायी। कोषाध्यक्ष परमानंद शर्मा और राम जी वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सर्व समाज का सम्मान करती है और सभी के विकास के लिए सरकार मे रहते हुए विभिन्न योजनाओं को संचालित किया जिसका लाभ आज भी जरूरतमंद देशवासियों को मिल रहा हैं। प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया कि अकबरपुर जिला पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं एक के ग्राम सुल्तानपुर में संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष भारतरत्न,डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान प्रदीप कोरी के समक्ष शिमला भारती के साथ कांग्रेस पार्टी मे आरती, अंजू, कृष्णावती, गीता, पंकज कुमार यादव, राकेश कुमार, सुभाष कुमार, फूलचन्द, अलगू, राजीव कुमार, अब्दुल रसीद, कमलेश, संदीप, जयहिन्द, विपिन कुमार, वीरेंद्र कुमार, रामू, धीरज कुमार, विपिन चंद्र, धर्मेन्द्र कुमार, सुभाष चंद्र को भी शामिल कर सदस्यता दिलायी। कांग्रेस पार्टी मे शामिल होते हुए शिमला भारती ने कहा कि महिला शिक्षा और अधिकारों के कार्य को केवल और केवल कांग्रेस पार्टी तवज्जो दे रही है,भाजपा ने देश बर्बाद किया, बांटने का काम कर गुमराह किया।

# अब जिला मंत्री विकास तिवारी ने दिया त्यागपत्र

● बोले,निर्दल लड़ेंगे चुनाव

● भाजपा में थम नहीं रहा तूफान



विकास तिवारी

**अंबेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी में जिला पंचायत वार्डो के प्रत्याशियों की सूची आने के बाद मचा तूफान थम नहीं रहा है। सूची में पार्टी लाइन से हटकर काम करने वाले लोगों को टिकट दिए जाने से पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है । इसके चलते त्यागपत्र देने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है । इसकी शुरुआत भाजपा जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव ने की जिसके बाद यह कारवां रुकने का नाम नहीं ले रहा है। टांडा विधान क्षेत्र के मण्डल महामंत्री शुभम सिंह भी त्यागपत्र दे चुके हैं। शुक्रवार को सुबह मंडल महामंत्री शत्रुघ्न गौतम के त्यागपत्र के बाद भारतीय जनता पार्टी के तेजतर्रार युवा नेता तथा जिला मंत्री विकास तिवारी ने भी अपने पद से त्यागपत्र देने का ऐलान कर दिया । जिला अध्यक्ष को भेजे त्यागपत्र में उन्होंने अपनी पीड़ा का सिलसिलेवार उल्लेख किया है। विकास तिवारी ने कहा कि पार्टी के कुछ नेताओं के कारण उन्हें काफी दुख पहुंचा है और वह अपने पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने का भी ऐलान किया।

# बढ़ रही भाजपा की परेशानी

● अब मण्डल महामंत्री ने दिया त्यागपत्र

● निर्दल चुनाव लड़ने का एलान



शत्रुघ्न गौतम

**अंबेडकरनगर।** टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा मंडल महामंत्री ने अपने पद से इस्तीफा देकर निर्दल चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। जिससे भाजपा प्रत्याशी की परेशानियां बढ़ना तय माना जा रहा है। बता दें कि जिले के राजेसुलतानपुर मंडल के महामंत्री एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला कार्यसमिति सदस्य शत्रुघ्न गौतम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया उन्होंने अपना इस्तीफा भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ0 मिथिलेश त्रिपाठी को सौंपा। दिए गए त्यागपत्र में शत्रुघ्न गौतम ने दर्शाया है कि जहांगीरगंज पूर्वी वार्ड अनसूचित जाति के लिए आरक्षित है जहां से वह टिकट मांग रहे थे और चुनाव की तैयारी कर रहे थे किंतु उन्हें टिकट ना देकर को मौका दिया गया है, शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि जहांगीरगंज पूर्वी से भाजपा नेता अभिषेक कन्नौजिया को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि उनका वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है इसके बावजूद उन्हें इस क्षेत्र से टिकट दे दिया गया।जिससे आहत होकर शत्रुघ्न गौतम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।इस्तीफा देने के उपरांत मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान शत्रुघ्न भावुक होकर रोने लगे, हालांकि वह पार्टी में बने रहेंगे।शत्रुघ्न गौतम ने जहांगीरगंज पूर्व वार्ड से निर्दल चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।

## जुलूस निकालने को लेकर प्रशासन से भिड़े प्रत्याशी व समर्थक, 16 नामजद समेत 200 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**मिल्कीपुर अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के चितौरा गांव में प्रधान पद का चुनाव लड़ रहे अनूप कुमार सिंह रानू को चुनाव की पूर्व संध्या पर जबरन जुलूस निकालना और प्रशासन से भिडना महंगा पड़ गया मौके पर पहुंची खण्डासा पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए जहां जुलूस को तितर-बितर कर दिया वहीं 16 नामजद लोगों समेत 200 अज्ञात लोगों के विरुद्ध चुनाव में खलल डालने सरकारी कार्य में बाधा समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष खंडासा नीरज सिंह की तरफ़से दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत चुनाव को लेकर जारी किए गए दिशा-निर्देशों एवं कोविड–19 के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए खण्डासा थाना क्षेत्र के चितौरा गांव निवासी प्रधान पद के उम्मीदवार अनूप कुमार सिंह रानू द्वारा मतदान की पूर्व संध्या पर देर शाम एक बड़ा जुलूस निकाला गया था जिसकी न तो अनुमति ली गई थी।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, प्रधान कार्यालय – 4 ए, गोखले मार्ग, लखनऊ निविदा प्रकाशन सूचना (ई–निविदा) अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित समय में आपूर्ति में सक्षम प्रतिष्ठित निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है :– निविदा विशिष्टि सं0 मेडको/2576/2021 (अपरिवर्तनीय) : (निविदित मात्रा की न्यूनतम 50 प्रतिशत सामग्री की मात्रा हेतु प्रस्ताव देना होगा) क्र0सं0 1 सामग्री का विवरण Rubbrized Cork Sheet (900x600x6mm) इकाई No. मात्रा 20689 क्र0सं0 2 सामग्री का विवरण Rubbrized Cork Strip (900x50x6mm) इकाई No. मात्रा 4425 क्र0सं0 3 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 2 mm dia इकाई No. मात्रा 132994 क्र0सं0 4 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 4 mm dia इकाई No. मात्रा 334744 क्र0सं0 5 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 6 mm dia इकाई No. मात्रा 279342 क्र0सं0 6 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 8 mm dia इकाई No. मात्रा 234417 क्र0सं0 7 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 10 mm dia इकाई No. मात्रा 13254 क्र0सं0 8 सामग्री का विवरण Glass Sleeve 12 mm dia इकाई No. मात्रा 179760 क्र0सं0 9 सामग्री का विवरण Rubberized Cork Gasket Set (10-100) KVA इकाई Set मात्रा 78337 क्र0सं0 10 सामग्री का विवरण Rubberized Cork Gasket Set (160-KVA) इकाई Set मात्रा 281 क्र0सं0 11 सामग्री का विवरण Rubberized Cork Gasket Set (250-400) KVA इकाई Set मात्रा 3762 क्र0सं0 12 सामग्री का विवरण Rubberized Cork Gasket Set (630 KVA) इकाई Set मात्रा 343 क्र0सं0 13 सामग्री का विवरण Rubberized Cork Gasket Set (1000 KVA) इकाई Set मात्रा 32 क्र0सं0 14 सामग्री का विवरण Bakelite Tube 6 mm dia x 0.75 Meter Long इकाई No. मात्रा 227465 क्र0सं0 15 सामग्री का विवरण Bakelite Tube 8 mm dia x 0.75 Meter Long इकाई No. मात्रा 178195 क्र0सं0 16 सामग्री का विवरण Bakelite Tube 10 mm dia x 0.75 Meter Long इकाई No. मात्रा 63617 क्र0सं0 17 सामग्री का विवरण Bakelite Tube 12 mm dia x 0.75 Meter Long इकाई No. मात्रा 239680 क्र0सं0 18 सामग्री का विवरण Bakelite Tube 15 mm dia x 0.75 Meter Long इकाई No. मात्रा 13254 धरोहर राशि (रु0) 2,33,000/– निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय 17.05.2021, 14:00 बजे निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय 18.05.2021, 15:00 बजे निविदा का शुल्क – रु0 7,080/– निविदा विशिष्टि सं0 मेडको/2577/2021 (अपरिवर्तनीय) : (निविदित मात्रा की न्यूनतम 50 प्रतिशत सामग्री की मात्रा हेतु प्रस्ताव देना होगा) क्र0सं0 1 सामग्री का विवरण Adhesive NAVISOL/Olive oil Adhesive इकाई Kg. मात्रा 36773 क्र0सं0 2 सामग्री का विवरण Cotton Tape (25 mmx40 mtr. long) इकाई Roll मात्रा 354851 क्र0सं0 3 सामग्री का विवरण Arcing Horn इकाई Set मात्रा 68954 क्र0सं0 4 सामग्री का विवरण Weaving Tape (25mmx 40mtr.long) (Niwar tape) इकाई Roll मात्रा 22090 क्र0सं0 5 सामग्री का विवरण Silica Gel Breathers 100 gm. इकाई No मात्रा 39309 क्र0सं0 6 सामग्री का विवरण Silica Gel Breathers 250 gm. इकाई No मात्रा 1881 क्र0सं0 7 सामग्री का विवरण Silica Gel Breathers 500 gm. इकाई No मात्रा 343 क्र0सं0 8 सामग्री का विवरण Silica Gel Breathers 1000 gm. इकाई No मात्रा 32 क्र0सं0 9 सामग्री का विवरण Clamping Member इकाई No मात्रा 287776 क्र0सं0 10 सामग्री का विवरण Clamping Ring इकाई No मात्रा 71973 क्र0सं0 11 सामग्री का विवरण Oil Seal for HT Bushing, Size 12 mm इकाई No मात्रा 28593 क्र0सं0 12 सामग्री का विवरण Oil Seal for LT Bushing, Size 12 mm इकाई No मात्रा 36640 क्र0सं0 13 सामग्री का विवरण Oil Seal for HT Bushing, Size 20 mm इकाई No मात्रा 7524 क्र0सं0 14 सामग्री का विवरण Oil Seal for LT Bushing, Size 30 mm इकाई No मात्रा 686 क्र0सं0 15 सामग्री का विवरण Oil Seal for LT Bushing, Size 42 mm इकाई No मात्रा 64 धरोहर राशि (रु0) 1,95,000/– निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय 18.05.2021, 14:00 बजे निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय 19.05.2021, 15:00 बजे निविदा का शुल्क – रु0 7,080/– निविदा विशिष्टि सं0 मेडको/2575/2021 (परिवर्तनीय आधार तिथि : 01.03.2021) : (निविदाकर्ता द्वारा सम्पूर्ण निविदत मात्रा हेतु प्रस्ताव देना होगा एवं उसी के अनुरूप धरोहर धनराशि जमा करनी होगी) क्र0सं0 1 सामग्री का विवरण LT Aluminium XLPE Cable 1x630 Sq.mm. इकाई Km. मात्रा 20 क्र0सं0 2 सामग्री का विवरण LT Aluminium XLPE Cable 1x1000 Sq.mm. इकाई Km. मात्रा 10 धरोहर राशि (रु0) 1,97,000/– निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय 17.05.2021, 14:00 बजे निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय 18.05.2021, 15:00 बजे निविदा का शुल्क – रु0 7,080/– निविदा शुल्क को आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से तथा धरोहर राशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 या बैंक गारण्टी के माध्यम से जमा किया जाना है जिनकी स्कैन्ड कापी निविदा प्रपत्रों के साथ ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड करनी होगी। उक्त निविदाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन अथवा निविदा की तिथि में परिवर्तन की सूचना ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध कराई जायेगी। अधीक्षण अभियन्ता (सा0प0–प्रथम) म0वि0वि0नि0लि0, 4–ए, गोखले मार्ग, लखनऊ पत्रांक 79 दिनांक 16.04.2021 म0वि0वि0नि0लि0, हेल्पलाईन नं0–1800180040/1912 राष्ट्रहित में बिजली बचाएं

## और धू-धू कर जलने लगी बोलेरो

**अंबेडकरनगर।** शुक्रवार को दोपहर अकबरपुर बसखारी मार्ग पर स्थित उप संभागीय परिवहन कार्यालय के निकट एक ऐसा हादसा हुआ जिसे देखकर लोगों का दिल दहल गया। यहां पर बसखारी की तरफ़जाती हुई एक बोलेरो में अचानक आग लग गई और वह धू-धू कर जलने लगी । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो में बैठे चार लोग उतर कर भाग निकले । स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास तो किया लेकिन उसकी लपटें इतनी तेज थी कि गर्मी के कारण किसी की हिम्मत नजदीक जाने को नहीं हो रही थी। लोग दूर खड़े होकर जलती हुई गाड़ी को केवल देखने को मजबूर थे। देखते ही देखते पूरी गाड़ी लगभग राख में तब्दील हो गई (गाड़ी अयोध्या जनपद के गोसाईगंज क्षेत्र के किसी व्यक्ति की बताई जा रही है। घटना के पीछे गाड़ी के अंदर शार्ट सर्किट होने की संभावना जताई जा रही है।

# एसपी कार्यालय बना अवैध वसूली का अड्डा

● चरित्र प्रमाण पत्र के नाम पर खुलेआम वसूली



फाइल में रखा रुपया — पायनियर

**अंबेडकरनगर।** साहब ,जब सर पर ही भ्रष्टाचार का बोलबाला है तो और जगहों पर कैसे नियंत्रण हो सकेगा। जिस्तरीय पंचायत चुनाव में चरित्र प्रमाण पत्र की मांग क्या हुई, पुलिस ऑफिस में बैठे बाबुओं की तो बल्ले बल्ले हो गई। वैसे तो चरित्र प्रमाण पत्र के लिए केवल ?65 का शुल्क निर्धारित है लेकिन आवेदन करते समय भी यहां पर ?100 की वसूली की जाती है। प्रमाण पत्र बन जाने के बाद जब उसे कोई लेने जाता है तो उसके बदले में भी उसे सुविधा शुल्क देना ही पड़ता है। वहां बैठा कर्मचारी बिना सुविधा शुल्क के इतना कानून बता देता है कि लेने वाला ही परेशान हो जाता है। जैसे यदि प्रमाण पत्र किसी महिला के नाम से है तो वह उसे हस्ताक्षर करने के लिए बुलवाता है लेकिन जैसे ही सुविधा शुल्क मिलता है उसकी सारी व्यवस्थाएं वहीं पर बदल जाती हैं । हां इतना जरूर है कि साहब ने सुविधा शुल्क लेने का तरीका बदल दिया है । हाथ में लेने के बजाय अब वह उसे फ़ाइल में रखवाते हैं जिससे कभी भ्रष्टाचार निवारण संगठन की रेड पड़ने पर उनके हाथ लाल नहीं हो बल्कि काले ही बने रहें। देखना यह है कप्तान साहब अपने इस कर्मचारी को कौन सा दंड देते हैं।

# मतदान के बाद हुई मारपीट की दो घटनाओं में 11 पर मारपीट व लूट की धारा में मुकदमा दर्ज

● तीन मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त

**मिल्कीपुर अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में मतदान के बाद चुनावी रंजिश में हुई मारपीट की दो घटनाओं में 11 आरोपियों के विरुद्ध मारपीट व लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मारपीट की घटनाओं में दो लोगों को गंभीर चोट आई है जिनका इलाज चल रहा है थानाध्यक्ष खंडासा नीरज सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन की जा रही है। पहली घटना खण्डासा थाना क्षेत्र के ही बोड़ेपुर सोनहर गनपत गांव में हुई जहां प्रधान पद की प्रत्याशी के पुत्र अपने मतदाताओं को मतदान के बाद मोटरसाइकिल से उनके घर छोड़ कर आ रहे थे जहाँ पहले से घात लगाकर बैठे विपक्षी ने ऊपर हमला कर दिया जिसमें दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए जिनमें से एक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है और 3 मोटरसाइकिले तोड़ दी गई । और आरोप है कि ?4500 छीन लिया गया। वादी के अनुसार उन्हें आतंकित करने के लिए अवैध असलहे से फायरिंग भी की गई। अश्वनी कुमार पांडे ने खंडासा पुलिस को तहरीर देकर आरोपी सुनील सिंह एदिनेश सिंहए लवकुश सिंहए राम बहादुर सिंहए संतोष सिंहए अशोक कुमार पांडे के विरुद्ध मारपीट व लूट का मुकदमा पंजीकृत कराया है। दूसरी घटना 16 अप्रैल को प्रात: 7.00 बजे के आसपास की बताई जा रही है जहां एक प्रत्याशी के गांव दूध दुहाने गए एक अन्य प्रत्याशी के समर्थक उमेश कुमार की पिटाई कर दी गई। दुधिए उमेश कुमार पुत्र श्रीराम निवासी बांसगांव ने खंडासा पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि शुक्रवार सुबह वह दूध दुहाने गए थे जहाँ पर जिला पंचायत का चुनाव लड़े विनोद कुमार व उनके भाइयों अनिल कुमारए प्रभात कुमारए अजय कुमार पुत्र परशुराम निवासी पूरे पांडे इब्राहिमपुर ने चुनावी रंजिश में उन्हें मारा पीटा और 2500 रुपए छीन लिया। जिसके बाद जब यह सूचना बांसगांव उमेश कुमार के घर पहुँची तो बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और रोड पर प्रदर्शन करने लगे सूचना पर पहुँची पुलिस ने लोगों को शांत कराया और उमेश कुमार की तहरीर पर विनोद कुमारए अनिल कुमारए प्रभात कुमारए अजय कुमार पुत्र परशुराम के विरुद्ध मारपीट लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया। थाना अध्यक्ष नीरज सिंह ने बताया कि दोनों मुकदमों में पंजीकृत किए गए हैं छानबीन की जा रही है।

# अयोध्या में हुआ क्षम्यताम भगवती मां सीते प्रायश्चित यज्ञ

● जगतगुरु परमहंस आचार्य ने सवा दो लाख वर्गफिट मां सीता के मंदिर निर्माण की घोषणा की, जानकी नौवमी को होगा भूमि पूजन

संवाददाता। अयोध्या



**तपस्वी** छावनी में जगतगुरु परमहंस आचार्य जी महाराज के नेतृत्व में क्षम्यताम भगवती मां सीते प्रायश्चित महायज्ञ कर माता सीता से अपने पूर्वजों को क्षमा दान के लिए त्रेतायुग युग के धोबी समाज के वंशजों ने वेद मंत्रों से दि आहुति। जगतगुरु परमहंस आचार्य ने बताया कि अयोध्या में मां सीता का एक भी मंदिर नहीं है। उन्होंने कहा रामघाट क्षेत्र में मैं सवा दो लाख वर्ग फीट में माता सीता का भव्य मंदिर बनाऊंगा और आने वाली जानकी नौवमी पर माता जानकी के मंदिर का भूमि पूजन किया जाएगा। जगतगुरु ने बताया कि एक व्यक्ति से मात्र एक रुपए और एक ईंट का सहयोग लिया जाएगा। माता सीता के अयोध्या से चले जाने के बाद अयोध्या श्री हीन हो गई थी। उन्होंने कहा कि रामराज में शिव राम धोब के कहने पर प्रभु श्री राम ने राजधर्म की मर्यादा स्थापित करने के लिए माता सीता को अयोध्या से निकाल दिया था। आज वही त्रेतायुग के धोबी के वंशज ने पूर्वजों के पाप का प्रायश्चित कर पुन: माता सीता को अयोध्या में प्रकट होने की प्रार्थना की। जगतगुरु ने कहा माता सीता के कृपा से ही अयोध्या की बढ़ेगी शोभा। महायज्ञ के बाद अयोध्या की परिक्रमा धोबी ने माता सीता से अपनी पूर्वजों की गलती छमा करने के लिए प्रार्थना की और माता सीता से अयोध्या में आकर वास करने की आग्रह किया जिससे अयोध्या का पुराना वैभव पुन: स्थापित हो सके।

## कांग्रेस ने जारी की जिला पंचायत के 27 प्रत्याशियों की सूची

**अंबेडकरनगर।** उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने जनपद प्रभारी प्रदीप कोरी,सचिव उप्र कांग्रेस और जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा जितेंद्र की संस्तुति पर 27 जिला पंचायत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दिया और सभी को जीत का मंत्र भी दिया। साथ ही साथ कोरोना गाइडलाइन का भी अनुपालन करने का आवाहन किया प्रत्याशियों की सूची में रामनगर पूर्वी गया दीन भारती,2–रामनगर दक्षिणी रामकेवल मौर्य 3–बसखारी उत्तरी निजामुद्दीन, 4–टांडा मध्य प्रथम पत्ती देवी,5–टांडा मध्य द्वितीय कुशलावती,6–टांडा पश्चिम प्रथम राम गिरीश,7–टांडा पश्चिम द्वितीय रीता वर्मा, 8–कटहरी प्रथम रीता देवी ,9–कटहरी द्वितीय आलिया बानो, 10– कटहरी तृतीय नंद कुमार गुप्ता , 11– कटहरी चतुर्थ चंद्रावती 12– भीटी प्रथम जिवलाल भारती 13– भीटी द्वितीय गीता देवी 14 –भीटी तृतीय कृष्णावती निषाद,15– भीटी चतुर्थ मो तालिब, 16– अकबरपुर प्रथम शिमला भारती ,17– अकबरपुर द्वितीय राजितराम वर्मा 18– अकबरपुर तृतीय सतीश चंद्र प्रजापति 19– अकबरपुर चतुर्थ शमा परवीन ,20 अकबरपुर षष्ठम गिरजा देवी 21–जलालपुर दक्षिणी राम आसरे पाल 22– जलालपुर मध्य शर्मिला 23– जलालपुर उत्तरी कपिलदेव,, राजभर 24– जलालपुर उत्तरी पूर्वी निर्मला 25– जलालपुर पूर्वी पुष्पा देवी 26 – भियांव उत्तरी राम पूजन भारती और 27 – भियांव पूर्वी विनय के नाम है।

# सीतापुर में मिले 198 कोरोना पॉजिटिव सपा जिलाध्यक्ष के बेटे की मौत

## कोरोना की दूसरी लहर में बढ़ती जा रही मरीजों की संख्या

संवाददाता। सीतापुर

**कोरोना की** दूसरी लहर में हर दिन पॉजिटिव मिलने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। सीतापुर में षुक्रवार को कोरोना की सुनामी आ गई, सबसे ज्यादा 198 नए मरीज मिले हैं। जनपद में एक्टिव केसों का आंकड़ा एक हजार के करीब जा पहुंचा है। स्वास्थ विभाग की टीमों ने सभी नए मरीजों को होम आइसोलेट करा दिया है। शहर में शुक्रवार को सबसे अधिक 100 नये कोरोना के मरीज मिले हैं। खैराबाद में 22, बिसवां में 16, महोली में 9, गोंदलामऊ में 8, कसमंडा में 7, महमूदाबाद व बेहटा में 6-6, सिधौली में 5, ऐलिया, लहरपुर, व रामपुर मथुरा में 4-4, परसेंडी में 3, हरगांव व मिश्रिख में 2-2, पिसावां व सकरन में एक-एक मरीज मिला है। कोरोना से हर रोज कोई न कोई अपनी जान गंवा रहा है। अब सीतापुर के सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव के बड़े बेटे प्रदीप यादव कोरोना से जिंदगी की जंग हार गए। षहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। पिसावां क्षेत्र में उनके पैतृक गांव खाझाकुआं में शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। वर्तमान में शहर के मोहल्ला खूबपुर निवासी सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव के बड़े बेटे 48 वर्शीय प्रदीप यादव की गुरुवार को कोरोना जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आई। देर रात उनका निधन हो गया। उनके निधन से सपा में षोक की लहर दौड़ गई। एमएलसी आनंद भदौरिया, पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, जिला महामंत्री मसूद आलम, कार्यालय प्रभारी जय सिंह यादव, षेखर यादव समेत अन्य सपा नेताओं ने प्रदीप के आकस्मिक निधन पर गहरा षोक व्यक्त किया है। दूसरी लहर में वैक्सीन का हथियार होने के बाद भी कोरोना लगातार बढ़ रहा है। नाइट कर्यू के बाद भी बेलगाम होता कोरोना हर किसी को डरा रहा है। कोरोना से जंग में आपको पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनना होगा। खुद जागरूक होकर कोरोना से बचाव को सावधानी बरतें। गाइडलाइन का सख्ती से पालन करें। सवाल आपकी और आपके अपनों की सुरक्षा का है। देष, प्रदेष में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के मरीजों और हो रही मौतों को लेकर लखनऊ के व्यापारियों द्वारा कोरोना की चैन तोड़ने के लिए की गई बाजार बंदी की पहल पर अब सीतापुर में भी इस पर अमल करने की मांग जोर पकड़ने लगी है।



प्रदीप यादव फाइल फोटो



# विगत दशकों से नहीं शुरू हो पाया राजकीय महिला डिग्री कॉलेज

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

''**9 दिन चले** अढ़ाई कोस'' कहावत को चरितार्थ करने का कार्य राजकीय महिला डिग्री कॉलेज को संचालित करने वाला उच्च शिक्षा विभाग कर रहा है गौरतलब है कि विगत कई दशकों से नगर व आसपास का आम जनमानस अपनी बहू बेटियों की उच्च शिक्षा को लेकर काफी चिंतित व्यथित था नगर में लड़कियों की उच्च शिक्षा का प्रबंध न होने के चलते या तो बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता था अथवा आसपास के क्षेत्र में नगर में संचालित प्राइवेट डिग्री कॉलेज में महंगी फीस के चलते मन मसोसकर घर बैठ जाना पड़ता था। अपनी दर्दभरी फरियाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से करते-करते यहां का अभिभावक लगभग निराश हो चुका था किंतु बसपा शासनकाल में जनपद में सबसे अधिक ताकतवर माने जाने वाले तत्कालीन विधायक मोहम्मद जासमीर अंसारी वा इनकी पत्नी तत्कालिक सांसद कैसर जहां ने नगर वासियों की अति महत्वपूर्ण समस्या को शासन तक पहुंचाने का काम किया । किंतु इससे पहले कि महाविद्यालय की फाइल शासन से स्वीकृत होती बसपा सरकार चली गई और जिसके चलते वर्ष 2015 में सपा सरकार ने नगर के मध्य में राजकीय महिला महा विद्यालय दो करोड़ 54 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत हुआ। जिस की आधारशिला वर्ष 2016 में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा रखी गई विगत 4 वर्षों से इस बालिका महाविद्यालय का निर्माण कार्य इतनी मंथर गति से चल रहा है कि अभी तक डिग्री कॉलेज का प्रथम तल ही तैयार हो पाया है राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज का निर्माण कराने वाली कार्यदायी संस्था व ठेकेदार अपनी मनमानी व स्वायत्तता के चलते महाविद्यालय के स्वीकृत होने के 5 वर्ष बीत जाने पर भी निर्माण पूर्ण करने को लेकर सजग नहीं दिखाई पड़ते। आखिर हम इसे लहरपुर नगर वासियों का दुर्भाग्य ही मानेंगे कि कई दशक फरियाद करने के बाद जब महाविद्यालय स्वीकृत भी हुआ तो उसके निर्माण को पूर्ण होने में इतना अधिक समय लग रहा है जिससे सरकार की यह महत्वपूर्ण परियोजना प्रशासनिक व शासन की अनदेखी के चलते अभी अधर में फंसी हुई है और अपने निर्माण पूर्ण होने व लोकार्पण का बाट जोह रही है। वही राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज मैं पढ़ने की आस लगाए बैठी नगर व क्षेत्र की लड़कियाँ विगत कई वर्षों से इस महाविद्यालय के संचालित होने का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रही है।

# सड़क पर खड़ंजा न लगने से ग्रामीण परेशान

## गांव के लोगो ने सड़क बनवाये जाने की मांग की, चौड़ीकरण की उठी मांग

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**गड्ढे मुक्त** सड़कों का फरमान आखिर कब पूरा होगा इसकी हकीकत जानना है तो आइए मिश्रिख देहात के ग्राम चंदू पुर मै नहर चौराहे के पास राधेश्याम चक्की वाले के घर से सत्यपाल सिंह के घर तक गड्ढों में परिवर्तित सड़क जिस पर आज तक खड़ंजा नहीं लगाया गया है प्रधान नीलम सिंह द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया वही ग्रामवासी बरसात का जलभराव झेल चुके हैं फिर उन्हें चिंता है कि बरसात में जलभराव हो जाएगा और अभी तक सड़क जस की तस कच्ची गड्ढों के रूप में पड़ी हुई है छात्रों को भी निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मिश्रिख देहात के नहर चौराहे पर राधेश्यांम चक्की वाले के घर से सत्यपाल सिंह के घर तक सड़क पर खड़ंजा नही लगाया गया ग्राम वासी सत्यपाल सिंह शिव गोविंद सिंह सोमनाथ सिंह रामनाथ विश्वकर्मा वीर गुप्ता का कहना है कई बार तहसील अधिकारी वा खंड विकास अधिकारी को शिकायत की गई लेकिन किसी के द्वारा सुनवाई नहीं हुई जिससे सड़क पर निकलना दूभर हो गया है बरसात के समय पानी भर जाता है बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं निकलने में दिक्कत होती है कई बार प्रधान से भी कहा गया लेकिन प्रधान के द्वारा कोई कार्य नहीं करवाया गया जिससे हम सभी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में खंड विकास अधिकारी रामकुमार उपाध्याय से बात की गई तो उन्होंने बताया जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध विस्फोटक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नैमिषारण्य सीतापुर।** नैमिषारण्य पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध विस्फोटक के साथ नूर मोहम्मज पुत्र स्व. मुन्ना अली निवासी ठाकुरनगर कस्बा नैमिषारण्य को गिरतार किया है। उसके कब्जे से 950 ग्राम विस्फोटक, कागज बम पुलिस ने बरामद किया है। अभियुक्त के विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा पंजी.त किया गया है। यह सफलता हासिल करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, अजय दुबे, हेड कांस्टेबल नवल किशोर सिंह, कांस्टेबल सौरभ कुमार शामिल थे।

# पंचायत नामांकन को लेकर बनी बैरीकेटिंग

## 10 न्याय पंचायत में बने 10 काउंटर

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**पंचायत चुनाव** की नामांकन प्रक्रिया का मिश्रिख ब्लॉक परिसर में बैरी केटिंग कराई गई है। ब्लॉक के अंदर व बाहर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है, एडीओ पंचायत अमित चतुर्वेदी ने बताया ब्लॉक परिसर में 10 न्याय पंचायते हं, इसलिए 10 काउंटर बनाये गए हैं। जिसमें 71 ग्राम सभाओं के नामांकन होने हैं। प्रत्याशी के साथ एक प्रस्तावक व एक सहायक को ही प्रवेश दिया जायेगा। ब्लॉक में दो गेट हैं, उत्तर वाले गेट से अधिकारी, कर्मचारी व पत्रकारों जबकि दक्षिण वाले गेट से आवेदक प्रवेश करेंगे। ब्लॉक मिश्रिख के गेट पर कोरोना हेल्प डेस्क केंद्र बनाया गया है। एडीओ पंचायत के मुताबिक किसी को बिना मास्क के प्रवेश नही दिया जायेगा। पूरे प्रांगण को सेनेटाइज कराया जा चुका है। निर्धारित दूरी पर गोले बनाये गए हैं, किसी भी प्रत्याशी को अपनी न्याय पंचायत ढूढने में कोई दिक्कत न हो इसलिए प्रत्येक न्याय पंचायत के काउंटर पर ग्राम सभाओं की सूची भी चस्पा की गई है।




## ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**पंचायत चुनाव** में नामांकन के लिए दावेदार अलग-अलग हथकंडे अपना रहे हैं। सिधौली तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत दुघरा में फर्जी जाति व निवास प्रमाण पत्र बनवाने का मामला सामने आ रहा है। इसमें कितनी सच्चाई है यह तो जांच से ही पता लग सकता है, फिलहाल ग्रामीण इस मामले को लेकर गांव में धरने पर बैठ गए हैं। धरने पर बैठे ग्रामीण देषराज, सहजराम, राजेन्द्र व संजय सिंह का आरोप है, कि महमूदाबाद पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि यह फर्जीवाड़ा करा रहे हैं। पिछले चुनाव में दुघरा से अम्बरीष गुप्ता ने अपनी मां केतकी को चुनाव लड़ाया और उन्हें प्रधान निर्वाचित करा लिया। इस बार यह सीट अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित हो गई है। आरोप है, कि प्रधानी हथियाने के लिए यह फर्जीवाड़ा किया गया है।

# पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने की बैठक



सीतापुर-बैठक करते भाजपा पदाधिकारी

संवाददाता। सीतापुर

**जिला पंचायत** सदस्य सी सीटों पर प्रत्याशी चयन के बाद पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बैठक का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी 79 वार्डों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इसमें सामाजिक व जातीय समीकरणों का पूरा ध्यान रखा गया है। पार्टी द्वारा इस बार समर्पित कार्यकर्ताओं को इसमें वरीयता दी गयी है। उन सभी घोषित प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी को एकजुट होकर लगना होगा। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान से जिला पंचायत तक पार्टी ने अपना परचम फहराने की पूरी रणनीति बनाई है। भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि सीतापुर में इस बार पंचायत चुनाव में पार्टी नया इतिहास लिखेगी। जिले के सभी बूथों पर पार्टी का मजबूत संगठनात्मक ढांचा है। बूथ कार्यकर्ताओं की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बैठक में वार्ड वार बनाए गए समन्वयक को अलग-अलग वार्डो की जिम्मेदारियां भी बांटी गई। इस मौके पर जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, संजय मिश्रा, रोहित सिंह चौहान, राजेश शुक्ला, रमेश भार्गव दीपू, अजय विश्वकर्मा, जितेंद्र मेहरोत्रा, सुधीर सिंह, जया सिंह, राजकुमार अग्रवाल, विष्णु मौर्य, अनूप विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन

**लहरपुर** क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 से जिला पंचायत सदस्य पद के भाजपा समर्थित प्रत्याशी सुनील कुमार के चुनाव कार्यालय का क्षेत्रीय भाजपा विधायक सुनील वर्मा ने फीता काटकर व हवन पूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, प्रमोद बाजपेई, महामंत्री राजेश गुप्ता, विमलेश पांडे, मोतीलाल लोधी, आशीष मिश्रा, देवेंद्र पांडे, अज्जू सिंह, बाल.ष्ण तिवारी, आशीष पांडे, संगम शुक्ला, अक्षय कुमार भार्गव, .कृष्ण कुमार वर्मा, संतोष सिंह, मुन्ना गुप्ता आदि मौजूद थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर हुई बैठक



प्रशिक्षण में मौजूद कार्यकत्री

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**स्थानीय सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आशाओं को घर घर फाइलेरिया की दवा वितरण कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में पुनीत मिश्रा बीएमसी सीतापुर, पतिराज आजाद बीसी मछरेहटा, मनोज वर्मा बीसीपीएम लहरपुर, गौरव सक्सेना बीपीएम, अखिलेश पांडे डब्ल्यू एच ओ ने आगामी 26 अप्रैल से 11 मई तक घर घर फाइलेरिया की दवा इवरमेक्टिन, एल्बेंडाजोल, डीईसी की एक गोली खिलाने के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षित किया। बीसीपीएम मनोज वर्मा ने उपस्थित आशा बहुओं को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के बारे में जानकारी देते हुए फाइलेरिया रोग के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र अधीक्षक डॉ आनंद मित्रा ने सभी से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने और दवाइयों के सेवन की अपील की।

# चिकित्सक प्रवीण श्रीवास्तव हुए सम्मानित



संवाददाता। सीतापुर

**केबी हिंदी** सेवा न्यास बिसौली, बदायूं द्वारा आरके इंटरनेशनल स्कूल बिसौली में आयोजित समारोह में षष्टम अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार, वरिष्ठ परामर्श दाता, प्रभारी ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय सीतापुर डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को हिंदी भूषण श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ प्रवीण को सपना पाराशरी स्मृति सम्मान, हिंदी भाषा के विकास, उन्नयन, संवर्धन, संरक्षण, समग्र लेखन, साहित्यिक उपलब्धियों हेतु न्यास द्वारा प्रदान किया गया। इस पर सीतापुर के समस्त साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# आर्य समाज मंदिर में हुआ वार्षिकोत्सव

संवाददाता। सीतापुर

**कुतुबनगर में** आयोजित आर्य समाज मन्दिर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव में पधारे स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती ने अपने संगीतमयी मधुर भजनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को देव उपासना के मार्ग पर चलने और तम्बाकू मांस मदिरा से पूर्ण विरक्त रहने का आवाहन किया। इस मौके पर आयोजक रामचंद्र आर्य, प्रेमचंद आर्य, ज्ञानचंद आर्य, अनिल वर्मा, रज्जन शुक्ला, सुनील शुक्ला, महेश गुप्ता, राजबहादुर सिंह, चन्द्रकिशोर शर्मा, वेद गुप्ता, सोमू गुप्ता, हीरा लाल कश्यप और राकेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता। सीतापुर

### 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक के 225 अनुपस्थित कार्मिकों ने उपस्थित होकर प्रषिक्षण प्राप्त कर लिया है।

**सीतापुर शिक्षा** संस्थान रस्यौरा में मंगलवार को 505 मतदान दलों के 2020 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में 20 पीठासीन अधिकारी, 33 मतदान अधिकारी प्रथम, 28 मतदान अधिकारी द्वितीय और 22 मतदान अधिकारी तृतीय गैर हाजिर रहे। गैर हाजिर 103 कार्मिकों के विरुद्ध केस दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। सहायक प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक राकेश कुमार पांडेय ने बताया गैर हाजिर कार्मिकों के कार्यालयाध्यक्ष को संबंधित से स्पश्टीकरण तलब करने के निर्देष भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक के 225 अनुपस्थित कार्मिकों ने उपस्थित होकर प्रषिक्षण प्राप्त कर लिया है।

# अवैध शराब के साथ गिरफ्तार




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**कोतवाली पुलिस** द्वारा एक अभियुक्त को ग्राम रिछौना से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक पवन कुमार मिश्रा ने टीम के साथ क्षेत्र के ग्राम रिछौना से संदीप पुत्र नरेश निवासी ग्राम रिछौना को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया कोतवाली प्रभारी राय साहब द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत कार्यवाही की गई।

## 17 को बंद होगी अवध शुगर मिल

संवाददाता। हरगांव सीतापुर

**अवध शुगर** एण्ड एनर्जी लिमिटेड हरगांव 17 अप्रैल को बंद हो जाएगी। मिल के अधिशासी उपाध्यक्ष विजयवीर राणा ने बताया अभी तक एक करोड़ तिहत्तर लाख साठ हजार पांच सौ कुंतल गन्ने की पेराई कर ली है। समस्त किसानों को कैलेन्डर के अनुसार पर्चियां निर्गत की जा चुकी हैं, अब किसी किसान भाई की पर्ची अवशेष नहीं है। मिल 14 अप्रैल से लगातार फ्री चल रही है, जिसकी सूचना कृषकों के दर्ज मोबाइल नंबरों पर, सोशल मीडिया व क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से एनाउंसमेंट कर दी जा रही है।

# स्कूल कर रहे बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़

## ● आदेश के बावजूद खुल रहा विद्यालय

संवाददाता। निघासन-खीरी



**एक तरफ** जहां पूरा देश कोरोना महामारी का दंश झेल रहा है वही निघासन तहसील के बेलराया कस्बे में स्थित सरजू सरस्वती विद्या मंदिर में कोरोना वायरस का कोई भी असर देखने को नहीं मिल रहा है। वहां के अध्यापक खुलेआम स्कूल चला रहे हैं। बच्चे बिना मास्क के देखे जा रहे हैं। सरकार ने 20 मई तक सभी इंटर कॉलेजों को बंद कर रखा है। इसी क्रम में जब पत्रकारों ने खंड शिक्षा अधिकारी निघासन दिनेश कुमार वर्मा से इस संबंध में बात की तो उन्होंने बताया की वह स्वयं कोरोना संक्रमित हैं। लेकिन वह अभी किसी ना किसी के माध्यम से जांच करवा रहे हैं। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। लेकिन समय बीतने के साथ अगले दिन पुनः पत्रकारों ने कवरेज के दौरान पाया कि स्कूल पुनः खुला हुआ है। बच्चे बिना मास्क के स्कूल भी जा रहे हैं। किसी भी प्रकार से कोई डर नहीं है। अब देखना यह है कि सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यापक कब तक इन नौनिहाल बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ करते रहेंगे। उनके जीवन को दांव पर लगाते रहेंगे। क्या कोई प्रशासन का अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेगा या यूं ही यह मामला चलता रहेगा।

## बिजली विभाग की लापरवाही से संविदाकर्मी की मौत

**मैंगलगंज-खीरी।** जनपद खीरी मुबारकपुर पावरहाउस की लापरवाही फिर एक बार उजागर काम कर रहे संविदा कर्मी की 11000 लाइन की चपेट में आकर मुबारकपुर निवासी हरिशंकर राठौर की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी की गैरमौजदगी में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घर वाले चीख़ते रहे चिलाते रहे कि उसकी पत्नी को आ जाने दो। लेकिन पुलिस वालों एक न सुनी। जी हां आपको बताते चलें कि ये कोई नया कारनामा बिजली विभाग नही है ऐसी कई घटना हो चुकी है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नही दे रहे मुबारकपुर पावर हाउस के जेई और सहायक अधिशाषी अभियंता इतने लापरवाह है जिसके लापरवाही के कारण किसी के मां का बेटा छीन लिया गया। किसी का पति चला गया। मुबारकपुर पावर हाउस के जेई और सहायक अधिशाषी अभियंता सालों से कुंभकर्णी नींद में सोए हैं। हादसे के बाद भी जागना मुनासिबत नहीं समझा है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दल विशेष की राजनीति हावी

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**राजनीति रूपी** सीढ़ी का पहला पायदान त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को माना गया है जिसके चलते पंचायत चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियां एवं दल विशेष की राजनीति हावी है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने बूथ स्तर तक की इकाइयां पंचायत चुनाव को लेकर सक्रिय कर दी है। प्रत्याशियों को पार्टी विशेष दल के समर्थन से चुनाव लड़ाए जा रहे जिससे राजनीतिक दल के कार्यकर्ता समर्थित प्रत्याशियों को जीत दिलाने में आचार संहिता को चुनौती देते हुए हर संभव प्रयास करने में जुटे हैं कि बस किसी तरह गांव की सत्ता पर कब्जा जम जाए। इसी वजह से मतदाताओं को प्रलोभन देना आपसी टकराव के मामले सामने आ रहे हैं जो आदर्श आचार संहिता के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। गांवए क्षेत्र के विकास में ग्राम प्रधान क्षेत्र व पंचायत जिला पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। किंतु



बदलते राजनीतिक परिवेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत दर्ज करना प्रत्येक प्रत्याशी के लिए नाक का सवाल बना है। खासकर ग्राम प्रधानी के चुनाव में देखा गया है कि प्रत्याशी सामाजिकए राजनीतिक और

### ● स्थानीय बुनियादी मुद्दे भूलकर आपसी खींचतान में उलझे प्रत्याशी

कानूनी मर्यादा तक को लांघ जाते हैं। गांव की स्थानीय बुनियादी मुद्दों को प्रत्याशी अपने प्रतिद्वंदी को मात देने या नीचा दिखाने के लिए किसी भी स्तर तक जाने को तैयार रहते हैं। नामांकन में आपत्ति से लेकर एक दूसरे पर झूठे आरोप.प्रत्यारोप लगाना आम हो गया है। प्रत्याशियों के इसी आपसी खींचतान के कारण ग्राम अलीपुर में पूर्व ब्लाक प्रमुख और उनके साथियों पर मुकदमाए तेंदुआ ग्राम पंचायत के दो प्रधान प्रत्याशियों के बीच टकराव जिसमें कई लोग जेल भी गये वहीं नकहा ब्लाक में सत्ता पक्ष के एक विधायक और पूर्व ब्लाक प्रमुख के बीच हुआ टकराव आदर्श चुनाव आचार संहिता के लिए चुनौती बन गया।

### प्रत्याशी महिला लेकिन पोस्टर में पतिदेव

अमूमन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में देखा जा रहा है कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी तो शासन प्रशासन ने सुनिश्चित कर दी है लेकिन उन्हें अब भी खुलकर सामने आने का मौका नहीं मिल रहा। गांव क्षेत्र में दीवारों पर चस्पा सैकड़ों पोस्टर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि प्रत्याशी तो महिला है लेकिन पोस्टर में पतिदेव या पुरुष प्रतिनिधि का चेहरा चमक रहा है। नामांकन पत्र दाखिल करने और चिन्ह आवंटन के समय तो महिला प्रत्याशी काउंटर पर दिखाई दी उसके बाद महिला सशक्तिकरण के दौर में महिला प्रत्याशी पुनः घर जाकर चौका चूल्हा में व्यस्त हो गई और चुनाव मैदान में पुरुष डटे हैं।

## वांछित छह अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मुकदमों में वांछित छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम न अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 150/21 धारा 429 भादवि व 9/51 वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में वांछित अभियुक्तगण असलम खां पुत्र अजीमुल्ला खां, जियाउद्दीन पुत्र मोहइउद्दीन, वारिस खां पुत्र नफीस खां, इस्तियाक पुत्र इसहाक खां, छंगा उर्फयासीन पुत्र वाहिद निवासीगण हकीमपुरवा थाना फूलबेहड़ खीरी व अहमद खां पुत्र इसरार खां निवासी गुढना थाना फरधान खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक चाकू, एक बांका बरामद किया गया। टीम में श्याम नारायण सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़, उप निरीक्षक लोकेश सिंह चौकी प्रभारी सुंदरवल, हेड कांस्टेबल राजबहादुर सिंह, कांस्टेबल श्याम किशुन, कांस्टेबल मनीराम, कांस्टेबल धीरज कुमार व कांस्टेबल विनीत कुमार शामिल रहे।

## मतदाताओं की चुप्पी से बढ़ रहीं दिल की धड़कनें

### ● तरह-तरह के प्रलोभन देने में जुटे प्रत्याशी

### ● 18 अप्रैल को थम जाएगा चुनाव प्रचार

### ● प्रत्याशियों में मायूसी

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी।

**पंचायत चुनाव** मे दूसरे चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। एकल चुनाव प्रचार का आखरी दिन है। प्रधान बीडीसी तथा जिला पंचायत सदस्य पूरी तरह दिन रात चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। वही मतदाता भी इस बार चुप्पी साधे हैं। पंचायत चुनाव में जहां प्रत्याशियों को काफी कम समय मिला वही मतदाता भी निराश हैं। एक तरफ करौना बीमारी को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चिंताएं बढ़ी हुई हैं। वही प्रधान सहित अन्य पदों के प्रत्याशी तरह-तरह के प्रलोभन तथा वादे जनता से कर रहा है। वहीं शराब के शौकीन मतदाताओं ने अपनी मांग बढ़ा दी है। कच्ची पिलाओ तो कच्ची बात पक्की पिलाओ तो पक्की बात। देखने में अभी आया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची शराब की मांग ज्यादा बढ़ गई है। वही भाजपा, सपा और बसपा ने जिला पंचायत में अपने अधिकृत प्रत्याशी खड़े कर दिए हैं। इन राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की धड़कनें निर्दलीय प्रत्याशियों ने बढ़ा दी हैं। कम समय होने के कारण जिला पंचायत के प्रत्याशी अपने क्षेत्र में पूरी तरह अभी तक अपने चुनाव चिन्ह का प्रचार नहीं कर पाए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य मतदाताओं की पसंद में सबसे पहले हैं। देखने में यह लग रहा है कि जिला पंचायत सदस्य का चुनाव चिन्ह ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा असर नहीं कर पा रहा है। कुल मिलाकर 19 अप्रैल को प्रातः काल से मतदान शुरू हो जाएगा। वहीं यही देखने में आया है कि बहुत से कर्मचारी जो अपनी चुनाव ड्यूटी कटवाने के चक्कर में नेताओं की परिक्रमा कर रहे थे। उनकी ड्यूटी न कट पाने की वजह से निराश व हताश हैं। कुल मिलाकर कल शाम से चुनाव प्रचार पूरी तरह थम जाएगा। पोलिंग पार्टियां 18 अप्रैल से अपने-अपने क्षेत्रों में निकल जाएंगी। वहीं पुलिस और प्रशासन के अधिकारी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक कर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील कर रहे हैं परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत चुनाव को देखते हुए चुनाव प्रचार में प्रत्याशी सहित कोई भी व्यक्ति मास्क सेनीटाइजर या सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर रहा है जो एक चिता का विषय है।

## अग्निकांड पीड़ित परिवार की मदद

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**थाना हैदराबाद** क्षेत्र के ग्राम परसेला में अज्ञात कारणों के चलते सुबह भीषण आग लग गयी। इसमें मोती लाल पुत्र प्यारे लाल का पूरा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना लगते ही पहुंचे समाजवादी पार्टी के निवर्तमान नगर अध्यक्ष व ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक एवं समाजसेवी वारिस अली अंसारी ने परिवार की स्थिति को देखते हुए नकद धनराशि देकर सहायता की। इस मौके पर सुभाष चंद्र प्रजापति 139 विधानसभा गोला पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, लियाकत अली सपा नेता, इजरान अंसारी, अशोक कुमार, जमील मंसूरी, इसराइल अंसारी, नंद किशोर भार्गव, ठाकुर प्रसाद, जमील मंसूरी, नईम खान, लाल बहादुर वर्मा, सर्वजीत व आसिफ अली अंसारी उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर के आरोपियों की लाखों रुपये की संपत्ति हुई कुर्क

**अजान-खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र में गैंगस्टर एक्ट के आरोपी दुर्गेश उर्फडीके की खेरिया स्थित कृषि भूमि रकवा 0.425 हेक्टेयर व थाना पसगवा के ग्राम भूड़ा निवासी फूलचंद रैदास ग्राम की छपारा भूड़ा में स्थित कृषि भूमि रकबा हेक्टेयर 0.121 को कुर्क की गई। कुर्क की गयी सम्पति की अनुमानित लागत 10 लाख रुपए बताई गयी है। इन दोनों ने धोखाधड़ी कर अपनी बेनामी संपत्ति बनाई थी। अब इन संपत्तियों को जिला प्रशासन ने सीज कर कुर्क करने की करवाई शुरू कर दी है। दोनों अपराधी पसगवां थाने के वांछित हैं। कार्यवाही मजिस्ट्रेट के आदेश पर कुर्क की गई भूमि पर सरकारी बोर्ड लगा दिए गए हैं। जिससे इलाके के अपराधियों में हड़कंप मच गया है। कुर्की के के समय थाना हैदराबाद एसएचओ अजय कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह व लेखपाल राजेश गौतम मौजूद रहे।

## नगर में नजर आ रहा कोरोना कर्फ्यू का असर

**मैलानी-खीरी।** कोराना वाइरस की रफ्तार तेज होते ही शासन ने नाइट कर्फ्यू रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक आदेश जारी किया गया। इसके चलते पुलिस कर्मी भी रात्रि में गश्त करते दिखाई दिए। आज दोपहर थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान यादव व हमराह पुलिस कर्मियों ने मिलकर बिना मास्क वालों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसके चलते उन्होंने कई बिना मास्क वालों के चालान काटे। थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्र भान यादव ने बताया कि जनता पूर्णतः कोविड -19 गाइड लाइन का पालन करते रहें। रात्रि में अनावश्यक घरों से बाहर न निकलें और घर में रहें सुरक्षित रहें।

# रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के 18वें दीक्षांत समारोह सम्पन्न

संवाददाता। बरेली



**महात्मा ज्योतिबा** फुले रोहिलखंड विश्विद्यालय ,बरेली के 18 वें दीक्षांत समारोह का ऑनलाइन ऑफलाइन आयोजन मैनेजमेंट विभाग के हाल में किया गया।माननीय कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मुख्य अतिथि प्रोफेसर दिनेश शर्मा, उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री एवं श्रीमती नीलिमा कटियार उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ऑनलाइन उपलब्ध रहे। समारोह में विशिष्ठ अतिथि प्रोफेसर रविकांत, डायरेक्टर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश, कुलपति प्रोफेसर के .पी. सिंह ,कुलसचिव श्रीमती सुनीता पांडेय ,14 संकायाध्यक्ष, विद्या परिषद एवं कार्यपरिषद के सदस्य एवं 79 स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। दो गज की दूरी मास्क है जरूरी नियम कि अंतर्गत कार्यक्रम से ही केवल जुड़े अधिकारी, शिक्षक और सम्बंधित कर्मचारीयों को ही प्रवेश करने की अनुमति दी गयी ।प्रातः 10 बजे कुलपति प्रोफेसर के पी सिंह किं अगुवाई में कार्य परिषद विधया परिषद के पदाधिकारियों के साथ शोभायात्रा में मंच तक पहुँचे । मंच पर पहुँचने के बाद उन्होंने माँ शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । कुलपति ने कुलाधिपति के आदेश पर सम्बंधित विभागोघ्यक्षों से उपाधि धारकों को वर्चुअली उपाधि वितरित कराई । उसके बाद 79 स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया ।महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि 'कोडिव-19 के फैलाव के कारण निर्मित विषम परिस्थितियों से जूझकर भी छात्रों के हित को सर्वोपरि रखते हुए आयोजित किये जा रहे इस आनलाइन दीक्षान्त समारोह के सफल व सार्थक आयोजन हेतु मैं विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई देती हूँ । और निरन्तर इस विश्वविद्यालय के चहुँमुखी विकास के लिए अनेकानेक शुभकामनाएँ देती हूँ। उन्होने कहा 15 फरवरी, 1975 में स्थापित इस विश्वविद्यालय ने विगत 46 वर्षों से अनवरत शैक्षणिक, सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से पिछड़े इस क्षेत्र की प्रगति में उच्च शिक्षा के माध्यम से अत्यंत ही सराहनीय योगदान दिया है। सामाजिक अंतर को मिटाने में इस विश्वविद्यालय ने जो भूमिका निभायी है उसके लिए मैं विश्वविद्यालय के कुलपति, शिक्षकों, कार्मिकों और विद्यार्थियों को हृदय से बधाई देती हूँ। आज यह विश्वविद्यालय 26 राजकीय, 29 अनुदानित व 507 स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के साथ मिलकर निरंतर प्रगति-पथ पर अग्रसर है और क्षेत्र की सेवा में अनवरत योगदान दे रहा है जिसके लिये विश्वविद्यालय परिवार अपने नित-नवीन प्रतिष्ठा के लिये बधाई का पात्र है। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर दिनेश शर्मा ,उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री जी ने अपने भाषण मे कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष है कि महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में छात्र हित में नई शिक्षा नीति को अंगीकार करने वाला प्रथम विश्वविद्यालय है। उन्होने कहा भारत में शिक्षा जगत के इतिहास में सबसे बड़ा बदलाव किया गया है मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पेश की गई है, भारत की यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसरो प्रमुख डॉ कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में की गई है।इस शिक्षा नीति के तहत बहुत सारे क्षेत्र में छूट और अत्यधिक लाभ देने की कोशिश की गई है, जिससे छात्रों पर पढ़ाई का बोझ कम होगा छात्र रट्टा मार पढ़ाई ना करके कुछ सीखने योग्य पढ़ाई करेंगे और भारत के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। हमारे भारत का इतिहास है कि पूरी दुनिया भारत से हमेशा सीखते आ रही हैं वैसे ही भारत को ज्ञान के क्षेत्र में महाशक्ति बनाना राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। नेशनल एजुकेशन पालिसी 2020 का मुख्य उद्देश्य भारत में प्रदान की जाने वाली शिक्षा को वैश्विक स्तर पर लाना है। जिससे कि भारत एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बन सके। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के माध्यम से शिक्षा का सार्वभौमीकरण किया जाएगा।

## नामांकन के समय अनावश्यक भीड़ न लायी जाएः इंद्र विक्रम सिंह

**शाहजहांपुर ।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने पुलिस अधीक्षक के साथ संयुक्त रूप से त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के दृष्टिगत विकास खण्ड ददरौल एवं कांट के निरीक्षण किया इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा प्रत्याशियों के नामांकन के समय अनावश्यक भीड़ न लायी जाए। नामांकन के लिए केवल प्रत्याशी एवं प्रस्तावक को अनुमति दी जाएगी। प्रत्याशी एवं प्रस्तावक को कोविड.19 का टेस्ट अनिवार्य रूप से कराना होगा। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने पुलिस अधीक्षक के साथ संयुक्त रूप से त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के दृष्टिगत विकास खण्ड ददरौल एवं कांट के निरीक्षण दौरान कही।



उन्होंने कहा है कि कल से नामांकन प्रक्रिया प्राराम्भ हो रही है। सभी लोगों द्वारा कोविड.19 की गाइडलाइन का नियमतः पालन करना अनिवार्य होगा अन्यथा बिना मास्क पहने लोगों को जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा है कि चालान की धनराशि बढ़ा दी गयी है। उन्होंने कहा है कि बिना मास्क के पहली बार चालान होने पर 1000 रू0 से दण्डित किये जाने के साथ ही अगर उसी व्यक्ति का दोबारा चालान होता है तो उसे 5000 रू0 के चालान से दण्डित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि नामांकन प्रक्रिया सुबह 8 बजे से 5 बजे तक रहेगी। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रशिक्षु आई0ए0एस विशाल कुमार जिला कृषि अधिकारी श्री सतीश पाठक आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

# डीएम व एसपी ने शहर के विभिन्न चौराहों का किया भ्रमण

संवाददाता। शाहजहाँपुर

**जिलाधिकारी** इन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एस. आनंद ने संयुक्त रूप से कोविड-19 के दृष्टिगत शहर के विभिन्न चौराहों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कहा है कि कोरोना का खतरा अभी टला नही है। इसलिए कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से बचने के लिए कोविड-19 के नियमों का पालन अवश्य किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकरी एवं पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली तिलहर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली में अभिलेखों का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि समस्त पटल के कार्य समय से पूर्ण होने चाहिए। उन्होंने कहा है कि कोविड-19 के नियमों का पालन कड़ाई से कराया जाए।

### टीका उत्सव के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित

**शाहजहांपुर ।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा'' द्वारा नगर निगम क्षेत्र के निवासियों को कोविड-19 से सुरक्षित रखे जाने के लिये ''टीका उत्सव'' के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया । जिसके अंतर्गत नगर निगम कार्यालय में यूनीसेफ की टीम के डा0 कुमार गुंजन, डा0 लक्ष्मण सिंह, एवं डा0 हुदा, के साथ बैठक की गई। नगर आयुक्त द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि नगर निगम से मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, कर निर्धारण अधिकारी, कर अधीक्षक, एवं समस्त राजस्व निरीक्षकों की टीम बनायी है, जिसका कार्य नगरीय क्षेत्र के 45 वर्ष या उससे अधिक उम्र के निवासियों को कोविड-19 वैक्सीन लगवाये जाने के लिये प्रेरित करना है। साथ ही साथ डोर-टू-डोर कैम्पेन के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण करवाकर इस महामारी के प्रकोप से सुरक्षित करना है। बैठक में यूनीसेफकी टीम द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में कोविड-19 वैक्सीन लगाये जाने हेतु 10 हेल्प सेन्टर बनाये गये है, तथा मो0 जली कोठी स्थित सी0एम0ओ0 कार्यालय व जिला अस्पताल में 45 वर्ष या उससे अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति प्रत्येक दिवस में वैक्सीन लगवा सकता है व स्वंय को कोविड-19 की महामारी से सुरक्षित रख सकता है।

### सम्पूर्ण जनपद में प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक बन्दी

**शाहजहांपुर । जिला मजिस्ट्रेट इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया है कि कोविड-19 महामारी के बढ़ते संक्रमण को रोकने हेतु रात्रिकालीन निषेधाज्ञा जारी किया जा चुका है। वर्तमान में जनपद में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बढ़ने की सम्भावना के दृष्टिगत एतदद्वारा महामारी अधिनियम 1897 के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत आदेशित किया जाता है, कि सम्पूर्ण जनपद में प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक बन्दी रहेगी। इसके अन्तर्गत प्रत्येक शनिवार को रात्रि 09.00 बजे से सोमवार प्रातः 06.00 बजे तक (निजी क्षेत्र के चिकित्सालय ध् नर्सिंग होम्स एवं समस्त मेडिकल स्टोरों को छोड़कर) सम्पूर्ण जनपद के समस्त बाजार अग्रिम आदेशों तक साप्ताहिक बन्दी के रूप में उक्त अवधि तक बन्द रहेंगे।**

## नगर निगम ने कसी कमर

# अपर नगर आयुक्त ने सेनेटाइजेशन कार्य की चेकिंग कर कई फरमान जारी किए

संवाददाता। शाहजहांपुर

**नगर आयुक्त** संतोश कुमार षर्मा के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह ने नगर में कोविड-19 से ग्रसित कन्टेनमेंट जोनों में सेनेटाइजेषन कार्य की चेकिंग कर कई फरमान जारी किए शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त एस के सिंह ने नगर में बने कन्टेनमेंट जोन-मो0 सिटी पार्क, डी0एम0 कम्पाउन्ड, तारीन जलाल नगर, टाउन हाल गाँधी भवन के पीछे, अम्बेडकर पार्क के पीछे, कटिया टोला, रैनाबाग कॉलोनी, बिजलीपुरा, खलीलषर्की, साउथ सिटी, मस्जिदगजं, छोटा चौक, सरायकाईयां, वजीरगज, अहमदपुर रेती में कोविड-19 के संक्रमण के प्रभाव को कम करने के लिये सेनेटाइजेषन कराया गया। नगर में कन्टेनमेन्ट जोन में सेनेटाइजेषन कार्य का निरीक्षण किया गया,जिसमें नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा द्वारा मो0 कटिया टोला व खिरनीबाग में कराये जा रहे सेनेटाइजेषन कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा अपनी देख-रेख में सेनेटाइजेषन कार्य को कराया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त ने अधिकारियो एवं कर्मचारियो को निर्देषित किय कि नगर में कोरोना पाजिटिव व्यक्तियों के क्षेत्रों को नियमित रूप से विषेश



अभियान के तहत सफाई कार्य के साथ-साथ सेनेटाइजेषन के कार्य को कराना सुनिष्चित करे। निरीक्षण के समय नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ0पी0 गौतम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंष कुमार दीक्षित, पवन कुमार उपस्थि रहें। इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त एस0के0सिंह द्वारा नगर के मो0 अहमदपुर रेती में कोविड-19 के मरीज पाये जाने पर क्षेत्र में पहुँच कर अपनी देख-रेख में सेनेटाइजेषन का कार्य कराया गया, इसके साथ ही अपर नगर आयुक्त मनोकरण मंदिर से अहमदपुर रेती होते हुये पुत्तू लाल व पुत्तू लाल चौराहे से केरूगंज तक सेनेटाइजेषन का कार्य कराया गया। निरीक्षण के दौरान डी0सी0 विनय प्रताप



सिंह, एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार षाक्य उपस्थित रहें। नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा के निर्देष में क्रम में दिनांक 17.04.2021 रोस्टर के अनुसार सेनेटाइजेषन का कार्य मो0 आवास विकास कालोनी, सदर बजार पंखी होटल के पास, बाड़ूजई द्वितीय, पुवांया रोड, दिलाजाक, एमनजई जलाल नगर, अषफाक उल्ला खाँ मजार के पास, चिनौर,कृश्णा नगर कॉलोनी, हद्दफचौकी, गर्रा फाटक, कांषीराम कॉलोनी, केरुगजं चौराहा, बरेली मोड़,ख्वाजा फिरोज,आदर्षनगर कॉलोनी कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त के निर्देष के क्रम में नगर निगम क्षेत्र में रेलवे स्टेषन,बस स्टैण्ड, कचहरी,कलेक्ट्रेट, आफीसर्स कालोनी, जज साहब का बंगला, समस्त सरकारी कार्यालय में एवं प्रतिदिन रूप से बनने वाले कन्टेनमेंट जोनों में तत्काल रूप से सेनेटाइजेषन का कार्य कराया जायेगा। इसके साथ ही नगर में होने वाले सप्ताहिक अवकाष में विषेश अभियान के तहत सेनेटाइजेषन का कार्य कराया जायेगा तथा नगर आयुक्त ने महानगर वासियो से अपील की गई कि कोरोना कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन व एक दूसरे 02 गज दूरी एवं मास्क का उपयोग अवष्य करे।

# पंचायत चुनाव में कद्दावरों की प्रतिष्ठा भी लगी दांव पर

संवाददाता। फतेहपुर

● पार्टी गाइड लाइन से हटकर मंत्री पुत्रो ने कराया है डीडीसी और बीडीसी के लिए नामांकन

● बीडीसी के लिए छोटे बेटे का निर्विरोध निर्वाचन तय अब बड़े बेटे के निर्णय पर टिकी सब की नजर

● भाजपा की साख पर बने दर्जन भर के करीब बागी

● जिम्मेदारों की पेशानियो पर आया बल, डीडीसी के लिए सत्ता के दो अलंबरदारो की साख दांव पर, जिला संगठन भी सकते में

**जिले** की राजनीति में लंबरदार की उपाधि से प्राय: नवाजे जाने वाले सूबे के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री ठा0 रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह की स्थिति इस चुनाव में साप-छछूंदर जैसी हो गई है। इसका कारण पुत्र मोह भी कहा जा रहा है। जनपद की प्रतिष्ठित हुसैनगंज सीट से विधायक धुन्नी सिंह के दोनों पुत्र आदित्य और अनुज प्रताप सिंह ने क्रमश: जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए नामांकन कराया है, यह दोनों नामांकन हाई प्रोफाइल इसलिए भी कहे जा सकते हैं कि पार्टी हाईकमान की गाइड लाइन का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। क्योंकि यह गुस्ताखी मंत्री पुत्रो के द्वारा की गई है, इसलिये मामला प्रदेश स्तर तक पहुंच गया है और हो-हल्ला भी मचना शुरु हो गया है?

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले ही केन्द्र-प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने एक नीति निर्धारित कर दी थी कि सांसद और विधायक के परिजन यहां तक कि नजदीकी रिश्तेदार भी जिला पंचायत सदस्य/अध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख, प्रधानी का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। अगर कहीं ऐसा होता है तो पार्टी कड़ी कार्यवाही करेगी। पहले और दूसरे चरण के चुनाव वाले जनपदों में पार्टी ने कईयों को बाहर का रास्ता दिखाकर अपने मंसूबे भी स्पष्ट कर दिए हैं, बावजूद इसके सवाल यह उठता है कि लंबरदार सरीखे राजनीतिज्ञ किन परिस्थितियों में अपना ओहदा दाव पर लगा रहे हैं!

बताते चलें कि मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह के ज्येष्ठ पुत्र कुं0 आदित्य प्रताप सिंह ने जिला पंचायत सदस्य के लिए वार्ड नं0 46 ऐरायां से पर्चा दाखिल किया है, जबकि उनके दूसरे पुत्र अनुज प्रताप सिंह का ऐराया क्षेत्र पंचायत के अल्लीपुर वार्ड से निर्विरोध निर्वाचित होना तय है, क्योंकि इस सीट पर उनका अकेला पर्चा दाखिल हुआ है। ऐसी संभावनाएं बलवती हैं कि अनुज प्रताप सिंह ऐराया क्षेत्र पंचायत की प्रमुखी के लिए सशक्त दावेदार होंगे। अभी तक ऐराया ब्लाक प्रमुख मंत्री के भतीजे अशोक सिंह थे। सवाल यह उठता है कि क्या रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह पार्टी की गाइड लाइन से हटकर अपने बेटे को ब्लाक प्रमुख बना पाएंगे।

इसी तरह मंत्री धुन्नी सिंह के बड़े पुत्र आदित्य प्रताप सिंह ने गाइड लाइन के बावजूद डीडीसी के लिए पार्टी से समर्थन मांगा था किन्तु उनके दावे को नकार कर भाजपा ने ग्राम सभा बहेरा सादात के मजरे बनियापुर निवासी महेश कुमार यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया, जिन्होंने कल नामांकन भी कर दिया है। अब क्योंकि आदित्य प्रताप सिंह ने तीन दिन पहले ही डीडीसी के लिए नामांकन कर दिया है, तो सवाल यह उठता है कि क्या आदित्य भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ पायेंगे, अगर ऐसा होता है तो मोदी और योगी की साख का क्या होगा। क्योंकि इतना तो तय है कि बेटा नहीं माना तो पिता को बड़ी कुर्बानी के लिए तैयार रहना होगा। वैसे भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार मौजूदा परिस्थितियों के दृष्टिगत 18 अप्रैल को आदित्य प्रताप सिंह अपना पर्चा वापस ले सकते हैं! अगर ऐसा होता है तो भी लंबरदार की साख पर असर पड़ना तय हैं, क्योंकि तब यह सवाल उठेगा कि किन परिस्थितियों में ऐसा निर्णय लेना पड़ा? वैसे लंबरदार ने लगभग पौने तीन दशक के अपने राजनैतिक जीवन में कभी भी पैर पाले में वापस नहीं खींचा, बड़ी बड़ी चुनौतिया आई किन्तु अंगद की तरह पैर जमाए रखा।

उधर भाजपा पंचायत चुनाव के जिला प्रभारी प्रकाश शर्मा कहते है कि पार्टी की गाइड लाइन से किसी को भी खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा। चाहे वह कोई भी क्यों न हों। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की वापसी की समय सीमा समाप्त होने तक बागी अपना पर्चा वापस नहीं लेते तो प्रदेश नेतृत्व के संज्ञान में सारे मामले लाए जाएंगे, उसके बाद कार्यवाही होगी। यह पूछने पर कि कार्यवाही किस स्तर की तो उनका जवाब था कि सीधे निष्कासन और पद से बर्खास्तगी भी! वहीं भाजपा के जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि पार्टी का अनुशासन तोड़ने वालों पर 18 अप्रैल के बाद सीधी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी सांसद और विधायक के परिजन और नजदीकी रिश्तेदार को प्रमुखी के लिए प्रत्याशी नहीं बनाया जायेगा, क्यों न वह निर्विरोध बीडीसी हो गया हो!

कुल मिलाकर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री ठा. रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह की इस त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में स्थिति सांप-छछूंदर जैसी हो गई है, वह बेटे के लिए डीडीसी की सीट न तो निगल पा रहे है और ना उगल पा रहे हैं! अगर निगलते है तो बहुत कुछ गवाना पड़ सकता है और उगलते है तो दशकों की साख पर असर पड़ना तय है। यही नहीं दूसरे बेटे के लिए बीडीसी की सीट निर्विरोध जिताने के बावजूद क्या नाफरमानी की जवाबदेही से बच पायेंगे और फिलहाल बात बन भी गई तो भविष्य में क्या उसे 'प्रमुख' बना पाएंगे। यह भी बड़ा समसामयिक सवाल बनकर उभरा है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

संवाददाता। फतेहपुर

**गाजीपुर** कस्बा के समीप शुक्रवार की सुबह पिकअप की चपेट में आ जाने से जहां एक 45 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गयी वही दूसरा घायल हो गया जिसे उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाने के बड़नपुर गांव निवासी बाबूलाल का पुत्र पुन्नी लाल अपने साथी पवन के साथ मोटरसाइकिल से गाजीपुर कस्बा किसी काम से गया था। वापस लौटते समय जैसे ही बाइक कस्बा से कुछ दूर आगे बढी तभी पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे पुन्नी लाल की मौके पर मौत हो गयी। वही पवन घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सर्राफा व्यवसायी के घर व दुकान से लाखों की चोरी

संवाददाता। नवाबगंज,फर्रुखाबाद



**सर्राफा** के घर में घुसे चोर कमरे व दुकान में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर 300 ग्राम सोने के जेवर व एक लाख रुपये नगद चुरा ले गए।

शुक्रवार भोर में सर्राफा की पत्नी के जागने पर घटना की जानकारी हुई। थाना पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच कर नमूने लिए। सराफ ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

थाना व कस्बा नवाबगंज में मंडी के सामने निवासी बालकृष्ण वर्मा के घर के बाहरी हिस्से में सोने चांदी के आभूषण की दुकान है। गुरुवार को बालकृष्ण परिवार के साथ ऊपर के कमरे में सो रहे थे। रात में किसी समय चोर मकान में पीछे से चढ़कर छत पर पहुंचे। चोरों ने जीने का ताला तोड़ दिया और नीचे पहुंच गए।

चोरों ने सर्राफा व्यवसायी उनकी पत्नी बच्चों के कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी। इसके बाद दूसरे कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर जेवर निकाल लिए। इसके बाद चोर दुकान में पहुंचे। यहां रखी तिजोरी का लॉक तोड़ दिया और उससे भी जेवर पार कर दिए।

शुक्रवार भोर में सर्राफ ा व्यवसायी की पत्नी सोनी वर्मा जागीं तो दरवाजा बाहर से बंद था। उन्होंने दरवाजे के ऊपर लगी खिड़की से सरिया के सहारे कुंडी खोली और बाहर निकलीं। पास के कमरे में सामान बिखरा देख चोरी का पता चला। उनके शोर मचाने पर सराफ व आसपास के लोग जाग गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एसओ अंकुश राघव मौके पर पहुंचे। बालकृष्ण ने पुलिस को बताया कि सोने चांदी के जेवर बेचने के अलावा गिरवी गांठ का काम भी करते हैं। चोर घर व दुकान से 300 ग्राम सोने के जेवर व एक लाख की नगदी चुरा ले गए हैं। सूचना पर फोरेंसिक टीम के वैज्ञानिक ओम प्रकाश ने घटना स्थल पर तिजोरी व घर की अलमारी के ऊपर मिले चोरों की अंगुलियों के निशान लिए। थानाध्यक्ष अंकुश राघव ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करने का भरोसा दिया है। घटना की जानकारी पर सीओ मोहम्मदाबाद सोहराब आलम मौके पर पहुंचे। उन्होंने सर्राफ ा व्यवसायी से पूरे घटना क्रम की जानकारी ली और कई सवाल भी किए। सर्राफ ा व्यवसायी की बताई कई बातें पुलिस के गले नहीं उतर रही थीं।

### खोजी कुत्ते ने घर से लेकर खेत तक लगाई दौड़

घटना के बाद ट्रेनर खोजी कुत्ते को लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। खोजी कुत्ते ने घटना स्थल पर सामान सूंघने के बाद खेत में आधा किलोमीटर तक दौड़ लगाई और काफी देर तक आस पास घूमता रहा।

## भाजपा नेता के गनर की दंबगई: पिता,पुत्री को ईंट-डंडों से पीट-पीट कर किया लहूलुहान

● भाजपा सरकार की धौंस दिखा,मकान व दुकान न छोड़ने पर जान से मारने की धमकी

● हमारी सरकार है तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगी



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**बीजेपी** नेता के प्राइवेट गनर द्वारा योगी सरकार की धौंस दिखाकर पिता.पुत्री को ईंट व डंडों से पीट.पीटकर लहूलुहान कर दिया। काफी देर तक खून बहता रहा। सूचना पर पहुंचे शहर कोतवाल वेद प्रकाश पाण्डेय ने जांच पड़ताल कर पिता पुत्री को कोतवाली लाकर न्याय दिलाने हेतु उनकी एफआई दर्ज कर ली। विवरण के अनुसार नीलम मिश्रा पुत्री विद्यासागर पाण्डेय निवासी नाला मछरट्टा दरीबा पश्चिम थाना कोतवाली फर्रुखाबाद ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि तकरीबन सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर फूलन देवी उर्फ नीरज पत्नी रामनिवास श्रीमती ममता देवी पत्नी शिवम दुबे सहित कविता देवी पुत्री रामनिवास यह सभी हमारे साथ ईट डंडों से मारपीट करने लगी और भाजपा सरकार की धौंस दिखाकर कहने लगे कि मकान दुकान सब छोड़कर चले जाओ नही तो तुम्हे जान से मार देगें। हमारी सरकार है तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगी। क्योकि इनका फूलन का देवर लल्ला पाण्डेय बीजेपी नेता का प्राइवेट गनर है। इसलिए पुलिस या कोई कोर्ट हमें कोई सहायता नहीं देगेंए इन लोगों के यह सब कहने के बाद जब मैं रिपोर्ट लिखवाने चैकी जाने लगी तो इन सबने फूलन देवी ममता देवी कविता देवी इन लोगों ने हमारी जान बचाई। मेरी दो साल की बेटी है। जिसे भी इन लोगों ने जान से मारने की कोशिश की। इन लोगों ने मुझे भी जान से मारने की कोशिश की थी। उसने बताया कि इससे पहलें भी इन लोगों ने मुझे मारने की कोशिश की थी जिसका मुकदमा न्यायलय में विचाराधीन है। उसने शहर कोतवाल से गुहार लगाई कि आप हमे सुरक्षा प्रदान करे। वरना किसी दिन फूलन देवी, ममता देवी, कविता देवी व लल्ला पाण्डेय यह सब मिलकर मुझे व मेरे पिता व मेरी दो साल की बेटी को जान से मार देगें। आज तो कैसे भी बच गये।

## अनियंत्रित बाइक पोल से टकराई, युवक की मौत

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेला के समीप गुरूवार की शाम अनियंत्रित होकर बाइक बिजली के पोल से जा टकराई जिससे एक 30 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मवई गांव निवासी रामसजीवन का पुत्र सुनील कुमार गुरूवार की शाम मोटरसाइकिल से रिस्तेदारी में जा रहा था जैसे ही वह बेला गांव पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक बिजली के पोल से जा टकराई जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## समाचार पत्र वितरकों को वितरित की जीवन रक्षक औषधि



संवाददाता। फतेहपुर

**आज** प्रात: 4:15 बजे डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में समाजसेवी होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा 106 समाचार पत्र वितरक जो प्रतिदिन हर परिस्थिति में जागने से पहले घर पहुँचाते हैं उन्हें व उनके परिवार के सदस्यों हेतु आयुष मंत्रालय द्वारा प्रमाणित एवं कोरोना के संक्रमण को कम करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि आर्सेनिक एल्बम 30 व मास्क का नि:शुल्क वितरण किया गया। साथ ही डॉ. अनुराग द्वारा सभी को साबुन से हाथ धुलने, मुँह को मास्क से ढ़कने तथा सोशल डिस्टेंसिग का पालन करने हेतु जागरूक किया।

इस अवसर पर भीम सिंह, अशोक श्रीवास्तव, खेल्ला पाल, सजीवन पाल, सर्वेश श्रीवास्तव, अधिकार श्रीवास्तव, विनोद, शब्बीर, अभिनव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## बसपा के जिला पंचायत सदस्य के 18 प्रत्याशी घोषित

**फर्रुखाबाद।** बहुजन समाज पार्टी ने त्रिस्तरीय जिला पंचायत के अधिकृत जिला पंचायत सदस्यों की सूची जारी कर प्रत्याशियों में खलबली मचा दी। बसपा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पाल सिंह जाटव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य के 30 सीटों में से बसपा के अधिकृत 18 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। जिसके अनुसार ब्लाक राजेपुर प्रथम सामान्य महिला के पद पर सरोजनी देवी, द्वितीय सोनिया गिहार, चतुर्थ से दिग्विजय सिंह राजपूत, ब्लाक शमशाबाद प्रथम पिछड़ा वर्ग अभय प्रताप सिंह पाल, द्वितीय सामान्य अभय प्रदीप गंगवार, तृतीय अनु0सू0 जाति रानी देवी, चतुर्थ पिछड़ा वर्ग महिला दमयंती शाक्य,ब्लाक कायमगंज प्रथम साम0 महिला ताबिन्दा रहमान, चतुर्थ सामान्य श्यामा देवी वर्मा,पंचम सिद्धार्थ सिंह गंगवार, ब्लाक नवाबगंज प्रथम पिछड़ा वर्ग शान मोहम्मद, द्वितीय पिछड़ा वर्ग प्रेम चन्द्र राठौर, मोहम्मदाबाद ब्लाक प्रथम पिछड़ा वर्ग महिला अर्चना कश्यप, पंचम सामान्य डा0 कार्तिके सिंह, ब्लाक कमालगंज प्रथम सामान्य अनन्त राठौर, तृतीय सामान्य महिला गीता राजपूत, ब्लाक बढ़पुर द्वितीय पिछड़ा वर्ग अवनीश कुमार राजपूत, तृतीय अनु0 महिला रामादेवी पूर्व प्रधान को मैदान में उतारा है। वहीं बसपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि शेष बचे प्रत्याशियों की सूची जल्द जारी की जायेगी।

## पुलिस नें कोरोना नियमों का पालन कराने के लिए किया रूटमार्च



**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** प्रदेश शासन द्वारा कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने के लिए कोतवाली प्रभारी एवं कस्बा चौकी प्रभारी ने भारी पुलिस बल के साथ पंचायत चुनाव से पूर्व नगर के प्रमुख मार्गों पर रूट मार्च निकाल कर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया। साथ ही कोरोना से बचाव के लिए मास्क पहनने के लिए प्रेरित किया।

शुक्रवार को कोरोना संक्रमण पर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के पालन के लिए पंचायत चुनाव से पूर्व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह एवं कस्बा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत भारी पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए नागरिकों सहित दुकानदारों को मास्क प्रयोग करने की हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने नियमों का उल्लंघन करने पर चालान करने की चेतावनी भी दी। इस अवसर पर एसआई बृजेंद्र सिंह यादव, बृजेश यादव, सहित कांस्टेबल अवधेश, अर्जुन सिंह, अभिलाष बाजपेई मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### फर्रुखाबाद में फैली दहशत : बम फटा, तीन सफाईकर्मी घायल

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद नाला मछरट्टा में उस समय दहशत फैल गयी जब कूड़े के ढेर में छिपा बम फट गया। धड़ाम की तेज आवाज से अफरा-तफरी मच गयी। तीन सफाई कर्मी घायल हो गये। जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह नाला मछरट्टा पर विकास पुत्र विष्णु एवं नितिन पुत्र पन्नालाल नगर पालिका के कर्मचारी हैं। ये कूड़ा उठा रहे थे। इसी दौरान बम फट गया। बम फटने से तीन सफाई कर्मी घायल हो गये। मौके पर अफरा.तफरी मच गयी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गयी है। घायल सफाई कर्मियों को अस्पताल भिजवाया गया है। लोग दहशत में हैं। जानकारी मिलने पर सीओ सिटी नितेश कुमार, कोतवाल वेद प्रकाश पाण्डेय, फिल्ड यूनिट की टीम मौके पर आ गयी। उन्होंने जाँच पड़ताल की।

### मामूली विवाद में गर्भवती को किया मरणासन्न

**फर्रुखाबाद।** मबेशी बाँधने के विवाद में महिला को उसके जेठ व जेठनी को मरणासन्न कर दिया। गंभीर हालत में उसे सीएचसी में भर्ती किया गया। पुलिस घटना की जाँच कर रही है। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम कटरी (सथरा) मजरा निवासी गर्भवती नीतू सिंह पत्नी इंद्रेश सिंह नें थानें में तहरीर दी। जिसमें कहा कि उसके जेठ आदेश पुत्र रविन्द्र सिंह व जेठानी सीमा आये दिन उसे परेशान करते है। पति के पांचों भाईयों में बंटबारा हो चुका है। लिहाजा उसके बाद भी जेठ रविन्द्र नें उसकी भूमि पर अपनी भैंस बाँध दी। जिसका जब विरोध किया तो उन्होंने गाली-गलौज के साथ मारपीट कर दी। जिससे नीतू सिंह की हालत जादा खराब हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती किया गया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार बताया कि जाँच की जा रही है।

### युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** क्षेत्र के ग्राम बिराहिमपुर निवासी शिव सिंह पुत्र स्वर्गीय नाथूराम द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 9 अप्रैल को वह अपने दरवाजे के बाहर बैठा था। उसी समय परिवार के ही नेम सिंह, सुधीर सिंह, अनुज, अतुल आए और मकान के बंटवारे को लेकर अभद्रता करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### उपभोक्ता के खाते से पार हुई हजारों की नकदी

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** बचत खाते से हजारों रुपए की नकदी को साइबर चोरों ने पार कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी सर्वेश कुमार पुत्र मेवाराम द्वारा कोतवाली में तहरीर में बताया कि उसका खाता स्थानीय एसबीआई बैंक में है। जिसमें 24 मार्च एवं 25 मार्च को 10 बार में 40748 रूपये अचानक कट गए। पीड़ित ने बैंक के शाखा प्रबंधक को अवगत कराया। वही पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### ट्रक चालकों ने खलासी की हत्या कर शव पुल से नीचे फेंका

**फतेहपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बक्सर पुल पर देर रात ट्रक चालको ने दूसरे ट्रक खलासी को बुरी तरह पीटकर हत्या करने के बाद पुल से नीचे फेककर फरार हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। जानकारी के अनुसार जनपद सुल्तानपुर निवासी साहबदीन यादव का पुत्र राजेश यादव जो खलासी था। बताते है वह अपने ट्रक चालक रामसबद यादव के साथ ट्रक से जा रहा था तभी कल्याणपुर थाने के बक्सर पुल पर पहले से ही दो ट्रक खड़े थे जैसे ही यह ट्रक पुल पर पहुंचा तभी दूसरे ट्रक के चालक व खलासी ने ट्रक रोकर राजेश को उतारकर बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया और हत्या करने के बाद शव को पुल से नीचे फेककर फरार हो गये। उधर घटना की जानकारी मिलने पर मौके में पहुंची पुलिस ने राजेश को जिला चिकित्सायल पहुंचाया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## आईसक्रीम पार्लर शॉप मालिक ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरिहरगंज में शुक्रवार की सुबह 35 वर्षीय युवक ने आईसक्रीम पार्लर शॉप मालिक नें दुकान के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली वही मृतक के पास मिले सुसाइट नोट पर मौत का कारण अपनी पत्नी बताया है। वहीं पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। जानकारी के अनुसार हरिहरगंज मोहल्ला निवासी चन्द्र प्रकाश मिश्रा का पुत्र अभिषेक मिश्रा जिसकी हरिहरगंज में आइसक्रीम पार्लर शॉप की दुकान है। बताते है आज सुबह उसने दुकान के अंदर ही पंखे में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसकी जानकारी जैसे ही परिजनों को लगी तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं पुलिस को पास में पड़ा सुसाइट नोट मिला जिसमें मृतक अपनी मौत कारण अपनी पत्नी संधा दुबे को ठहराया है। बताते है कि दो वर्ष पूर्व मृतक ने संधा के साथ लव मैरिज किया था।

## कोविड-19 के नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाये: डीएम

● डीएम व एसपी ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर दिये निर्देश

संवाददाता। कन्नौज

**कोविड**-19 को दृष्टिगत रखते हुये मास्क एंव सोशल डिस्टेसिंग का पालन शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाये। त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 को निष्पक्ष शांतिपूर्ण एंव व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाये। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सभी अक्षरश: पालन करें। लापरवाही किसी भी दशा में छम्य नही की जायेगी।

उक्त निर्देश शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एंव पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने संयुक्त रूप से पोलिंग पार्टी रवानगी स्थलध्मतगणना स्थल विकास खण्ड कन्नौज, गुगरापुर, उमर्दा, जलालाबाद, हसेरन, छिबरामऊ, तालग्राम, सौरिख का निरीक्षण करते हुये उपस्थित



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम व एसपी पायनियर

अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये। उन्होनें समस्त विकास खण्ड मुख्यालयों पर चयनित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल व मतगणना स्थल का निरीक्षण करते हुये उपस्थित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि प्रत्येक स्थल में साफ-सफाई, पेयजल, प्रत्येक मतदान कार्मिक के बैठने की व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होनें कहा कि समस्त व्यवस्थायें अपने-अपने व्यक्तिगत पर्यवेक्षण में अत्यन्त सतर्कता बरतते हुये समय से सुनिश्चित कराय। उन्होने समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, रिर्टनिंग आफीसर एवं सहायक रिर्टनिंग आफीसर को मतदान दलों को प्रस्थान दिवस में समस्त निर्वाचन सामग्री वितरण हेतु मतदेय स्थल के बढ़ते क्रम में एक से प्रारम्भ करते हुये अंत तक प्रत्येक टेबल अधिकतम 18 से 20 बूथ आवंटित करते हुये टेबल लगाने की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। उन्होनें कहा कि मतदान दलों के सूचना तैयार करने हेतु बैठने, शुद्ध पेयजल, शौचालय, प्रकाश आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होनें कहा कि रिजर्व में रखे गये कार्मिकों के बैठने की अलग व्यवस्था करायी जाये तथा कार्मिकों की उपस्थित भी दर्ज की जाय। उन्होने उप निर्वाचन अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि स्ट्रांग रूम के लिये सी0सी0टी0वी0 कैमरें स्थापित किया जायें तथा पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। उन्होनें कहा कि प्रत्येक रवानगी एवं मतगणना स्थल पर कोविड हेल्प डेस्क एंव चिकित्सक की टीम सहित एम्बुलेंस की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एंव कर्मचारी उपस्थित थें।

## नाईट कर्फ्यू में बस अड्डा सहित कई जगह खुली रही दुकाने

**फर्रुखाबाद।** देश में फैली महामारी की दूसरी लहर ने फर्रुखाबाद को अपने चपेट में लेने पीछे नहीं हट रहा है। जिले में दिनों दिन कोरोना मरीजों की तादात बढ़ती ही जा रही है जिसके लिए सख्ते में आये डीएम मानवेन्द्र सिंह ने आज 15 दिनों तक रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू लगाने की घोषणा की थी। जिसके बाद से कई दुकाने बंद होती रही तो कई दुकानदार बिना किसी डर के खोले रहे।

### इस प्रकार रहा शहर में नाइट कर्फ्यू

लालदरवाजा के पास रात्रि 9 बजे के बाद भी दुकाने खुली रही वहीं घुमना से चौक के बीच दुकाने तो काफी हद तक बंद देखने को मिली। घुमना से चौक के बीच ठिलिया वाले गलियों में खिसकते हुए नजर आये। चौक पर बनी पान की दुकान भी खुली रही। तो कहीं लालदरवाजा व घुमना बाजार में बनी मिठाईयों की दुकाने भी खुली देखने को मिली। तो कई जगह नाईट कर्फ्यू का असर देखने को भी मिला।

## नेताओं का कर्तव्य

### कोविड मानकों का पालन

**केवल** जुबानी बयानबाजी के बजाय नेताओं को हमेशा कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करना चाहिए। हम जानते हैं कि कोरोनावायरस वैश्विक महामारी ने राष्ट्रीय जीवन के सभी पक्षों को बुरी तरह प्रभावित किया है जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता से लेकर सामाजिक व्यवहार तथा अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य तक शामिल है। लेकिन ऐसा लगता है कि इसने राजनेताओं को सोचने और काम करने पर बाध्य नहीं किया है। बढ़ती महामारी से निपटने के लिए दुहरे मानक कदापि नहीं होने चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह परिघटना हमारे अधिकांश राजनेताओं के मामले में स्पष्ट दिखाई देती है। हालांकि, सरकार कोविड-19 के बढ़ते मामलों से पूरी दृढ़ता के साथ निपटने में लगी हुई है, पर उसने चुनाव वाले राज्यों में बनी स्थिति के प्रति आंखें बंद कर ली हैं जहां कोविड-उपयुक्त व्यवहार का धड़ल्ले से मजाक उड़ाया जा रहा है। अपनी सार्वजनिक रैलियों, रोड शो व अभियानों में लगभग सभी राजनेता और उनके समर्थक मास्क पहनने, शारीरिक दूरी बनाए रखने तथा अन्य कोविड-उपयुक्त व्यवहारों का पालन नहीं करते हैं। सत्ता के भूखे इन नेताओं के लिए किसी व्यक्ति का वोट उसके जीवन से ज्यादा महत्वपूर्ण है, इसलिए उनको अपने वोट पाने के रास्ते में कोविड-उपयुक्त व्यवहारों की जरा भी चिन्ता नहीं है। निर्वाचन आयोग की बार-बार चेतावनियों के बीच



जमीनी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। हालांकि, अधिकांश विदेशी राजनेताओं ने अच्छे व्यवहार का परिचय दिया है और सत्ता से बाहर किए गए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा ब्राजील के वर्तमान राष्ट्रपति जैल बोलसोनारो इनमें अपवाद हैं। उदाहरण के लिए, ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जान्सन ने इस वर्ष के प्रारम्भ में अपनी भारत यात्रा रद्द की थी जब उनको इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि बनाया गया था। उस समय उनके देश में कोविड-19 संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे थे और उन्होंने जनता की आशंकाओं का ध्यान रखते हुए घर में ही रहना उचित समझा था। इंग्लैंड में वायरस की स्थिति के कारण बोरिस जान्सन ने इस महीने भी अपनी प्रस्तावित भारत यात्रा संक्षिप्त करने का निर्णय किया है।

बोरिस जान्सन ने कहा है कि ब्रिटेन में कोविड-19 से होने वाली मौतों में टीकाकरण के बजाय तीन महीने के लाकडाउन का असर पड़ा है। हम नहीं जानते कि क्या उनके कथन के पक्ष में समुचित प्रमाण हैं, लेकिन यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि उनके देश की स्थिति में लगातार सुधार हुआ है जबकि भारत वर्तमान समय में सर्वाधिक कोरोना-प्रभावित देशों में ऊपर चढ़ रहा है। केवल अमेरिका को आगे छोड़ कर वह दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसे देखते हुए मतदाताओं का सामना करते समय हमारे नेताओं को शर्मिन्दा होना चाहिए, लेकिन इसके बजाय वे केवल वोट बटोरने में लगे हुए हैं। इसके लिए ईश्वर उनको माफ करे। लेकिन जैसे ही उनको वायरस संक्रमण होता है, जैसा कि अनेक नेताओं को हो चुका है, वे फौरन स्वयं को अलग कर लेते हैं तथा सर्वोत्तम चिकित्सा संस्थानों द्वारा चिकित्सकीय देखभाल का लाभ उठाते हैं। निश्चित रूप से यह सब करदाताओं के पैसे से होता है। लेकिन उस गरीब जनता का क्या होगा जिसे वे पीछे छोड़ देते हैं और जो संक्रमण से प्रभावित हो सकती है। ऐसे अनेक कारणों से ही कोविड के खिलाफ लड़ाई लगभग जीतने के बावजूद हम फिर दलदल में फंस गए हैं। हालांकि, आंशिक रूप से इसमें हमारी अपनी भूमिका भी है, लेकिन ज्यादातर राजनेता भी इसके जिम्मेदार हैं। लोकतंत्र के उत्सव समेत सभी त्योहारों का आनन्द केवल उसी समय उठाया जा सकता है, जब देश की जनता स्वस्थ रहे तथा जीवन के मूलाधिकार का आनन्द उठाने की स्थिति में बनी रहे।

# भारत-चीन गतिरोध जारी

जबकि भारत पूर्वी लद्दाख में तनाव घटाने पर जोर देता है, चीनी यथास्थिति पसंद करते हैं। जैसा कि प्रतीत होता है कि दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।



**अनिल गुप्ता**
लेखक सुरक्षा एवं रणनीतिक मामलों के विश्लेषक हैं)



लगभग दो महीने के अंतराल के बाद आयोजित पूर्वी लद्दाख में तनाव को कम करने के लिए भारत-चीन सैन्य वार्ता का 11 वां दौर फिर से बिना किसी बड़ी सफलता के समाप्त हो गया है। मैराथन वार्ता 13 घंटे तक चली क्योंकि अतीत में यह प्रवृत्ति रही है, लेकिन इस बार चीनी पक्ष कठोर और असंसदीय था। इस साल फरवरी में झील क्षेत्र और कैलाश रेंज से सैनिकों के सफल विस्थापन के बाद से, एक गतिरोध मौजूद है, जहां तक आगे की स्थिति हॉट स्प्रिंग्स, गोगरा, डेमचोक और देपसांग में भारतीय गश्ती दल के रुकने से संबंधित है।

विघटन पूरा होने के तुरंत बाद, दोनों राष्ट्रों के सैन्य कमांडरों के बीच 10 वें दौर की वार्ता हुई। लेकिन यह किसी भी आम सहमति पर पहुंचने में विफल रहा क्योंकि शेष क्षेत्रों से आगे विघटन का संबंध था। हालांकि, वार्ता को रचनात्मक के रूप में करार दिया गया था और दोनों पक्षों को एक सार्थक परिणाम की उम्मीद थी। वार्ता के बाद दोनों देशों द्वारा संयुक्त रूप से जारी बयान में झील क्षेत्र से होने वाली असंगति को सकारात्मक रूप से बताया गया है, यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो पश्चिमी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ अन्य शेष मुद्दों के समाधान के लिए एक अच्छा आधार प्रदान करेगा।

हालांकि बहुप्रतीक्षित 11 वां दौर एक बार फिर गतिरोध में समाप्त हो गया है, दो ध्यान देने योग्य अंतर हैं। अतीत के विपरीत, दोनों देशों द्वारा कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया है। एक अन्य मामले में, चीनी पक्ष ने पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक बयान के साथ अपने रक्षा मंत्रालय के बजाय अपने पश्चिमी थिएटर कमांड के प्रवक्ता द्वारा जारी किए गए प्रेस बयान का जवाब दिया है। पीएलए द्वारा जारी किया गया बयान लफ्फाजी से भरा था और कूटनीतिक बारीकियों से भरा था, यह दर्शाता है कि इसे मंत्रालय के स्तर पर मसौदा तैयार किया गया था, लेकिन पीएलए द्वारा जारी किया गया था। यह किसी प्रकार की नाखुशी या असहमति का संकेत देता है जिसे उच्चतम स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता हो सकती है। पीएलए के बयान में कहा गया है, ''हमें उम्मीद है कि भारत चीन-भारत सीमा क्षेत्रों में डे-एस्केलेशन की वर्तमान सकारात्मक स्थिति को भांप सकता है'', दोनों देशों द्वारा संबंधित समझौतों और पिछली बैठकों में दोनों सेनाओं द्वारा किए गए समझौतों का पालन करते हुए, चीन के आधे रास्ते को पूरा करने और शांति की रक्षा के लिए और सीमा क्षेत्रों में एक साथ स्थिरता लाने के लिए; अतीत में भारत द्वारा एक बार फिर खारिज किए गए आधे-अधूरे प्रस्ताव को दोहराया गया। जब चीन ने वादा किया हुआ असंगति भी पूरा नहीं किया है, तो डी-एस्केलेशन के बारे में बात करने का क्या मतलब है?

कुछ हफ्ते पहले, भारतीय सेना के प्रमुख जनरल नरवाना ने माना था कि पूर्वी लद्दाख में खतरा पूरी तरह से दूर नहीं हुआ हैख क्योंकि पीएलए अभी भी पीछे के क्षेत्रों में अपनी सेना की काफी ताकत बनाए हुए था। उन्होंने कहा, डी-एस्केलेशन तभी होगा, जब ये तत्व वापस अपने गैरीनों में जाएंगे। बहु-आवश्यक डी-एस्केलेशन अभी भी दोनों पक्षों को हटाता है।

जबकि भारतीय पक्ष ने हॉट स्प्रिंग्स, गोगरा, कोंगका ला और डेमचोक से पूरी तरह से विघटन पर जोर दिया, जिसमें डिप्संग का मुद्दा भी शामिल था, चीनी ने इन घर्षण स्थलों से पुलबैक को हटाने के लिए मना नहीं किया था, लेकिन पहले से सहमत थे, डीपसांग की चर्चा करते हुए अकेले चले गए। माना जाता है कि डेपसांग मैदानी इलाकों से होने वाली कटाव को विवाद की हड्डी माना जाता है क्योंकि यह सीधे पिछले साल की आक्रामकता से संबंधित नहीं है। हेक्टिक राजनयिक गतिविधि ने शांति और शांति बनाए रखने और द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति के लिए स्थितियां प्रदान करने के लिए वार्ता के 11 वें दौर की शुरुआत की थी। भारतीय विदेश मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष के साथ टेलीफोन पर बातचीत में, एलएसी के साथ शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान और सभी घर्षण बिंदुओं पर विघटन पर जोर दिया था।

मार्च के अंतिम सप्ताह में आयोजित भारत चीन सीमा मामलों (डब्ल्यूएमसीसी) पर कार्य तंत्र और समन्वय की कार्य प्रणाली की एक आभासी बैठक में, कोर कमांडरों के बीच 11 वें दौर की वार्ता जल्द से जल्द आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जमीन पर स्थिति को कम करने के लिए और सीमा क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कठिन शांति और स्थिरता की रक्षा करना।

इस प्रकार सभी निगाहें 11 वें दौर की वार्ताओं पर टिकी हुई थीं, न केवल शेष क्षेत्रों से विस्थापन के लिए, बल्कि डेपसांग इम्ब्रॉलीगियो के संकल्प के लिए भी। तो, बड़ा सवाल यह है कि चीनी इस क्षेत्र को लेकर इतने संवेदनशील क्यों हैं और स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं? देपांग के मैदान अक्साई चिन और सियाचिन ग्लेशियर के बीच स्थित हैं। समुद्र तल से 16,000-17,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह क्षेत्र बख्तरबंद वाहनों को अच्छी गतिशीलता प्रदान करता है। काराकोरम दर्रा और सासर कानून दर्रा, जो भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है और अपने क्षेत्र के भीतर स्थित है, इसके किनारों पर हैं।

इनमें से अधिकांश मैदान 1950 के दशक के मध्य से चीनी नियंत्रण में थे। दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) भी मैदानी इलाकों से सटे हुए हैं। 1962 में, चीन ने डीबीओ के पश्चिम में डेपसांग मैदानों पर कब्जा कर लिया, जिसमें भारत एक छोटा सा उभार था। डीबीओ को श्योक क्षेत्र और उससे आगे जोड़ने के लिए हमारे द्वारा बनाई गई नई सड़क चीनी के अवलोकन के तहत है और इसकी तोपखाने की आग की चपेट में बनी हुई है। यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन और पाकिस्तान संयुक्त रूप से भारत को एक रणनीतिक मिलीभगत में एक पिनर आंदोलन के साथ धमकी दे सकते हैं और लद्दाख के बाकी हिस्सों से महत्वपूर्ण क्षेत्र को काट सकते हैं। इसके विपरीत, भारत अक्साई चिन और चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) की धमकी दे सकता है, हालांकि किसी भी बड़े पैमाने पर आक्रामक के लिए बिल्ड-अप गंभीर चुनौतियों का सामना करेगा।

एलएसी की अलग-अलग धारणा के अलावा, क्षेत्र में एक और अजीब कारक सीमा गश्ती (एलओपी) है। भारत और चीन स्रक्कके संरेखण पर भी भिन्न हैं। एलओपी की चीनी धारणा हमारे क्षेत्र के अंदर हमारी धारणा से लगभग 20 किमी दूर है। इस क्षेत्र में तनाव हाल ही में नहीं हैं। चीन ने 2013 में और फिर 2015 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की यात्रा के दौरान और फिर 2017 डोकलाम संकट के दौरान इस क्षेत्र में घुसपैठ की थी।

समस्या का सार दोनों पक्षों द्वारा एलओपी पर स्थित पैट्रोलिंग पॉइंट्स तक एक-दूसरे की पहुंच से इनकार किए जाने में निहित है। इससे पहले भारतीय सैनिक पीपी 11, 12, 12 ए और 13 तक गश्त कर चुके थे और कथित एलएसी तक इससे आगे नहीं बढ़े थे। लेकिन, हाल ही में, भारतीय सैनिकों को इन पीपीएस तक भी गश्त करने से रोक रहा है और डोकलाम गतिरोध के बाद घटना अधिक स्पष्ट हो गई है। फिंगर्स एरिया (फिंगर फोर-आठ के बीच) में चीनी घुसपैठ के विपरीत, चीनी भौतिक रूप से इस क्षेत्र में नहीं गए।

भारतीय गश्ती वाहन केवल अड़चन नामक क्षेत्र तक ही जा सकते हैं जिसके आगे उनका आवागमन पैदल होता है। अड़चन से एक किलोमीटर दूर या आगे वाई-जंक्शन है, जहां मार्ग द्विभाजित है, जिसमें एक रास्ता पीपी10 के लिए और दूसरा पीपी13 की ओर जाता है। जब भारतीय गश्ती वाई-जंक्शन के पास पहुंचते हैं, तो पीएलए के सैनिक पास की चौकी से वाहनों में आते हैं और उन्हें एलओपी तक जाने से रोकते हैं। एक समर्थक के रूप में, भारतीय सेना पीएलए के लोगों को उनके कथित एलओपी के लिए टोंटी क्षेत्र के आगे जाने से रोकती है।

क्षेत्र में किसी भी खतरे को दूर करने के लिए, भारत ने एक मजबूत बल भी बनाया है, जिसमें बख्तरबंद वाहन भी शामिल हैं। इतने बड़े बल के निर्वाह की रसद और बख्तरबंद बेड़े को इस तरह के अत्यधिक ठंड के मौसम में कार्यात्मक रखना एक हुरियारिन का काम है। जबकि भारत इस क्षेत्र में अन्य लोगों के साथ डी-एस्केलेशन पर जोर देता है, चीनी यथास्थिति पसंद करते हैं। जैसा कि यह प्रतीत होता है, दोनों पक्ष अनिच्छा से अनिच्छुक हैं। भारतीय सेना अभी भी झील क्षेत्र में एक विशेषता के कब्जे में है जो डेपसांग मैदानों में हमारे हितों को सुरक्षित करने के लिए चीनी के साथ कठिन सौदेबाजी के लिए ट्रम्प कार्ड के रूप में साबित हो सकती है।

# दक्षिण भारतीय इतिहास व संस्कृति को जानें

> यदि हम वास्तविक एकीकरण चाहते हैं, तो उत्तर भारतीयों को दक्षिण भारत के इतिहास और साहित्य का अध्ययन करना चाहिए।

**मार्कंडेय काटजू**
(लेखक सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं)



दक्षिण के लोगों सहित सभी भारतीयों ने महान मौर्य साम्राज्य, गुप्त साम्राज्य, हर्षवर्धन के साम्राज्य, मुग़ल साम्राज्य आदि के बारे में अपने स्कूल के इतिहास की किताबों में पढ़ा है। लेकिन, कितने उत्तर भारतीयों ने विजयनगर साम्राज्य के कृष्णदेव राय (जिनकी दो रानियों के साथ प्रतिमा, अभी भी तिरुपति मंदिर में खड़ी है), या महान चोल और पांड्य राजाओं के बारे में सुना है? अफसोस है कि बहुत कम उत्तर भारतीय दक्षिण के इन महान राजाओं के बारे में जानते होंगे। अधिकांश भारतीयों ने रामायण 'और महाभारत' को पढ़ा है, जो उत्तर भारतीय राजाओं के बारे में महाकाव्य हैं, और अधिकांश भारतीयों ने सूरदास, तुलसीदास, कबीर और मुंशी प्रेमचंद की कहानियों को पढ़ा है। लेकिन कितने ही उत्तर भारतीयों ने तिरुवल्लूवर के महान तमिल महाकाव्यों ''सलप्पथिकारम'', ''मणिमेक्कलई'', या महान तमिल ग्रंथ ''तिरुक्कुरल'' को पढ़ा है, जिनके बारे में महान तमिल कवि सुब्रमण्यम भरत ने लिखा था : ''तमिलनाडु पूरी दुनिया में जाना जाता है क्योंकि तिरुक्कुरल जो पूरे तमिलनाडु में जनवरी के महीने में गाया जाता है, कवि संत अंदल द्वारा ''तिरुप्पावई'' कितने ही सुने गए हैं, या सुब्रमण्य भारती की महान कविता, जिसने 1940 के आसपास महिलाओं की मुक्ति के लिए शक्तिशाली छंद लिखे थे। देश में और किसी ने ऐसा साहस किसा? बहुत कम लोगों ने

उत्तर भारतीयों को हिंदुस्तानी संगीत का पता है लेकिन कर्नाटक संगीत, और त्यागराज, मुथुस्वामी दीक्षित और श्यामा शास्त्री को इसकी कितनी जानकारी है? शायद ही कोई। कितने उत्तर भारतीयों ने महान केरलवासी समाज सुधारक नारायण गुरु के बारे में सुना है, जो निम्न जाति के ईज़हा समुदाय से थे और निडर होकर



अमानवीय जाति व्यवस्था के खिलाफ अभियान चला रहे थे? व्यावहारिक रूप से कोई नहीं। लंबे समय तक, उत्तर भारतीयों ने दक्षिण भारत को असभ्य लोगों द्वारा आबादी वाली एक अंधेरी भूमि माना है और विभिन्न क्षेत्रों में दक्षिण की महान उपलब्धियों से अनजान हैं। वास्तव में द्वठु रामायण 'में, किष्किंधा, जो कि वर्तमान कर्नाटक राज्य में मानी जाती है, को बंदरों द्वारा आबादी वाली भूमि माना जाता था जहाँ से भगवान राम ने श्रीलंका पर आक्रमण करने के लिए एक डु वानर सेना (वानर सेना)' खड़ा किया था। अफसोस है कि आज भी, दक्षिण की संस्कृति और उपलब्धियों की अनदेखी के कारण कई उत्तर भारतीय दक्षिण भारतीयों की ओर देखते हैं। उदाहरण के लिए, दक्षिण भारतीय मंदिर विशाल और अविश्वसनीय रूप से सुंदर हैं। वे प्राचीन और मध्ययुगीन दक्षिण भारतीयों के वास्तुकला और ज्यामिति के उच्च स्तर का ज्ञान प्रकट करते हैं। उदाहरण के लिए, तंजौर का बृहद्धेश्वर मंदिर बस अचरज में है और एक आश्चर्य की बात है कि इसे बनाने के लिए बिल्डर इतने बड़े पत्थरों का उपयोग कैसे कर सकते थे। वास्तव में, यह मिस्र के पिरामिडों में से एक की याद दिलाता है। पल्लव साम्राज्य की राजधानी महाबलिपुरम के प्राचीन बंदरगाह शहर में गंगा की विशालकाय चट्टान राहत 'उतरती है, वास्तव में आश्चर्यजनक है।

दक्षिण भारत में पाए जाने वाले रोमन सिक्कों की बड़ी संख्या सम्राट ऑगस्टस (जिन्होंने 27 ईसा पूर्व से 14 ईस्वी तक शासन किया) के समय से इसके और प्राचीन रोम के बीच व्यापक व्यापार को दर्शाता है। यह इंगित करता है कि दक्षिण और एशिया में व्यापक वाणिज्यिक संपर्कों के साथ, उत्तर भारतीयों के विपरीत, प्राचीन और मध्ययुगीन दक्षिण भारत में अर्थव्यवस्था कितनी विकसित थी। माना जाता है कि चोल राजा राजेंद्र चोल ने दक्षिण पूर्व एशिया (श्रीलंका, सुमात्रा, और इसी तरह) में सैन्य अभियानों को अंजाम दिया था, जो केवल एक शक्तिशाली नौसेना की सहायता से संभव हो सकता था। इलंगो के महाकाव्य ''सिलप्पाथिकाराम'' में इन पंक्तियों में एक है : पांड्य राजा समृद्ध हो सकते हैं, जिन्होंने उत्तर में गंगा और हिमालय पर विजय प्राप्त करने के बाद दक्षिण पर शासन किया था।

पहले मुझे लगा कि यह केवल काव्यात्मक अतिशयोक्ति है, हालांकि, बाद में मैंने एक दक्षिण भारतीय राजा (शायद राजेंद्र चोल) के विश्वसनीय विवरणों का अध्ययन किया, जिसने उत्तर भारत में गंगा के मैदान और उससे भी आगे तक आक्रमण के अभियान का नेतृत्व किया (श्रीलंका के आक्रमण के अलावा) मलाया प्रायद्वीप, दक्षिणी थाईलैंड और इतने पर)। यदि हम भारत का वास्तविक एकीकरण चाहते हैं, तो उत्तर भारतीयों को दक्षिण भारत के इतिहास, संस्कृति और साहित्य का अध्ययन करना चाहिए, वह भी स्कूल से और दक्षिण भारतीयों को वह सम्मान देना चाहिए जिसके वे हकदार हैं।

## आप की बात

### फिर मजदूरों का पलायन

विगत वर्ष से देश दुनिया मे कोरोना महामारी से शायद ही कोई अछूता रहा हो। गतवर्ष कोरोना काल मे मजदूरों की हृदय स्पर्शी व्यथा आज भी हम सभी को अवगत है। फिर वर्ष भर बाद दो जून की रोजी रोटी कमाने निकले मजदूरों का पुन: पलायन जारी हो गया। वर्तमान दौर में कोरोना के 2 लाख तक को छूने वाले भयावह आकड़ो ने फिर मजदूरों को अपनी जान बचाने के लिए मजबूर किया है। और लोग अपने गांव, अंचलों में वापसी रुख कर रहे है। मुबई , दिल्ली रेल्वे स्टेशनों पर , बस अड्डो पर भीड़ तंत्र की असहाय परिस्थितियों की गवाही एक बार फिर मजदूरों के दर्द भरे प्याले को छलकाने में पीछे नही है। इसमे कोई दो मत नही रोज कमाने खाने वाले मजदूरों के लिए कोरोना से ज्यादा लॉक डाउन रूह कपाने वाला शब्द बन गया। जिंदगी की जदोहद में एक तरफ पेट की आग बुझाने की सोच दूसरी और जानलेवा कोरोना संक्रमण से बचने की कोशिश में घरों में पहुंचना चाहते है। दिल्ली बस स्टेंड रेलवे स्टेशन पर मजदूरों के जत्थे देखने को मिल जाते है। कुछ कम्पनियों के बन्द होने की और छटनी की खबरों से मजदूरों का पलायन जारी है। इसमे कोई दो मत नही पिछले साल का मजदूर का दर्द आंखों में आंसू ला देता है।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### महामारी का कहर

**आपदा** व महामारी ना तो आम देखती है, न खास, न अमीर ना गरीब ना राजा को देखती है न रंक न सेठ को देखती है ना नौकर को, इससे कोई भी नहीं बच सकता है। लेकिन आपदा व महामारी के समय बीमारू का ईश्वर के बाद अगर कोई दूसरा भगवान है तो वह है अस्पताल, डॉक्टर, नर्स, दवा दारू व उसकी समर्पित भाव से देखरेख। लेकिन कोरोना महामारी ने हमारे देश प्रदेश के अस्पतालों की पोल खोल के रख दी है। इतने विकास व तरक्की के बाद भी आज अस्पतालों में जगह नहीं है, जीवन उपयोगी दवाइयों का अभाव है, मरीज मर रहे हैं। ऐसे संकट के समय में अस्पतालों में आवश्यक दवा दारू का अभाव है तो यह कैसी तरक्की, कैसा विकास। यह महामारी हमारी केंद्र व राज्यों की सरकारों को सबक सिखा रही है कि सरकार की प्राथमिक सूची में स्वास्थ्य सेवाएं होनी चाहिए। इन सेवाओं के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाएं ना केवल चुस्त-दुरुस्त, चाक-चौबंद हो,बल्कि दवा दारू व जीवन रक्षक आवश्यक दवा दारू पर्याप्त मात्रा में हो। जब संकट में ही अस्पताल बीमारू होकर दम तोड़ने लगे तो फिर यह कैसे अस्पताल। सोचने, समझने व नसीहत लेने का भी समय है।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### बच्चों का बिगड़ता भविष्य

**कोरोना** महामारी के संक्रमण ने छात्रों का भविष्य अंधकार में कर दिया है। लॉकडाउन के चलते साल भर तक स्कूलों पर ताले जड़े रहे तो ऑनलाइन पढ़ाई के प्रयास भी कुछ खास सार्थक नहीं हुए। ऐसे में प्रतिभावान विद्यार्थियों का मानसिक स्तर भी गिरा है। इस वर्ष औपचारिक परीक्षाओं के भी कोई दूरगामी परिणाम निकलते नहीं दिख रहे हैं। परीक्षाएं रद्द हो रही हैं और स्कूलों के बंद पड़े रहने से विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर लगातार गिरता भी रहा है। यह चिंता का विषय है। इससे बच्चों की दैनिक दिनचर्या भी अस्त-व्यस्त हो गई है। आज अगर थोड़ी बहुत पुस्तकों में दिलचस्पी दिखी है तो वह ऑनलाइन पढ़ाई के कारण लेकिन उसको भी अधिकतर विद्यार्थियों ने गंभीरता से नहीं लिया। हालातों को देखते हुए इस बार सरकार ने घर बैठे परीक्षा लेने की योजना बनाई वह भी बच्चों के मानसिक स्तर में बढ़ोतरी के लिए आज से बिल्कुल कारगर नजर नहीं आ रही है। बहरहाल इस प्रयास से बच्चों में पुस्तकों के प्रति दिलचस्पी अवश्य रहेगी।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemailÐhindipioneer@gmailÐcom**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**टीका** उत्सव 10-12 दिनों तक जारी रहेगा। लॉकडाउन कोविड-19 का समाधान नहीं है बल्कि टीकाकरण, सामाजिक गड़बड़ी और मास्क पहनना है।

– **प्रमोद सावंत**
गोवा के मुख्यमंत्री



**यह** लॉकडाउन ही है जो संक्रमण और मौतों को कम करने में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह टीकाकरण कार्यक्रम द्वारा हासिल नहीं किया गया है।

– **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री



**उत्तर** प्रदेश की सरकार आंकड़ों के साथ नहीं बल्कि लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। राज्य में स्थिति विस्फोटक हो गई है।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस महासचिव

# जरूरतमंदों को मिलेगा भरण-पोषण भत्ता और मुफ्त राशन

## सभी जिलों में प्रवासी श्रमिकों के लिए बनेंगे क्वारेंटाइन सेंटर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोविड** संक्रमण के बीच यूपी की योगी सरकार एक बार फिर गरीबों, असहायों और श्रमिकों की मदद के लिए आगे आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रत्येक नागरिक के जीवन और जीविका की सुरक्षा के लिए संकल्पित है। विगत वर्ष कोविड काल में सरकार ने रिक्शा चालकों, पटरी व्यवसायियों, निर्माण श्रमिकों, अंत्योदय श्रेणी के लोगों व अन्य गरीब परिवारों को भरण पोषण भत्ता व परिवार के प्रत्येक सदस्य को राशन प्रदान किया था। यह सहायता उनके लिए बड़ा संबल था। इस वर्ष भी सभी श्रमिकों, गरीब परिवारों को वित्तीय सहायता और राशन प्रदान किया जाएगा।

उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने शुक्रवार को कहा कि विगत वर्ष राज्य सरकार द्वारा कोविड.19 की चुनौती का सामना करने के साथ ही विभिन्न कार्यों को आगे बढ़ाया गया। प्रदेश पहला राज्य था, जिसने श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडरों, रिक्शा चालको, कुलियों, पल्लेदारों आदि को भरण पोषण भत्ता ऑनलाइन उपलब्ध कराया। भरण पोषण के रूप में उपलब्ध कराई गई धनराशि ने उनका जीवन बचाने का कार्य किया। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों को दो बार तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को एक बार भरण पोषण भत्ता दिया गया। इसके साथ ही 15 दिन के राशन की किट भी दी गयी। राशन कार्ड बाध्यता समाप्त कर माह में दो बारए एक बार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना तथा दूसरी बार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन उपलब्ध कराया गया। बड़े पैमाने पर कम्युनिटी किचन की व्यवस्था की गयी। इस वर्ष भी जरूरतमंदों को भरण पोषण भत्ता और राशन उपलब्ध कराया जाएगा। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भरण पोषण भत्ता के पात्र लोगों की सूची अपडेट कर ली जाए। इसी तरह, राशन वितरण कार्य की व्यवस्था की समीक्षा कर ली जाए। भत्ता वितरण डीबीटी प्रणाली के माध्यम से सीधे बैंक खाते में किया जाएगा।

**क्वारेंटाइन सेंटरों में चाक-चौबंद रहे व्यवस्था**

मुख्यमंत्री ने कोरोना के बढ़ते प्रसार को ध्यान में रखते हुए दूसरे प्रदेशों से पलायन कर रहे प्रवासी मजदूरों की जरूरतों की पूर्ति करने के आदेश दिए हैं। महाराष्ट्र, दिल्ली समेत दूसरे राज्यों से पलायन कर रहे मजदूरों के लिए इन क्वारेंटाइन सेंटर में सभी सुविधाएं होंगी। दूसरे प्रदेशों से यूपी आने वाले इन प्रवासी मजदूरों की जांच कर रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर इन सेंटर में रखा जाएगा जहां चिकित्सीय सुविधाओं संग खाने पीने की व्यवस्था का पूरा इंतजाम योगी सरकार करेगी। शुक्रवार तक 60 जनपदों में ऐसे क्वारेंटाइन सेंटर सक्रिय हो चुके थे।

**मजदूरों की मदद करने पर हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने की प्रशंसा**

पिछले साल कोरोना काल के दौरान प्रदेश के श्रमिकों व कामगारों, ठेला, खोमचा, रेहड़ी लगाने वाले या दैनिक कार्य करने वाले सभी लोगों के भरण पोषण की व्यवस्था को सुनिश्चित किया। जिसकी प्रशंसा हावर्ड विश्वविद्यालय ने की। हावर्ड विश्वविद्यालय ने अपने अध्ययन में कहा कि योगी सरकार ने कोरोना संक्रमण के दौरान प्रवासी कामगारों व श्रमिकों को सभी तरह की सुविधाएं पहुंचाई। जिसके तहत परिवहन निगम की बसों के जरिए लगभग 40 लाख प्रवासी कामगरों व श्रमिकों को उनके गृह जनपदों तक भेजने, चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने व उनको स्थानीय स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए बड़े पैमाने पर व्यवस्था की गई।

## रोज ढाई लाख से अधिक कराई जाएं कोरोना की जांचः सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना** की जंग में टेस्ट, ट्रीट और ट्रेस के मंत्र पर आगे बढ़ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ढाई लाख से ज्यादा जांचें हर दिन करने के निर्देश दिये हैं। सीएम ने कहा है कि कोविड टेस्टिंग के लिए शासन स्तर पर जो दरें तय की गई हैं उसके अनुसार ही जांच की जाए इस बात को सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कोविड टेस्ट में लापरवाही न बरतने और सरकारी और निजी प्रयोगशालाएं पूरी क्षमता के साथ कार्य करें इसके निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश में संक्रमण के बढ़ते प्रसार को देखते हुए सधी रणनीति के अनुसार प्रदेश में युद्धस्तर पर संक्रमण पर लगाम लगाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। संक्रमण की रोकथाम के लिए सीएम ने प्रदेश में सख्ती बढ़ाने के आदेश दिए हैं। जिसके तहत अब सड़कों पर बिना मास्क लगाए घूमने वालों पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। अगर दूसरी बार बिना मास्क के पकड़ा जाए तो दस गुना अधिक जुर्माना लगाया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छताए सैनिटाइजेशन और फॉगिंग का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी शासकीय चिकित्सालयों में ओपीडी सेवाएं स्थगित रखने के आदेश दिए हैं। जिससे संक्रमण की चेन को तोड़ा जा सके। मरीजों को घर बैठे सुविधाएं मिल सकें इसके लिए ओपीडी सेवाओं के लिए टेलीकन्सल्टेशन को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकारी अस्पतालों में केवल आपातकालीन सेवाएं ही संचालित की जाएंगी। प्रदेश में मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों का आयोजन 15 मई तक के लिए स्थगित किया गया है। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में चिकित्सा कर्मियों, कोविड बेड, दवाओं, मेडिकल उपकरणों और ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए सीएम ने इन सभी पर कड़ी निगरानी रखते के आदेश दिए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग रेमिडीसीवीर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करे। मुख्य सचिव कार्यालय से इसकी मॉनिटरिंग किए जाने के आदेश सीएम ने दिए हैं। आगामी एक माह की स्थिति का आंकलन करते हुए अतिरिक्त रेमिडीसीवीर व अन्य जरूरी दवाओं को क्रय किए जाने के निर्देश सीएम ने दिए हैं।

## मास्क व सोशल डिस्टेसिंग के नियमों के अनुपालन में ढिलाई पर थानाध्यक्ष होंगे जिम्मेदार

### ● प्रदेश के 28494 स्थानों पर अग्निशमन विभाग ने की सैनेटाइजेशन की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया है कि लोक व्यवस्था भंग करने वाले व उपद्रवी तत्वों पर रासुका के तहत तथा गड़बड़ी फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा उपद्रव के दौरान सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वसूली की भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोरोना पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण के लिए सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्धारित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराये जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

अवस्थी ने बताया कि जिन थाना क्षेत्रों में मास्क व सोशल डिस्टेसिंग के निर्धारित नियमों के अनुपालन में ढिलाई पायी जायेगी तो उस क्षेत्र के थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी निर्धारित कर करवाई की जायेगी। सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से भी अपेक्षा की गयी है कि वे स्वयं चेंकिग कर नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव गृह ने बताया प्रदेश में कोरोना संक्रमण के विस्तार को रोकने के लिए जिला प्रशासन के पर्यवेक्षण में उत्तर प्रदेश फायर सर्विस द्वारा सैनेटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है। अब तक विभिन्न जनपदों में हॉटस्पॉट-सम्भावित हॉटस्पॉट 1069, संवेदनशील स्थल 2403, बाजार स्थल 3690, आवासीय स्थल 7532, अन्य स्थल 13801 सहित कुल 28494 स्थानों पर युद्धस्तर पर सैनेटाईजेशन का कार्य अग्निशमन विभाग द्वारा किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य समीक्षा जनपद स्तर के साथ साथ प्रदेश स्तर पर भी की जा रही है। अवस्थी ने यह भी बताया कि प्रदेश में करोना संक्रमण के विस्तार को रोकने के लिए अन्य प्रदेशों से आने वाले यात्रियों में कोरोना की जांच के लिए चेकिंग की भी कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

## जनता के साथ छल करने में नहीं हिचक रही भाजपा सरकारः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की सरकार अपनी सत्ता की भूख में प्रदेश की जनता के साथ छल करने में भी नहीं हिचक रही है। लाखों लोगों की रोजी रोटी पर संकट है। कोरोना संक्रमण से लाकडाउन की आशंका है। विगत वर्ष की भांति एक बार फिर मुम्बई तथा दूसरे प्रांतों से श्रमिकों का पलायन शुरू हो गया है। गतवर्ष की त्रासदी झेल चुके विस्थापितों के सामने फिर अनिश्चित भविष्य के स्याह दिन नज़र आने लगे है। प्रदेश में भाजपा सरकार और इसके मुख्यमंत्री सिर्फझूठे आश्वासनों की होर्डिंग लगा रहे हैं और जनता को भरमाने के लिए अखबारी विज्ञापनों में जनता की गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार कुप्रचार में माहिर है। उसने हिटलर की जर्मनी के महाझूठों के सरदार गोएबल्स को भी मात दे दिया है। चार साल में चार लाख नौकरियां दिए जाने का एलान हो रहा है। कहां, किसको कौन नौकरी मिली इसका ब्यौरा नहीं दिया जा रहा है। निवेश के हो-हल्ले के बावजूद एक भी उद्योग नहीं लगा। एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं हुआ। जो कल कारखाने चल रहे थे एक एक कर वे भी बंद होते जा रहे हैं। फिर रोजगार का सृजन कहां हो रहा है। उन्होंने कहा कि गतवर्ष कोरोना त्रासदी में जो लाखों लोग आए उन्हें अमानवीय स्थितियों में गुजर बसर करनी पड़ी। मुख्यमंत्री मनरेगा से काम देने के आंकड़े जारी करते रहे पर जमीनी हालात बदले नहीं।



राजधानी लखनऊ में मार्केट को सेनेटाइज़ करते फायर कर्मी

## 3870 करोड़ पूंजी निवेश के साथ 48512 लोगों को मिलेगा रोजगार

### ● नोएडा में अडानी इन्टप्राइजेज, डिक्सन टेक्नालॉजी सहित 13 निवेशकों को भूमि आवंटितः सतीश महाना

### ● माइक्रोसाफ्ट इण्डिया 60 हजार वर्गमीटर भूमि पर 2500 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित करेगा आईटी-आईटीईएस प्रोजेक्ट परिसर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकर कोरोना संकट के काल में भी औद्योगिक विकास की गति को और तेजी से आगे बढ़ाने में लगी है। औद्योगिक नगरी नोएडा में अडानी इन्टप्राइजेज लि. डिक्सन टेक्नालॉजी इण्डिया लि. सहित 13 निवेशकों को लगभग 199848 वर्गमीटर भूमि के आवंटन की संस्तुति प्रदान कर दी गई है। इससे नोएडा क्षेत्र में 3870 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश होगा और लगभग 48512 लोगों को रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

यह जानकारी औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि विश्व की अग्रणी कम्पनी अडानी ग्रुप को नोएडा क्षेत्र में 39146 वर्गमीटर का भूखण्ड आवंटित किया गया है। अडानी ग्रुप द्वारा इस भूमि पर 2500 करोड़ रुपये के लागत से डाटा सेन्टर स्थापित किया जायेगा। नोएडा में डाटा सेंटर स्थापित होने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। साथ साथ प्रत्यक्ष रूप में 1160 और अप्रत्यक्ष तौर से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार देश की अग्रणी इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग कंपनी डिक्सन टेक्नालॉजी इण्डिया लि. को मोबाइल फोन उत्पादन की परियोजना स्थापित करने हेतु नोएडा के सेक्टर 151 में 21000 वर्गमीटर भूखण्ड आवंटित किया गया है। डिक्सन टेक्नालॉजी 270 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और इससे करीब 9000 लोगों को रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। उन्होंने बताया कि अग्रवाल एसोसिएट्स प्रमोटर्स लि. को भी नोएडा के सेक्टर.140 में 280 करोड़ रूपये के निवेश से आईटी-आईटीईएस पार्क की स्थापना हेतु 55000 वर्गमीटर क्षेत्रफल का भूखण्ड दिया गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर लगभग 30 हजार रोजगार का सृजन होगा। श्री महाना ने बताया कि इनके अलावा वेबटेक्स्ट प्रोजेक्ट प्रा. लि. इक्काइन टेक न्यूट्री केयर, आरएएफ स्टेशनरी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी, रोटो पम्पस लिमिटेड, केके फ्रेग्रेन्स, सावि लेदरर्स, मिठास स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेंट, एडोराटेक्स, वेस्टवे इलेक्ट्रानिक्स तथा धामपुर एल्को केमिकल प्रा. लि. को भी भूमि आवंटित कर दी गई है। यह कम्पनियां मोबाइल फोन, टेलीविजन, वाशिंग मीशन, लैपटॉप, एयर कन्डीशन, होम टेक्सटाइल्स, फर्नीचर, हैण्डीग्राफ्ट, माउथ फ्रेशर, मिठाईयां, खाद्य प्रसंस्करण, चीनी तथा गुड़ के उत्पाद, पशु आहार, पेपर प्रोडेक्ट्स एवं रेडीमेड गारमेंट सहित भिन्न भिन्न प्रकार के उत्पाद का उत्पादन करेंगी। उन्होंने बताया कि योजना में विभिन्न क्षेत्रफल श्रेणियों में भूखण्ड आवंटन हेतु कुल 66 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। सभी का साक्षात्कार हुआ।

साक्षात्कार तथा निर्धारित ऑब्जेक्टिव क्राईटेरिया के आधार पर आवंटन समिति द्वारा दिये गये अंको के आधार पर भूखण्ड का आवंटन किया गया है। श्री महाना ने बताया कि इसके अतिरिक्त विभिन्न जनपदों में 15 अन्य निवेशकों को भूमि आवंटन की कार्यवाही तीव्र गति से चल रही है। इससे लगभग 13400 करोड़ का निवेश होगा और बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसमें माइक्रोसाफ्ट इण्डिया नोएडा में 2500 करोड़ रुपये के निवेश से आईटी-आईटीईएस प्रोजेक्ट परिसर स्थापित करेगी। इसके लिए कंपनी द्वारा भूमि चिन्हित की जा चुकी है। भूमि का आवंटन जल्द ही कर दिया जायेगा। कंपनी ने 60 हजार वर्गमीटर भूमि के आवेदन किया है। इस परियोजना के शुरू होने से लभग 3500 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। श्री महाना ने बताया कि इसी प्रकार ग्रेटर नोएडा में हीरानंदानी ग्रुप द्वारा 6000 करोड़ रुपये का निवेश कर ग्रुप डाटा सेंटर स्थापित किया जायेगा।

## सभी सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी छोड़ ओपीडी बंद

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं बंद कर दी हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस समय भीड़ संक्रमण को बढ़ाने वाला हो सकता है। ओपीडी सेवाओं के लिए टेलीकन्सल्टेशन को बढ़ावा दिया जाए। सरकारी चिकित्सालयों में केवल आपातकालीन सेवाएं ही संचालित हों। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरोग्य मेलों के आयोजन पर भी 15 मई तक के लिए स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि सभी जनपदों के कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन की अनवरत आपूर्ति बनी रहे। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मेडिकल ऑक्सीजन की सुचारु आपूर्ति के संबंध में स्थापित कंट्रोल रूम 24 गुणा 7 सक्रिय रहे। ऑक्सीजन उपलब्धता की दैनिक समीक्षा करें। प्रत्येक जनपद में चिकित्सा कर्मियों, कोविड बेड, दवाओं, मेडिकल उपकरणों तथा ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता हमेशी बनी रहे। एम्बुलेंस सेवाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित हो। किसी प्रकार की आवश्यकता पर शासन को अवगत कराएं। सीएम योगी ने कहा कि इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में प्रतिदिन डीएम, पुलिस कप्तान और सीएमओ नियत समय पर बैठक करें। स्थानीय स्थिति की समीक्षा कर आगे की रणनीति तय करें। अस्पताल में इलाजरत तथा होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों की जरूरतों और समस्याओं का पूरा ध्यान रखें। सीएम हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से मरीजों से लगातार संवाद बनाए रखा जाए। हर दिन की स्थिति से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाए।

## लल्लू ने स्वतंत्र प्रिय, राजेन्द्र सिंह व अजीत सिंह के निधन पर गहरा शोक जताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव के बड़े भाई स्वतंत्र प्रिय श्रीवास्तव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ओमनगर वार्ड लखनऊ के पार्षद राजेन्द्र सिंह गप्पू, पीसीसी सदस्य अजीत सिंह जनपद बहराइच एवं वरिष्ठ नेता शंकर लाल गौतम की धर्मपत्नी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। यह जानकारी उप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डा. उमा शंकर पाण्डेय ने दी है।

## बीजेपी नेता की हत्या की योजना बना रहे तीन अभियुक्त प्रयागराज से गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने प्रयागराज के बीजेपी नेता रोहित केसरी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश का पर्दाफाश किया है। इस संबंध में एसटीएफने हत्या की योजना बना रहे 3 अभियुक्तों को प्रयागराज जिले से गिर तार किया। वर्ष 2018 में बीजेपी नेता एवं समाजसेवी पवन केसरी निवासी कस्बा फूलपुर जनपद प्रयागराज की हत्या हुई थी । उक्त हत्या के बाद जनपद प्रयागराज में कानून व्यवस्था की ग भीर स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। इस हत्या के स बन्ध में थाना फूलपुर प्रयागराज में अभियोग पंजीकृत हुआ था तथा हत्या में शामिल 11 अभियुक्तों को जेल भेजा गया था एवं रासुका की कार्रवाई भी की गयी थी। कस्बा फूलपुर निवासी शातिर अपराधी सोनू उर्फसिराज इसी हत्या के आरोप में वर्तमान समय से जिला कारागार जौनपुर में निरुद्ध है । सोनू उर्फसिराज इसी घटना से स बन्धित मृतक पवन केसरी के सगे भाई बीजेपी नेता एवं समाजसेवी रोहित केसरी जो मुकदमें की पैरवी कर रहे हैं ,की हत्या करने की साजिश जिला कारागार जौनपुर से मोबाइल के माध्यम से कर रहा था। एसटीएफके अनुसार यदि यह घटना घटित हो जाती तो जनपद में जनपद में सा प्रदायिक एवं राजनैतिक अस्थिरता तथा कानून व्यवस्था बिगड़ने की पूर्ण स भावना थी। जिसकी ग भीरता को देखते हुए एसटीएफद्वारा इलेक्ट्रानिक संशाधनों से निगरानी की जा रही थी तथा रोहित केसरी की हत्या की साजिश के स बन्ध में जानकारी प्राप्त होने पर अमिताभ यश ,अपर पुलिस महानिदेशक, एसटीएफने उक्त घटना को रोकने एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में एसटीएफमु यालय से एक टीम जनपद प्रयागराज के लिए रवाना की गयी । 15.4.2021 को उक्त टीम के निरीक्षक अंजनी कुमार तिवारी द्वारा जनपद प्रयारागज के थाना फूलपुर में रोहित केसरी की हत्या के साजिश रचने के संबन्ध में सोनू उर्फसिराज आदि के विरूद्ध धारा 115, 120 बी ए 34 भादवि का मुकदमा पंजीकृत कराया गया। 16.4.2021 को जानकारी प्राप्त हुई कि बीजेपी नेता रोहित केसरी की हत्या की साजिश में शामिल अपराधी हत्या की योजना के संबन्ध में बातचीत करने के लिए फूलपुर जौनपुर रोड , सॉवडीह नहर पुलिया के पास इकट्ठा हैं इस सूचना पर एसटीएफटीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मो. शानू उर्फ वकील उर्फ लंबू निवासी मो. कर्नलगंज, कस्बा व थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज, मनोज सोयरी निवासी मो. सेखपुर ,कस्बा व थाना फूलपुर , जनपद प्रयागराज और दिलशाद ग्राम राजापुर , थाना सोरोंव , जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि वर्ष 2018 में बीजेपी नेता पवन केसरी की हत्या में सोनू उर्फसिराज , शानू उर्फ वकील व मनोज सहित 11 अभियुक्त जेल गए थे, जिसमें सोनू उर्फ सिराज अभी तक जिला कारागार जौनपुर में निरुद्ध है और हम लोग जमानत पर चल रहे है।

## कोरोना के इलाज व बचाव के लिए सुरेश खन्ना ने निधि से दी एक करोड़ की धनराशि

**लखनऊ।** प्रदेश के वित्तए संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कोरोना महामारी से बचाव एवं इलाज हेतु आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था हेतु आज अपने क्षेत्र विकास निधि से 1 करोड़ रुपए की धनराशि देने की घोषणा की है। उन्होंने कोविड.19 वैश्विक महामारी के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत प्रदेशवासियों को और अधिक बेहतर इलाज एवं सुरक्षा दिए जाने हेतु आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था किए जाने हेतु यह धनराशि दी है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि दो गज की दूरी मास्क है जरूरी का अनुपालन कर स्वयं को तथा दूसरों को सुरक्षित रखते हुए प्रदेश सरकार की इस वैश्विक महामारी के खिलाफलड़ाई में अपना सहयोग प्रदान करें और सुरक्षित रहें।

## ड्रिप इरीगेशन विधि से गन्ना खेती की लागत घटी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### आर्थिक रूप से पिछड़े लघु, सीमान्त कृषकों के लिए 80 प्रतिशत अनुदान दर पर व अनूसूचित जाति-जनजाति वर्गो के लिए 90 प्रतिशत अनुदान दर पर ड्रिप सिंचाई संयंत्र की स्थापना का लक्ष्य विभागीय अधिकारियों के लिए निर्धारितः भूसरेड्डी

**प्रदेश** के आर्थिक रूप से पिछड़े विशेषकर लघु तथा सीमान्त गन्ना किसानों एवं अन्य वर्गो के कृषकों के आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग एवं सिंचाई हेतु ड्रिप इरीगेशन् विधि को बढ़ावा देने से गन्ना खेती की लागत कम करने का प्रयास हो रहा है। यह जानकारी गन्ना आयुक्त संजय आर भूसरेड्डी ने दी। उन्होंने बताया गया कि वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्राप मोर क्रॉप योजना के अन्तर्गत आर्थिक रूप से पिछड़े लघु, सीमान्त कृषकों हेतु 80 प्रतिशत अनुदान दर पर 23,674 हेक्टेयर एवं अनूसूचित जाति-जनजाति वर्गो हेतु 90 प्रतिशत अनुदान दर पर 6,326 हेक्टेयर कुल 30,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की फसल हेतु ड्रिप सिंचाई संयंत्र की स्थापना का लक्ष्य विभागीय अधिकारियों के लिए निर्धारित किया गया है। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि सिंचाई जल एक क्रिटिकल रिसोर्स है



तथा गन्ना की फसल की बुवाई से लेकर काटने तक लगभग 1800-2200 मिमी. पानी की आवश्यकता होती है। इस प्रकार गन्ने की फसल हेतु औसतन 2,000 मिमी पानी की आवश्यकता मानने पर 01 हेक्टेयर में गन्ना उत्पादन हेतु लगभग 02 करोड़ ली पानी की आवश्यकता होगी। इसमें से लगभग 50 प्रतिशत पानी की आवश्यकता की पूर्ति वर्षा जल से हो जाती है जबकि शेष 01 करोड़ लीटर-हेक्टेयर पानी की पूर्ति सिंचाई द्वारा गन्ना फसल में की जाती है। इस प्रकार 30 हजार हेक्टेयर में गन्ना उत्पादन हेतु 300 करोड़ लीटर पानी सिंचाई के माध्यम से देने की आवश्यकता पड़ती है। ड्रिप सिंचाई विधि को अपनाने से लगभग 50 प्रतिशत सिंचाई जल की बचत होती है अर्थात प्रति हेक्टेयर लगभग 50 लाख लीटर पानी और 30 हजार हेक्टेयर में लगभग 150 करोड़ लीटर पानी की बचत होगी। अर्थात 30 हजार हेक्टेयर में ड्रिप इरीगेशन पद्धति द्वारा सिंचाई करने से लगभग 150 करोड़ लीटर भूजल का दोहन रुकेगा। इस 150 करोड़ लीटर पानी को निकालने के लिए एक 10 होर्स पॉवर के विद्युत मोटर को लगभग 15,000 घंटे चलाना पड़ेगा, जिसके लिए 11,25,000 यूनिट विद्युत की आवश्यकता पड़ती है, इस विद्युत की बचत से कृषकों को लगभग 33.75 लाख रूपये की बचत भी होगी। इस प्रकार 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप इरीगेशन पद्धति को अपनाने से 150 करोड़ लीटर भू जल दोहन रुकेगा व लगभग 11,25,000 यूनिट विद्युत की भी बचत होगी।

गन्ना आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि माइक्रोप्लान तैयार कर कृषकों को ड्रिप सिंचाई संयंत्रों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रिप सिंचाई से उर्वरकों एवं कीटनाशकों की खपत में उल्लेखनीय बचत होती है, फलस्वरूप गन्ने की उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी आती है और गन्ना उत्पादन तथा कृषकों की आय में 20 प्रतिशत तक वृद्धि होती है।

## सरकार 18 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों को मुफ्त वैक्सीन की व्यवस्था करे :कांग्रेस

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि कोरोना के द्वितीय लहर में डबल म्यूटेंट वैरिएन्ट के कारण भयावहता बढ़ी है। इसमें 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों की मौतों की संख्या सर्वाधिक है। जिनके टीकाकरण पर रोक है। सरकार को इस आयु वर्ग के लोगों का भी टीकाकरण युद्ध स्तर पर करवाना चाहिए। इसके लिए निजी चिकित्सालयों को भी टीकाकरण में लगाना चाहिए। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ उमा शंकर पांडे ने कहा कि कोरोना महामारी की द्वितीय लहर से हो रही असमय दु:खद मौतों और अति भयावह गति से फैल रही कोरोना महामारी से प्रदेश की जनता भयाक्रान्त है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ की स्थिति सबसे भयानक है, जहां प्रतिदिन 5 हजार से अधिक संक्रमित मिल रहे हैं। सरकार टेस्टिंगए कान्टैक्ट ट्रेसिंग, ट्रैकिंग, ट्रीटमेंट और टीकाकरण बढ़ाने के बजाए मौतों का आंकड़ा और श्मशान में जलती चिताओं को टीन शेड से छिपाने का कार्य कर रही है। मीडिया की खबरों में जल रही चिताओं की संख्या और सरकारी आंकड़ों में कोविड.19 से मरने वालों की संख्या में जमीन आसमान का फर्क है।

# किसान भुगत रहे खामियाजा

संवाददाता। मौदहा(हमीरपुर)



**नगर** के कृषि उत्पादन मंडी समिति में सरकार द्वारा नगर समेत क्षेत्रीय किसानों का गेहूं खरीदने के लिए खोले गए गेहूं खरीद केंद्रों में कछुआ गति से खरीद चल रही है। खरीद केंद्रों में अपना गेहूं बेचने के लिए किसान नंबर लगाने के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

अवगत हो कि नगर व क्षेत्रीय किसानों का गेहूं खरीदने के लिए सरकार ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के कृषि उत्पादन मंडी समिति में चार गेहूं खरीद केंद्र खोल कर किसानों का गेहूं खरीदना शुरू कर दिया है लेकिन इन गेहूं खरीद केंद्रों में किसानों को अपना गेहूं बेचने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने से लेकर खरीद केंद्र में गेहूं बेचने तक काफी पापड़ बेलने पड़ते हैं। मंडी समिति में खुले विपणन शाखा में 44 किसानों का 31 कुंटल, पीसीएफखरीद केंद्र में 45 किसानों 2569 कुन्तल, क्रय विक्रय समिति ने 36 किसानों से 18 कुंटल गेहूं खरीदा है जबकि विपणन शाखा के केंद्र प्रभारी तमाम कमियों के चलते कुल 17 किसानों से केवल 857 कुंटल गेहूं खरीद सके हैं। गेहूं खरीद केंद्र खुलने के एक पखवारे बाद अभी गेहूं की खरीद कछुआ गति से चल रही है। हालांकि कुछ किसान अपनी जरूरतों के चलते नगद रुपया प्राप्त करने के चलते वह मंडी के आढ़तियों को ओने पौने दामों अपना गेहूं बेच रहे हैं। पीसीएफ के केंद्र प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में गेहूं की खरीद में तेजी आएगी। वहीं इन सभी के बावजूद जहां सरकार द्वारा गेहूं खरीद के लिए ऑनलाइन पंजकरण की नीति बनाई है लेकिन इन सब में किसानों को अपना सत्यापन करवाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

इस संबंध में किसान लल्ला तिवारी ने बताया कि पंजीकरण की नीति से किसानों की परेशानी करनी पड़ रही है इन सब में इनको नाको चने चबाने पड़ रहे हैं और वहीं केंद्र प्रभारी टोकन देने के नाम पर पैसे की मांग कर रहे हैं।

## एआरओ कोरोना पाजटिव मचा हड़कंप

**सरीला( हमीरपुर )** पंचायत चुनाव के सहायक निर्वाचन अधिकारी की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने पर नाम नामांकन पत्रों की जांच के समय हड़कंप मच गया उनके संपर्क में आए आठ लोगों ने अपनी जांच कराई है। विकासखंड में पंचायत चुनाव में बिलगांव न्याय पंचायत के सहायक निर्वाचन अधिकारी की शुक्रवार को अचानक हालत बिगड़ने लगी तो वह सीएचसी गए तो उनके कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने की जानकारी होते ही ब्लॉक परिसर में हड़कंप मच गया। चिकित्साधिकारी आर.पी. वर्मा ने बताया कि सहायक निर्वाचन अधिकारी की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनके संपर्क में आए आठ लोगों की भी जांच की गई है। सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। निर्वाचन अधिकारी की शुक्रवार को अचानक हालत बिगड़ने लगी तो वह सीएचसी गए तो उनके कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने की जानकारी होते ही ब्लॉक परिसर में हड़कंप मच गया।

# चुनाव उल्लंघन करने पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को ताबडतोड अराजकतत्वों के खिलाफ गुण्डाएक्ट की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी अराजकतत्वों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। अराजकतत्व चुनाव में प्रचार से बाज नहीं आ रहे हैं। शुक्रवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया ने छह लोगों के खिलाफमिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। रैपुरा थानाध्यक्ष सुशीलचन्द्र शर्मा ने एक व्यक्ति के खिलाफ गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। राजापुर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। उन्होंने बिजली के खम्भे में वार्ड छह की जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी निर्मला देवी पत्नी संतलाल निषाद निवासी भदेहदू का पोस्टर लगा देख तत्काल हटवाया। अगले खम्भे पर चिल्लीराकस प्रधान पद प्रत्याशी श्रीमती नीलम देवी पत्नी नकुल कुमार का पोस्टर हटवाया। प्रधानपति प्रत्याशी दीनबन्धु पाण्डेय चिल्लीराकस का पोस्टर बिजली के खम्भे से हटवाया। महुआ गांव के पास सरधुआ जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी जानकी देवी पत्नी दीपचन्द्र बिना अनुमति के पम्पलेट बांट रहे थे। चारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इसी क्रम में पहाडी थाने के दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह ने छेडछाड, गाली-गलौज, मारपीट, पाक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट के वांछित नीलेश सिंह पुत्र रामकिशोर सिंह निवासी लठागुठऊपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### जेल में बन्द सपा नेताओं की जमानत खारिज

**चित्रकूट।** एक माह से जेल में बन्द समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव समेत 12 सपा नेताओं की जमानत खारिज हो गई है। शुक्रवार को जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुन्दर मिश्र ने बताया कि सपा जिलाध्यक्ष अनुज यादव, जिला महासचिव फराज खान, गुलाब खां, अमर सिंह, उमाकान्त यादव, आशुतोष अग्रहरि, रामकिशोर वर्मा, रामचन्द्र वर्मा, नरेन्द्र यादव, इन्द्रभूषण यादव, सूरज सिंह पटेल, फूलचन्द्र यादव व दस-12 अज्ञात लोगों ने 16 मार्च को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला अमर्यादित ढंग से नारेबाजी करते हुए फूंका था। इस मामले में कोतवाली के दरोगा प्रवीण सिंह ने सभी के खिलाफ राष्ट्रद्रोह समेत तमाम गम्भीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों के जमानत प्रार्थना पत्र पर शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय कक्ष संख्या एक में पेश की गई थी। बचाव एवं अभियोजन पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने सभी आरोपियों की जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है।

# बांदा में मिले 121 कोविड संक्रमित मरीज

**बांदा।** कोविड.19 के बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये प्रतिदिन सांयकालीन होने वाली कोविड की बैठक दिनांक 15.04.2021 को सांय 07:00 बजे जिलाधिकारी श्री आनन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में इन्टीग्रेटेड कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर विकास भवन बांदा में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री हरिश्चन्द्र वर्माए अपर जिलाधिकारी ;वि0ध्रा0द्ध श्री संतोष बहादुर सिंहए मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एन0डी0 शर्माए मुख्य चिकित्सा अधीक्षकए क्षेत्राधिकारी नगर बांदा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद बांदा में आज 121 केसेज पाये गये हैए जिनमें से 79 पुरूष एवं 42 महिलायें है। इस प्रकार जनपद में कुल 1021 केस एक्टिव है तथा बांदा शहर में 06 आर0आर0टी0 टीमें एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 09 टीमें गठित की गयी है। वर्तमान में जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 258 कन्टेंन्टमेंट जोन बनाये गये है। जिलाधिकारी ने कहा कि आर0आर0टी0 टीमें ठीक प्रकार से कार्य करें यह सुनिश्चित करें तथा जिन स्थानों पर केस ज्यादा निकल रहेंए उन स्थानों को तत्काल कन्टेंमेन्ट जोन घोषित करते हुये कार्यवाही की जाये तथा कन्टेंमेन्ट जोन में कोविड की गाइडलाइन का पूर्णतः पालन किया जाये। उन्होनें मुख्य चिकित्साधिकारीए बांदा को निर्देशित किया कि डी0एस0ओ0पोर्टल पर रैपिड एन्टीजिनए आर0टी0पी0सी0आर0 एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग प्रतिदिन दर्ज कराना सुनिश्चित करें तथा शासन के निर्देशानुसार प्राइवेट बडे अस्पतालों को चिन्हित करते हुये उनमें मैनपावर एवं लाजिस्टक आदि की व्यवस्था मानक के अनुरूप कराकर अवगत करायें। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारीए बांदा को निर्देशित किया कि मुहल्ला एवं ग्राम निगरानी समिति को एलर्टमोड में रखा जाये तथा उनका एक रजिस्टर तैयार कराया जायेए जिसमें आने वाले प्रवासियों का नाम पता आदि अंकित करके उक्त की सूचना सम्बन्धित चिकित्साधिकारी एवं कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध करायी जाये। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एल.2 कोविड अस्पताल जिला चिकित्सालय बांदा में 60 आइसुलेशन बेड एवं 15 आई0सी0यू0 बेड क्रियाशील कराये गये है। जिलाधिकारीए बांदा द्वारा निर्देशित किया गया कि वर्तमान में बढते हुये संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये एल.2 कोविड अस्पताल में बेडों की संख्या 150 की जाये। बैठक में उपस्थित क्षेत्राधिकारी नगर बांदा द्वारा बताया गया कि दिनॉक 14ण्04ण्2021 तक मास्क न लगाये जाने के सम्बन्ध में कुल 182 व्यक्तियों का चालान किया गया। दिनॉक 15ण्04ण्2021 को चालान किये जाने की संख्या 82 है। निर्देशित किया गया कि निरन्तर अभियान चलाकर मास्क न लगाने वाले व्यक्तियों के विरूद्व कार्यवाही की जाये साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जाये।वैक्सीनेशन कराये जाने के सबन्ध में समीक्षा की गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिसण्डाए बबेरू तिन्दवारी एवं आजाद नगर में 5 प्रतिशत से अधिक वैक्सीन वेस्टेज की गयी है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित का स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। बैठक के पश्चात् जिलाधिकारी श्री आनन्द कुमार सिंह द्वारा विकास भवन स्थित इन्ट्रीग्रेटेड कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का निरीक्षण भी किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारीए बांदा को निर्देशित किया कि मुहल्ला एवं ग्राम निगरानी समिति को एलर्टमोड में रखा जाये तथा उनका एक रजिस्टर तैयार कराया जायेए जिसमें आने वाले प्रवासियों का नाम पता आदि अंकित करके उक्त की सूचना सम्बन्धित चिकित्साधिकारी एवं कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध करायी जाये।

# कोरोना महामारी के बचाव के प्रति आमजनमानस को जागरूक कर रहे धर्म नगरी के संत और चिकित्सक



रतन पटेल, चित्रकूट।

**पूरा** देश एक बार फिर से वैश्विक महामारी कोरोना की चपेट में है। धर्म नगरी चित्रकूट में भी कोरोना संक्रमण के लगातार मामले बढने से साधू-संत और आमजनमानस खासा चिंतित नजर आ रहा है। धर्म नगरी के संत आने वाले बाहरी तीर्थ यात्रियों से वायरस के संक्रमण काल तक चित्रकूट न आ कर घरों में रहकर ही भगवान कामतानाथ स्वामी की पूजा और आराधना करने की अपील कर रहे है। इसके अलावा सुप्रसिद्ध चिकित्सको दवारा लोगों को सरकार के दिशा-निर्देशों का कडाई से अनुपानल करते हुए अनिवार्य रूप से मास्क का प्रयोग करने,दो गज की दूरी बनाने एवं सेनेटाइजर का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

देश और प्रदेश के साथ-साथ भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट भी कोरोना महामारी के प्रकोप से कराह रहीं है। महामारी की दूसरी लहर में अब तक साढे आठ सौ से अधिक लोग कोरोना की चपेट में आ चुके है। दिन-प्रतिदिन कोरोना संक्रमितों के बढते आंकडों से शासन-प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य महकमें के हाथ-पैर फूलने लगे है। वहीं आमजनमानस के अंदर भी कोरोना की दहशत देखने का मिल रहीं है। धर्म नगरी में कोरोना के रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल,पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के साथ-साथ अब चित्रकूट के संत भी जनजागरण में जुट गये है। कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज,रामायणी कुटी के महंत रामहृदय दास महाराज,कामतानाथ प्राचीन मुखार बिंद के प्रधान पुजारी भरत शरण दास महाराज एवं मतगयेंद्रनाथ मंदिर के पुजारी विपिन महाराज आदि संत कोरोना को लेकर खासे चिंतित नजर आ रहे है। संतों का कहना है कि वैश्विक महामारी ने एक बार फिर देश में तबाही फैलाना शुरू कर दिया है। ऐसे में तब लोगों को सर्तक होने की जरूरत है। संतों ने धर्म नगरी आने वाले श्रद्धालुओं से कोरोना गाइडलाइन के मुताबिक मास्क,सेनेटाइजर एवं दो गज की दूरी का पालन कर अपना बचाव करने के साथ-साथ चित्रकूट आने की बजाय अपने -अपने घरों पर रहकर ही भगवान श्रीकामतानाथ के दर्शन,पूजन और आराधना करने की अपील की है। संतों का कहना है कि श्रद्धालु घरों में रहकर अपनी और दूसरी की महामारी के प्रकोप से सुरक्षा करें। सावधानी ही इस महामारी से बचने का मूल मंत्र है।संत ने राष्ट्रहित में सभी से सहयोग की अपील की है। आपकों बता दे कि कोरोना के बढते कहर को देखते हुए मध्य प्रदेश के सतना जिला प्रशासन ने 25 अप्रैल तक के लिए लाक डाउन का ऐलान कर दिया है।सुबह 6 बजे से 12 बजे तक ही आवश्यक वस्तुओं के आपूर्ति की छूट दी गई है। प्रशासन द्वारा कामतानाथ, स्फटिक शिला, सती अनसुइया, गुप्तगोदावरी, हनुमान धारा सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा0 रचित पांडेय एवं डा0 शशांक अग्रवाल का कहना है कि कोरोना वायरस की दूसरी लहर बहुत की घातक है। ऐसे में मरीजों और उनके रिश्तेदारों को सकारात्मक माहौल देने की जरूरत है और सावधानी बरतनी की अत्यंत जरूरत है। कहा कि समाज में कोरोना वायरस को लेकर लापरवाही बढ़ी है। लेकिन अब सभी को धैर्य और साहस के साथ अपना बचाव कर कारोना महामारी से जंग जीतना है। संक्रमित मरीजों को गाइडलाइन का पालन करते हुए चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध कराई गई दवाओं का नियमित सेवन के साथ सकारात्मक विचार के साथ योग करने एवं विटामिन सी से भरपूर आहार लेने की जरूरत है। वहीं समाजसेवी एवं विश्व हिन्दू महासंघ की प्रदेश मंत्री ज्योति करवरिया ने भी चित्रकूट वासियों से सरकार के दिशा-निर्देशों का कडाई से अनुपालन कर कोरोना महामारी से अपना और अपनों का बचाव करने की अपील की है।

### सांसद ने खुद को किया आइसुलेट

**चित्रकूट।** पंचायत चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार में जुटे बाँदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने शुक्रवार को कोरोना के प्रारम्भिक लक्षण दिखने पर सुरक्षा के मद्देनजर खुद को घर में आइसुलेट किया। सांसद ने कुछ दिनों के बीच सम्पर्क में आये कार्यकर्ताओं और आमजनमानस से ऐतियात बरतने की अपील की है।

शुक्रवार को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने करोना के शुरूआती लक्षण दिखने पर अपने आप को होम आइसुलेट कर लिया है। आपकों बता दे कि सांसद श्री पटेल इधर काफी समय से जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड रहे भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में बांदा और चित्रकूट जिले में लगातार प्रचार में जुटे थे। काफी लोगों के सम्पर्क में आने से शुक्रवार को उन्हे सीने में चलन,सांस लेने में दिक्कत महसूस हो रहीं थी। सुरक्षा की दृष्टिकोण से सांसद ने स्वयं को घर में आइसुलेट कर लिया है। साथ ही इस दौरान सम्पर्क में आये पार्टी कार्यकर्ताओं से सावधानी बरतने की अपील की है।

# रिटायर फौजी, सिपाही की पत्नी, इंजीनियर व जेल में बंद पूर्व प्रधान के बेटे ने प्रधानी के लिये ठोंकी ताल

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव में विभिन्न गांव में एक दर्जन पूर्व फौजियों ने भी चुनाव के लिए मैदान में उतरकर ताल ठोकी है। वह जिस तरह देश की सीमाओं में सुरक्षा का भार संभालें थे उसी तरह अब गांव की तस्वीर भी बदलने के लिए मैदान में उतर रहे हैं। लेकिन खूनी रंजिश वाले गांव परछा की हालत और भी दिलचस्प है यहां के सेवानिवृत्त फौजी वा उसके पुलिस में नौकरी करने वाले भाई की पत्नी भी मुकाबले में आ गई है। वहीं इस गांव के प्रधान बनने के लिए छत्तीसगढ़ से हैवेल्स में बड़े पद पर कार्य करने वाले इंजीनियर तौकीर खान भी मैदान में उतरे हैं। यही नहीं पूर्व प्रधान सरफुद्दीन उर्फ बुद्धू जो हत्या के मामले में जेल में बंद होकर सजा काट रहा है उसका पुत्र अजहर खान जो लखनऊ के बनारसी दास में बीबीए का कोर्स कर रहा है वह भी चुनाव मैदान में है इसके अलावा अन्य जोरदार प्रत्याशी भी इस चुनाव को रोचक बनाए हुए हैं।

क्षेत्र में आपसी पूर्ण रंजिश के चलते एक के बाद एक कई हत्याओं से चर्चित हुए परछा गांव में बीते वर्ष भी प्रधान पद का चुनाव खासा गर्मा गर्मी के बीच हुआ था इस बार के पंचायत चुनाव में जब गांव की एक बड़ी पार्टी जो गांव का प्रधान पद भी संभाले रहे इस समय एक हत्या के मामले में जेल में है उसी का बेटा अब पढ़ाई के बीच ही चुनाव मैदान में कूदा है वही तौकीर खान जो छत्तीसगढ़ की हैवेल्स कंपनी में एक बड़े पद पर लगभग पांच लाख के पैकेज पर काम करता था अब वह गांव के प्रधान पद पर चुनाव लड़ने के लिए आया है खासी तामझाम के साथ चुनाव लड़ने वाले तौकीर खान गांव की बदहाली व विकास के लिए अब की अलग पहचान बनाने के लिए लोगों का समर्थन जुटाने में जुटे हैं वहीं पूर्व फौजी जमाल खान भी भ्रष्टाचार को दूर कर गांव के विकास के लिए चुनाव मैदान में उतरा है लेकिन उसी के भाई शब्बीर जो फायर ब्रिगेड में कांस्टेबल है अपनी पत्नी शाहीन बानो को उसकी टक्कर में खड़ा कर दिया है इसी तरह अन्य कई प्रत्याशी भी पुलिस के परिवारों से हैं तो कुछ ठेकेदार और अन्य कृषक भी कुल मिलाकर यहां का चुनाव बेहद रोचक बनता जा रहा है।

### डियूटी से मुक्त होने वाले कर्मियों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण, टीम गठित

हमीरपुर। अस्वस्थ होने का हवाला देकर चुनाव डियूटी न करने वाले कर्मियो के लिये जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है संबंधित टीम 16व 17 अप्रैल को विकास भवन मे बैठकर संबंधित प्रार्थना पत्रों पर बिचार करेगी।

जिला विकास अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि निर्वाचन डियूटी से मुक्त होने के लिये कई कर्मियों व अधिकारियों ने प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के यहा प्रस्तुत किये है। इसके लिये सीएमओ दो चिकित्सक नामित करेगे इसके अलावा राजेश कुमार राय अपर सांख्यिकी अधिकारी टीम में शामिल किये गये है।टीम 16 व 17 को विकास भवन में साढ़े 11 बजे उपस्थित होकर सीडीओ को अपनी आख्या प्रस्तुत करेगे।ताकि संबंधित अधिकारी कर्मी के बारे में जानकारी हो सके डियूटी के योग्य है अथवा नही।

## खेत में लगी आग मुश्किल से पाया काबू

**बांदा।** यह पूरा मामला बांदा जनपद के बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत कमासिन ब्लाक क्षेत्र का है जहां पर विकासखंड कमासिन के तिलौसा गांव में 2 बीघे की फसल में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों के चलते आग लग गई जिससे 2 बीघे की फसल जलकर राख हो गई ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास करके पाया गया आग पर काबू वही दमकल को सूचना दी गई मगर दमकल की गाड़ी पहुंचने के पहले ही ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत करके आग पर पाया गया काबू

वहीं ग्रामीण अतुल सिंह के द्वारा बताया गया कि तिलोसा गांव में आग पर ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत से काबू पाया गया है इरफान पुत्र बक्सन के खेत पर दो बीघे की फसल पड़ी थी कि तभी संदिग्ध परिस्थितियों के चलते आग लग गई लेकिन ग्रामीणों के द्वारा काफी प्रयास करके आप पर काबू पा लिया गया है

## पति का नाम मतदाता सूची में गलत दर्ज होने से महिला का प्रधानी पद का आवेदन किया रद्द

**मौदहा ( हमीरपुर )** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में यहां के नामांकन की तिथि समाप्त होने के बाद आज सभी पर्चो की जांच पड़ताल की गयी वही रीवन गांव की महिला आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने के लिए लंबे समय से तैयारी कर रही माया निषाद का मतदाता सूची में नाम न होने से इस चुनाव प्रक्रिया से ही वंचित हो गई। और उसके प्रधान बनने के अरमान में पानी फिर गया। परेशान हाल उक्त महिला अधिकारियों के भी चक्कर लगाते रहे लेकिन नामांकन के समय मतदाता सूची में छेड़छाड़ करने के लिए कोई तैयार नहीं हुआ अधिकारियों ने बताया कि अब उनके बस की बात नहीं है

रीवन गांव बड़ी आबादी का गांव है इस गांव में ब्राह्मण, कुशवाहा ,प्रजापति ,निषाद, वर्मा सहित अनुसूचित व पिछड़ी पिछड़े वर्ग व सामान्य की कई बिरादरी निवास करती हैं और प्रधान पद के सीट महिला आरक्षित होने से 28 महिला प्रत्याशी ने अपने अपने नामांकन किए हालांकि इसमें कुछ के नामांकन हुए भी है और कुछ नाम वापसी भी ले सकते हैं लेकिन इन सब में माया निषाद जो चुनाव लड़कर जीतती या हरती कम से कम उसे तसल्ली हो जाती कि वह चुनाव मैदान में उतरी लेकिन चुनाव मैदान में उतरने से पहले ही मतदाता सूची में नाम न होने के कारण वह नामांकन ही नहीं कर सकी।माया ने बताया कि मतदाता सूची जो विधानसभा में थी उसमें उसका पति का नाम था और उसने वोट भी दिया है लेकिन जानबूझकर गांव पंचायत के चुनाव में उसका नाम ही हटा दिया गया और जब वह मतदाता सूची की प्रति लेकर नामांकन करने गई तो उसने माया पत्नी कामता प्रसाद के स्थान पर माया पत्नी राम अवतार दर्ज था जबकि इस नाम का मोहल्ला व गांव में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं है। उसने बताया कि वह एआरओ से अपनी विधानसभा सूची का हवाला देते हुए मांग करती रही कि उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है जानबूझकर उसके पति का नाम गलत दर्ज करा दिया गया है उसका पर्चा दाखिल किया जाए और उसने अधिकारियों से भी बात की और अपनी परेशानी बताई लेकिन उसकी किसी ने भी मदद नहीं की।

# हमीरपुर में एसडीएम सदर समेत 56 कोरोना पॉजिटिव, संख्या बढ़कर 304 पहुंची

**हमीरपुर।** जिले में कोरोना का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, आज एसडीएम सदर समेत 56 कोरोना पाजटिव पाये जाने से संख्या बढ़कर 304 पहुंच गयी है। वही गैर प्रांत से आने जाने वाले प्रवासियों का ताता लगा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक जिले में कोरोना जिस रफ्तार से बढ रहा है जिससे लोगों में दहशत व्याप्त होती जा रही है आस हमीरपुर शहर में 15 व सुमेरपुर क्षेत्र में 17 कोरोना पाजटिव पाये गये है। इसी प्रकार मौदहा क्षेत्र में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है कुरारा अस्पातल में मरीजों की संख्या पर्याप्त होने के बाद कोरोना पाजटिव मरीजों को अब सुमेरपुर में भर्ती कराया जा रहा है। वही आज भी स्थानीय बस स्टैंड से करीब पचास यात्री जो गुजरात व छत्तीसगढ़ से आकर सुमेरपुर व मौदहा क्षेत्र अपने गांव गये रोडवेज बस स्टैड में जांच की कोई सुविधा न होने के कारण प्रवासी मरीज देहात क्षेत्र में आ जा रहे है जिससे कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती जा रही है।

### मतदान केंद्र की विजली हैंडपंप ठीक कराने को कहा

**हमीरपुर।** कुरारा ब्लाक के जूनियर हाईस्कूल विलौटा के मतदान केंद्र में विद्युत आपूर्ति, व हैंडपंप खराब है जिससे आने वाले समय में पंचायत चुनाव कराने में समस्या आ सकती है इसको लेकर एसडीएम सदर ने अधिशासी अभियंता विद्युत,बीएसए व बीडीओ कुरारा को पत्र लिखकर संबंधित समस्या को तुरंत निस्तारण करने के आदेश किये है।

### तेरह शिक्षको की दोहरी डियूटिया लगा दी गयी

हमीरपुर। पंचायत चुनाव में डियूटी लगाने में अनियमितताएं की गयी है,परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की दोहरी डियूटिया लगा दी गयी है इस पर एसडीएम मौदहा ने आपत्ति जाहिर करते हुये बीएसए सतीश कुमार को पत्र लिखा है जानकारी के मुताबिक एसडीएम मौदहा ने बताया कि शिक्षा मित्र व कुछ शिक्षकों समेत 13 लोगो की डियूटी बीएलओ में लगायी गयी थी मगर उन्ही शिक्षकों की डियूटियां पोलिंग पार्टियों मे लगा दी गयी है जिसमे शिक्षा मित्र केके गुप्ता,रामप्रकाश, लालूराम, आशा देबी, बीरेंद्र, मनोरमा सहा.अध्यापक, रामलाल, इरशाद, प्यारेलाल, श्याम विहारी समेत तेरह शिक्षक व शिक्षा मित्र शामिल है जिनकी दोहरी डियूटिया लगा दी गयी है जिससे काम बाधित हो रहा है।

### कोविड बचाव के लिये पुरानी समितियां ही करेगी काम

हमीरपुर। कोविड के बचाव व नियंत्रण के लिये पिछले साल गठित की गयी समितियों को फिर से क्रियान्यवन कर दिया गया है। प्रभारी जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड के बचाव के लिये पिछले वर्ष श्रमिक कल्याण समिति, समन्यव सलाकार समिति आदि रहेंगी।

## डीएम ने पंचायत चुनाव में तैनात किये जोनल मजिस्ट्रेट

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/सुपर जोनल पुलिस अधिकारी नियुक्त किये हैं। कर्वी, सीतापुर, शिवरामपुर क्षेत्र में सुपर जोनल मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर व सुपर जोनल पुलिस अधिकारी सीओ महोबा तैनात किये गये हैं। शुक्रवार को डीएम ने राजापुर, पहाडी, गनीवां, प्रसिद्धपुर चौकी क्षेत्र के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, एसडीएम राजापुर व सुपर जोनल पुलिस अधिकारी सीओ राजापुर, मऊ-बरगढ क्षेत्र के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट एसडीएम मऊ व सुपर जोनल पुलिस अधिकारी सीओ राठ, मानिकपुर-मारकुण्डी क्षेत्र के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट एसडीएम मानिकपुर व सुपर जोनल पुलिस अधिकारी सीओ अतर्रा, रैपुरा-सरैंया क्षेत्र के लिए सुपर जोनल मजिस्टेड्ट एसडीएम महोबा व सुपर जोनल पुलिस अधिकारी सीओ मऊ को तैनात किया है। उन्होंने बताया कि बहिलपुरवा क्षेत्र के लिए सुपर जोनल मजिस्टेड्ट एसडीएम चरखारी व सुपर जोनल पुलिस अधिकारी सीओ चरखारी, भरतकूप क्षेत्र के लिए सुपर जोनल मजिस्टेड्ट एसडीएम कुलपहाड, सुपर जोनल पुलिस अधिकारी सीओ सिटी को नामित किया है। उन्होंने सभी जोनल मजिस्ट्रेट व जोनल पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवंटित थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था व सभी मतदान केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से पंचायत चुनाव सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। मतदान के दिन अपने सभी सेक्टर मजिस्टेड्ट व सेक्टर पुलिस अधिकारियों की देखरेख भी करेंगे।

### दुकानें बन्द कराने को डीएम-एसपी ने की बैठक

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल की मौजूदगी में कोरोना के बढते संक्रमण के मद्देनजर कर्वी कोतवाली में व्यापारियों के साथ हुई बैठक में दुकानें खोलने व बन्दी के दिन पूर्णतया बन्द कराने की चर्चा हुई। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दुकानदारों से कहा कि दुकानों के सामने गोला बनाकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करायें। दुकान में मास्क रखें।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में बनाए जाएं क्वॉरेंटाइन सेंटरः डीएम

**संवाददाता।** अमेठी



**डीएम ने** आज सीएमओ कार्यालय में संचालित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर में प्रभारी इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूमए प्रभारी सर्विलांस, प्रभारी सैम्पलिंग, प्रभारी स्टोर, प्रभारी टीकाकरण, सीएमओ, एडीएम, सीडीओ सहित अन्य अधिकारियों के साथ कोविड.19 व उसके टीकाकरण के संबंध में चल रही समस्त कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समस्त एसडीएम भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। डीएम ने जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में क्वॉरेंटाइन सेंटर बनाए जाने के निर्देश दिए। क्वॉरेंटाइन सेंटर में बाहर से आने वाले लोगों को क्वारंटाइन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल में आने वाले सभी मरीजों की अनिवार्य रूप से सैंपलिंग कराई जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में लगातार कोरोना के केस बढ़ रहे हैं जिसको लेकर सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक व्यक्तियों की सैंपलिंग कराई जाए साथ ही बाहर से आने वाले व्यक्तियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम लगाकर बाहर से आने वाले लोगों की अनिवार्य रूप से सैम्पलिंग कराई जाए। निगरानी समितियों को फिर से एक्टिवेट किया जाए जिससे लक्षण युक्त व्यक्तियों की पहचान की जा सके। सभी सीएचसी/पीएससी, जिला अस्पताल सहित सभी कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना की जाए। पॉजिटिव केस पाए जाने पर कंटेनमेंट जोन बनाया जाए। उन्होंने कंटेनमेंट जोन बनाने को लेकर कहा कि एक केस पाए जाने पर 25 मीटर रेडियस के क्षेत्र को और एक से अधिक केस पाए जाने पर 50 मीटर के रेडियस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जाए साथ ही नियमित रूप से कंटेनमेंट जोन में सैनिटाइजेशन का कार्य कराया जाए। निगरानी समितियों द्वारा घर.घर जाकर जनसामान्य को कोविड.19 से बचाव तथा लक्षणों के विषय में जागरूक करें साथ ही खांसी, जुखाम, बुखार, सांस लेने में परेशानी आदि लक्षण वाले रोगियों को चिन्हित करें तथा ऐसे रोगियों का नामए पूर्ण पताए मोबाइल नंबर तथा लक्षणों का विवरण सहित जानकारी उपलब्ध कराएं। डीएम ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैंपल के संबंध में जानकारी ली तथा सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लक्षण युक्त सैंपल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य किया जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम लगाकर बाहर से आने वाले लोगों की सैंपलिंग कराई जाए। डीएम ने कोविड टीकाकरण की समीक्षा किया तथा टीकाकरण की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। 45 वर्ष की आयु के ऊपर के समस्त व्यक्तियों का टीकाकरण कराया जाए इसके लिए आशाओं के माध्यम से 45 वर्ष से ऊपर की आयु वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य केंद्रों पर ले जाकर अधिक से अधिक व्यक्तियों का टीकाकरण कराया जाए। डीएम ने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याएं सुझाव, शिकायत हेतु कंट्रोल रूम नंबर. 05368.244499, 244011 पर संपर्क कर सकते हैं।

## तीन लोगों की मौत

**महराजगंज रायबरेली** कोतवाली क्षेत्र के स्वयंबर सिंह का पुरवा मजरे ज्योना गांव में तीन लोगों की मौत से पूरे गांव का माहौल बदला बदला सा रहा चारों ओर मातम पसरा रहा हर तरफ चीख पुकार सुनाई दे रही थी आंखों से छलकते आंसू के साथ रोधें गले से सभी जुबां पर बस एक ही शब्द थे हे भगवान आखिर ये सब हो क्या गया आपको बता दें कि महराजगंज कोतवाली कोतवाली क्षेत्र के स्वयंबर सिंह का पुरवा मजरे ज्योना गांव के लिए बृहस्पतिवार और शुक्रवार का दिन बहुत ही दुखद और कष्टदायी रहा स्वयंबर सिंह का पुरवा मजरे ज्योना गांव निवासी बसंत राम 70 पुत्र शिव नाथ सुनील यादव 45 पुत्र बसंत राम दोनों पिता पुत्र परिवार के साथ वोट डालने रायबरेली से ओमनी वैन से ज्योना जा रहे थे बीच में ही महराजगंज रायबरेली रोड पर स्थित सड़कहा गांव के पास स्टेरिगं फेल होने से वैन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी जिसमें पिता-पुत्र की तत्काल मौके पर ही मौत हो गई थी अन्य का इलाज अभी चल रहा है, वहीं पांच दिन पूर्व गैस पाइप फटने से हुऐ हादसे में स्वयंबर सिंह ज्योना के ही निर्वतमान प्रधान प्रतिनिधि ज्योना उमेश कुमार कुन्नु का भाई दुर्गेश 28 पुत्र श्याम लाल ने भी बृहस्पतिवार की रात लगभग 9 बजे लखनऊ के सिविल अस्पताल में दम तोड़ दिया तीनों शव एक ही दिन गांव आने पर हर तरफ कोहराम मच गया और शोक संवेदना

## क्विक न्यूज

### कोरोना संक्रमित व्यक्ति की मौत

**लालगंज,रायबरेली।** आधुनिक रेलकोच कारखाना स्थित कोरोना लेवल टू हास्पिटल में एक संक्रमित व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक डीह का रहने वाला बताया गया है।अस्पताल में गदंगी का अम्बार है। लगातार शिकायतों के बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हो रहा है। यहां भर्ती मरीजों को समय से दवा,आक्सीजन तक नहीं मिल पा रही है। वार्डों के अंदर व बाहर गंदगी का अम्बार है। पीने के लिए पानी तक नहीं मिल पा रहा है। संक्रमित व्यक्तियों की एनटीपीसीआर जांच के लिए जाने वाले ब्लड सैंपल की रिपोर्ट चौबीस घंटे के बजाय दूसरे दिन तक नहीं आ पा रही हैं।कभी कभी तो ब्लड सैंपल दुबारा भेजने के लिए कह दिया जाता है और कई दिन तक ब्लड सैंपल भेजा ही नहीं जाता।घोसियाना रायबरेली की एक महिला का भी गुरूवार को कोविड हास्पिटल में निधन हो गया था। मानसिक बीमार बताई गई महिला के शव को लेने के लिए किसी परिजन के आगे न आने पर डलमऊ तहसील प्रशासन द्वारा उसका अंतिम संस्कार कराया गया।

### बकाया राशि जमा करने का सुनहरा अवसर

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती में स्थित साधन सहकारी समिति लिमिटेड बैंती के सचिव जगन्नाथ अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा शासन के निर्देश पर एक मुश्त समझौता योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत समिति के सदस्य अपना बकाया ऋण जमा करके नया ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इसके तहत 1997 से पूर्व के फसली ऋण में कृषक द्वारा लिए गए वास्तविक मूलधन में से बचे अवशेष मूलधन को जमा कर ओटीएस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके तहत संपूर्ण ब्याज, दण्ड ब्याज, दीगर एवं संग्रह शुल्क माफहोगा। वहीं 1997 से 21 मार्च 2012 के मध्य वितरित फसली ऋण में कृषक को दिए गए मूलधन एवं मूलधन के बराबर व्याज की वसूली ओटीएस योजना का लाभ दिया जाएगा। मूलधन के बराबर घटाने के बाद अवशेष ब्याज दीगर एवं संग्रह शुल्क माफहोगा। इसके साथ ही 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2017 के मध्य वितरित फसली ऋण जो 3 वर्ष से अधिक का बकाया है के बकायेदारों के ऊपर आयात ब्याज से 50 प्रतिशत की छूट प्रदान कर ओटीएस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। अर्थात ब्याज का 50 प्रतिशत दण्ड ब्याज दीगर संग्रह शुल्क माफहोगा।

### मास्क का इस्तेमाल जरूरीः सीएमओ

**अमेठी** । कोविड के मामले बढ़ने के साथ ही जनपद में रेपिड रेस्पांस टीम ;आरआरटीद्ध सतर्क हो गई हैं। जांच के बाद कोविड पॉजिटिव होने की स्थिति में आरआरटी का काम शुरू हो जाता है। आरआरटी पॉजिटिव रिपोर्ट आने पर सबसे पहले संबंधित के घर का दौरा कर यह तय करती है प्रभावित को होम आइसोलेशन में रखा जा सकता है या फिर उसे कोविड अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत है। दरअसल एसिम्टोमेटिक होम आइसोलेशन में रहकर ठीक हो सकते हैं बशर्ते उनके घर में इतनी जगह हो। यह सब देखने के बाद ही आरआरटी सलाह देती है कि आप घर में रहें या फिर अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि आरआरटी की सलाह मानें और उसके द्वारा पूछे जाने वाले सवालों के सही.सही जवाब दें। आपका यह सहयोग हमें इस बीमारी से लड़ने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि जनपद की सर्विलांस टीम भी घर घर जाकर लक्षण युक्त मरीजों की जांच कर रही है। उन्होनें बताया कि जनपद में 13 आरआरटी काम कर रही हैं। पॉजिटिव का उपचार शुरू कराने के साथ ही आरआरटी आसपास के घरों में सर्वे कर यह पता लगाने का प्रयास करती है कि किसी पड़ोसी में कोविड के लक्षण तो नहीं हैं। पड़ोसियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह आरआरटी को सही.सही जवाब दें और पॉजिटिव आए व्यक्ति और उसके परिवार के साथ कोई भेदभाव न करें। उन्होंने कहा कोविड का प्रसार रोकने के लिए मास्क का इस्तेमाल और एक.दूसरे से कम से कम दो गज की शारीरिक दूरी जरूरी हैए लेकिन इसका यह मतलब कदापि नहीं होना चाहिए कि कोविड पॉजिटिव व्यक्ति या उसके परिवार के साथ हम किसी तरह का भेदभाव करने लगें। कोविड.19 से हम सबको मिलकर लड़ना और इस कोरोना को हराना है। उन्होनें बताया कि जनपद में कोविड अस्पतालों में 100 बेड आरक्षित किए गए हैंए जहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### विकास खण्ड में पूर्ण हुई त्रिस्तरीय नामांकन की प्रक्रिया

**गौरीगंज, अमेठी।** विकास खण्ड शाहगढ़ में प्रधान पद के आरक्षित उम्मीदवारों का नामांकन 310 अनारक्षित 114, कुल नामांकन 424, सदस्य ग्राम पंचायत आरक्षित 402, अनारक्षित 161ए कुल नामांकन 563, सदस्य क्षेत्र पंचायत आरक्षित 191, अनारक्षित 46, कुल नामांक न 237 हुये। नामंकन फार्म जमा करने की प्रकिया शाम 5 बजे पूरी हो गयी। रिटर्निंग अफसर राम मिलन ने बताया कि 16.17 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 18 अप्रैल को 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिये जा सकेंगे। शाम 3 बजे से उम्मीदवारो को चुनाव चिन्ह प्रदान किया जायेगा।

### बेहोशी की हालत में मिले युवक की इलाज के दौरान मौत

**सुलतानपुर।** बेहोशी की हालत में खेत में पड़े युवक को ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया था। जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद आक्रोशित भीड़ ने सूरापुर बाजार चौक में रोडजाम करके काफी देर तक हंगामा किया। किसी तरह अधिकारियों के समझाने के बाद रास्ता खोला जा सका। सूरापुर पुलिस चौकी अन्तर्गत विजेथुआ राजापुर गांव निवासी अभिषेक पांडेय (22) पुत्र भूपेन्द्र पांडेय लखनऊ स्थित जीएसआरएम मेमोरियल एजूकेशन सोसायटी में वीफार्मा तृतीय वर्ष का छात्र था। उसके बाबा राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि कुछ दिन पहले वह घर आया था। बीते रविवार को सुबह दस बजे घर से बाहर निकला था और शाम तक जब घर वापस नहीं लौटा तो रात आठ बजे के करीब परिजनों ने उसके मोबाइल नंबर पर सम्पर्क किया। फोन पर अभिषेक ने रात दस बजे तक घर वापस आने की बात कही। दस बजे तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करने का प्रयास किया किन्तु बात नहीं हो सकी। परिजन पूरी रात अभिषेक को खोजते रहे किन्तु कहीं पता नहीं लग सका। सुबह सात बजे के करीब गेहूं काटने जा रहे ग्रामीणों ने अभिषेक को बेहोशी की हालत में देखकर परिजनों को सूचना दी। घर से पश्चिम लगभग 500मीटर की दूरी पर पड़े अभिषेक को परिजन जिला चिकित्सालय सुलतानपुर लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखकर लखनऊ रेफर कर दिया । अभिषेक को ट्रामा सेन्टर लखनऊ में भर्ती कराया गया है जहां इलाज चल रहा था । जहां पर शुक्रवार को उसने दम तोड़ दिया।

### राम बहादुर यादव का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राम बहादुर यादव का अन्तिम संस्कार मां गंगा के पावन तट पर गोला घाट में सम्पन्न हुआ। उनकी चिता को उनके बड़े पुत्र राजेन्द्र प्रताप यादव एडवोकेट ने मुखाग्नि दी। उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। राम बहादुर यादव के निधन की सूचना मिलते ही शोक की लहर दौड़ गयी।

### चिकित्सकों पर भी भारी पड़ रहा कोरोना का कहर

**सुलतानपुर।** जिले में कोरोना के बढ़ते कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी रवीश कुमार गुप्ता व सीएमओ डॉ. डीके त्रिपाठी के निर्देश पर जिला अस्पताल की समस्त ओपीडी सेवाएं तीन दिन के लिए बंद होगी। आने वाले शनिवार, रविवार तथा सोमवार को अस्पताल में सिर्फ आवश्यक सेवाएं ही पूर्व की भांति जारी रहेगी। सीएम एस डॉं एससी कौशल ने बताया की जिला अस्पताल के कई अधिकारी व कर्मचारी कोरोना संक्रमित होने के कारण अस्पताल की समस्त ओपीडी तीन दिन के लिए बंद करने के पश्चात ओपीडी का सैनटाइजेशन कराया जाएगा।

# पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल जब एक दिन गांव पहुंचे तीन शव

**संवाददाता।** महराजगंज रायबरेली

**कोतवाली क्षेत्र** के स्वयंबर सिंह का पुरवा मजरे ज्योना गांव में तीन लोगों की मौत से पूरे गांव का माहौल बदला बदला सा रहा चारों ओर मातम पसरा रहा हर तरफ चीख पुकार सुनाई दे रही थी आंखों से छलकते आंसू के साथ रोधें गले से सभी जुबां पर बस एक ही शब्द थे हे भगवान आखिर ये सब हो क्या गया आपको बता दें कि महराजगंज कोतवाली कोतवाली क्षेत्र के स्वयंबर सिंह का पुरवा मजरे ज्योना गांव के लिए बृहस्पतिवार और शुक्रवार का दिन बहुत ही दुखद और कष्टदायी रहा स्वयंबर सिंह का पुरवा मजरे ज्योना गांव निवासी बसंत राम 70 पुत्र शिव नाथ सुनील यादव 45 पुत्र बसंत राम दोनों पिता पुत्र परिवार के साथ वोट डालने रायबरेली से ओमनी वैन से ज्योना जा रहे थे।

बीच में ही महराजगंज रायबरेली रोड पर स्थित सड़कहा गांव के पास स्टेरिगं फेल होने से वैन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी जिसमें पिता-पुत्र की तत्काल मौके पर ही मौत हो गई थी अन्य का इलाज अभी चल रहा है, वहीं पांच दिन पूर्व गैस पाइप फटने से हुऐ हादसे में स्वयंबर सिंह ज्योना के ही निर्वतमान प्रधान प्रतिनिधि ज्योना उमेश कुमार कुन्नु का भाई दुर्गेश 28 पुत्र श्याम लाल ने भी बृहस्पतिवार की रात लगभग 9 बजे लखनऊ के सिविल अस्पताल में दम तोड़ दिया तीनों शव एक ही दिन गांव आने पर हर तरफ कोहराम मच गया और शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का गांव में हूजूम उमड़ पड़ा गांव का मंजर देख हर शख्स की आंखे छलक पड़ी घर में पत्नी समेत पूरे परिवार का भी रो रो कर बुरा हाल है, विदित हो कि दुर्गेश अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा भाई था मिलनसार स्वभाव होने के कारण परिवार समेत पूरे क्षेत्र का प्रिय था। और लगभग ढेड़ वर्ष पहले ही सेमरौता जनपद अमेठी के पास से शादी हुई थी।

# हम सबको मिलकर लडनी है कोरोना से जंगः सीईओ

**संवाददाता।** शिवगढ़,रायबरेली



**विश्व स्वास्थ्य संगठन** व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समन्वित सहयोग से समुदाय के साथ मिलकर पिछले 18 वर्षों से शिशुओं और माताओं की सम्मानजनक देखभाल करती चली आ रही कम्युनिटी एंपावरमेंट लैब श्सक्षम शिवगढ़श् के संस्थापक डॉ.विश्वजीत कुमार व उनकी पत्नी सीईएल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं वैज्ञानिक आरती कुमार ने कोविड-19 से बचाव के लिए लोगों से सावधानियां बरतने की अपील की है। सीइएल के संस्थापक डॉ. विश्वजीत कुमार ने सभी से अपील करते हुए कहा कि देश में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर जारी है। दिन-ब-दिन तेजी से बढ़ते जा रहे कोरोना संक्रमण से कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कोरोना से होने वाली मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। जिससे बचाव के लिए कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण एवं बचाव ही एक विकल्प है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए बार-बार साबुन से हाथ धोएं। एल्कोहल युक्त हैंड सैनिटाइजर का प्रयोग करें, जब भी घर से बाहर निकले मुंह पर मास्क लगाकर निकले। लोगों से बातचीत करते वक्त हमेशा 2 गज की दूरी बनाये रखें।

आंख, नाक या मुंह को छूने से बचें। खांसते-छींकते वक्त नाक और मुंह को कोहनी,टिश्यू पेपर अथवा रुमाल से ढक लें। अनावश्यक काम से घरों के बाहर बिल्कुल ना निकले,भीड़-भाड़ में जाने से बचे।अगर बुखार, खांसी है और सांस लेने में परेशानी हो रही है,तो डॉक्टर के पास जाएं। सिर दर्द, बदन दर्द, खांसी, जुखाम, बुखार सहित लक्षण महसूस होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर तुरंत कोविड-19 की जांच कराएं। याद रहे कि सिर्फ मास्क लगाकर कोविड-19 से नही बचा जा सकता। इससे बचने के लिए शारीरिक दूरी का अनुपालन करना बेहद जरूरी है। सावधान रहें सतर्क रहें, सावधानियां बरतकर कोरोना महामारी से खुद बचें और दूसरों को बचाएं। सीईएल की मुख्य कार्यकारी एवं वैज्ञानिक आरती कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के विरुद्ध जंग हम सबको मिलकर लड़नी है। सबके सहयोग से ही कोरोना महामारी से जंग जीती जा सकती है। आरती कुमार ने कहाकि शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए नियमित हरी सब्जियों का सेवन एवं योग और व्यायाम करें। काढ़ा अथवा गुनगुने पानी एवं नींबू का सेवन करें जिससे कोरोना संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी।

## अगर बिजली नहीं तो पेयजल आपूर्ति

**ऊंचाहार,रायबरेली।** तकनीकी दुनिया अत्यधिक व्यापक है, वर्तमान में तकनीकी क्षेत्र में युवा काफी अग्रसर है, शहर के एक युवा को सोशल मीडिया का इस कदर जुनून है कि सरकारी नौकरी का ख्वाब छोड़ कर यूट्यूब पर धमाल मचा रहा है। यह उपलब्धि ऊंचाहार के अभय पांडेय की है। उनके यूट्यूब चौनल पर एक लाख से अधिक सब्सक्राइबर है और 87 लाख से अधिक व्यू है। क्षेत्र के मनीरामपुर निवासी अभय पांडेय इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से ग्रैजुएट है, क्षेत्र के ही न्यू एक्सेल कंप्युटर में अध्यापन का कार्य करते है, साथ ही यूट्यूब पर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य करते है। इसी बीच यूट्यूब पर अभय एक्सेल कंप्युटर चौनल के एक लाख से अधिक सब्सक्राइबर होने पर यूट्यूब द्वारा सिल्वर प्ले बटन अवार्ड का सम्मान भी मिला, जो यूट्यूब पर एक लाख सब्सक्राइबर का माइलस्टोन पर दिया जाता है।

# शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न, पुरुषों के सापेक्ष महिलाओं ने अधिक किया मतदान

**लालगंज,रायबरेली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पुरूषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। यहां 56 ग्राम सभाओं के लिए होने वाले चुनाव में 64.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। कुल 137508 मतदाताओं के सापेक्ष 89066 मतदाताओं ने मत डाले जिनमें 51305 महिला व 45579 पुरूषों ने अपने मतों का प्रयोग किया।देर रात में बूथों से बैलेट बाक्स लाकर बैसवारा डिग्री कालेज में बने स्ट्रांगरूम में रखने का क्रम जारी रहा।सबसे देर तक गहिरी न्याय पंचायत के सकतपुर गांव में 10:30 बजे रात तक मतदान जारी रहा। वहीं मदुरी गांव में 8 बजे तक मतदान हुआ।छिटपुट कहासुनी को छोंड़कर शांतिपूर्ण ढ़ंग से मतदान सम्पन्न हुआ।मतदान वाले दिन खजूरगांव में लगभग ढ़ाई घंटे मतदान बाधित रहा। पहले 8:30 बजे तक बीडीसी के



बैलेट नहीं पहुंचे थे। जब बीडीसी के बैलेट पहुंचे तो पता चला कि डीडीसी के बैलेट गलत आ गए हैं। जब तक डीडीसी के बैलेट बदलकर आए मतदान बंद रहा।

9:45 बजे से मतदान सुचारू रूप से प्रारंभ हो सका। सेमरपहा प्राथमिक विद्यालय में बने पांच में से तीन बूथ निष्प्रयोज्य भवन में बने होने तथा पंचायत भवन में बने बूथ के कमरे बहुत छोटे होने की वजह से बरामदे में बैठकर मतदान सम्बन्धी कार्य करने की वजह से मतदान कर्मियों में खासी नाराजगी देखी गई। पंचायत भवन मीठापुर में भी यही हाल रहा। यहां भी कमरे छोटे होने से मतदान कर्मी बरामदे में बैठकर मतदान कराते रहे। यहां तो उन्हें मेजों पर बिछाने के लिए चद्दर तक नहीं मिली। सोने के लिए मिले गद्दे बिछाकर उन्होंने मतदान कार्य सम्पन्न कराया।

## ग्राम पंचायत कठवारा का मतदान 26 को पहनासा व रामपुरकला का मतदान 29 को

**रायबरेली।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के की निर्वाचन प्रक्रिया के अन्तर्गत राज्य निर्वाचन आयोग उप्र की अधिसूचना के माध्यम से विकास खण्ड हरचन्दपुर के ग्राम पंचायत-कठवारा के प्रधान पद के प्रत्याशी हरि प्रसाद मौर्या पुत्र बजरंगी जिनका चुनाव चिन्ह घंटी था की मृत्यु 11 अप्रैल 2021 को हो जाने के उपरान्त उ0प्र0 राज्य निर्वाचन आयोग के नियम 74 निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवार की मतदान से पूर्व मृत्यु-यदि किसी उम्मीदवार की जो यथाविधि नाम निर्देशित हो चुका है और जिसने अपना नाम वापस न लिया हो, मृत्यु हो जाय और उसके मृत्यु के संबंध में अपना समाधान कर चुकने पर मतदान रद्द कर देगा और निर्वाचन के सभी कार्यवाही इस प्रकार से उसी तरह नये सिरे से प्रारम्भ किया जायेगी मानों कोई नया निर्वाचन किया जा रहा है। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग के क्रम में समय सारणी के अनुसार सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये है।

# स्वयं व दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए लगाएं मास्कः एसपी



**मास्क लगाने की अपील करते हुए एसपी**

**अमेठी।** जिले में कोरोना का कहर साफदिखने लगा है इसे लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह हरकत में आ चुका है। इसकी बानगी के तौर पर पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने आज जिले के कस्बों में घूम घूम कर मास्क पहनने के लिए लोगों को समझाया कि उनके जीवन के लिए मास्क के कितना आवश्यक है। बृहस्पतिवार को जिले में 92 कोरोना वायरस के मरीज मिले जिससे मरीजों की संख्या 318 पहुंच गई, इतना ही नहीं कल 05 व्यक्तियों ने दम भी तोड़ दिया है द्य इस भयावह स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। आज शाम जामों बाजार में भारी लाव लश्कर के साथ घूम घूम कल लोगों से मास्क लगाने की अपील की और ना लगाने पर एक हजार जुर्माना करने की चेतावनी भी जारी की। उन्होंने लाउडस्पीकर से अपील करते हुए कहा कि मास्क लगाकर खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। इससे कोरोना वायरस की चैन को तोड़ा जा सकेगा। जो व्यक्ति मास्क नहीं लगाएगा उसे रु. 1000 का अर्थ दंड देना होगा। इस मुहिम में उनके साथ सीओ गौरीगंज गुरमीत सिंह व थानाध्यक्ष जामो अंगद सिंह भी मौजूद रहे।

# लाखों खर्च तब भी नहीं हो रही पेयजल आपूर्ति

**संवाददाता।** बछरावां रायबरेली



**बछरावां** कस्बे के अंदर स्थित जलापूर्ति के लिए पानी टंकी पर लगाए गए सोलर पैनल भी काम नहीं कर पा रहे हैं लगभग 6 महीनों से लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी बछरावां कस्बे के लोगों को जल आपूर्ति नहीं मिल पाती है। नगर पंचायत द्वारा जनरेटर सोलर पैनल बिजली व अन्य संसाधनों की खरीदारी की गई लेकिन बछरावां वासियों को सुविधा नहीं मिल पा रही है जब तक बिजली आती है तब तक ही जल आपूर्ति हो पा रही है बाकी लाखों के लगे सोलर पैनल शोपीस बनकर रह गए हैं अब जिम्मेदार लोगों को इसकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है इसी के साथ सूत्रों की माने तो 20 वर्षों से अधिक एक ही पटल पर जमे बाबू जिसकी नौकरी यहीं से शुरू हुई यहीं पर अंत होने की कगार पर है उसकी स्थिति पहले अब देखते हुए कुछ भी नहीं थी मौजूदा समय से यहां से लेकर निवास स्थान गोंडा तक अपार संपत्ति बन चुकी है आलीशान मार्केट बेहतरीन दुकाने जिसका पूरा परिवार आज संपन्न हो चुका है और यह सब बछरावां कस्बे से हुआ उसके सहित कई सभासद ऐसे थे जो केवल धन कमाने के लिए जनता को गुमराह कर जीत गए थे अगर बिजली नहीं आती पेयजल की आपूर्ति नहीं होती है सोलर पैनल का जनरेटर सफेद हाथी बने हुए जनता के सामने दिख रहे हैं जनता त्राहि-त्राहि कर रही है और वहीं सफाई कर्मियों की एक लंबी फौज आज भी नगर पंचायत में मौजूद है परंतु नालियां बजबजा रही है पेयजल में कभी कभी कीड़े भी आते हैं परंतु इन सब से कोई चिंता नौकरशाहों को नहीं है अब ऐसा लगता है कि मौजूदा चेयरमैन भी पूरी तरह से नौकरशाही के मुरीद हो चुके हैं यह सुधार तब तक संभव नहीं है जब तक बरसों से एक ही पटल पर जमे कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं होता है जिलाधिकारी रायबरेली से क्षेत्रीय जनता का अनुरोध है कि इस नगर पंचायत के सभी पुराने कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाए अन्यथा सब कुछ होते हुए भी बछरावां की जनता का कल्याण संभव नहीं है संवाददाता ने जब पानी टंकी इंचार्ज से बात की तो बताया गया कि लगभग 6 महीनों से सोलर पैनल कार्य नहीं कर रहे हैं इसकी शिकायत जिम्मेदार लोगों से की गई है लेकिन कोई कार्रवाई आज तक धरातल पर नहीं दिखाई दी हैं और जब तक बिजली जाती है। तब तक ही बछरावां कस्बेवासियों को पेयजल आपूर्ति हो पा रही है।

## शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिले मे पहुंचे प्रेक्षक

सुलतानपुर। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नामित चुनाव प्रेक्षक जिले में पहुंच गए हैं।वे त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 के दृष्टिगत मतदान एवं मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने पर नजर रखेंगे। चुनाव प्रेक्षक के रूप में वन विभाग के विशेष सचिव गौरव वर्मा को जनपद सुलतानपुर में प्रेक्षक के पद पर तैनाती की गयी है।

## मामूली विवाद में प्रधान पद प्रत्याशी की हत्या

**सुल्तानपुर।** उलाहना देने गए प्रधान पद के दावेदार को आरोपियो ने जमकर मारा पीटा। जिसे गम्भीर हालत में अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। सूचना पर एसपी समेत कई थाने की फोर्स पहुंची। ऐतिहात के तौर पर गांव में पुलिस बल मुश्तैद हैं। हत्या का मामला चांदा थाना क्षेत्र के मुनीपुर गांव की हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, थाना क्षेत्र के फरमापुर निवासी अमरदेव गौतम पुत्र राम अवध प्रधानी का इस बार चुनाव लड़ रहे थे। रात को वह ग्राम सभा से सटे मुनीपुर गांव में राजेन्द्र वर्मा के घर उलाहना देने गया था। मृतक के परिवार वालों का कहना है कि बातचीत के दौरान ही वाद-विवाद बढ़ गया। इसी दौरान राजेन्द्र वर्मा और उनके परिवार वालों ने अमरदेव गौतम के ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। लहूलुहान हालत में अमरदेव गौतम को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था।तभी रास्ते मे मौत हो गई। मृतक के साथ गए उसके चाचा को भी लोगों ने पीटा उन्हें भी चोटें आई हैं।वही कोतवाल कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि मामूली कहा सुनी में फर्मापुर गांव के प्रधान प्रत्याशी अमरदेव गौतम को बगल के मुनीपुर गांव के राजेन्द्र वर्मा और उनके परिवार के लोगों ने बुरी तरह मारा-पीटा। इससे अमरदेव गौतम को गंभीर चोटें आई हैं। अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज कर तलाश की जा रही हैं।

# अवैध शराब की खेप को पुलिस ने पकड़ा

● मतदाताओं में बाटने की थी योजना

**संवाददाता।** सुल्तानपुर



**पंचायत चुनाव** को लेकर वोटर्स को बांटने के लिए जा रही अवैध शराब को बरामद कर कूरेभार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।चुनाव को देखते हुए क्षेत्राधिकारी बल्दीराय राजा राम चौधरी के नेतृत्व में कूरेभार थानाध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिंह अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने को लेकर आए दिन थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान छेड़ रखा है ।

चौराहें पर चेकिंग के दौरान पंचायत चुनाव में मतदाताओं को बांटने के लिए स्विफ्ट डिजायर कार से ले जायी जा रही 221 पाउच देशी शराब के साथ स्विफ्ट डिजायर कार यूपी 44 एजेड 0094 भी बरामद किया है। कूरेभार पुलिस ने पकड़ लिया। साथ ही दो आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मतदाताओं को प्रलोभन देने के आरोप में प्रधान प्रत्याशी समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की है। गिरफ्तार युवकों से कड़ाई से पूछताछ के बाद आरोपी प्राधन पद प्रत्याशी ने सेल्स मैन सोनू पाठक को मित्र बताते हुए कहा कि संजय नगर बाजार स्थित देसी शराब की दुकान से देसी शराब मतदाताओं में बांटने के लिए ले जा रहा था। वहीं पुलिस ने सेल्स मैन के पास से 18000 नगद रुपया, स्टॉक रजि. व पर्चा रजि. शराब ठेका बरामद किया है।

पुलिस ने प्रधान पद के प्रत्याशी रामलोचन निवासी जफरापुर थाना गोसाईंगंज जनपद सुलतानपुर के अलावा बाल चन्द्र वर्मा निवासी फुलौना थानां कूरेभार जनपद सुलतानपुर व सेल्समैन सोनू पाठक निवासी धौकल पाठक का पुरवा बहुरावां बाजार थाना बल्दीराय जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार कर आरोपियो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर स्विफ्ट डिजायर कार को सीज किया गया है।

# कोई भी लापरवाही न करें अधिकारी: डीएम

## कोविड पर प्रशासन हुआ सतर्क, आक्सीजन आपूर्ति को डीएम-एसपी ने जांचा

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**कोविड** के बढ़ते मामले को देखते हुए डीएम दिव्या मित्तल और एसपी डॉ0 कौस्तुभ ने शुक्रवार को जिला अस्पताल में पहुंच कर आक्सीजन की उपलब्धता की जांच की। डीएम ने कोरोना मरीजों को बेहतर सुविधा देने का निर्देश प्रभारी सीएमओ डॉ0 मोहन झा को दिया। इसके साथ ही इलाज में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जिला अस्पताल में आक्सीजन की उपलब्धता की जांच के बाद आक्सीजन आपूर्ति करने वाली फर्म के मगहर स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहाकि आक्सीजन की कमी नहीं होनी चाहिए। पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन उपलब्ध होना चाहिए। डीएम ने कलेक्ट्रेट के कोविड कंट्रोल रूम में बैठक करते हुए कहाकि कोविड-19 संक्रमण के बढ़ने के कारण प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी कोविड संक्रमित व्यक्ति इलाज के अभाव में ना रहे तथा सभी को बेहतर उपचार मिलना सुनिश्चित हो। इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहाकि मरीजों के साथ स्वास्थ्य विभाग के लोग शालीनता पूर्वक व्यवहार करें। मरीजो को पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध करा दी जाए। उन्होंने प्रभारी सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। इसमे किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, डीपीआरओ उमाशंकर मिश्र, ईओ बीना सिंह, डूडा अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह, नवागत प्रशिक्षु एसडीएम रवीन्द्र कुमार, प्रदीप त्रिपाठी, ईडीएम राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका, नगर पंचायतों, ग्राम पंचायतों में बनेंगे क्वारंटीन सेंटर

**संवाददाता।** बस्ती

**नगर** पालिका, नगर पंचायतों, ग्राम पंचायतों में एक-एक क्वारंटीन सेंटर बनाए जाएंगे। विकास भवन सभागार में स्थित कोविड कमाण्ड एवं कंट्रोल सेण्टर में आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम सौम्या अग्रवाल ने इसके लिए निर्देष दिए हैं। अधिशासी अधिकारी, बीडीओ को क्वारंटीन सेंटर में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। बताया कि जिला मुख्यालय पर सरला इण्टरनेशनल एकेडमी में क्वारंटीन सेंटर बनाया जाएगा।

कहा कि वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया संचालित है। ऐसी स्थिति में जिस प्राइमरी स्कूल में मतदेय स्थल नही है, वहां क्वारंटीन सेण्टर बनाया जाय। यहां ऐसे लोगों को क्वारंटीन किया जाएगा जिनके घर में अलग कमरे में रहने की सुविधा नही है। कहा कि चुनाव मतदान तक काफी लोगों के बाहर से आने की सम्भावना है, ऐसे में इनको सीधे घर न भेजकर क्वारंटीन सेंटर में रखा जाए। इस दौरान गांव की निगरानी एवं नगर में मोहल्ला समितियों को सक्रिय करे, जो प्रवासी लोगों की जांच कराएगी। प्रवासियों के लिए रेलवे स्टेशन बस्ती, बभनान, रोडवेज बस स्टेशन, बड़ेवन पर टीम लगाकर जांच की सुविधा दी जाएगी। बीएस को निर्देश दिया कि इन चारो स्थानों पर अपने कर्मचारी लगाकर प्रवासी लोगों का रजिस्टर मेंटेन कराए, प्रवासी का सम्पूर्ण विवरण कम्प्यूटराइज्ड कराएं। इन जगहो पर 24 घण्टे ड्यिूटी करने वाले कर्मचारियों की तैनाती करें।

बताया कि ओपेक कैली अस्पताल,मुण्डेरवा सीएचसी में कोरोना पाजिटिव मरीजो को इलाज के लिए भर्ती किया जाएगा। हर्रैया में दुबौलिया सीएचसी, नवनिर्मित सौ बेड का महिला अस्पताल कोविड समर्पित अस्पताल के रूप मे चिन्हित किया गया है। भानपुर में आश्रम पद्धति विद्यालय को कोविड-19 अस्पताल बनाया गया है जिसमें रूधौली के मरीज भी रखे जाएंगे। इन जगहो पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इओ नगर पालिका अखिलेश त्रिपाठी को सभी नगर पंचायतो में क्वारंटीन सेंटर, सेनेटाइजेशन कराने, होमआईसोलेटेड व्यक्तियों, अन्टेऊस्ड मरीजो के खोज-बीन के लिए नोडल नामित किया है। निर्देश दिया है कि वे प्रतिदिन सभी नगर पंचायतों से रिपोर्ट प्राप्त कर शाम को उपलब्ध कराएं।

बैठक में सीडीओ डॉ0 राजेश प्रजापति, सीएमओ डा0 अनूप कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नंदकिशोर कलाल, एसडीएम आशाराम वर्मा, आनंद श्रीनेत, डा0 सीके वर्मा, डा0 राकेश मणि त्रिपाठी, डा0 अजीत कुमार कुशवाहा, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, कृषि अधिकारी संजेश श्रीवास्तव, टीपी गुप्ता, प्रभारी चिकित्साधिकारी, बीडीओ रहे।

# किसान करें ढेंचा की बुआई, खाते में जाएगी अनुदान धनराशि

**संवाददाता।** बस्ती

**डीएम** सौम्या अग्रवाल ने किसानों से अपील किया है कि वे हरी खाद के लिए अधिक से अधिक ढेंचा की बुआई करे, आगामी फसलों के लिए भूमि को स्वस्थ्य बनाएं। बताया कि अब तक 440 कुन्तल ढैंचा बीज प्राप्त हो गया है। किसान बीज गोदाम से सम्पूर्ण धनराशि जमा करके बीज प्राप्त कर लें। अनुदान की धनराशि उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। बताया कि गेहूं की कटाई के पश्चात् धान के रोपाई के पूर्व खेत प्रायः खाली रहते है। ऐसी दशा में खेत की नमी को बरकरार रखते हुए किसान अपने खेत में हरी खाद के लिए ढेंचा फसल की बुआई करें, 45 दिन के पश्चात् इसे मिट्टी में पलटकर धान की रोपाई करें। इससें जहां एक ओर मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्र में वृद्धि होगी, वही दूसरी ओर तमाम आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता भी होगी, जिससे मिट्टी की दशा में सुधार होगा एवं आगामी धान की उत्पादकता में भी अच्छी वृद्धि होगी।

बताया कि जनपद के सभी विकास खण्डों के राजकीय बीज भण्डारों पर ढेंचा की उपलब्धता करा दी गई है। ढैचा बीज 5500 रूपया प्रतिकुन्तल की दर से एक कृषक को अधिकतम दो हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए उपलब्ध हो सकेगा। कहा कि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विकास खण्ड गौर, परसरामपुर, हर्रैया, विक्रमजोत, दुबौलिया, कप्तानगंज, बस्ती सदर, बनकटी, साऊंघाट, सल्टौआ गोपालपुर, रामनगर में धान के कलस्टर प्रदर्शन कृषि विभाग द्वारा आयोजित किए जाएंगे। इन प्रदर्शनों के अन्तर्गत धान की बुआई/रोपाई के पूर्व खेत में हरी खाद के प्रयोग की भी कार्य योजना बनाई गई है। 100 हेक्टेयर के कलस्टर में यह प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन क्षेत्र के कृषको को 90 प्रतिशत अनुदान पर ढैचा बीज दिया जाएगा। जिसका उपयोग कर कृषक अपनी भूमि की दशा को सुधारते हुए धान की अच्छी उत्पादकता प्राप्त कर सकते है।

**पशुपालकों से ली जाने वाली लेवी माफः** बस्ती। पशुओं की चिकित्सा के लिए पशुपालको से लेवी नहीं ली जाएगी। ली जाने वाली लेवी 31 मार्च 2022 तक माफ कर दिया गया है। यह जानकारी जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने दिया है। बताया कि बड़े पशु से 5 तथा छोटे पशु से 2 रूपए प्रतिपशु लेवी ली जाती है। दैवी आपदा के दृष्टिगत बाढ प्रबन्धन के अन्तर्गत पशुपालको को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से इसे माफ कर दिया गया है।

## ढेंचा से खेतों की सेहत सुधारने की तैयारी, किसान उदासीन

**बस्ती( सं. )।** गेहूं की कटाई के बाद ही खेतो मे हरी खाद ढेचा की बुआई की जाती है। लेकिन बुआई के साथ ही किसानो को आवारा पषुओ का डर सता रहा है। तपती धूप बार -बार सिंचाई के बाद तैयार होने वाला ढ़ेचा हरी खाद को लेकर किसान बुआई से अब परहेज कर रहे है। छोटे और मझोले किसान जिनके खेतो की तारबंदी नही है वह इसकी बुआई करे भी तो कैसे? कुदरहा ब्लाक के किसान राम हित कहते है कि ढेंचा की बुआई से खेतो की हालत तो ठीक हो जाती है लेकिन गेहूं की बुआई के बाद खेतो में आवारा पषुओ से गेहूं बचाने के लिए जूझना पडा है। यह हालत तब था जब पूरे सीवान में गेंहू की बुआई की गई थी। तब तो सुबह षाम खेतों की रखवाली के लिए दौडना पड़ता था। आवारा पषुओ के साथ ही नीलगायो का आतंक भी कम नही है। ऐसे में इस गर्मी में सिंचाई करके ढेंचा की फसल बोकर उसे आवारा पषुओ, नीलगायो से बचा पाना हम छोटी जोत वाले किसानो के लिए बडा मुष्किल काम है।

प्रगतिषील किसान राममूर्ति मिश्रा कहते है कि ढेचा बुआई तो ज्यादातर किसान करना चाहते है पहले तो बीज का ही संकट रहता है यदि बीज मिल भी जाय तो अब जंगली जानवरो एवं आवारा पषुओ का संकट रहता है। कुछ किसानो ने बताया कि ढेंचा की बुआई के बाद आस पास के सूखे खेतो के बीच पषुओ की निगाह ढेंचा के खेतो पर रहती है। ऐसे में जंगली जानवरो से फसल को बचाना बडा मुष्किल रहता है। बीते कई सालों में किसानो को खेतो की बाड़ लगाने के लिए सरकार से कोई मदद नही मिली है, जबकि आवारा पषुओ की संख्या में बेतहासा बढोत्तरी हुई है। ऐसे में किसान ढेंचा की बुआई तो कर लेगा लेकिन उसका पूरा लाभ उसे मिल पाना आसान नही है।

# किसानों को कृषि विभाग ने किया जागरूक

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**जनपद** के किसानों को जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जनपद की मृदा में जैव पदार्थ की अत्यधिक कमी होने के कारण फसल के उत्पादन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, साथ-ही फसलों के उत्पादन लागत में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होने बताया कि मृदा में जैव पदार्थ बढ़ाने हेतु हरी खाद एक अत्यंत सरल एवं महत्वपूर्ण साधन है। हरी खाद से भूमि की उत्पादन क्षमता, विभिन्न प्रकार के पोषक तत्व, मिट्टी की जल धारण क्षमता में वृद्धि होती है तथा उत्पादन लागत में कमी आती है, जिससे कृषक भाई के आय में वृद्धि होती है। उन्होने बताया कि एक हेक्टेयर खेत में हरी खाद हेतु 40 किलोग्राम ढैंचा बीज की आवश्यकता होती है। वर्तमान में जनपद के प्रत्येक विकास खंड के राजकीय कृषि बीज भंडार पर पर्याप्त मात्रा में ढैंचा बीज उपलब्ध है। उन्होने बताया कि ढैंचा बीज का प्रति किलोग्राम मूल्य रुपया 55.00 है एवं अनुदान की धनराशि बीज मूल्य का 90 प्रतिशत तक दिया जाएगा, जो किसान भाई के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी।

## कोर्ट की सभी कार्यवाही आनलाइन

**संतकबीरनगर।** जिला एवं सत्र न्यायालय में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से आवश्यक मामलों, जमानत प्रार्थना पत्र, अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्रों आदि पर ही सुनवाई की जा रही है, जिसके लिए विशेष अपर सत्र न्यायालय, मुख्य न्यायिक मस्जिट्रेट, सिविल जज सीनियर डिविजन कोर्ट, सिविल जज जूनियर डिविजन कोर्ट, न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालयों के समय निर्धारित है। इस कार्य हेतु वेबसाइट सृजित की गयी है। जिस पर प्रार्थना पत्र लिखित बहस प्रेषित की जा सकती है।

# बिना मास्क नामांकन स्थल पर नहीं मिलेगा प्रवेश,सुरक्षाकर्मी रखेंगे नजर



## डीएम, एसपी ने किया नामांकन स्थल का निरीक्षण, दिए निर्देश

**बस्ती( सं. )।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सौम्या अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में जिला पंचायत के सदस्यों का नामांकन स्थल विकास भवन सभागार एवं पूरे परिसर का भ्रमण करके निरीक्षण किया। विकास भवन में कार्यरत सभी अधिकारी, कर्मचारी, बैंक कर्मियों को अपना परिचय पत्र अपने पास रखने का निर्देश दिया। कहा कि नामांकन के दौरान 17 एवं 18 अप्रैल को विकास भवन में काफी लोगों के आने की संभावना है। इस दृष्टि से मुख्य मार्ग पर बैरिकेटिंग कर सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे। इस दौरान प्रत्याशी, उनके प्रस्तावक, कार्यालय के अधिकारी,कर्मचारी, यूनियन बैंक में आने वाले लोगों को ही आने-जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि विकास भवन सभागार में जिला पंचायत सदस्य का नामांकन प्राप्त करने के साथ मतगणना के पश्चात परिणाम घोषणा तक संपूर्ण कार्यवाही संपन्न कराई जाएगी। इसके लिए सभागार को अधिग्रहित किया गया है। इस दौरान नियमित रूप से विकास भवन परिसर को सैनिटाइज कराया जाएगा। यहां पर आने जाने वाले सभी लोगों को मास्क लगाना अनिवार्य होगा। संपूर्ण कार्यवाही भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी कोविड-19 प्रोटोकॉल के गाइड लाइन के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीडीओ डॉ0 राजेश प्रजापति एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# घर-घर प्रत्याशी दे रहे पर्चा दाखिला का न्यौता

## दो पहिया चारपहिया वाहनो के तैयार हो रहे काफिले

**संवाददाता।** बस्ती

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव में पर्चा दाखिला को लेकर प्रत्याषियों ने काफिला सजाने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। प्रत्याशी अपने शुभचिन्तको के घर-घर जाकर उन्हे पर्चा दाखिला में शामिल हाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। गांवो में जिनके पास दो पहियां एवं चार पहिया वाहन है उनके घरों पर प्रत्याषियो की धमक कुछ ज्यादा ही है। वहीं गेहूं की कटाई मढ़ाई में जुटे ग्रामीणो के लिए यह चुनाव और पर्चा दाखिला किसी सिरदर्द से कम नही है। कब कौन प्रत्याषी घर की साकल बजा दे यह कह पाना मुश्किल है। ग्रामीण खेती के काम से थके देर रात घर पहुच रहे है तो प्रत्याषी दल बल के साथ उनके घरो तक पहुंच रहे है, लेकिन लोक लाज के भय से प्रत्याषियो को कुछ समय देकर राहत की सांस लेते है। माना जा रहा है कि यह सिलसिला थमने के बजाय चुनाव की तारीख नजदीक आते आते और तेज हो जाएगा। बहादुरपुर, गौर ब्लाक में ठेके पर गेहूं की कटाई करने वाले मजदूरो का कहना है कि बाउ सबेरे साझ गेंहू काट के आवो, जइसे आराम करे खटिया पर पीठ धरो ,तइसे केहू न केहू वोट मांगे चलि आवेला , यहर गेहूं के भीरही है तो चुनाव भी तेजान है। केका नाराज करी रात 12 बजे तक आवाजाही मचा है। प्रत्याषियो द्वारा पर्चा दाखिला को लेकर ग्राम सभा एवं जिला पंचायत ,क्षेत्र पंचायत के पर्चा दाखिला को लेकर प्रत्याषियों द्वारा अपने- अपने क्षेत्र में रोड शो करने की तैयारियां तेज हो चुकी है। दूर दराज के गांवो में गाडियो को डीजल, पेट्रोल की दिक्कत न हो इसलिए प्रत्याशियों ने अपने ही राजनीतिक अड्डो पर ईधन का इंतजाम कर रखा है। तेजी से फैल रहे कोविड संक्रमण के बीच में यदि गांव-गांव गाडियो का काफिला दौडा तो शोसल डिसटेंसिग ,मास्क और अन्य कोविड नियमो का पालन प्रषासन सुनिष्चित करा पाएगा यह सवाल है।

# 26 लाख 40 हजार मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**संवाददाता।** प्रतापगढ़

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव में अपने भाग्य को अजमा रहे प्रत्याशियों की तकदीर को जिले के 26 लाख 40 हजार 43 मतदाता 19 अप्रैल को मतदान कर तय करेगें। निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम की घोषणा होते ही चुनाव का बिगुल बज गया था। फिर नामांकन को लेकर सात व आठ अप्रैल को गहमागहमी रही। प्रत्याशियों की तस्वीर 11 मई को चुनाव चिन्ह का आवंटित होने के बाद साफहुई। जिले में ग्राम पंचायत सदस्य के 11875 प्रत्याशी, प्रधान के 10783, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 6345 और जिला पंचायत सदस्य पद के 719 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन प्रत्याशियों की किस्मत 26 लाख 40 हजार 43 मतदाता लिखेंगे। सबसे अधिक मतदाता कुंडा ब्लाक में दो लाख 27 हजार दो सौ 80 हैं, जबकि दूसरे स्थान पर बिहार में दो लाख 12 हजार 197 और तीसरे स्थान पर मानधाता ब्लाक में एक लाख 94 हजार 825 मतदाता हैं। सबसे कम मतदाता पट्टी ब्लाक में एक लाख 14 हजार 99 हैं। उधर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सदर विकास खंड के नरिया गांव की एक महिला प्रत्याशी ने अपने ही नामांकन को चौलेंज करते हुए निरस्त करने की मांग डीएम से की है।

## 18 जोनल एवं 196 सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 को सकुशल, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिये 18 जोनल एवं 196 सेक्टर मजिस्टेव्टों के एक दिवसीय चार सत्रों में सम्पन्न होने वाले प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में सुपर मास्टर टेव्नर डा0 मोहम्मद अनीस द्वारा उनके कर्तव्य/अधिकार एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के बारे में बताया गया। साथ ही साथ पीठासीन अधिकारी के कार्य एवं कर्तव्य, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के कार्य, चैलेंज वोट, टेंडर वोट, सांविधिक एवं असांविधिक लिफाफे तथा निर्वाचन आयोग द्वारा पहचान पत्र के 17 विकल्प के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण में सेक्टर एवं जोनल मजिस्टेव्ट को आयोग द्वारा निर्देशित कार्यो को भी विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण में प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश ने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया और प्रत्येक बिन्दु को विस्तार पूर्वक बताया। प्रशिक्षण में कहा गया कि इस पंचायत चुनाव में हमें पूरी तरह निष्पक्ष होकर चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराना है, आप सभी चुनाव की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

# बेटों की उपेक्षा से प्रख्यात जादूगर ने ली वृद्धाश्रम की शरण

**करनैलगंज ( गोंडा )।** बागवान फिल्म की तर्ज पर बेटों की उपेक्षा व बेटे द्वारा घर बेंच देने एवं प्रताड़ना से तंग करोड़पति व्यक्ति व प्रख्यात जादूगर जगदीश भारती ने अब बृद्धाश्रम की शरण ली है।

करनैलगंज के गाड़ी बाजार निवासी 86 वर्षीय वृद्ध व राज्य के जाने-माने प्रसिद्ध जादूगर जगदीश भारती पुरवार अपनी जादूगरी की अद्भुत प्रतिभा के कारण पूरे देश में विख्यात है। जिनके करनैलगंज सहित अन्य जिलों में करोड़ो रूपये के कई मकान हैं। अपने ही घर मे उपेक्षा व बेटों की प्रताड़ना के चलते भाग कर अनाथालय में शरण ले रखा है। उनके दो लड़के राकेश कुमार पुरवार व अनिल कुमार पुरवार व बेटी मंजू बाला के होते हुए एंव उपेक्षा के कारण वृद्धा आश्रम में बीते चार दिनों से शरण लिया है। बताते चले पिछले 40 वर्षो से अपने आवास में रह रहे 86 वर्षीय जादूगर जगदीश भारती के करोड़ो रूपये के सम्पत्ति, मकान को उनके बेटे द्वारा बेंच देने तथा खाली कराकर खरीददार को कब्जा दे दिया। जिसका उन्होंने विरोध किया तो उनके बेटे व उनके साथ आये लोगों ने उसके साथ बदसलूकी की। जिसके बाद पीड़ित वृद्ध जगदीश भारती ने इसकी सूचना डायल 112 को को दी। पुलिस द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके बाद असहाय व डरे वयोवृद्ध जगदीश भारती करनैलगंज नगर को छोड़कर रातों-रात गोंडा स्थित अनाथालय में शरण लेने के लिए मजबूर हुए। वृद्ध आश्रम में जगदीश भारती ने बताया मेरे ही लोग मेरी हत्या करना चाहते है मेरे लड़के व लड़की किसी ने साथ नही दिया न ही घर मे शरण दिया। यहां आश्रम में खुश हूं। छोटे बेटे अनिल कुमार पुरुवार ने बताया कि उनके पिता जी बड़े भाई के साथ उनके हिस्से में रहते थे। मैं उनको हर महीने खर्चा देकर रिसीविंग ले लेता हूँ। बाकी उनके बारे में जानकारी नही है कि वे कहां, किस हालत में हैं। उनके बड़े बेटे राकेश कुमार पुरुवार का कहना है कि पिता जी चार दिनों से गायब हैं, उनके बारे में जानकारी नही है। दो दिन तलाश करने के बाद पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराने की तहरीर दिया है।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

**प्रतापगढ़।** थाना कधंई थाना अंतर्गत ग्राम मोलानी के पास एक बाइक सवार युवक अनियंत्रित हो पेड़ से टकरा गया, जिससे साथ में बाइक पर बैठे उसके पिता भी गम्भीर रुप से घायल हो गये। दोनो को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आसपुर देवसरा के गांव सदहा निवासी रंजीत 25 वर्ष पुत्र अयोध्या प्रसाद अयोध्या प्रसाद 55 वर्ष दोनों बाप बेटे शुक्रवार की सुबह बेल्हा देवी मे मंदिर दर्शन पूजन करने के लिए गए थे वापस लौटते समय लगभग दोपहर बाइक चला रहा रंजीत सिंह अनियंत्रित होकर पट्टी-प्रतापगढ़ मार्ग पर मोलानी गांव के समीप बाइक पेड़ से टकरा गई जिसमें बाइक चला रहे रंजीत और पिता अयोध्या प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनो को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकत्सकों ने रंजीत को मृत घोषित कर दिया।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष दमयंती सिंह को शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण का नोटिस

## डीएम ने की कार्रवाई

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**फर्रुखाबाद** में जिलाधिकारी ने शस्त्र लाइसेंसधारकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पूर्व मंत्री ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व विधायक विजय सिंह की पत्नी पूर्व पालिकाध्यक्ष दमयंती सिंह के दो नाला बंदूक का लाइसेंस निरस्त करने के लिए नोटिस भेजा गया है।

19 अप्रैल तक उनसे जवाब मांगा है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज संचालक को भी शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने का नोटिस भेजा गया है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने शहर के मोहल्ला नाला मछरट्टा निवासी सपा के पूर्व विधायक विजय सिंह की पत्नी पूर्व पालिकाध्यक्ष दमयंती सिंह को नोटिस जारी किया है। इसमें कहा कि उनके नाम से तीन शस्त्र लाइसेंस दर्ज हैं। नियमता एक व्यक्ति दो से अधिक शस्त्र नहीं रख सकता है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने पालिकाध्यक्ष की दोनाली बंदूक का लाइसेंस निरस्त करने के संबंध में रिपोर्ट दी है। इस पर डीएम ने दमयंती सिंह से 19 अप्रैल तक स्पष्टीकरण मांगा है। जवाब न मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की बात कही है। बता दें कि सपा के पूर्व विधायक विजय सिंह पूर्व मंत्री ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा बांदा जेल में काट रहे हैं।

**पूर्व जिला पंचायत सदस्य की पत्नी सहित तीन के लाइसेंस निलंबितः** वहीं कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम ईसेपुर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य आदित्य सिंह राठौर (एके) के खिलाफ हत्या के प्रयास के कई मुकदमें पुलिस के रिकार्ड में है। लिहाजा पुलिस की आख्या के आधार पर डीएम नें एके की पत्नी पूनम के रिवाल्वर का लाइसेंस निलंबित कर आगामी 19 अप्रैल तक जबाब तलब किया है।

**डॉ0 अनार सिंह यादव को ही मिला नोटिसः** डीएम नें फूस बंगला फतेहगढ़ निवासी डॉ0 अनार सिंह यादव को भी नोटिस जारी किया है। जिसमे कहा की उनके पास डीबीबीएल गन, रिवाल्वर व राइफल है। जो नियमविरुद्ध है। लिहाजा लाइसेंस निरस्त्रीकरण का नोटिस दिया है।

**कारतूसों का विवरण न देने पर दो लाइसेंस निलंबितः** जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव मुरहास निवासी प्रबल प्रताप सिंह के पास दोनाली बंदूक का लाइसेंस है। दो अप्रैल को सीओ मोहम्मदाबाद सोहराब आलम ने शस्त्र का सत्यापन कर प्रबल प्रताप सिंह द्वारा 10 कारतूसों का विवरण न देने की जांच रिपोर्ट लगा दी।

इस पर डीएम ने उनका लाइसेंस निलंबित कर 19 अप्रैल तक जवाब मांगा है। इसके अलावा गांव मुरहास निवासी कौशलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा 40 कारतूसों का विवरण न देने पर डीएम ने उनकी राइफल का लाइसेंस निलंबित कर दिया। 19 अप्रैल तक जवाब न देने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी है।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के राजा नगला निवासी रोहित यादव की 32 वर्षीय पत्नी गुंजन का शव गुरुवार रात घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। यूपी 112 पर सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे। जनपद कन्नौज के गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के किशवर निवासी वीरेंद्र यादव ने पुत्री गुंजन की शादी छह वर्ष पहले रोहित के साथ की थी। गुंजन के तीन बच्चे हैं। रोहित जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहीं रीता यादव के परिवार के हैं।

# चुनाव प्रचार को लेकर आपस में भिड़े दो उम्मीदवार

## चले जमकर ईंट पत्थर एक दर्जन से अधिक गिरफ्तार

**संवाददाता।** बाराबंकी

**स्थानीय** थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरपुर गांव में गुरुवार की शाम प्रधानी के चुनाव प्रचार को लेकर दो उम्मीदवारों में कहासुनी के बाद जमकर ईंट पत्थर चलेए सूचना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के इंदरपुर गांव निवासी अवधलली सिंह तथा निवर्तमान प्रधान आनंद नारायण सिंह ने इस बार ग्राम प्रधान पद के लिए नामांकन किया है। नामांकन के पूर्व से ही दोनों पक्षों में तनातनी चल रही थी, जिसके चलते गुरुवार की शाम अवधलली सिंह के परिजन अपने पक्ष में प्रचार करने के लिए गांव में जा रहे थे तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने रास्ते में चारपाई डालकर अवरोध पैदा कर दिया। जिसके चलते दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई बाद में दोनों पक्षों से जमकर ईंट गुम्मे चले।

घटना की सूचना पाकर पुलिस उपाधीक्षक पंकज सिंह रामसनेहीघाट दरियाबाद तथा जैदपुर के थानों के पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने हल्का बल प्रयोग करके भीड़ को तितर-बितर करते हुए दोनों पक्षों के एक दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने प्रधान प्रत्याशी अवध लली के बेटे विष्णु प्रताप सिंह की तहरीर पर निवर्तमान प्रधान आनंद नारायण सिंह, अरुण प्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह, समर बहादुर सिंह, अमर बहादुर सिंह व वीरेंद्र बहादुर सिंह तथा दूसरे पक्ष के आनंद नारायण सिंह की तहरीर पर विष्णु प्रताप सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, त्रिवेणी प्रसाद सिंह, अमित कुमार सिंह, रामचंद्र सिंह व अश्वनी कुमार पाठक के विरुद्ध बलवा करने के साथ ही विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

**चौकी इंचार्ज पर मिलीभगत का आरोप:** इंदरपुर गांव में प्रधानी का पद आरक्षित होने के चलते निवर्तमान प्रधान के साथ ही पूर्व प्रधान के परिजन चुनाव मैदान में उतरे हैं जिसको लेकर गांव में कई दिनों से तनातनी चल रही थी, जिसके लिए अवधलली के पुत्र प्रदीप सिंह ने कई दिन पूर्व पुलिस उपाधीक्षक को गांव में तनाव होने की जानकारी दी थी। चौकी इंचार्ज ने गांव पहुंचकर अवध लली के समर्थक सुकई यादव के यहा शराब बनाने की बात कहते हुए छापा भी मारा था ।

## सरकारी अध्यापक ने ब्लड डोनेट कर पेश की मानवता की मिसाल

**बाराबंकी।** जनपद के सफ्दरगंज थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव की रहने वाली बीमार महिला को ब्लड की आवश्यकता थी किन्तु ब्लड नहीं मिलने से महिला की हालत बिगड़ती जा रही थी । इस बात की भनक जब एक समाजसेवी को हुई तो उसने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिस पर तुरंत दर्जनों लोगों ने ब्लड डोनेट करने के लिए सहमति जताते हुए मानवता की मिसाल पेश की । इसी क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग में सरकारी शिक्षक पद पर तैनात दिनेश वर्मा ब्लड डोनेट करने के लिए हॉस्पिटल पहुंच गए और उन्होंने ब्लड डोनेट किया इसके बाद महिला की जान बच सकी और अब महिला खतरे से बाहर है महिला के परिवार वालों ने दिनेश वर्मा को खूब आशीर्वाद दिया और कहा कि मास्टर साहब यहां भगवान के रूप में आकर मेरी मां की जान बचाई खैर आज के युग में दिनेश वर्मा से सीखने की जरूरत है।

# जिले में मिले रिकार्ड 185 कोरोना मरीज

## सार्वजनिक स्थानों पर सर्तकता व चौकसी बरतने के निर्देश

**संवाददाता।** मऊ

**जिले** में कोरोना पाजिटिव मरीजों की संख्या में दिन-प्रतिदिन बढ़ने होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को जांच के बाद आई रिपोर्ट में 185 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव पाया गया है। कोरोना की दूसरी लहर में अब तक का सबसे ज्यादा रिकार्डतोड़ 185 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आने के बाद जिले में हड़कम्प मच गया, जबकि कुल एक्टिव कोरोना पाजिटिव केस 776 है। वहीं कुल एक्टिव होम आईसोलेशन मरीजों की संख्या 465 हैं, जबकि कुल एक्टिव कन्टेनमेंट जोन की संख्या 239 है। जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल व मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सतीश चंद्र सिंह ने सभी प्रशासनिक व स्वास्थ्य अधिकारियों को अधिक से अधिक चौकसी व सर्तकता बरतने का निर्देश जारी किया है। जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल ने सख्ती के साथ चेताया है कि कोविड नियमों का उल्लंघन किए जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाएगा। नियमों के पालन में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सतीश चंद्र सिंह ने बताया कि जांच के बाद आई रिपोर्ट में 185 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आया है।

हालांकि जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल ने अभी दो दिन पूर्व ही कोरोना चैन तोड़ने के लिए जिले में रात्रि कालीन कर्फ्यू की घोषणा किया था। रात्रि कालीन कर्फ्यू के बाद भी जिले में कोरोना पाजिटिव मरीजों के आने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि अब तक 163324 लोगों का नमूना लैब भेजा गया है।

इसमें लोगों 159033 लोगों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। 157084 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव है और 4291 की रिपोर्ट प्रतीक्षारत है। जांच में अब तक 3974 संक्रमित मिले हैं और 3159 रिकवर हो चुके हैं। संक्रमण से कुल 39 की मौत हुई है, जबकि कुल एक्टिव कोरोना पाजिटिव केस 776 है। वहीं कुल एक्टिव होम आईसोलेशन मरीजों की संख्या 465 है, जबकि कुल एक्टिव कन्टेनमेंट जोन की संख्या 239 है।

## 51 केन्द्रों पर 1929 लाभार्थियों का किया गया वैक्सीनेशन

**संवाददाता।** मऊ



**जिले** में तेजी के साथ पांव पसार रहे वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण को देखते हुए जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल के सख्त रुख के बाद टीकाकरण करवाने वाले काफी उत्साहित नजर आए। कोरोना के खिलाफ जारी जंग में चौथे चरण के महाअभियान के तहत शुक्रवार को जिले के 51 केन्द्रों पर 1929 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। इस दौरान 592 लोगों को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज भी लगाया गया। टीकाकरण की प्रक्रिया के दौरान लोग काफी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। कोरोना के खिलाफ छिड़े जंग में सीनियर सिटीजन के साथ-साथ अब 45 वर्ष से ऊपर के लोगों ने भी अब बढ़-चढ़कर अपना योगदान करना शुरू कर दिया है। सभी केन्द्रों पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सतीश चंद्र सिंह व डीआईओ डॉ. बृजेश यादव स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्यों के साथ लोगों को अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के लिए उत्साहित करते नजर आए। कोरोना वैक्सीनेशन के महाअभियान के चौथे चरण के तहत इस बार 45 वर्ष पार कर चुके लोगों को भी शामिल किया गया है। चौथे चरण के विशेष महाअभियान विशेष टीका उत्सव के चौथे चरण के तहत इस बार 45 वर्ष पार कर चुके लोगों को भी शामिल किया गया है। चौथे चरण के विशेष अभियान का टीकाकरण जनपद के 51 स्वास्थ्य केंद्रए इसमें नगर के दो प्रमुख अस्पतालए सभी नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल रहे। गुरुवार को 51 केन्द्रों पर लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। सभी केन्द्रों पर लाभार्थी अपना.अपना आधार कार्ड लेकर आए और पंजीकरण के उपरांत टीकाकरण करवाया। बताते चलें कि जिले में 16 जनवरी से वैक्सीनेशन का प्रारंभ हुआ था। पहले चरण में स्वास्थ्यकर्मियों को वैक्सीन लगाई गई थी। इसके बाद दूसरे चरण में फ्रंटलाइन वर्कर शामिल हुए जबकि तीसरे चरण में 45 वर्ष से लेकर 59 वर्ष के कोमारविड ;जो किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित होद्ध तथा 60 वर्ष से अधिक के उम्र के लोगों का टीकाकरण किया गया। शुक्रवार को चौथे चरण के अभियान के तहत जिले के सभी 51 केन्द्रों पर 45 वर्ष पार कर चुके लाभार्थियों ने अपना बढ़ चढ़कर योगदान प्रदान किया। अभियान के तहत शुक्रवार को 51 केन्द्रों पर 1929 लाभार्थियों को कोरोना की पहली डोज लगाया गया। जबकि 592 लोगों को कोरोना की दूसरी डोज प्रदान किया गया। टीकाकरण की प्रक्रिया के दौरान लोग काफी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। सभी टीकाकरण केन्द्रों पर अधिक से अधिक टीकाकरण को लेकर चिकित्साधिकारी लोगों को प्रोत्साहित करते नजर आए।

## संक्रमित व्यक्ति घर से बाहर ना निकलें: डीएम

**मऊ ।** जिले में कोरोना की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए शुक्रवार को जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल ने जनपदवासियों से अपील किया कि जो लोग कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं उन भवनों में कोई अन्य व्यक्ति चाहे वे मालिक हो या किराएदार किसी भी कीमत पर घर से बाहर ना निकले। उन्होंने कहा कि नियमित परिचारक या फिर बर्तन मांजनेए झाड़ू पोछा कार्य करने को भी घरों में ना आने दें। उनसे संक्रमण का खतरा अन्य घरो में फैल सकता है। जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल ने जिले के ऐसे भवनों स्वामियों व किराएदार को हर हाल में अपने नियमित कार्यों से अपने को दूर रहने का अपील किया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि लोग संक्रमण खत्म होने के बाद ही अपनी दिनचर्या को शुरू करें। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके विपरीत आवागमन करने वालों का पहचान होने पर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर एक नागरिक की जिम्मेदारी है वह कोविड-19 के नियम कानून का पालन करें तभी कोरोना वायरस फैलने से रोका जा सकता है। ऐसे भवनों में सैनिटाइजर कराने की अत्यंत आवश्यकता है। सीढ़ियों से आने.जाने वाले स्थानों पर हर हाल में अच्छे तरीके से सेनिटागजर कराने की आवश्यकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

# नामांकन पत्रों की जांच शुरू, प्रत्याशियों की बढ़ी धड़कन

**संवाददाता।** सकलडीहा (चन्दौली)



**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार से शुरू हो गयी है। इसी के साथ नामांकन पत्रों की जांच शुरू होते ही खारिज हो जाने की डर से प्रत्याशियों की धड़कन बढ़ गयी है। सुबह से ही प्रत्याशी अपने नामांकन पत्रों की जांच में जुटे रहे।

विकास खंड कार्यालय में दो दिनों में कुल प्रधान सहित अन्य पदों पर 2631 नामांकन हुआ है। जिसमें 773 प्रधान पद के लिये नामांकन किया गया है। 671 क्षेत्र पंचायत सदस्य बीडीसी के लिये नामंकन दाखिल किया गया है। वही 1187 ग्राम पंचायत सदस्य के लिये नामांकन किया गया है। ग्राम पंचायत सदस्य के लिये कुल 1328 पद सृजित है। 141 पद पर ग्राम पंचायत सदस्य के पद पर नामांकन नहीं हो पाया है, जबकि 960 ग्राम प्रधान और 774 क्षेत्र पंचायत और 1488 ग्राम पंचायत सदस्य के लिए नामांकन पत्र खरीदा गया था। इस बाबत चुनाव अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने बताया कि 16 और 17 अप्रैल को नामांकन किये गये पत्रों की जांच की जायेगी। उम्मीदवारों को न्याय पंचायत स्तर पर बुलाया गया है। कुछ कमी होने पर सुधार किया जा रहा है। उम्मीदवारों द्वारा जरूरी साक्ष्य उपलब्ध नही करने पर नामांकन खारिज कर दिया जायेगा। इस मौके पर एआरओ पंकज, राजेश सिंह, अभिषेक सिंह, संजीव सिंह, दुर्गेश सिंह, रणजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## सपा से दूर करने की हो रही साजिश: मुलायम

**चन्दौली।** जिले में समाजवादी पार्टी की साख जमाने वाले पूर्व सांसद रामकिशुन का परिवार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मर्माहत नजर आया। गुरुवार को नामांकन करने आए मुलायम यादव उर्फ डब्ल्यू अपने चचेरे भाई संतोष यादव उर्फ बब्लू के लिए रो पड़े। उन्होंने कहा कि वे समाजवादी पार्टी के सच्चे सिपाही हैं, लेकिन उन्हें पार्टी से दूर करने की साजिश की जा रही है । त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के लिए गुरुवार को नामांकन की आखिरी तारीख थी । इस दौरान जिले में समाजवादी पार्टी की साख जमाने वाले पूर्व सांसद रामकिशुन का परिवार मर्माहत नजर आया। गुरुवार को नामांकन करने आए जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी मुलायम यादव उर्फ डब्ल्यू अपने चचेरे भाई संतोष यादव उर्फ बबलू के लिए आंख से आंसू टपक आई ।

उन्होंने संकेतों में इशारा किया कि इस चुनाव के जरिए दोनों भाइयों की जोड़ी को तोड़ने की साजिश हुई है, लेकिन परिवार को सर्वोपरि मानते हुए पूर्व सांसद के बेटे संतोष यादव उर्फ बबलू ने सपा के टिकट को नामंजूर कर नामांकन नहीं किया।

# झोलाछाप डॉक्टर ने ली महिला की जान, जांच में जुटी पुलिस



**संवाददाता।** बाराबंकी

**झोलाछाप** डॉक्टर के इलाज से एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने डाक्टर पर गलत उपचार का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है।थाना मोहम्मदपुर खाला अंतर्गत ग्राम टडवा दौलतपुर गांव निवासी मंझली पत्नी झुर्री भतीजे रामशंकर व भतीजी प्रीति के साथ शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे छेदा चौकी के निकट एक झोलाछाप डॉक्टर के यहां उपचार कराने गई थी। उपचार के दौरान डॉक्टर उपेंद्र शुक्ला ने महिला को इंजेक्शन लगाया। इसके दस मिनट बाद महिला की स्थिति बिगड़ने लगी। तो झोलाछाप डॉक्टर ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की बात कह कर टरका दिया। परिजन उसे एंबुलेंस से सीएचसी सूरतगंज में उपस्थित डॉ. अकबर अली ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने इसकी सूचना थाने को दी। सीएचसी पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह व छेदा चौकी प्रभारी जीपी सिंह ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। परिजनों का आरोप हैए कि झोलाछाप के गलत इंजेक्शन देने से मंझली की मौत हुई है। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किये जाने की तहरीर मिली है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गयाए जांच कर डॉक्टर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

# स्वकर समाप्त करने के विरोध में दिया धरना

**संवाददाता।** मुगलसराय (चन्दौली)

**राष्ट्रीय** लोक दल नगर अध्यक्ष भागवत नारायण चौरसिया स्वकर समाप्त करने की मांगों को लेकर ने नगर पालिका परिषद कार्यालय पर अकेले धरना पर बैठे। इस बाबत नगर अध्यक्ष ने कहा कि जब तक स्वकर समाप्त नहीं होगा तब तक हमारा आंदोलन विभिन्न तरीकों से जारी रहेगा।

उन्होने बताया कि यह टैक्स महानगरों का है, स्वकर लग जाने से नगरवासियों पर भारी बोझ पड़ रहा है भवन व परती भूमि पर गृह कर के स्थान पर यह नया स्वकर लगा दिया गया व वसूली भी 2015 से अवैध रूप से किया जा रहा है भले ही पुराना टैक्स 2021 तक क्यों ना जमा किए हो उसे घटाकर कई हजारो व लाखों में लिया जा रहा है यह टैक्स प्रतिमाह व प्रति वर्ग फुट के हिसाब से लिया जा रहा हैएजिला अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि हर वार्ड में घर-घर जाकर अलक जगाने का कार्य किया



जाएगा ताकि आने वाले दिनों में लोगों पर इतना टैक्स लग जाएगा कि आप दे नहीं पाएंगे और आपका भवन नीलाम हो जाएगा। क्षेत्र विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष संतोष खरवार ने चुनाव के पूर्व इसे समाप्त करने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ।

# तृणमूल कांग्रेस की नेता सुजाता मंडल पर कार्रवाई की मांग

**संवाददाता।** सोनभद्र



**भारतीय** जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस कि नेता सुजाता मंडल द्वारा पश्चिम बंगाल के अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों को भिखारी कह कर अपमानित किये जाने का विरोध करते हुए देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जनपद के जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा।

भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि देश के संविधान में देश के सभी नागरिकों के लिए सामाजिक एवं आर्थिक न्याय अवसरों में समानता और व्यक्ति की गरिमा व सम्मान की रक्षा की भावना अंतर्निहित है। संविधान के अनुच्छेद 46 के अनुसार राज्य समाज के कमजोर वर्गों में शैक्षणिक और आर्थिक हितों विशेषत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का विशेष ध्यान रखेगा और उन्हें सामाजिक न्याय एवं सभी प्रकार के शोषण से संरक्षित रखेगा हमारा संविधान यह संरक्षण देता है कि किसी को अपमानित नहीं किया जा सके। जिलाध्यक्ष श्री चौबे ने तृणमूल कांग्रेस की नेता सुजाता मंडल द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों को भिखारी कहे जाने पर आईपीसी के कई प्रावधानों का उल्लंघन भी माना है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के नेता सुजाता मंडल द्वारा दिए गए आपत्तिजनक एवं अपमानित करने वाले बयान को बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा रखे गए लोकतंत्र और गणराज्य की परिकल्पना के खिलाफ माना है।

# कोरोना को हराने के लिए गर्भवती बढ़ाएं रोग प्रतिरोधक क्षमता

## महिलाओं को सर्दी, खांसी, जुकाम व बुखार आए तो डाक्टर से परामर्श लेकर ही दवा का सेंवन करें

**संवाददाता।** मीरजापुर

**कोविड**-19 का संक्रमण रोकने के लिए जिले स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से केन्द्र स्तर पर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। विभाग की ओर से स्पष्ट संदेश है कि कोरोना को हराना है तो गर्भवती समेत सभी महिलाओं को अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना होगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के प्रमोद कुमार सिंह कोरोना को लेकर अत्यधिक गम्भीर हो गये है। उन्होने विभाग की ओर से पत्र जारी कर सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व बाल विकास परियोजना अधिकारी को सूचित कर बताया है कि केन्द्र पर आने वाले सभी गर्भवती महिलाओं को बताया जाए कि उनको इस समय अपने स्वास्थ्य को लेकर अत्यन्त सर्तक रहने की आवश्यकता है। गर्भावस्था के दौरान शरीर में समयण्समय पर कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते रहते हैं जिसके साथ ही महिलाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती हैए ऐसे में गर्भवती महिलाओं के लिए कोविड-19 का संक्रमण खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए महिलाओं को चिकित्सक के सलाह पर ध्यान देने की अति आवश्यकता है।

बाल विकास परियोजना अधिकारी जमालपुर ने बताया कि जिले स्तर पर लगने वाले वीएचएनडी के अवसर पर गर्भवती महिलाएं अपने घर के नजदीक केन्द्र पर जाकर टीकाकरण व जांच नियमित रूप से कराते रहे। वह अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा के सम्पर्क में रहे। कोरोना से सम्बन्धित विभाग व स्वास्थ्य विभाग की ओर जारी निर्देशों का पालन करना चाहिए। समय-समय पर टीकाकरण से गर्भ में बच्चा सुरक्षित रहेगा। यदि गर्भवती महिलाओं के प्रतिरोधक क्षमता के विषय पर महिलाओं को अपने खानपान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे उनकी प्रतिरोघक क्षमता बनी रहे। इसके लिए महिलाओं के गर्भधारण के शुरूआती दौर से ही कार्बोहाइडेट, प्रोटीन, विटामिन, हाई फाइबर व मिनरल्स आदि से युक्त संतुलित भोजन का सेवन करें। विटामिन सी युक्त खाद्य पदार्थ, अखरोट, बदाम, सूपर फूड जैस अदरखए लहसून आदि का सेवन बहुत ही जरूरी है। यदि महिलाओं को सर्दी, खांसी, जुकाम व बुखार आए तो डाक्टर से परामर्श लेकर ही दवा का सेंवन करें।

## शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी आग

राजगढ़ (**मिर्जापुर**)। पछुआ हवा के बीच विद्युत तारों की टकराहट किसानों पर भारी पड़ रही है। जर्जर और ढीले तारों से निकलने वाली चिगारी पल भर में किसानों के अरमानों पर पानी फेर दे रही है लेकिन इस समस्या का समाधान निकालने की दिशा में कोई प्रयास नहीं नहीं आ रहा है।

मड़िहान थाना क्षेत्र के राजगढ़ पुलिस चौकी अंतर्गत चौखड़ा गांव में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे शार्ट.सर्किट से गेहूं फसल सहित पूआल मे आग लग गई। इससे लगभग तीन बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान जगदीश सिंह ने बताया कि सुबह लगभग 10 बजे आग लगने की सूचना पर पूरा गांव बुझाने के लिए दौड़ा लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। देखते ही देखते पूरी फसल स्वाहा हो गई। आग की भयानक लपटे तेजी से आगे बढ़ रही थीए गनीमत यही था कि 40 से 50 बीघा हारवेस्टर द्वारा कटाई पूर्व में ही करा लिया गया था, अन्यथा बहुत ज्यादा ही क्षति हो जाती।

# चुनाव प्रचारकों से आम जनमानस को सतर्क रहने की जरूरत

**संवाददाता।** घोरावल (**सोनभद्र**)

**कोविड** 19 की दूसरी संक्रमण की लहर ने जहां एक ओर सरकारों की चिंता बढ़ा दी है। इन दिनों त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रचार पूरे क्षेत्र में घर घर कोरोना बाटने के लिए पर्याप्त दिखता नजर आ रहा है। जहां चुनाव प्रचारक घर- घर जाकर अपनी बातें रख रहे हैं। इससे आम जनमानस को सतर्क रहने की जरूरत है। क्योंकि ऐसे अधिकतर प्रचारक ना तो कोविड के नियमों का पालन कर रहे हैं ना ही सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान उनके जेहन में दिखाई दे रहा है। उनको आमजन की चिंता कम अपना वोट समीकरण ज्यादा महत्वपूर्ण दिखाई दे रहा है। वहीं गांवों के भोल-भाले ग्रामीण जो पहली बार कोरोना के संक्रमण को गम्भीरता से नहीं ले पाए थे। निश्चित रूप से अब दूसरी लहर भारी पड़ने जा रही है। बुधवार को जारी लिस्ट में घोरावल ब्लॉक क्षेत्र में 29 कोरोना संक्रमित मरीज मिले है। जिसमें अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रो से मिले है। जिसमें घोरावल ब्लॉक के बालडीह, बरया, बेलवानीय, विरखुर्द, बेलाही, बेलवानीय, भरकना, छाइन, धौराकुण्ड, धोवा, धुरकर, मुसहा, घुआस, इमलीपोखर, ईनम, खगिया, खड़देउर, खुटहां, कोहरथा, लहास, लोहांड़ी, नौगई, पेढ़, फुलवारी, खिरीहटा, बकौली, रेही सिरसाई आदि दूरस्थ गांवों में कोरोना संक्रमित मिले हैं।

कोरोना संक्रमण का मजाक उड़ाने वाले लोगों को लगातार मीडिया से मिल रही खबरों में जान चुके हैं कि किस तरह कोरोना का संक्रमण अब लापरवाही से अनियंत्रित होता जा रहा है। पहले कोरोना संक्रमितों के लिए अस्पताल में बेड बढ़ाए जा रहे थे। अब देश के कई स्थानों पर दाह संस्कार के लिए घाटों और शमशानों और शव दफनाने के जगहों का विस्तार की चर्चा होने लगी है। अस्पताल के शवघर शवों से पट जा रहे हैं। पहली बार जब कोरोना का संक्रमण आया था तब काफी हद तक शहरों तक सीमित हो गया था। लेकिन दूसरी बार प्रदेश में चल रहे पंचायत चुनाव ने गांवों में हर घर में कोरोना के संक्रमण को फैलने का खतरा मंडराने लगा है। सच तो यही है कि प्रचार के दौरान ना तो प्रचारकों के पास किसी तरह का सेनिटाइजर ना ही हैंडवाश की व्यवस्था है। मजे की बात है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा कोविड 19 के संक्रमण रोकने को किसी प्रत्याशी के लाव लश्कर की चेकिंग नही की जा रही है। प्रचार के दौरान धारा 144 का तो खुलेआम उलंघन रसूखदारों द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों को संक्रमण से बचाना है तो निश्चित रूप से ग्राम प्रधान बीडीसी व जिला पंचायत सदस्य के चुनाव प्रत्याशियों की सघन चेकिंग समय समय पर जरूरी है। इस सम्बंध में ग्रामीणों को स्वयं भी जागरूक होना पड़ेगा कि वो ऐसे प्रचारको से मिलने से पहले और बाद में अपने हाथ साबुन से अच्छी तरह धुल लें।

## सोमवार को खुलेगी कोर्ट

**बाराबंकी।** कोरोना का प्रकोप कचेहरी में बढ़ता जा रहा हैए16 अप्रैल को प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आधा दर्जन कर्मचारी व कुछ वकील कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। इसे देखते हुए जिलाजज राधेश्याम यादव ने सिविल कोर्ट में अवकाश बढ़ादिया है अब सिविल कोर्ट सोमवार को खुलेगी। उल्लेखनीय है कि 13 अप्रैल को ही कुछ न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी व वकील कोरोना पॉजिटिव पाये गये थे।

इस कारण जिलाजज श्री यादव ने 14 व 15 अप्रैल को कोर्ट बन्द कर सेन्टाइजेसिन कराने का आदेश दिया था। 16 को कोर्ट खुलते ही यह सूचना मिली कि आधा दर्जन और कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव पाये गये। आनन फानन में जिलाजज ने संज्ञान लिया। कोर्ट में दहशत सी व्याप्त हो गयी।

जिला जज ने अवकाश को आगे बढ़ा दिया, अब कल भी कोर्ट बन्द रहेगी तथा सोमवार को खुलेगी। बताते चले कि इसी सप्ताह शान्ति श्रीवास्तव, नुसरत नौशाद, सत्य प्रकाश तिवारी जैसे अधिवक्ताओ की डेथ भी हो गयी है इससे माहौल और खौफजदा बन गया है।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर




**नगर** राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2021 की पहली छमाही की बैठक पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से हुई। वर्चुअल बैठक में गोरखपुर नगर स्थित केन्द्र सरकार के 51 कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि कोरोना महामारी एक बार पुन: हमारे जीवन में पहले की तुलना मे काफी गम्भीर रूप में आयी है। हमें इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए अपने एवं परिवार के सदस्यों के साथ-साथ अपने कार्यालयी कर्मचारियों का भी पूरा ख्याल रखना है। इन सबको ध्यान में रखते हुए हमें भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने के साथ-साथ अपने दायित्वों का निर्वहन भी करना है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के अन्तर्गत 'हिन्दी' संघ सरकार की राजभाषा है। इसे ध्यान में रखते हुए हमें अपने समस्त कार्यालयी कार्यों को शत-प्रतिशत हिन्दी में ही निष्पादित करना है। इसकी मानिटरिंग का दायित्व हम सभी कार्यालय प्रमुखों को सौंपा गया है। हमें राजभाषा प्रयोग के सभी प्रावधानों को अपने कार्यालयों में सुनिश्चित करने के प्रति निरंतर सजग रहना है। उन्होंने गोरखपुर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को एक उत्कृष्ट समिति के रूप में स्थापित करने के लिए सभी सदस्य कार्यालयों को अपनी विभागीय राजभाषा समिति की बैठकें नियमित रूप से करने, हिन्दी कार्यशालाओं के नियमित आयोजन, गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग के वेबपोर्टल पर समय से तिमाही रिपोर्ट अपलोड करने एवं समिति की ओर से ई-पत्रिका के प्रकाशन पर जोर दिया।

इसके पूर्व, पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय ने समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि आज समय की मांग के अनुरूप हम सभी तरह की सरकारी बैठकें वर्चुअल रूप में कर रहे हैं। बैठक के दौरान वर्ष 2020-21 के लिए हिन्दी के प्रयोग-प्रसार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गोरखपुर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य खादी और ग्रामोद्योग आयोग, दि न्यू इंडिया एन्श्योरेंस कम्पनी एवं भारतीय खाद्य निगम को चल वैजयंती शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम को उनके द्वारा किये गये राजभाषा के उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति-पत्र देने की भी घोषणा की गई । बैठक में भारतीय मौसम विभाग (रेडियो सोनडे) की ओर से श्री जय प्रकाश, प्रभारी अधिकारी ने मौसम विभाग की कार्य प्रणाली को पी.पी.टी. के माध्यम से सदस्य कार्यालयों को अवगत कराया । बैठक का संचालन समिति के सदस्य सचिव एवं राजभाषा अधिकारी ध्रुव कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## आइसोलेट हुए राज्यसभा सांसद, परिवार पॉजिटिव

**गोरखपुर।** राज्यसभा सांसद, राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के मुख्य सचेतक, पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शिव प्रताप शुक्ला ने स्वयं को आइसोलेट कर लिया है। परिवार के लोगों में कोरोना पॉजिटिव पाये जाने की वजह से उन्होंने एहतियातन ऐसा किया है। श्री शुक्ला का परिवार दिल्ली रहता है। तकलीफहोने पर उन्होंने कल स्वयं के साथ सबकी जांच आरटीपीसीआर से कराई थी। आज उसकी जो रिपोर्ट आई उसमें उनकी पत्नी, बेटी, नातिन, दामाद कोरोना पॉजि़टिव पाए गए। इसको देखते हुए राज्यसभा सांसद, राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक, पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शिव प्रताप शुक्ला ने एहतियातन खुद को आइसोलेट कर लिया है। जो भी कार्यक्रम दिल्ली या गोरखपुर के साथ-साथ राज्य में कहीं भी लगे हैं उन सारे कार्यक्रमों को श्री शुक्ला ने स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने 45 साल के ऊपर के सभी लोगों से अपील किया है कि वह कोरोना का टीका जरूर लगवाएं।

# कोरोना के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत नाइट कर्फ्यू व साप्ताहिक बन्दी लागः डीएम

**गोंडा।** कोरोना वॉयरस के बढ़ते संक्रमण से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने रोजाना रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू के आदेश के साथ ही प्रत्येक शनिवार की रात 9 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक जनपद की सभी बाजारों को बन्द रखने के आदेश दिए हैं। डीएम ने बताया कि जनपद में कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है इसलिए यह नितान्त आवश्यक हो गया है कि सभी लोग कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करें। उन्होंने कहा कोरोना वॉयरस की चेन तोड़ने के लिए बाजार बन्दी के साथ ही प्रमुख स्थलों का सैनिटाइलेशन कराया जाना आवश्यक है। विगत कुछ दिनों से जनपद में कोविड-19 के तेजी से बढ़ रहे संक्रमण पर रोकथाम के उद्देश्य से प्रतिदिन रात्रि 09.00 बजे से प्रात: 06.00 बजे तक नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की बाजार बन्दी (कोरोना कर्फ्यू) के आदेश दिए हैं। इसके अतिरिक्त संक्रमण की स्थिति पर प्रभावी नियन्त्रण के उद्देश्य से नगरीय क्षेत्र के बाजारों में लागू साप्ताहिक बन्दी के स्थान पर प्रत्येक सप्ताह शनिवार रात्रि 09.00 बजे से सोमवार 06.00 बजे तक बाजार बन्द रहेंगें।

डीएम ने रात्रिकालीन बाजार बन्दी एवं साप्ताहिक बाजार बन्दी की अवधि में व्यापक कार्यवाहियां सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोण्डा जनपद मुख्यालय की बाजार तथा अन्य अधिशासी अधिकारीगण अपने-अपने नगरीय क्षेत्र की बाजारों की रोड/गलियों/नालों व नालियों की पर्याप्त साफ-सफाई, फागिंग व नाले, नालियों व जलभराव वाले क्षेत्रों में एन्टीलार्वा का छिड़काव तथा सोडियम हाइड्रोक्लोराइड से सेनेटाइजेशन का कार्य युद्ध स्तर पर सुनिश्चित करायेंगे तथा इनके फोटोग्राफ्स वाट्सएप ग्रुप पर अपलोड करायेंगे। समस्त अधिशासी अधिकारीगण द्वारा नगरीय क्षेत्र में कन्टेनमेन्ट जोन बढ़ाते हुए वहां पर घर-घर सोडियम हाइड्रोक्लोराइड सोल्यूशन से सेनेटाइजेशन, फागिंग व जलभराव के स्थानों/नाले-नालियों में एण्टीलार्वा केमिकल के छिड़काव सहित एरिया की नियमित साफ-सफाई का कार्य प्रभावी ढंग से कराया जाय। साफ-सफाई व सेनिटाइजेशन कार्य में लगाये गये कार्मिकों को मास्क, दस्ताने व अन्य सुरक्षा किट अधिशासी अधिकारीगण द्वारा अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जायेगी। अधिशासी अधिकारी द्वारा इस बात का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय कि जो व्यक्ति बिना मास्क के पकड़ा जायेगा उसे पहली बार एक हजार के जुर्माने की अदायगी करनी होगी और दूसरी बार बिना मास्क के पकड़े जाने पर यह जुर्माना दस हजार रूपए तक हो सकता है।

# सदर तहसील व एडीजी कार्यालय 48 घंटे के लिए सील

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**सदर तहसील** व एडीजी कार्यालय को 48 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। कोरोना पॉजिटिव पाये जाने की वजह से प्रशासन ने ऐसा निर्णय लिया है। दोनों कार्यालय को सेनिटाइज किया जायेगा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर कुलदीप मीना के अर्दली मुक्ति नाथ पांडेय सहित तीन स्टाफ तथा एडीजी जोन कार्यालय में तैनात कांस्टेबल अविनाश राय कोरोना संक्रमित मिले हैं। सदर तहसील व एडीजी कार्यालय को 48 घंटों के लिए कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर कुलदीप मीणा के निर्देश पर आज तहसील के सभी लेखपाल कानूनगो व स्टाफ का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के आवास पर कैंप लगाकर जिला चिकित्सालय के स्टाफ द्वारा कोरोना जांच कराई गई। सत्यानंद पांडेय, महिला लेखपाल उमा पाल को कोरोना पॉजिटिव पाया गया। एसडीएम सदर के आदेश पर सदर तहसीलदार डॉक्टर संजीव दीक्षित नगर निगम के कर्मचारियों को बुलाकर हाइपोक्लोराइट सॉल्यूशन से सेनिटाइज कराते हुए शुक्रवार सुबह सदर तहसील को 48 घंटे के लिए सील कर दिया गया। अब तहसील कार्यालय सोमवार को अपने निर्धारित समय पर कोरोना प्रोटोकॉल का पूर्ण रुप से पालन करते हुए खोला जाएगा। एडीजी कार्यालय पर तैनात कांस्टेबल अभिनाश राय को कोरोना पॉजिटिव पाया गया। एडीजी कार्यालय पर आने वाले हर व्यक्तियों को आने का कारण बताते हुए ही पहले से सूचना दर्ज कराना पड़ेगा तभी उन्हें सामाजिक दूरी बनाते हुए संबंधित से मिलने की अनुमति प्रदान की जाएगी। एडीजी ऑफिस को रेड जोन घोषित कर दिया गया। अब इस ऑफिस में पहले के मुकाबले काफी कम फरियादी मुलाकात कर सकेंगे। एडीजी से मुलाकात करने के लिए पहले फोन से इजाजत लेनी होगी।

# उपद्रव की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक व पुलिस टीम पर उपद्रवियों ने किया हमला

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना इकौना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय मय हमराही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व्यवस्था की ड्यूटी पर तैनात थे तभी टेलीफोन व आरटीसेट से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सभा सलवरिया अन्तर्गत प्राइमरी स्कूल के पास सड़क पर कुछ लोग आपस मे अपने .2 प्रत्याशियो को जीत हार को लेकर बाद विवाद किये है दोनो पक्ष आपस में भंयकर मारपीट कर रहे है दोनो तरफसे सड़क पर काफी सख्या मे लोग एकत्रित होकर ईंट पत्थर चला रहे है सूचना पर प्रभारी निरीक्षक इकौना मय हमराही पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे तो देखा कि ग्राम सल्वरिया से कैलाश पुर से जाने वाली सडक पर शुक्लपुरवा के सामने काफी संख्या मे भीड एकत्रित है तथा लोग अपने अपने हाथो मे लाठी डंडे से है होकर तथा ईंट पत्थर चला रहे है। मौके पर लड़ रहे व्यक्तियो को समझाने का प्रयास किया गया परन्तु झगड़ रहे व्यक्तियो ने समझाने के बाद भी वह नही माने तथा अचानक भीड प्रभारी निरीक्षक व पुलिस बल पर हमलावर हो गई। ग्राम सल्वरिया से कैलाश पुर से जाने वाली सडक पर शुकुल पुरवा के सामने से घटना में शामिल 12 उपद्रवियों क्रमश: श्यामसुन्दर शुक्ला पुत्र अवधराम शुक्ला निवासी शुकुलपुरवा दा. सलवरिया थाना इकौना श्रावस्ती, बालाप्रसाद पुत्र रूद्र नरायण निवासी रानीकुण्डा दा. सलवरिया थाना इकौना, शिवचरन यादव पुत्र बाबूराम यादव निवासी ग्राम रामूपुरवा दा. सलवरिया थाना इकौना, राधेश्याम पुत्र केशवराम निवासी निरंजन पुरवा दा. सलवरिया थाना इकौना, रामगोपाल शुक्ला पुत्र हरिराम शुक्ला निवासी ग्राम रानीकुण्डा दा. सलवरिया थाना इकौना, सोमन पुत्र सुकई निवासी ग्राम निरंजनपुरवा दा. सल्वरिया थाना इकौना, परशुराम पुत्र केशवराम निवासी ग्राम निरंजनपुरवा दा. सल्वरिया थाना इकौना, राकेश कश्यप पुत्र भदई निवासी ग्राम फूलेराम पुरवा दा. सल्वरिया थाना इकौना, विनय कुमार शुक्ला पुत्र घनश्याम शुक्ला निवासी ग्राम रानीकुण्डा दा. सल्वरिया थाना इकौना, मुनिजर यादव पुत्र हृदयराम यादव निवासी ग्राम गयाप्रसादपुरवा दा. सल्वरिया थाना इकौना, हजारी लाल यादव पुत्र जीवन लाल यादव निवासी ग्राम गया प्रसादपुरवा दा. सलरिया थाना इकौना, पवन कुमार पुत्र रामकेवल निवासी ग्राम रानीकुण्डा दा. सल्वरिया थाना इकौना श्रावस्ती को गिरफ्तार कर इकौना थाने ले आयी जहां गिरफ्तार उपद्रवियों के विरुद्ध थाना इकौना पर मुअसं 74/2021 धारा 147,148,149,152, 307, 323, 332,336, 353, 393, 435, 504, 506 भादवि व 3/4 लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधि. व 7, 12 नफर अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर उन्हें जेल रवाना किया जा रहा है।

## मंडलायुक्त ने निरीक्षण कर लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मण्डलायुक्त** जयन्त नार्लिकर ने जनपद के अरबन पीएचसी/सीएचसी चरगावा, शाहपुर एवं खोराबार का निरीक्षण कर वहां पर कोविड की जांच एवं टीकाकरण की स्थिति का जायजा लिया तथा एन्टीगेटेड कमान्ड एण्ड कन्ट्रोलरूम में डीएम, अपर निदेशक स्वास्थ्य, सीडीओ एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। मण्डलायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरगावा एवं खोराबार का निरीक्षण कर वहां पर हो रहे कोविड सैम्पलिंग की स्थिति को देखते हुए निर्देश दिये कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरगावा पर एक और एल.टी. तैनात की जाये। लोगों के खड़े होने के स्थान पर धूप से बचाव के लिए छाया की भी व्यवस्था की जाये। अस्थायी रूप से गर्भवती महिलाओं के उपचार को छोड़कर अन्य ओ.पी.डी. व्यवस्थाएं कुछ समय के लिए रोक कर वहां के मैनपावर को कोविड सैम्पलिंग में प्रयोग किया जाये।

## क्विक न्यूज

### पंचायत चुनाव डियूटी के आरक्षी गैर जनपद हुए रवाना

**श्रावस्ती।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए गैर जनपदो को रवाना किए जा रहे रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराने हेतु श्रावस्ती से जनपद गोंडा, सिद्धार्थनगर, बहराइच के लिए कुल 144 रिक्रूट आरक्षी रवाना किए जा रहे हैंए इनकें पार्टी प्रभारी निरीक्षक दयाराम रजक नियुक्त किए गए हैं इन रिक्रूट आरक्षियों के साथ इनके टोली प्रशिक्षक (10) भी साथ में रवाना किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी रिक्रूट आरक्षियों उनके कर्तव्य और कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि आप सभी लोगों की जहां भी ड्यूटी लगायी जाय वहां अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारीए लगन व मेहनत से करना तथा बावर्दी दुरुस्त दंगा नियंत्रण उपकरण डंडाए हेलमेटए बॉडी प्रोडक्टर के साथ सुसज्जित रहनाए जिससे चुनाव में किसी प्रकार की कोई व्यवधान न उत्पन्न हो। अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे ने गोष्ठी का संचालन किया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भी सभी रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया तथा अपने कर्तव्यों का अच्छी तरीके से निर्वहन करने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### देर रात उपद्रवियों के पथराव में दो ब्यक्ति घायल

**श्रावस्ती, जमुनहा।** मतदान स्थल पर प्रत्याशी द्वारा फर्जी मतदान कराये जाने को लेकर दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया जिसपर फर्जी मतदान का आरोप लग रहे प्रत्याशी ने देर रात अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पथराव और मारपी की घटना को अंजाम दिया। जिले में बृहस्पतिवार को प्रथम चरण के चुनाव के दौरान मतदान चल रहा था। तभी मल्हीपुर पटना से प्रधान पद के प्रत्याशी गौरी शंकर सोनी दूसरे गांव के लोगों से मतदान करवा रहे थे। जिसपर लोगों ने विरोध किया। पुलिस ने फर्जी मतदान कर रहे व्यक्ति को पकड़ कर साथ ले गयी थोड़ी देर बाद उन्हें छोड़ दिया। जिससे प्रत्याशी और मनबढ़ हो गया और देर रात अपने समर्थकों के साथ बीरगंज बाजार में फर्जी मतदान का विरोध करने वाले राम गोपाल गुप्ता के घर पहुंच गया और गाली देते हुए गाड़ी तथा घर पर पथराव करना शुरू कर दिया। बाहर खड़ी गाड़ी का शीशा टूट गया तथा छत पर खड़े राम गोपाल व उनके बेटे दिलीप को ईंट लग गया। जिससे वह चोटिल हो गए। घटना की जानकारी जब प्रभारी निरीक्षक को दी जिसपर उनके द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं कि गयी।

### मंदिरों पर छाया कोरोना का साया

**श्रावस्ती।** कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण लगाने की लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव राजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने धार्मिक स्थलों के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार धार्मिक स्थलों के प्रवेश द्वार पर हाथों को विसंक्रमित करने के लिए एल्कोहोल युक्त सेनिटाइजर का उपयोग किया जायेगा एवं इन्फ्रारेड थर्मामीटर से लोगो का टम्प्रेचर चेक करने की व्यवस्था की जाए। धार्मिक स्थलों पर एक बार में केवल पांच लोगों को ही प्रवेश दिया जाए। धर्मस्थलों में उन लोगों को ही प्रवेश की अनुमति होगी जिनमें कोरोना के कोई भी लक्षण नहीं होंगे। सभी को फेस कवर ध्मास्क का प्रयोग करना होगा। धार्मिक स्थल परिसर में कोरोना से बचाव सम्बन्धी उपायों के प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर का प्रदर्शन जन जागरूकता हेतु किया जाए। श्रद्धालु अपने जूते.चप्पल अपने वाहन में ही रखें अथवा हर आदमी, परिवार स्वयं ही अलग.अलग खांचों ब्लाक में रखें। परिसर के बाहर पार्किंग स्थलोंए दुकानों आदि पर पूरे समय छह फीट की शारीरिक दूरी का कड़ाई से पालन किया जाए। शारीरिक दूरी को सुनिश्चित करने के लिए परिसर में व्यक्तियों के लाइन में खड़े होने के लिए 6.6 फीट की दूरी पर चिन्ह अंकित किये जाएं। धर्म स्थल पर प्रवेश एवं निकासी की अलग अलग व्यवस्था हो। धर्मस्थलों पर क्रॉस वेंटिलेशन का इस तरह से इंतजान होना चाहिए कि ताजी हवा अन्दर आ सके। एसी के प्रयोग के समय तापमान 24.30 डिग्री के मध्य होना चाहिए और आद्रता की सीमा 40 से 70 फीसद के मध्य होनी चाहिए। धार्मिक स्थलों में किसी भी प्रकार की सभा नही आयोजित की जाएगी।

### महिला हेल्प डेस्क का एसएसपी ने किया उद्घाटन

**गोरखपुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को राजघाट थाना पर नवनिर्मित महिला हेल्प डेस्क का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी ने फीता काटकर लोकार्पण किया। पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार व क्षेत्राधिकारी कोतवाली बी पी सिंह उपस्थित रहें। महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली हर महिलाओ की दिक्कतों का समाधान करने के लिए महिला कांस्टेबल को तैनात किया गया है। महिलाएं महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से अपनी समस्याओं को आसानी से बता सकेंगी और उनके समस्याओं का समाधान सुचारू रूप से किया जा सकेगा। हेल्पलाइन डेस्क पर तैनात महिला पुलिसकर्मी महिलाओं को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी देकर जागरूक करेंगी।

### प्रशिक्षण से अनुपस्थितों पर एफआईआर सहित निलंबन की संस्तुति

**गोंडा।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विगत 9 अप्रैल से 13 अप्रैल तक सम्पन्न हुए मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण से अनुपस्थित कुल 516 लोगों के खिलाफएफआईआर दर्ज कराने के साथ ही निलम्बन व विभागीय कार्यवाही की संस्तुति जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही द्वारा कर दी गई है। मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में शिक्षा विभाग के 360 तथा 114 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित कुल 560 कार्मिक प्रशिक्षण से नदारद पाए गए थे। अनुपस्थित सभी कार्मिकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ ही निलंबन व विभागीय कार्यवाही के लिए सभी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजा गया है। डीएम ने यह भी चेतावनी दी है कि 18 अप्रैल को पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दिन जो भी कार्मिक अनुपस्थित पाए जाएगें उनके खिलाफविभागीय कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए उन्हें सेवा से पृथक करने पर विचार किया जाएगा।

### जनपद पहुंचे पंचायत निर्वाचन के प्रेक्षक

**गोंडा।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 को शान्तिूर्पण एवं निर्विघ्न सम्पादिनत कराने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनपद गोण्डा के प्रेक्षक राजाराम, अपर आयुक्त कानुपर मण्डल जनपद पहुंच चुके हैं। यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मार्कण्डेय शाही ने बताया कि मा0 प्रेक्षक सर्किट हाउस गोण्डा में रूके हुए हैं।

# चुनावी रंजिश में कपड़ा व्यापारी को मारी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**बांसगांव** थाना क्षेत्र खजनी तहसील के बेलूडीहा बढनी गांव में शुक्रवार की सुबह कपड़ा व्यापारी अनिल पांडेय पुत्र मारकंडेय पांडेय को चुनावी रंजिश को लेकर ताबड़तोड़ गोली मारी गई। घटना की सूचना पाते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी व पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए घायल कपड़ा व्यापारी का हाल-चाल मेडिकल कॉलेज पहुंच कर लिया। आरोप है कि गोली चुनावी रंजिश में मारी गई है। आनन फानन में परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल ले कर पहुंचे जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उधर घटना की सूचना पर तत्काल एसएसपी दिनेश कुमार पी, एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी भी मौके पर व मेडिकल कॉलेज पहुंच जानकारी ली। बताया जाता है कि इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। वहीं पुलिस ने दोनों पक्ष से पांच-पांच लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है।

15 अप्रैल को गांव में मतदान के दौरान फर्जी मत पडने़ को लेकर स्थानीय पत्रकार व प्रधान प्रत्याशी चंद्र प्रकाश सिंह उर्फ सोनू के साथ मारपीट की गई थी। साथ ही उन्हें गाड़ी से कुचलने का भी प्रयास किया गया था। उन्हें पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया गया है और वह कोमा में है। उन पर हमले का आरोप एक मनबढ़ पन्नेलाल यादव पर है। लोगों ने बताया कि जिस समय सोनू पर हमला हुआ उस समय पुलिस वहां मौजूद थी, पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि घायल सोनू का समर्थन कपड़ा व्यापारी व स्थानीय भाजपा नेता अनिल पांडेय व उनका परिवार कर रहा था। शुक्रवार की सुबह पन्नेलाल यादव कई मनबढ़ों के साथ उनके घर पहुंचा। कुछ के हाथ में ईट पत्थर था तो चार लोगों के हाथ में असलहा था। पहले पत्थरबाजी की फिर बरामदे में जाकर कई राउंड फायरिंग की गई। महिलाओं व अन्य लोगों ने किसी तरह छिपकर जान बचाई। इस दौरान गोली कपड़ा व्यापारी अनिल पांडेय को सीने में एक गोली लग गई। ग्रामीणों के अनुसार अनिल पांडेय पर हमला करने वालों में अमित उर्फ सुन्नर यादव, पन्नेलाल यादव, धर्मेंद्र पांडेय, सूर्यनाथ यादव, मुरारी प्रजापति, संजय विश्वकर्मा, भोनू प्रजापति, अखिलेश यादव, राजेश यादव, गोविंद यादव, राकेश प्रजापति, सचिन प्रजापति आदि शामिल रहें। लोगों का कहना है कि अगर कल ही पुलिस सख्ती की होती तो शायद आज की घटना नहीं होती। इस संबंध में एसपी साउथ अरूण कुमार सिंह ने बताया कि गोली लगने से अनिल पांडेय घायल हुए है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है। अभी किसी ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी और आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# अदालतों के लिए जारी हुए नए दिशा-निर्देश

**गोंडा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री सुषमा ने बताया है कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशों के क्रम में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत जनपद न्यायाधीश, गोण्डा मयंक कुमार जैन द्वारा जिला न्यायालयों व अधीनस्थ अधिकरण के लिए नया दिशा-निर्देश जारी किया गया हैं। यह जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जिला एवं सत्र न्यायालय, विशेष न्यायाधीश एससीध्एसटी एक्ट, विशेष न्यायाधीश ई.सी. एक्ट, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट, विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सिविल जज (सी0डि0), सिविल जज (जू0डि0) के न्यायिक अधिकारी द्वारा भौतिक रूपध्वर्चुवल के माध्यम से लम्बित नवीन जमानतें, लम्बित नवीन अग्रिम जमानतें, प्रकीर्ण आवश्यक आपराधिक प्रार्थना पत्र, आवश्यक सिविल प्रार्थना पत्र जैसे निषेधाज्ञा से सम्बन्धित मामले, विचाराधीन बन्दियों से सम्बन्धित न्यायिक रिमाण्ड कार्य, अन्य सभी वाद-प्रकरण, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा शीघ्र निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिया गया हो एवं अन्य मामले जिसमें माननीय जनपद न्यायाधीश अथवा अधिकरणों, परिवार न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा आवश्यक एवं उचित दिशा-निर्देश जारी किया गया हो, की सुनवाई, निस्तारण किया जायेगा। उच्च न्यायालय ने न्यायिक अधिकारियों को रोटेशन के आधार पर न्यायिक कार्य दिये जाने की सम्भावना तलाशने का निर्देश दिया है।

उच्च न्यायालय द्वारा जिला अदालतों को ई-मेल आईडी तैयार करने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता इसी ई-मेल के जरिए जमानत प्रार्थना पत्र व अन्य प्रार्थना पत्र दाखिल करेगें। ई-मेल से भेजे जाने वाले प्रार्थना पत्रों में अधिवक्ता व वादकारी का नाम, मोबाइल नम्बर, ई-मेल आईडी आदि अनिवार्य रूप से उल्लिखित करना होगा। कम्प्यूटर सेक्शन ई-मेल से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को डाउनलोड कर लिस्ट तैयार करेगा। जूडिशियल सर्विस सेन्टर को नवीन वादध्प्रार्थना पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। इस प्रकार प्राप्त सभी प्रार्थना पत्र सीआईएस पर अपलोड किये जायेगें। कम्प्यूटर सेक्शन को वकीलों, वादकारियों और सम्बन्धित लोगों को ई-कोर्ट एप की जानकारी मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है।

उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अदालत में सिर्फ चार कुर्सियां ही रखी जायेगीं। न्यायालय गेट पर सेनिटाइजर की व्यवस्था होगी। अदालत के स्टॉफ द्वारा न्यायालय कक्षों में पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं की न्यूनतम संख्या रखने तथा कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन आवश्यक रूप से काराया जाए। समस्त वादकारी/अधिवक्तागण सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन तथा मास्क का प्रयोग करते हुए जनपद न्यायालय/ट्रिब्यूनल में प्रवेश करेंगे। जनपद न्यायाधीश को बार एसोसिएशन के सदस्यों से वार्ता कर कामकाज करने का तरीका निश्चित करने के लिए कहा गया है। जंहा तक सम्भव हो जेट्सी मीट सॉफ्टवेयर के माध्यम से वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए मुकदमों की सुनवाई करने के लिए कहा गया है। वीडियो लिंक सम्बन्धित अधिवक्ता, वादकारी और अभियोजन को शेयर किया जायेगा। इसके साथ ही यह भी जानकारी दी गयी कि उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देश जनपद न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

# पंचायत चुनाव के किंग मेकर्स पर डीएम की तनी भृकुटी

- 54 बाहुबलियों को धारा-144 के तहत कराया प्रतिबन्धित
- मतदान के दिन क्षेत्र में भ्रमण कर नहीं सकेंगे प्रतिबन्धित लोग

**गोंडा।** पंचायत चुनाव में खलल डालने वाले किंग मेकर्स डीएम और एसपी के निशाने पर आ गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट और एसपी की सूची में शामिल पंचायत चुनाव में खलल डालने वाले 54 लोगों के खिलाफ डीएम के आदेश पर धारा-144 के तहत व्यक्तिगत भारी मुचलकों से प्रतिबन्धित करने के साथ ही चुनाव में खलल डालने पर कठोरतम कार्यवाही का नोटिस थमा दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर चारों तहसीलों में पंचायत चुनाव प्रभावित कर कर सकने वाले किंग मेकर्स के खिलाफएक्शन चालू हो गया है। डीएम के आदेश पर एसडीएम सदर कुलदीप सिंह द्वारा राजीव सिंह उर्फबिट्टू सिंह, (ब्लाक प्रमुख), निवासी मो0-आवास विकास कालोनी निकट-फातिमा स्कूल, कच्चे बाबा थाना कोतवाली नगर, गोण्डा, विनोद कुमार सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह, निवासी ग्राम-बछईपुर बनकटवा, थाना धानेपुर, रघुवर दयाल सिंह पुत्र उत्तरी सिंह, निवासी गूंगीदेई थाना धानेपुर, समीउल्ला पुत्र मुस्तकीम निवासी-रूद्रगढ़नौसी, व विश्वनाथ उर्फ ब्रहमचारी पुत्र भगौती प्रसाद, निवासी-रूद्रगढ़नौसी, थाना धानेपुर, विनोद कुमार सिंह उर्फ पण्डित पूर्व मंत्री, आवास कालोनी गोण्डा, सूरज सिंह पुत्र रवीन्द्र सिंह आवास विकास कोलानी, बैजनाथ दूबे पुत्र भवानी प्रसाद दूबे सिविल लाइन, जेल रोड, श्रेयस्कर देव सिंह उर्फगौरव सिंह विशुनपुर बैरिया कोतवाली देहात, वरूण उर्फरानू शुक्ला पुत्र विनोद शुक्ला नरायनपुर वली, कोतवाली देहात, बब्बू सिंह विसेन पुत्र सुरेशदत्त सिंह, वीरपुर विसेन कोतवाली देहात, अमर सिंह तिर्रेमनोरमा इटियाथोक, राम किशुन पुत्र लालता प्रसाद चिलबिला खत्तीपुर गोण्डा, आशीष मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा कुन्दरखा थाना मोतीगंज, विजयकान्त सिंह उर्फ ज्वाला सिंह रेतवागाड़ा, राजकुमार उर्फअमितेष पुत्र विजयकान्त सिंह गुलजार पुरवा रेतवागाड़ा तथा दयाशंकर वर्मा पुत्र अयोध्या निवासी ठाकुरदास पुरवा रेतवागाड़ा को धारा 144 के तहत प्रतिबंधित कर दिया है।

तहसील तरबगंज में एसडीएम तरबगंज राजेश कुमार द्वारा राम बहादुर सिंह पुत्र स्व0 बिन्दा सिंह खुर्दहा वजीरगंज, विजय कुमार सिंह टिन्टू सिंह परास पट्टी मझवार उमरीबेगमगंज, अनन्तराम यादव पुत्र छोटेलाल यादव, खुर्दाबाद फत्तेपुर नवाबगंज, सुरेन्द्र नाथ तिवारी उर्फगुड्डू तिवारी पुत्र ओम प्रकाश तिवारी नवाबगंज, संजय सिंह पुत्र हौसल सिंह बेलसर थाना तरबगंज तथा राहुल सिंह पुत्र स्व0 ओम प्रकाश सिंह मधवापुर वजीरगंज सहित दस लोगों को धारा-144 के तहत प्रतिबन्धित कर दिया है।

एसडीएम करनैलगंज शत्रुघ्न पाठक द्वारा अशोक सिंह पुत्र राम दुलारे कन्जेमऊ करनैलगंज, चन्द्रभान सिंह पुत्र भारत सिंह ग्राम पाल्हापुर करनैलगंज, तकी अहमद पुत्र रमजान ग्राम खिन्दूरी कटरा बाजार, मसूद खां पूर्व ब्लाक प्रमुख पुत्र जिकरूउल्ला खां हलधरमऊ कटरा बाजार, सुबोध मिश्रा उर्फ मैन मिश्रा पुत्र अनुरूद्ध प्रसाद निवासी बसन्तपुर कौड़िया, भवानी भीख शुक्ला पुत्र राम प्यारे बाक्नापुर कौड़िया, जगपाल पुत्र भगौती प्रसाद कंड़रू परसपुर, बब्लू पाण्डेय उर्फरत्नेश पाण्डेय पुत्र अवध बिहारी पाण्डेय सुसुण्डा परसपुर, प्रदीप कुमार सिंह पुत्र स्व0 दानपाल सिंह मैटहा विशुनपुर कला परसपुर तथा ध्रुवराज यादव पुत्र बलदेव निवासी रेक्सेड़िया थाना परसपुर को धारा-144 के तहत प्रतिबन्धित कराया गया है।

एसडीएम मनकापुर द्वारा अरविन्द कुमार सिंह पुत्र देवकीनन्दन सिंह व अशोक सिंह पुत्र हवलादर सिंह निवासी तिरूखा बुजुर्ग छपिया, दुर्गेश उर्फ प्रेम उर्फ भोलू निवासी तांबेपुर छपिया, कविन्द्र उर्फ प्रवेश पाण्डेय पुत्र देवेन्द्रनाथ पाण्डेय, ग्राम सुमेरपुर छपिया, संजीव सिंह पुत्र तेजभान सिंह व रूद्रबहादुर सिंह पुत्रगण रामनवल सिंह खजुरी छपिया, शकील पुत्र स्व0 वकील व जकील पुत्र स्व. हसन निवासीगण वीरपुर, छपिया, पवन तिवारी पुत्र अयोध्या तिवारी व राजीव शुक्ला पुत्र तुलाराम गायघाट छपिया, मनीष पाण्डेय व कलीम पाण्डेय निवासीगण हथियागढ़ छपिया, रामकुमार सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह, लस्करी सिंह पुत्र हजारी सिंह निवासीगण कमालपुर छपिया, संजय सिंह पुत्र जुगनू सिंह व उदयभान सिंह पुत्र लखमीन सिंह निवासीगण सिसहनी थाना छपिया तथा आनन्द प्रताप सिंह पुत्र स्व. चन्द्रभान सिंह व रमेश सिंह पुत्र रामसूरत सिंह निवासीगण ग्राम मण्डफ थाना छपिया को धारा-144 के तहत प्रतिबन्धित किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि संदिग्ध सभी लोगों को ब्लाक परिसर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में एक समय एक-एक स्थान पर कभी भी व कहीं भी उपस्थित होने की अनुमति नहीं होगी तथा विपक्षीगण चुनाव पार्टी के रवाना स्थल, मतपेटियों के जमास्थल व मतदान स्थल के आस-पास न तो दिखाई पड़ेंगे और न ही ऐसा कोई कार्य करेंगे जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो। इसके साथ ही विपक्षीगण शांन्ति-पूर्वक मतदान दिवस को अपने-अपने मतदेय स्थल पर जा कर अपना मतदान करेगें तथा मतदान के उपरान्त उन्हें तत्काल अपने घर पर वापस जाना होगा। यही नहीं विपक्षीगण जनपद गोण्डा के किसी भी विकास खण्ड में किसी भी प्रत्याशी के सम्बन्ध में न तो जनसम्पर्क करेंगे और न ही किसी प्रत्याशी के लिए मत याचना करेंगे और न ही किसी मतदाता को किसी माध्यम से कुप्रभावित करेगें और न तो निर्वाचन कार्यवाही में किसी प्रकार की बाधा पहुंचायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गोपनीय सूचना में यह आशंका व्यक्त की गई कि सभी 54 लोग पंचायत चुनाव सम्बन्धी कार्यो में बाधा डालने के साथ ही आस-पास घूमकर शांति-व्यवस्था भंग कर सकते हैं।

## टोक्यो ओलंपिक खेल रद्द नहीं होंगे: प्रमुख

**टोक्यो**। टोक्यो ओलंपिक की आयोजन समिति की प्रमुख सेइको हाशिमोतो ने शुक्रवार को एक बार फिर दुनिया को आश्वासन दिया कि एक बार स्थगित हो चुके ओलंपिक खेल तीन महीने से कुछ अधिक समय बाद शुरू होंगे और जापान में कोविड-19 मामलों में इजाफे के बावजूद इन्हें रद्द नहीं किया जाएगा। हाशिमोतो से प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पूछा गया था कि क्या ऐसे कोई हालात हैं जिनमें ओलंपिक को रद्द किया जा सकता है। हाशिमोतो ने कहा कि कई चिंताएं हैं लेकिन टोक्यो 2020 आयोजन समिति खेलों को रद्द करने के बारे में नहीं सोच रही। एलडीपी में दूसरे नंबर के व्यक्ति निकाई से गुरुवार को साक्षात्कार के दौरान जब पूछा गया था कि खेलों को रद्द करना अब भी विकल्प है तो उन्होंने कहा था, बेशक। अगर टोक्यो ओलंपिक से संक्रमण के मामलों में इजाफा होता है तो ओलंपिक के आयोजन का कोई मतलब नहीं है।

## बुंदेसलीगा में अगले तीन मुकाबले स्थगित

**बर्लिन**। हेर्था बर्लिन के अगले तीन बुंदेसलीगा फुटबॉल मैचों को स्थगित कर दिया गया है क्योंकि पूरी टीम को कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों के बाद पृथकवास में जाने का आदेश दिया गया है। जर्मन फुटबॉल लीग ने शुक्रवार को कहा कि वे रविवार को मेंज, 21 अप्रैल को फ्रेबर्ग और 24 अप्रैल को शाल्के के खिलाफ होने वाले मुकाबलों की नई तारीखों की घोषणा जल्द करेगी। मुकाबले स्थगित होने से हेर्था का अगले महीने कार्यक्रम काफी व्यस्त रहेगा। हेर्था की टीम अभी 18 टीमों की तालिका में 15वें स्थान पर चल रही है और उस पर निचली लीग में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। अभी छह दौर के मुकाबले खेले जाने बाकी हैं।

## पहलवान पूजा कोरोना वायरस संक्रमित

हिसार (**हरियाणा**)। राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी पहलवान पूजा ढांडा ने शुक्रवार को बताया कि वह कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव मिली है। पूजा ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। वह विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाली चौथी भारतीय महिला है। उन्होंने 2018 में 57 किग्रा भारवर्ग में कांस्य पदक जीता था। हिसार की पूजा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मैं कोराना पॉजिटिव पाई गई हूं। जो लोग मेरे संपर्क में आए है वे जांच करवाए और पृथकवास में रहे। मैं भी पृथकवास में हूं।

## पीसीबी ने उमर अकमल अपील ठुकराई

**कराची**। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) विवादास्पद टेस्ट बल्लेबाज उमर अकमल को उनका 42.5 लाख रुपये का जुर्माना किश्तों में भरने की अनुमति नहीं देगा। पीसीबी ने आर्थिक परेशानी के उनके दावों को भी खारिज कर दिया। उमर अगर यह जुर्माना भर देंगे तो उनका क्रिकेट में वापसी का रास्ता साफ हो जाएगा। वह भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अनुच्छेदों के उल्लघंन के लिए प्रतिबंध झेल रहे हैं। जानकारी के मुताबकि उमर ने अपनी समस्या बोर्ड के समक्ष रखी और बोर्ड ने उनकी मौजूदा आर्थिक स्थिति को साबित करने के लिए आयकर और अन्य दस्तावेज सौंपने को कहा।

## ओलंपिक में नहीं खेल पाएंगे कोलमैन

लुसोन (**स्विट्जरलैंड**)। अमेरिका के सौ मीटर के विश्व चैंपियन फर्राटा धावक क्रिस्टियन कोलमैन तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले पाएंगे क्योंकि डोप परीक्षण नहीं देने के कारण लगे प्रतिबंध को हटाने को लेकर उनकी अपील को शुक्रवार को नकार दिया गया। खेल पंचाट (कैस) ने हालांकि 100 मीटर विश्व चैंपियन कोलमैन के प्रतिबंध को दो साल से घटाकर 18 महीने का कर दिया लेकिन यह प्रतिबंध नवंबर में खत्म होगा जबकि ओलंपिक इससे तीन महीने पहले ही हो जाएंगे। तीन जजों के पैनल ने कहा कि इन हालात में 18 महीने की सजा उचित होगी लेकिन एक साल के समय में तीन बार परीक्षण के लिए नहीं पहुंचने के दौरान एक बार पूरी तरह से कोलमैन की गलती नहीं थी।

## विहारी का काउंटी में निराशाजनक पदार्पण

**नाटिंघम**। भारत के टेस्ट विशेषज्ञ हमुना विहारी का वारविकशर की ओर से इंग्लिश काउंटी पदार्पण निराशाजनक रहा जब वह यहां नाटिंघमशर के खिलाफ खाता खोलने में भी नाकाम रहे। बर्मिंघम स्थित काउंटी की ओर से कम से कम तीन मैच खेलने के तैयारी कर रहे विहारी को 40 मिनट क्रीज पर बिताने के दौरान इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ काफी जूझना पड़ा। नाटिंघमशर के 88 ओवर में 273 रन पर आउट होने के बाद विहारी को वारविकशर की पहली पारी के दूसरे ओवर में क्रीज पर आने का मौका मिला लेकिन वह खाता भी नहीं खोल पाए।

## आर्सेनल यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

**लंदन**। पिछले कुछ समय से खराब लय में चल रहे आर्सेनल एफसी ने यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण के मैच में स्लाविया पराग को 4-0 से हारकर कुल 5-1 के नतीजे के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की। आर्सेनल ने चेक गणराज्य की टीम के खिलाफ पहले हाफ में 18वें से 24वें मिनट के अंदर तीन गोलकर मैच की शानदार शरुआत की। उसने मैच के 77वें मिनट में अपनी बढ़त को 4-0 किया। दोनों टीमों के बीच पहले दौर का मुकाबला 1-1 से बराबरी पर छूटा था। सेमीफाइनल में उनका सामना विलारीयाल से होगा। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मैनचेस्टर यूनाइटेड और रोमा के बीच होगा। यूनाइटेड ने स्पेन की टीम ग्रानाडा को 2-0 से हराकर कुल 4-0 की बढ़त के साथ अंतिम चार में जगह पक्की की।

## अदिति अशोक संयुक्त 35वें स्थान पर

कापोलेई (**अमेरिका**)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक लगातार दूसरे दौर में 69 के स्कोर के साथ यहां लोटे चैंपियनशिप में दो दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर चल रही हैं। पहले दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाने वाली अदिति का कुल स्कोर छह अंडर 138 है। अदिति ने दूसरे दौर में चार बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। प्रायोजक के आमंत्रण पर खेल रही युवा सासो ने लगातार दूसरे दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर से कुल 16 अंडर के स्कोर के साथ बढ़त बना रखी है।

## स्टोक्स की सोमवार को होगी सर्जरी

**लंदन**। इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स के बाएं हाथ की फ्रैक्चर तर्जनी ऊंगली की सोमवार को लीड्स में सर्जरी होगी जिससे वह लगभग के 12 सप्ताह के लिए खेल से दूर रहेंगे। स्टोक्स के दोबारा हुए एक्स-रे और सीटी स्कैन से बाएं हाथ की तर्जनी ऊंगली में फैक्चर का पता चला था। उन्हें यह चोट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान लगी। वह अभी अपनी फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के साथ है लेकिन शनिवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को बताया कि बेन स्टोक्स 12 सप्ताह के लिए खेल से दूर रहेंगे। लीड्स में सोमवार को उन्हें सर्जरी करवाना होगा। स्टोक्स को यह चोट राजस्थान रॉयल्स के सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल के कैच को लपकने के लिए डाइव लगाते समय लगी थी। वह इस चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

## लीग के आयोजन से पहले एसओपी तैयार करें

**नई दिल्ली**। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली सॉकर संघ (डीएसए) को निर्देश दिया कि लड़कों के सीनियर वर्ग की फुटबॉल लीग के आयोजन से पहले वे मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर फैसला करें जिसमें जैविक रूप से सुरक्षित माहौल को तैयार करने से संबंधित प्रक्रिया भी हो जिसका टूर्नामेंट के दौरान पालन किया जाए। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने यह निर्देश डीएसए के यह सूचित करने के बाद दिया कि 13 अप्रैल को बैठक में लीग को फिलहाल निलंबित करने का फैसला किया गया। डीएसए ने अदालत को बताया कि वे टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर फैसला जून में ही करेंगे। डीएसए के जवाब पर अदालत ने कहा कि खेल प्रतियोगिता की शुरुआत से पहले फुटबॉल संघ फैसला करे कि एओपी क्या होंगी जिसमें जैविक रूप से सुरक्षित माहौल से संबंधित नियम भी शामिल हों। इन निर्देशों के साथ अदालत ने हिन्दुस्तान फुटबॉल क्लब की याचिका का निपटारा कर दिया जिसमें देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए लड़कों की सीनियर डिविजन फुटबॉल लीग को निलंबित करने की मांग की थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह लीग 15 अप्रैल से शुरू होनी थी।

# मुंबई के खिलाफ सही संयोजन के साथ उतरेगा सनराइजर्स

**मुकाबला आज**

**भाषा**। चेन्नई

**सनराइजर्स** हैदराबाद की टीम शनिवार को इंडियन प्रीमयर लीग में मुंबई इंडियन्स की मजबूत टीम के खिलाफ सही संयोजन के साथ उतरने प्रयास करेगी जिससे कि लगातार दो हार के बाद जीत दर्ज करके अंकों का खाता खोल सके। डेविड वार्नर की अगुआई वाली सनराइजर्स की टीम को चेन्नई की पिच रास नहीं आ रही है और टीम 150 रन से भी कम के लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही है। पहले दो मैचों में टीम को लक्ष्य का पीछा करने में परेशानी का सामना करना पड़ा है जिससे अंतिम एकादश में गहराई की कमी और मजबूत वैकल्पिक भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धता नहीं होना जैसी कमजोरियां उजागर हुई।

कप्तान वार्नर के अंतिम एकादश के चयन पर भी सवाल उठ रहे हैं। जॉनी बेयरस्टा और रिद्धिमान साहा के रूप में दो विकेटकीपर को अंतिम एकादश में जगह देने से कोई मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। साहा सलामी बल्लेबाज के रूप में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आए। साहा 2008 में पहले टूर्नामेंट से आईपीएल का हिस्सा हैं लेकिन उनके रिकॉर्ड को करीब से देखें तो पता चलता है कि वह निरंतर रन बनाने में नाकाम रहे हैं। डग आउट में केदार जाधव जैसे अनुभवी खिलाड़ी और प्रियम गर्ग तथा अभिषेक शर्मा के रूप में दो प्रतिभावान खिलाड़ियों की मौजूदगी से साहा को इस प्रदर्शन के साथ टीम में अधिक मौके मिलने की उम्मीद नहीं है। केदार और अभिषेक के साथ अगर टीम उतरती है तो उसे स्पिन गेंदबाजी का विकल्प भी मिलेगा। विदेशी खिलाड़ियों में अंतिम एकादश में सिर्फ वार्नर और राशिद खान का चयन तय है और ऐसे में सनराइजर्स को पूरी तरह से फिट केन विलियमसन की जरूरत है क्योंकि स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ वह अच्छे बल्लेबाज हैं। मनीष पांडे और अब्दुल समद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद के खिलाफ जैसे शॉट खेले उससे वार्नर निराश होंगे।

पांडे को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया और फिनिशर की भूमिका सही तरह से नहीं निभा पाने के कारण संभवत: उन्हें जल्दी ही दोबारा टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिले। आईपीएल के जरिए हालांकि पांडे के पास अपना दावा मजबूत करने का मौका है। वह उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने सबसे कम स्ट्राइक रेट के साथ 3000 आईपीएल रन पूरे किए हैं। टीम की गेंदबाजी भी चिंता का सबब है। टी नटराजन पिछले सत्र जैसी फॉर्म में नहीं हैं जबकि भुवनेश्वर कुमार भी महंगे साबित हुए हैं।

रोहित शर्मा, क्विंटन डिकॉक, सूर्यकुमार यादव और इशान किशन जैसे मुंबई इंडियन्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को देखते हुए संदीप शर्मा और सिद्धार्थ कौल जैसे हैदराबाद की टीम के वैकल्पिक तेज गेंदबाज भी अधिक प्रभावी नजर नहीं आते। इस बात की संभावना कम है कि मुंबई की टीम अपनी अंतिम एकादश में बदलाव करेगी, विशेषकर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ। मुंबई इंडियन्स को हालांकि अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

टीमें इस प्रकार हैं: मुंबई इंडियंस: रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, अनमोलप्रीत सिंह, क्रिस लिन, सौरभ तिवारी, धवल कुलकर्णी, जसप्रीत बुमराह, राहुल चाहर, ट्रेंट बोल्ट, मोहसिन खान, हार्दिक पंड्या, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड, कृणाल पंड्या, अनुकुल रॉय, इशान किशन, क्विंटन डिकॉक, आदित्य तारे, एडम मिल्ने, नाथन कूल्टर नाइल, पीयूष चावला, जेम्स नीशाम, युद्धवीर चरक, मार्को जेनसन और अर्जुन तेंदुलकर। सनराइजर्स हैदराबाद: डेविड वार्नर (कप्तान), केन विलियमसन, विराट सिंह, मनीष पांडे, प्रियम गर्ग, रिद्धिमान साहा, जॉनी बेयरस्टो, जेसन रॉय, श्रीवत्स गोस्वामी, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, केदार जाधव, जे सुचित, जेसन होल्डर, अभिषेक शर्मा, अब्दुल समद, भुवनेश्वर कुमार, राशिद खान, टी नटराजन, संदीप शर्मा, खलील अहमद, सिद्धार्थ कौल, बासिल थम्पी, शाहबाज नदीम और मुजीब उर रहमान।

# अश्विन से ओवर पूरे नहीं कराना बड़ी गलती थी: रिकी पोंटिंग

**भाषा**। नई दिल्ली

**दिल्ली** कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में गुरुवार रात तीन विकेट से हार के बाद स्वीकार किया कि आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को उनके कोटे के पूरे ओवर नहीं देना संभवत: गलती थी। अश्विन ने तीन ओवर में सिर्फ 14 रन दिए और इस दौरान उनके खिलाफ कोई बाउंड्री नहीं लगी। दिल्ली की टीम 148 रन के लक्ष्य का बचाव कर रही थी।

क्रीज पर बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों डेविड मिलर (62) और राहुल तेवतिया (19) की मौजूदगी के बावजूद नए कप्तान ऋषभ पंत ने 13वें ओवर में अश्विन को बरकरार रखने के बजाए मार्कस स्टोइनिस को गेंद थमा दी। स्टोइनिस के इस ओवर में तीन चौके सहित 15 रन बने जिससे रॉयल्स का स्कोर पांच विकेट पर 58 रन से पांच विकेट पर 73 रन हो गया और टीम लय हासिल करने में सफल रही।

पोंटिंग ने आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जब मुझे टीम के साथ बैठकर बात करने का मौका मिलेगा निश्चित तौर पर हम इस बारे में बात करेंगे। उसने शानदार गेंदबाजी की। तीन ओवर में 14 रन। उसके खिलाफ कोई बाउंड्री नहीं लगी। उन्होंने कहा कि पहला मैच उसके लिए निराशाजनक रहा था लेकिन पिछले कुछ दिनों में उसने कड़ी मेहनत की जिससे कि सुनिश्चित हो सके कि वह चीजों से सामंजस्य बैठाए और मैच में चीजें सही करे। पोंटिंग ने कहा कि मुझे लगता है कि आज रात उसने शानदार गेंदबाजी की। संभवत: हमारी ओर से यह गलती थी और इस बारे में हम बात करेंगे। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 58 रन की दरकार थी। क्रिस मौरिस ने 18 गेंद में नाबाद 36 रन की पारी के दौरान अंतिम दो ओवर में चार छक्के जड़कर दो गेंद शेष रहते रॉयल्स को जीत दिला दी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को अगले मैच में मुंबई में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

## इशांत शर्मा की एड़ी में हल्की चोट: पोंटिंग

**मुंबई**। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि टीम के पहले दो आईपीएल मैचों से बाहर रहने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा की एड़ी में हल्की चोट है। आईपीएल नीलामी से पहले दिल्ली की टीम ने इशांत को अपने साथ बरकरार रखा था। वह चेन्नई सुपरकिंग्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम के शुरुआती दो मैचों में नहीं खेल पाए जिससे युवा तेज गेंदबाज आवेश खान को अंतिम एकादश में जगह मिली। गुरुवार रात रॉयल्स के खिलाफ टीम की तीन विकेट की हार के बाद पोंटिंग ने आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पहले मैच की बात करें तो इशांत शर्मा की एड़ी में हल्की चोट थी और हम इस पर काम कर रहे हैं। पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एकमात्र मैच खेलते हुए इशांत की पेट की मांसपेशियों में चोट लग गई थी। वह इसके बाद यूएई में आईपीएल से बाहर हो गए और इसके बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए। इशांत की गैरमौजूदगी में आवेश को खेलने का मौका मिला और उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट चटकाकर पोंटिंग को काफी प्रभावित किया। पोंटिंग ने कहा कि उसने मौके का पूरा फायदा उठाया। वह पिछले कुछ वर्षों से टीम का हिस्सा है लेकिन उसे मौके नहीं मिल रहे थे। अगर आपके पास उसके जैसे भारतीय तेज गेंदबाज और फिर क्रिस वोक्स, एनरिच नोर्ट्जे, कागिसो रबादा और टॉम कुरेन जैसे गेंदबाज हैं तो फिर आपका तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है।

### योजना बनाकर पृथ्वी को आउट करना संतोषजनक: उनादकट

**मुंबई**। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट बेहतरीन फॉर्म में चल रहे पृथ्वी साव को अपने जाल में उलझाकर आउट करके काफी संतुष्ट हैं। पृथ्वी के आउट होने के बाद दिल्ली कैपिटल्स का शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और टीम इससे उबरने में नाकाम रही। उनादकट ने चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने पृथ्वी के अलावा शिखर धवन और अजिंक्य रहाणे को भी आउट किया। पृथ्वी को आउट करने की रणनीति के बारे में पूछने पर उनादकट ने कहा कि हमने पृथ्वी के लिए कुछ योजनाएं बनाई थी। वह पिछले मैच में काफी अच्छा खेला और आपको पता है कि वह सीधे शॉट काफी अधिक खेलना पसंद करता है। गेंद स्विंग हो रही थी और पृथ्वी ने आफ स्टंप के बाहर की गेंद को डीप मिडविकेट की तरफ खेलने की कोशिश की।

## अर्जेन्टीना के खिलाफ जीत से मनोबल बढ़ा: पाठक

**ब्यूनस आयर्स**। अर्जेन्टीना के खिलाफ भारत के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल युवा गोलकीपर कृष्ण पाठक ने कहा कि वह टोक्यो ओलंपिक के दौरान सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहना चाहते हैं और उनकी नजरें अगले महीने एफआईएच प्रो हॉकी लीग मैचों में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन करने पर टिकी हैं। अर्जेन्टीना के खिलाफ भारत की ओर से 50 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने वाले 23 साल के पाठक ने गत ओलंपिक चैंपियन अर्जेन्टीना के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग में भारत की दोनों मुकाबले जीतने में अहम भूमिका निभाई। पाठक ने कहा कि 50 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर मैं बेहद खुश हूं। इतने कम समय में इतना कुछ हो गया। मुझे बड़े टूर्नामेंटों में खेलने का मौका मिला और अपने सीनियर खिलाड़ियों से मैंने काफी कुछ सीखा। उन्होंने कहा कि कोचों को हमेशा मेरी प्रतिभा पर भरोसा था। मैं कड़ी मेहनत जारी रखना चाहता हूं और भारत के लिए मैच जीतना चाहता हूं।

# विनेश ने एशियाई कुश्ती में पहली बार स्वर्ण हासिल किया

**भाषा**। अलमाटी

**ओलंपिक** टिकट हासिल कर चुकी विनेश फोगाट ने शुक्रवार को एशियाई चैम्पियनशिप के फाइनल में अपनी प्रतिद्वंद्वी को एकतरफा मुकाबले में पटखनी देते हुए स्पर्ण पदक हासिल किया। कई बड़े खिलाड़ियों के बिना आयोजित इस प्रतियोगिता में विनेश पूरा दबदबा कायम रहा और उन्होंने 53 किग्रा वार्ग में बिना अंक गंवाए पहली बार एशियाई चैम्पियनशिप का पीला तमगा हासिल किया। पिछले साल दिल्ली में आयोजित हुई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली विनेश ने फाइनल में ताइपे की मेंग हसआन हसिह के खिलाफ 6-0 की बढ़त हासिल करने के बाद उसे पूरी तरह से चित कर दिया। इस प्रतियोगिता में ताइपे की इस खिलाड़ी पर विनेश की यह दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने इस चैम्पियनशिप में अब तक सात पदक हासिल किए हैं जिसमें तीन रजत पदक शामिल हैं। विनेश ने शुरूआती चरण में मंगोलिया की ओटगोंजरगल गनबातर और हसिह के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की, जबकि सेमीफाइनल में उनकी प्रतिद्वंद्वी की ह्युनयॉन्ग ओह चोट के कारण रिंग में नहीं उतरी। पिछले दिनों इसी स्थल पर ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली अंशु ने अपनी लय जारी रखते हुए फाइनल में जगह पक्की की। यह 19 साल की प्रतिभाशाली पहलवान शुरूआती दो बाउट में उज्बेकिस्तान की सेवारा इश्मुरतोवा और किर्गिस्तान की नाजिरा मार्सबेक कयजी को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर पटखनी देकर सेमीफाइनल में पहुंची। मंगोलिया की बत्सेत्सेग अल्टांसेटसेग से वह 9-1 से आगे चल रही थीं जब रेफरी ने इस भारतीय खिलाड़ी को विक्ट्री बाय कौशन (प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के जरूरत से ज्यादा आक्रामक रूख के कारण जीत) के कारण जीत प्रदान की। इससे पहले इस मंगोलियाई खिलाड़ी को तीन बार चेतावनी दी गई थी। फाइनल में उनका सामना इसी मंगोलियाई खिलाड़ी से होगा। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंच गई। वह अपने चहेते 62 किग्रा वर्ग में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद 65 किग्रा वर्ग में हाथ आजमा रही है। पहले दो मुकाबले तकनीकी श्रेष्ठता के जीतने के बाद साक्षी कोरिया की हैनबिट ली के खिलाफ 3-0 से आगे चल रही थी। कोरियाई खिलाड़ी को हालांकि घुटने में चोट लग गई और वह प्रतियोगिता से बाहर हो गई। फाइनल में उनका सामना मंगोलिया की बोलोटुंगालाग जोरिग्ट से होगा। दिव्या काकरान भी यहां दमदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे दौर में पहुंच गई। उन्होंने इस दौरान 72 किग्रा भारवर्ग में एशियाई चैम्पियन कजाखस्तान की झामिला बाकबेर्गेनोवा को 8-5 से हराया।

# एक हफ्ते में खेलने के लिए फिट हो जाऊंगा: विलियमसन



**भाषा**। चेन्नई

**कोहनी** की चोट के कारण सनराइजर्स हैदराबाद के इंडियन प्रीमियर लीग में पहले दो मैचों से बाहर रहे न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन अच्छी तरह उबर रहे हैं और उनके एक हफ्ते के अंदर पूर्ण मैच फिटनेस हासिल करने की उम्मीद है। सनराइजर्स के मध्यक्रम में अहम भूमिका निभाने वाले 30 साल के विलियमसन की बाईं कोहनी में चोट लगी थी जिसके कारण वह आईपीएल से पहले मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए थे। न्यूजीलैंड के कप्तान ने हालांकि शुक्रवार को कहा कि वह इस चोट से अच्छी तरह उबर रहे हैं। सनराइजर्स द्वारा ट्विटर पर डाले गए वीडियो में विलियमसन ने कहा, आपको पता है कि मेरा ध्यान जल्द से जल्द दर्द मुक्त होने पर है और हम सही दिशा में जा रहे हैं। उम्मीद है कि एक हफ्ते के भीतर फिट और तैयार हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि अभ्यास और रिहैबिलिटेशन के बीच संतुलन बना रहा हूं। लेकिन प्रगति काफी अच्छी है। इसलिए जल्द ही पूर्ण फिटनेस हासिल करने को लेकर आशावान हूं। यूएई में हुए आईपीएल के पिछले सत्र में विलियमसन ने सनराइजर्स के लिए 11 पारियों में 317 रन बनाए थे और टीम को प्ले आफ में जगह बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।

## अरूणधति और बेबीरोजिसाना चानू क्वार्टर फाइनल में

**भाषा**। नई दिल्ली

**खेलो** इंडिया खेलों की तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता अरूणधति चौधरी (69 किग्रा) और बेबीरोजिसाना चानू (51 किग्रा) ने पोलैंड के किल्से में चल रही पुरुषों और महिलाओं की युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है जबकि तीन अन्य भारतीय मुक्केबाज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। विकास (52 किग्रा) और अर्शी खानम (54 किग्रा) हालांकि गुरुवार को दूसरे दौर के मुकाबलों में शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। अरूणधति और बेबीरोजिसाना के अलावा आकाश गोरखा (60 किग्रा), सुमित (69 किग्रा) और गितिका (48 किग्रा) जीत दर्ज करने में सफल रहे। अरूणधति ने कोलंबिया की डेयानिएरा केसस जेरेज को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया।

# सोनम, अंशु और चार सेलर टॉप्स में शामिल

**भाषा**। नई दिल्ली

**खेल** मंत्रालय ने टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहलवान सोनम मलिक और अंशु मलिक के अलावा चार सेलरों को अपनी टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के कोर ग्रुप में शामिल किया।

यह फैसला सात अप्रैल को मिशन ओलंपिक इकाई की 56वीं बैठक के दौरान लिया गया। निर्णय किया गया कि ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले सभी खिलाड़ियों का टॉप्स के जरिए सहयोग किया जाएगा। अंशु (57 किग्रा) और सोनम (62 किग्रा) को कजाखस्तान के अलमाटी में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में रजत पदक जीतकर ओलंपिक स्थान सुनिश्चित करने के बाद टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल किया गया। इसके बाद 19 साल की अंशु ने शुक्रवार को स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों पहलवान पहले टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप का हिस्सा थीं और टोक्यो ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने वाले छह पहलवानों में शामिल हैं। वहीं टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके चार सेलरों को भी टॉप्स योजना में शामिल किया गया जिन्होंने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया।

नेत्रा कुमानन मुसानाह ओपन चैम्पियनशिप में लेजर रेडियल स्पर्धा के जरिए ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला सेलर बनीं। विष्णु सरवनन के साथ गणपति चेंगप्पा और वरूण ठक्कर की जोड़ी ने भी हाल में ओमान में एशियाई क्वालीफायर के लिए तोक्यो का टिकट कटाया। विष्णु ने लेजर स्टैंडर्ड क्लास स्पर्धा में क्वालीफाई किया तो गणपति और वरूण की जोड़ी ने पुरूषों की 49अर क्लास स्पर्धा में कट हासिल किया। इस समय टॉप्स के कोर ग्रुप में 113 एथलीट शामिल हैं।

## अफगानिस्तान में शांति के लिए पाक पर दबाव बनाता रहेगा अमेरिका

**वाशिंगटन**। अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए (सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी) के निदेशक विलियम बर्न्स ने कहा है कि अफगानिस्तान में शांति सुनिश्चित करने के राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए अमेरिका पाकिस्तान पर दबाव बनाता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के दीर्घकालिक हित में है कि उसके युद्धग्रस्त पड़ोसी देश में असुरक्षा और अस्थिरता नहीं रहे क्योंकि इससे स्वयं उसके अपने हित प्रभावित होंगे।

बर्न्स हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के अध्यक्ष एडम शिफ के सवाल का जवाब दे रहे थे। बैठक में शिफ ने पूछा था, अफगानिस्तान से हमारे सैनिकों की वापसी का आपके खयाल से पाकिस्तान से तालिबान के संबंधों, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के हक्कानी नेटवर्क और अन्य से संबंधों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

# अमेरिका में फेडेक्स केंद्र में गोलीबारी, आठ की मौत

**एपी**। इंडियानापोलिस (**अमेरिका**)

**इंडियानापोलिस** में फेडेक्स के एक केंद्र पर बृहस्पतिवार रात को हुई गोलीबारी की घटना में आठ लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस प्रवक्ता जिनी कुक ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि इस घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं जिन्हें स्थानीय अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। कम से कम चार लोगों को अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल है।

दो अन्य को घटनास्थल पर ही उपचार दिया गया। इस घटना में कोई कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल नहीं हुआ है। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि बंदूकधारी ने स्वयं को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। कुक ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार की रात की है। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो वहां पर गोलीबारी चल रही थी।

फेडेक्स की ओर से शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी किया गया जिसमें कहा गया कि अधिकारियों के साथ सहयोग किया जा रहा है। इसमें कहा गया, इंडियानापोलिस हवाईअड्डे के निकट हमारे फेडेक्स केंद्र पर हुई गोलीबारी की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से हम अवगत हैं। सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है और प्रभावित लोगों के प्रति हमारी संवदेनाएं हैं।

फेडेक्स केंद्र में काम करने वाले घटना के एक चश्मदीद ने बताया कि गोलियों की आवाज आई और उसके बाद उसने एक बंदूकधारी को वहां देखा।

## न्यूयॉर्क में नदी में मिला भारतीय मूल के गणितज्ञ का शव

**न्यूयॉर्क**। क्रिप्टोकरंसी (आभासी मुद्रा) एवं कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में कार्यरत भारतीय मूल के 31 वर्षीय गणितज्ञ का शव यहां हडसन नदी में बहता मिला। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि गणितज्ञ शुब्रो बिस्वास संभवत: मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट ने बताया कि शुब्रो का शव नदी में मिला। पुलिस को शुब्रो की मौत के पीछे किसी प्रकार का षड्यंत्र होने का तत्काल कोई सबूत नहीं मिला है। शुब्रो के भाई बिप्रोजीत बिस्वास (34) ने बताया कि वह और उनका परिवार इस खबर से बहुत दु:खी हैं। बिप्रोजीत ने बताया कि शुब्रो मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे और उनके परिवार ने इससे उबरने में उनकी मदद करने की पूरी कोशिश की, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ।

# पाकिस्तान में हिंसक प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया की सेवाओं पर रोक

**भाषा**। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने एक कट्टरपंथी धार्मिक संगठन के हिंसक प्रदर्शनों के बाद ट्विटर, फेसबुक और व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया मंचों की सेवाओं पर शुक्रवार को अस्थाई रोक लगा दी ताकि इनका इस्तेमाल प्रदर्शनों के आयोजन के लिए न किया जा सके। उक्त संगठन को सरकार की तरफ से अब प्रतिबंधित कर दिया गया है। सरकार ने तहरीक-ए-लबैक पाकिस्तान (टीएलपी) के तीन दिन के हिंसक प्रदर्शनों के बाद बृहस्पतिवार को उसे प्रतिबंधित कर दिया।

यह संगठन सरकार पर फ्रांस में पिछले साल प्रकाशित कथित ईश निंदात्मक कार्टून को लेकर वहां के राजदूत को निष्कासित करने का दबाव बनाना चाहता था। टीएलपी ने अपने मुखिया साद हुसैन रिजवी की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को देशव्यापी प्रदर्शन शुरू कर दिए थे। टीएलपी समर्थकों की कई शहरों और कस्बों में इस हफ्ते की शुरुआत में पुलिस से हिंसक झड़प हुई जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और करीब 300 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

शुक्रवार की नमाज के बाद प्रदर्शनों को रोकने के लिए, आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चार घंटे के लिए सोशल मीडिया की सेवाओं को बंद रखने का निर्देश दिया।

पीटीए ने एक अधिसूचना में कहा कि, सोशल मीडिया मंचों (ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सऐप, यूट्यूब और टेलीग्राम) पर पहुंच पूरी तरह अवरुद्ध हो।

## महामारी के बीच तत्काल यात्रा की योजना बना रहे हैं तो टिकट बुक करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें

# आपकी यात्रा सुरक्षित हो

दिनेश कुमार कोठा

**भारत विभिन्न** संस्कृतियों वाला देश है और इसकी सुंदरता का पता लगाने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है ट्रेन की सवारी जो इसकी सुंदरता को जानने का अद्भुत अनुभव प्रदान करती है। जैसे ही आप रेलवे स्टेशन में प्रवेश करते हैं, आपको कई विक्रेताओं द्वारा अपने उत्पादों को बेचते, विभिन्न प्रकार की गाड़ियों को प्लेटफार्मों से निकलते और प्रवेश करते और आगे-पीछे चलने वाले लोगों को अपने रिश्तेदारों को छोड़ने / अगवानी करने के अद्भुत नजारे नजर आते हैं। आधुनिक समय की जरूरतों को पूरा करने के लिए, भारत में ट्रेनें सीसीटीवी कैमरे, बायो-टॉयलेट और इंटरनेट कनेक्टिविटी से लैस हैं, जिससे यात्रियों को सबसे अधिक आराम मिलता है। हालांकि यह सब आपको अभी से ट्रेन में चढ़ने के लिए उत्साहित कर सकता है, मगर कोविड-19 के कारण ट्रेन यात्रा का अधिकांश अनुभव बदल गया है।

महामारी के कारण धड़कने तक के लिए तैयार नहीं, भारतीय रेलवे को सामाजिक दूरी को बढ़ावा देने व संक्रमण के प्रसार पर निगरानी रखने के लिए कुछ नियमों को लेकर आना पड़ा। इस वजह से, ट्रेन की यात्रा का ग्लैमर और आकर्षण वो नहीं रहा जो हुआ करता था। इसका मतलब है कि खाने की बिक्री करने वाले फेरीवालों के प्रवेश पर प्रतिबंध, आनंददायी सवारी के बीच में कुछ व्यवधान आदि होना नयी उभरती सहजता हैं। यह सब जानने के बाद भी, यदि आपके पास तत्काल यात्रा की योजना है और आपने सवारी के लिए 'ट्रेन' को अपना माध्यम चुना है, तो कुछ चीजें हैं जिन्हें आपको टिकट बुक करते समय करने या जानने की आवश्यकता है।

**■ समय से पहले अपनी यात्रा की योजना बनाएं**

कोविड छद्म नहीं है और इसे अन्यथा नहीं माना जाना चाहिए। यदि आप अपने चुने हुए गंतव्य पर एक होटल में रहना चाहते हैं, तो आपको कोविड प्रोटोकॉल के माध्यम से जांच करना चाहिए और सबसे सुरक्षित विकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए।





भारी भीड़ के साथ घुलने-मिलने से बचने के लिए ऑफ-सीजन की तारीखों (सप्ताह के दिनों) में जाने की भी सिफारिश की गई है। इसके अलावा, आपको उन स्थानों का मानचित्रण करना चाहिए जहां आप यात्रा करना चाहते हैं और एक विजेता की तरह संक्रमण से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**■ अब 'अनारक्षित यात्रा' की सुविधा नहीं रही**

अत्यधिक भीड़भाड़ वाली ट्रेनों से बचने और संक्रमण के प्रसार को घटाने के लिए, ट्रेनें अब बिना आरक्षण कराए यात्रा की अनुमति नहीं देती हैं। अनारक्षण वाली ट्रेनों में सवार होने का एकमात्र तरीका है, कि आपके आप ट्रेन में सीट आरक्षित हो, जिसमें आपके सामने नो एंट्री लिखा होता है। इसलिए, सुनिश्चित करें कि आपके पास अपने गंतव्य की यात्रा करने के लिए एक कन्फर्म ट्रेन टिकट है।

**■ कोविड प्रोटोकॉल के बारे में जानें**

अपने नागरिकों व यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कई राज्य सरकारों ने अपने कोविड प्रोटोकॉल अपडेट किए हैं। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु सरकार ने राज्य में आने से कुछ दिन पहले अनेक भारतीय क्षेत्रों के यात्रियों को ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए प्रशिक्षित किया है। किसी भी नियम को तोड़ने और अपनी यात्रा के खराब होने से बचने के लिए आपको अपने चयनित गंतव्य द्वारा सूचीबद्ध समस्त दिशानिर्देशों की जांच करनी चाहिए।

**■ अपना पूरा पता बताएं**

इससे पहले, ट्रेन टिकट बुक करते समय अपना पता विवरण बताने की कोई आवश्यकता नहीं होती थी। लेकिन अब हमारे सिर पर कोविड के मंडराने से, गाड़ियों पर भी प्रकोप / नए रेड जोन का खतरा काफी आसन्न है। इसलिए, यात्रियों को भारतीय रेलवे को अपना सही और पूर्ण पता विवरण प्रदान करना होगा ताकि वे जरूरत पड़ने पर उनका पता लगा सकें।

**■ अपना आरटीपीसीआर टेस्ट करवाएं**

जैसा कि अधिक से अधिक कोविड संक्रमित मामलों ने हमारे देश को घेर लिया है, ऐसे में भारतीय रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे ट्रेन में सवार होने के 72-96 घंटों के भीतर अपना आरटी-पीसीआर परीक्षण करवाएं, जो गारंटी देता है कि व्यक्ति, अन्य यात्रियों के लिए एक स्वास्थ्य जोखिम प्रस्तुत किए बिना, यात्रा करने के लिए सुरक्षित है (नकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के बाद)। एक भारतीय राज्य से दूसरे भारतीय राज्य में सूचीबद्ध समयसीमा भिन्न होती है। यह नियम इस बात की अनुशंसा करता है कि प्रत्येक यात्री किसी भी परेशानी से बचने के लिए चयनित गंतव्य द्वारा निर्धारित नियमों से परिचित हो।कोविड महामारी ने वास्तव में ट्रेन यात्रा उद्योग में कुछ कठिनाइयां प्रस्तुत की हैं। लेकिन जैसा कि हम इन पर काबू पाने और एक कोविड उपरांत दुनिया के लिए तैयार होने के लिए प्रयासरत हैं, यात्रियों को सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का ध्यानपूर्वक पालन करना होगा। इसलिए, चाहे आप काम के लिए यात्रा कर रहें हों या खुशी के लिए यात्रा कर रहे हों, बस सुरक्षित यात्रा को अनुभव करने के लिए अपने ट्रेन टिकट को बुक करते समय उपरोक्त विवरण को याद रखना सुनिश्चित करें।

**(लेखक, दिनेश कुमार कोठा, कन्फर्म टिकट के सह-संस्थापक और सीईओ हैं।)**

## अस्पताल में भर्ती हुए अभिनेता विवेक



भाषा। चेन्नई

**लोकप्रिय तमिल** अभिनेता विवेक को शुक्रवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अचेत होने पर यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिल्म उद्योग और अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभिनेता को शहर के एक अस्पताल में सघन देखभाल इकाई (आईसीयू) में रखा गया है। सूत्रों ने बताया कि हास्य अभिनेता (59) ने बृहस्पतिवार को कोविड रोधी टीके की खुराक ली थी। उन्होंने कहा कि अभिनेता ने सीने में दर्द की शिकायत की और बेहोश हो गए जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके प्रचार का काम देखने वाले निकिल मुरुगन ने संवाददाताओं को बताया कि अभिनेता का एंजियोग्राम (एक्स-रे के जरिए रक्त वाहिकाओं की तस्वीर लेने की प्रक्रिया) किया गया है और वह ठीक हैं। उन्होंने बताया, अभिनेता होश में हैं और बात कर रहे हैं। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित विवेक ने रजनीकांत, विजय और अजित कुमार समेत कई बड़े तमिल अदाकारों के साथ काम किया है। वह कुछ फिल्मों में मुख्य कलाकार के तौर पर भी नजर आए और पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाने में भी वह सक्रिय रहे हैं।



## तेलुगु फिल्म अभिनेता और जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण कोविड-19 से संक्रमित

**अमरावती।** तेलुगु फिल्मों के अभिनेता और जन सेना पार्टी के प्रमुख के. पवन कल्याण कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है। यह जानकारी शुक्रवार को उनके राजनीतिक सचिव पी. हरिप्रसाद ने दी। हरिप्रसाद ने एक बयान जारी कर कहा, कल्याण पर उनके निजी चिकित्सक नजर रखे हुए हैं, साथ ही अपोलो अस्पताल के विशेषज्ञों की टीम भी उनकी निगरानी कर रही है। उनके फेफड़े में दिक्कत है और उन्हें बुखार भी आ रहा है। लेकिन उनकी हालत स्थिर है। कल्याण तिरूपति में तीन अप्रैल को उपचुनावों से लौटने के बाद हैदराबाद के बाहर स्थित अपने फार्म हाउस में गृह पृथक-वास में रहे। शुरुआत की जांच में कोविड-19 की रिपोर्ट निगेटिव थी लेकिन उन्हें हल्का बुखार और बदन दर्द बना रहा। हरिप्रसाद ने कहा, दूसरी जांच में वह कोविड-19 से संक्रमित पाए गए।

# बच्चों के लिये नया धमाका तारक मेहता का छोटा चश्मा

**अप्रैल के** महीने में सिर्फएक ही ठिकाना होगा, क्योंकि सोनी याय! नये शो तारक मेहता का छोटा चश्मा के साथ गोकुलधाम सोसाइटी की एनिमेटेड दुनिया का स्वागत कर रहा है। हंसी और मनोरंजन से भरपूर इस संपूर्ण पैकेज में जेठालाल, बापूजी, दया, टप्पू और पूरा गोकुलधाम परिवार आपको अपने बेशुमार एडवेंचर से गुदगुदाने वाला है। इस शो में ढेर सारी मौज.मस्ती और मनोरंजन से भरपूर नई कहानियां होंगी।

बापूजी और जेठालाल की मजेदार जोड़ी अपने चिरपरिचित अंदाज में और अपनी नोंकझोंक से थोड़ा और ड्रामा और एक्शन का तड़का लगायेंगे। तारक मेहता का छोटा चश्मा की यह नई दुनिया कॉमेडी का पूरा संसार रचने वाली है जहां बेहतरीन एडवेंचर का कभी भी अंत नहीं होगा। इसका टाइटल ट्रैक लेकर आया है। जिससे इस शो के किरदार इस कमाल की नई दुनिया में क्या कारनामा कर रहे हैं उसकी एक झलक मिलती है। पैरों को थिरकने को मजबूर करने वाला यह ट्रैक उस चश्मे के सफर के साथ शुरू होता है। जिसमें उसके उल्टा से छोटा होने के सफर को दिखाया गया है। इससे इस नये गोकुलधाम सोसाइटी की मजेदार योजनाओं का भी पता चलता है। निश्चित तौर पर यह आगे आने वाले नये सफर को लेकर आपका उत्साह बरकरार रखेगा और आपके रोमांच को भी! ये एनिमेटेड किरदार ष्तारक मेहता का उल्टा चश्मा के किरदारों पर आधारित हैंए




जिन्हें लिखा और तैयार किया है असित कुमार मोदी ने। चैनल ने वॉच पाटी के माध्यम से एक फैन.प्रीमियर भी रखा है, जिसे को.होस्ट कर रहे हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकार।

# लोमोटिफ भारतीयों के लिये लेकर आया है डांस ऑफ चैलेंज

**भारतीयों में** जिस तरह की लचक, अभिव्यक्ति और मूवमेंट देखने को मिलती है, ऐसा लगता है जैसे मछलियां पानी में अटखेलियां कर रही हों। प्रमुख वीडियो-शेयरिंग सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लोमोटिफ देशभर के डांसर्स को अपना हुनर दिखाने का एक मंच प्रदान कर रहा है। यह प्लेटफार्म डांस के दीवाने देशवासियों के लिये लेकर आया है अपना रुडांस ऑफ चैलेंज। 2 मई तक चलने वाले इस कॉन्टेस्ट में सबकी निगाहें ईनाम पर टिकी हुई हैं। इसमें उन तीन टॉप प्रतियोगियों को पेश किया जायेगा, जिन्हें सबसे ज्यादा वीडियो लाइक्स और कमेंट मिले होंगे, जिसमें कुल नकद पुरस्कार 3 लाख रुपये तक है। रोमांच के स्तर को और बढ़ाने और डांसर्स को हिस्सा लेने का प्रोत्साहन देने के लिये, इस कॉ पीटिशन में जाने-माने कोरियोग्राफर, एक्टर और डायरेक्टर रेमो डिसूजा कैम्पेन के चेहरे के रूप में नज़र आयेंगे। उनके साथ होंगे जानी-मानी इं लूएंसर तान्या शर्मा, डांसर्स वर्तिका झा और सुशांत खत्री। रेमो प्रतियोगियों का हौसला




बढ़ाते और उन्हें इस कॉ पीटिशन में अपना सबसे बेहतर देने के लिये प्रोत्साहित करते नज़र आयेंगे। कै पेन के बारे में पॉल यांग, को-फाउंडर एवं चीफ एक्जीक्यूटिव लोमोटिफकहते हैं, आज की ज़ेड जेनरेशन और नई पीढ़ी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है। उन्हें खुद को अनूठे रूप में पेश करना पसंद आता है। यह रुडांस ऑफ चौलेंज हमारे यूजर्स को पूरी दुनिया के दर्शकों को अपना हुनर दिखाने का मौका देता है। यह उन्हें अलग-अलग फॉर्मेट के साथ प्रयोग करने, अपनी रचनात्मक कल्पनाओं को पूरी तरह दिखाने और उन्हें अभिव्यक्त करने का अनूठा मौका देगा। इंटरनेशनल डांस डे करीब है और ऐसे में हमें उ मीद है कि देश के बेहतरीन डांसर्स हमारे साथ अभिव्यक्ति के तौर पर डांस का जश्न मनायेंगे। डांस ऑफ चौलेंज के लिये अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए रेमो डिसूजा कहते हैं लोमोटिफइंडिया डांस ऑफ चौलेंज के पहले एडिशन से जुड़कर बेहद खुशी महसूस हो रही है। मुझे पता है कि टैलेंटेड डांसर्स को अपना हुनर दिखाने के लिये एक मौका तथा एक प्लेटफॉर्म मिलना कितना जरूरी है। भारत के दूर-दराज के इलाकों से काफी सारा टैलेंट उभरकर सामने आ रहा है। और युवाओं में शॉर्ट-वीडियो प्लेटफॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता के साथ मुझे खुशी है कि लोमोटिफ कल के उभरते डांसिंग सेंसेशन को एक मंच प्रदान करने में मु य भूमिका निभा रहा है।

# डर हैसियत नहीं, हिम्मत देखता है माउंटेन ड्यू

**नई दिल्ली।** माउंटेन ड्यू हमेशा ही डर और खुद पर शक किए बिना जोखिम लेने और सफलता पाने के लिए सीमाओं से परे जाने की भावना को सलाम करता है। रोमांचक फिल्मों के माध्यम से भारत के युवाओं को डर से पार पाने के लिए प्रेरित करने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए माउंटेन ड्यू ने आज 2021 के गर्मियों के सीज़न के लिए बिल्कुल नया अभियान लॉन्च किया। इस अभियान में ब्रैंड के डर के आगे जीत है दर्शन को नए सिरे से दोहराया गया है और इसमें बॉलीवुड सुपरस्टार और माउंटेन ड्यू के ब्रैंड एंबेसडर ऋतिक रोशन नज़र आते हैं। डर हैसियत नहीं, हि मत देखता है, इस नए टीवीसी के पीछे की दमदार थीम है जो आज के युवाओं को असाधारण सफलता हासिल करने के लिए सामाजिक दबावों से आगे निकलने और अपने डर से पार पाने के लिए प्रेरित करता है। इस नए अभियान के साथ ड्यू यंग स्टाइवर इंडिया का निर्माण करते हुए डर के आगे जीत है के दर्शन पर कायम है जो जीतने का सपना देखते हैं और कोशिश करते हैं।

**अपने नए अभियान में दोहराई डर के आगे जीत है की बात**

इस फिल्म में माउंटेन ड्यू की धारणा को दर्शाया गया है कि कोई व्यक्ति कितने काम का हैए यह इससे पता चलता है कि वह व्यक्ति कितनी ताकत और साहस दिखाता है न कि इससे कि उसके पास क्या चीज़ें हैं। इस फिल्म में ऋतिक रोशन के डर और उनकी प्रतिबद्धता दोनों को दर्शाया गया है। इसकी शुरुआत में ही कुछ प्रोफेशनल रेसर्स के ग्रुप के सामने अपनी बाइक लेकर आते दिखाई देते हैं। उस ग्रुप में शामिल रेसर्स हीरो का मज़ाक उड़ाते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि ऋतिक की बाइक उनकी बेहतरीन बाइक का मुकाबला नहीं कर पाएगी। अचानक होने वाले भूस्खलन की वजह से यह रेस रुक जाती है और रेस में हिस्सा ले रहे लोगों के सामने दो विकल्प रह गए। या तो वे डर के सामने घुटने टेक दें और वापस लौट जाएं या डर का सामना करें और आगे बढ़ें। हालांकि, सभी लोग हतोत्साहित कर रहे थे लेकिन ऋतिक रोशन ने अपने डर का सामना करने का फैसला किया और चुनौती स्वीकार की। माउंटेन ड्यू की एक घूंट लेते हुए उनकी मज़बूत इच्छाशक्ति की झलक उनके चेहरे पर दिखी, इसी भावना के साथ वह आगे बढ़ते हैं और विजेता के तौर पर उभरे।

इस टीवीसी की शूटिंग करने के अपने अनुभव के बारे में ब्रैंड एंबेसडर ऋतिक रोशन ने कहा, असली हीरो अपनी ताकत से जाने जाते हैं न कि इससे कि वे कहां से ताल्लुक रखते हैं। माउंटेन ड्यू की डर हैसियत नहीं, हि मत देखता है की कहानी मेरे से काफी मिलती.जुलती है। क्योंकि मेरा भी मानना है कि किसी व्यक्ति का साहस डर का सामना करने में है जो उसे असली हीरो बनाता है। मुझे पूरा भरोसा है कि यह नई फिल्म भारत के युवाओं को प्रेरित करेगी और उनमें यह भरोसा देगी कि वे अपने डर का सामना करने के आत्मविश्वास के साथ बेहद आसानी से किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं।



## कोविड-19 महामारी के बावजूद बांग्ला नववर्ष उल्लास से मना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोविड-19 के बढ़ते मामले भी बांग्ला नववर्ष के उत्साह को फीका नहीं कर सके। बृहस्पतिवार को पूरे उत्साह से 1428 बंगाब्दो मनाया गया। पिछले साल लॉकडाउन की वजह से उत्सव नहीं मनाया जा सका था। हालांकि, इस साल कालीघाट, दक्षिणेश्वर, थानथानिया कालीबाड़ी के मंदिरों में लोग कतारों में खड़े नजर आए और कारोबारी नए बहीखाता वर्ष की शुरुआत के मौके पर भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए हाथ में हालखाता (बहीखाता)के साथ मंदिर में नजर आए। कई लोगों ने मास्क पहना था लेकिन कई स्थानों पर सामाजिक दूरी के नियम का उल्लंघन होते हुए देखा गया। मंदिर समितियों की ओर से श्रद्धालुओं के प्रवेश को नियंत्रित किया गया। कई लोग खासतौर पर गरियाहाट और हाथीबगान इलाके में खरीददारी करते नजर आए और इस दौरान कोविड-19 नियमों का उल्लंघन भी दिखाई दिया।

## एशियाड सर्कस ने संचालन रोकने संबंधी पशु कल्याण बोर्ड के पत्र को रद करने की अदालत से की मांग

**नई दिल्ली।** एशियाड सर्कस ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) की ओर से दिसंबर 2020 में जारी एक पत्र को रद्द करने की मांग की है। उक्त पत्र में विभिन्न पशु सुरक्षा कानूनों के कथित उल्लंघन के कारण सर्कस के संचालन को रोकने की बात है। याचिका में सर्कस की ओर से कहा गया है कि पशुओं को किन परिस्थितियों रखा जाता है यह पता लगाने के लिए बोर्ड ने जिस स्थान का निरीक्षण किया था वह सर्कस के मालिक का आवास था, सर्कस का परिसर तो अन्य स्थान पर है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने एडब्ल्यूबीआई को नोटिस जारी कर याचिका के संबंध में उसका रूख जानना चाहा है।

## बम्बई से ठाणे के बीच चली पहली छुक छुक गाड़ी

**आज का इतिहास**

**नई दिल्ली।** आज भले ही सुपरफास्ट, बुलेट ट्रेन का जमाना हो, लेकिन भारतीय रेलवे के इतिहास में 16 अप्रैल के दिन की खास अहमियत है और



हमेशा रहेगी। दरअसल 1853 को 16 अप्रैल के दिन देश में पहली रेल चली थी। साल का यह 106वां दिन एक और कारण से भी सदा याद किया जाएगा। दूसरे विश्व युद्ध की त्रासदी के बीच दुनिया को हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जन्म आज ही के दिन हुआ था। देश दुनिया के इतिहास में 16 अप्रैल की तारीख पर दर्ज अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं का सिलसिलेवार ब्यौरा इस प्रकार है:--1853 : भारत में पहली रेल बम्बई (अब मुंबई) से ठाणे के बीच चली।